कुरुजनपदीय स्वाँग परम्परा : सांस्कृतिक अध्ययन

(अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ की पी-एच०डी० उपाधिहेतु प्रस्तुत शोध-सार)

१९९७

निर्देशक
प्रो० शिवकुमार शाण्डिल्य
पूर्व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग
अ० मु० वि०, अलीगढ़-२०२००२

शोधार्थी
मौहम्मद कलीम सिद्दीक़ी
एम०ए० (हिन्दी)

हिन्दी विभाग
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
अलीगढ़

ANA AZAD
ACC No.
T-5073
Muslim University, Al

प्रबन्ध सार

लोक-साहित्य : परिभाषा एवं क्षेत्र :

लोकवार्ता में किसी न किसी रूप में किसी प्राचीन युग की झलक मिल सकती है। वह कहानी-कार की मौलिक कल्पना नहीं होती बल्कि किसी प्राचीन कल्पना का रूपान्तर होती है और उसकी विविध निर्माण–वस्तुओं में ऐसी अद्भुत असम्भावनाओं का समावेश होता है कि वे किन्हीं अन्य तत्वों की व्याख्या के द्वारा ही अभिव्यक्ति का रूप ग्रहण कर पाती है। इन लोकवार्ताओं के कथा–तत्वों को समझने के लिए इनमें निहित रहस्य का उद्घाटन आवश्यक है।

लोकवार्ता में, मानव की आदिम स्थिति से आजतक के विकास की विविध अनुभूतियों का ज्ञान हो जाता है। लोकवार्ता में लोकमानस जितनी शुद्ध अवस्था में प्रतिबिम्बित और सुरक्षित रहता है उतना वह किसी अन्य माध्यम में नहीं रहता।

वास्तव में लोक–मानस का प्राचीनतम रूप इसमें निहित रहता है। लोक–मानव उनमें प्राण–प्रतिष्ठता नहीं कर सकता था। वह उनके अस्तित्व में ही विश्वास करता था। वह स्थूल दृष्टि से अपनी कसौटी द्वारा मानवेतर सृष्टि के व्यापारों और वस्तुओं को ग्रहण करता था। उसका यह बोध एक ही वस्तु के सम्बन्ध में भिन्न–भिन्न अवसरों पर भिन्न होता था। इन्हीं मानसिक अनुभावों को उसकी भाषा व्यक्त करती थी। भाषा का स्वभाव इन्हीं संस्कारों के अनुकूल था।

जिस युग में लोकवार्ता सम्बन्धी प्रयास आरम्भ हुए उस युग में भारत का विदेशों से घनिष्ठ सम्पर्क भी बढ़ने लगा था। संस्कृत की खोज पाश्चात्य क्षेत्रों के लिए हो चुकी थी। इन्हीं पाश्चात्य विद्वानों ने पहले भारत की लोकवार्ता पर दृष्टिपात किया। टाड महोदय को सबसे पहले लोकवार्ता संग्राहकों में स्थान दिया जा सकता है। इन्होंने 'एनाल्स ऑफ राजस्थान' में राजस्थान के इतिहास की जितनी सामग्री इकट्ठी की है, उतनी हो लोकवार्ताएँ भी। प्रचलित विश्वासों, रीति–रिवाजों का भी उल्लेख उसमें हुआ है।

आर०सी० टेम्पल महोदय ने 'लीजैंड्स ऑफ पंजाब' में लिखा है – "५० वर्षों में अर्थात् जब से टॉड ने अब तक प्रामाणिक माना जाने वाला ग्रन्थ राजस्थान पर लिखा –स्लेवों के गीतों और लोकवार्ताओं का वृहत् अनुलेखन लेखकों ने कर डाला है। रूसी, पोली, श्वेत, क्रोशीय, सर्वी, मोरावी,

बेंडी, रुथेनी तथरा अन्य पर विस्तृत कार्य हुआ है। भारत में शासक अपनी ऊँची बुद्धि पर, अपने भेजे हुए प्रतिनिधियों की ऊँची शिक्षा पर एवं शासन के ऊँचे लक्ष्यों पर गर्व करते हैं, वहाँ यह कार्य अभी आरम्भ ही हुआ है।" टेम्पल महोदय का कहना सही था। १८८४ तक जितना कार्य भारत देशों में लोकवार्ता के क्षेत्रों में हो चुका था उतना भारत में आज तक नहीं हुआ। वास्तव में इस दिशा में इन्हीं टेम्पल महोदय के प्रयास से विशेष प्रगति हुयी। १८६६ में इन्होंने रेवेरेंड एस० हिस्लप के लेखों का प्रकाशन किया। हिस्लप के लेख मध्यभारत की आदिम जातियों के सम्बन्ध में थे। इन्हीं में कहानी उसके मूल के साथ दी गयी थी। हिस्लप महोदय का अनुकरण भी नहीं हो सका और वह उद्योग लोकप्रिय भी नहीं हुआ। इस लेखक की लेखन–शैली विद्वतापूर्ण होने के कारण रोचक नहीं हो सकी। १८६८ में मिस फ्रेयर ने 'ओल्ड डैकन डेज' नाम से कहानियों का एक छोटा सा रोचक संग्रह निकाला। १८७१ में डाल्टन ने **'डिस्क्रिप्टीव एथनालॉजी ऑफ बंगाल'** प्रकाशित की। डैमण्ट ने पुरातत्व और इतिहास के सुप्रसिद्ध पत्र इण्डियन एक्टिविटी में बंगाल की लोकगाथाओं को प्रकाशित करना आरम्भ किया। १८८३ में रेवरेन्ड की **'फोकटेल्स ऑफ बँगाल'** निकली। १८८४ में रिचर्ड टेम्पल महोदय की **'लीजेण्ड्स ऑफ दी पंजाब'** तीन भागों में प्रकाशित हुयी। १८८५ में श्रीमती एफ० ए० स्टील के सहयोग से टेम्पल महोदय ने 'वाइड उनके स्टोरीज' नाम से कहानियों का संग्रह प्रस्तुत किया। नरेश शास्त्री ने 'इण्डियन एण्टिक्वेरी' में जो कहानियाँ छपवायी उनका संग्रह भी 'फाक्लोर इन सर्दन इण्डिया' नाम से प्रकाशित हुआ। सन् १८९० में डब्ल्यू क्रुक ने 'नार्थ इण्डियन नोट्स एण्ड क्वेरीज' नाम का पत्र प्रकाशित किया।

कुछ वर्षो बाद रेवरेंड ए० कैंपबे तथा रेवरेड जे०एस० नोलीज ने संथालों और काश्मीर की कहानियों का संग्रह करना आरंभ किया। आर०एस० मुखर्जी की **"इण्डियन फोकलोर"** श्रीमती डूकोर्ट की **'शिमला विलेज टेल्स'**, रेवरे सी० स्विनर्टन की **'रोमाण्टिक टेल्स फॉम पंजाब'** नाम के ग्रन्थों ने लोकवार्ता की महत्वपूर्ण सामग्री दी। १९०९ में जी०एच० बोम्पस ने रेवरेंड ओ० बौडिंग द्वारा संकलित **'संथाली हाउस होल्ड टेल्स'**, शोभनादेवी की ओरियण्ट पर्ल्स' भी महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं। पार्थर का **'विलेज फोक टेल्स ऑफ सीलोन'** (तीन भाग) अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। पेज़र द्वारा संपादित **टानी की कथा सरित्सागर** का लोकवार्ता में महत्वपूर्ण स्थान है। कथाशास्त्र का यह अनुपम ग्रन्थ है। शरतचन्द्र राय भारत के प्रतिष्ठित नृशास्त्र–वेत्ताओं में है। ग्रन्थों में भी कुछ कहानियों का समावेश हुआ है। ग्रियर्सन के नृअध्ययनों में भी एक दो कहानियाँ आ गयी है। रामास्वामी राजू का नाम भी उल्लेखनीय है। उन्होंने १०० भारतीय कहानियों का संग्रह भेंट किया जो 'इण्डियन फेबिल्स' के नाम से ख्यात है। जी०आर०

सुब्राहियां पंवालु की **'फोकलोर ऑफ दी तेलगूज'** में साहित्यिक पुट है। 'मारिस ब्लमफील्ड, नार्मन ब्राउन रूथनार्टन, एम०बी० एमेन्यू जैसे अमरीकन विद्वानों का नाम भी उल्लेखनीय है, इन्होंने लोकगाथाओं के अध्ययन की नितान्त नवीन प्रणाली स्थापित की।[1]

आजकल इस दिशा में सबसे अच्छे नृविज्ञान वेत्ता डॉ० बैरियर एलविन हैं, जिनके गीत और कहानियों के कई रोचक संग्रह प्रकाशित हुए हैं। सारे उद्योगों का वर्णन अंग्रेजी माध्यम में हुआ है। इसमें सन्देह नहीं भारत में लोकवार्ता के क्षेत्र में ये अग्रणी हैं। इनके दिशा निर्देश से भारत में अन्य प्रयत्न आरम्भ हुए।

लोकवार्ता में लोकगीतों का भी संग्रह हुआ। इस दिशा में सी०ई० ग्रोवर का नाम अविस्मरणीय है। उन्होंने **'फोक सॉंग्स ऑफ सर्दन इण्डिया'** नाम का संग्रह १८७२ में प्रकाशित कराया। १८८२ में तोरूदत्त ने **'ऐशियंट बैलेड्स एण्ड लीजेण्ड्स ऑफ हिन्दुस्तान'** प्रकाशित कराया। टेम्पल महोदय की **'लीजेंड्स ऑफ दी पंजाब'** भी गीत–संग्रह ही है।

क्षितिमोहनसेन की 'दारामणि' उल्लेखनीय है। मैमन सिंह गीतिका भी बंगला का संग्रह है। गुजराती के झबेरचन्द मेघाणी की 'रठियाली रात ३ भाग', रणजीराव मेहता की **'लोकगीत'**, नर्मदा शंकर लाल शंकर की **'नागर स्त्रियों मॉं गवाता गीत'**, पंजाबी में संतराम के पंजाबी गीत, मारवाड़ी में मदनलाल वैश्य की मारवाडी गीतमाला, निहालचन्द वर्मा के मारवाड़ी गीत, खेताराम माली का मारवाडी गीत संग्रह, ताराचन्द ओझा का **'मारवाड़ी स्त्री गीत संग्रह'** एवं प्रो० शांडिल्य के कौरवी लोक–कथाएँ कौरवी लोक–कथाएँ, कौरवी लोक–गीत एवं कौरवी लोकोक्तियाँ संग्रह उल्लेखनीय हैं।

आठवें दशक तक इस दिशा में हिन्दी में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। राजस्थान के सूर्यकरणी जी पारीक, ठा० रामसिंह, श्री नरोत्तम स्वामी का नाम बहुत सराहनीय है। राजस्थान के लोकगीतों का अच्छा संग्रह प्रकाशित किया गया। प्रो० कन्हैयालाल सहल को भी इस ओर विशेष रुचि है। नरोत्तम स्वामी आदि के उद्योग से बीकानेर राज्य से 'राजस्थान' पत्रिका अंग्रेजी के इंडियन ऐंटिक्वेरी आदर्श पर निकल रही है जिसमें पुरातत्व के साथ लोकवार्ता को भी स्थान दिया जाता है। मिथिला में राम इकबाल सिंह 'राकेश' ने लोकवार्ता के क्षेत्र में कार्य किया। उनके लेख 'हँस' तथा 'विशाल भारत' में प्रकाशित हुए। भोजपुरी लोकगीतों का भी एक संग्रह सामने आया। बुन्देलखण्ड में पं० बनारसीदास चतुर्वेदी के अभियान के पश्चात् जो स्थानीय साहित्यिक जागृति हुयी उसके परिणामस्वरूप चन्द्रभानु शर्मा, रामस्वरूप योगी, शिवसहाय चतुर्वेदी आदि अच्छे लोकवार्ता संग्रहकार सामने आये हैं। श्रीकृष्णनंद गुप्त

ने अंग्रेजी 'फोकलोर' मैगज़ीन के आदर्श पर 'लोकगीत' नाम त्रैमासिक पत्रिका भी हिन्दी में निकालने का सफल आयोजन किया। इन्हें वासुदेवशरण अग्रवाल तथा प्रसिद्ध भारती नृ–विज्ञानवेत्ता डॉ० वैरियर ऐलविन का सहयोग भी मिला। 'ईसुरी के फाग' नाम की पुस्तक भी लोकवार्ता परिषद की ओर गुप्त जी ने प्रकाशित करायी।

कौरवी के क्षेत्र में प्रो० शिवकुमार शाण्डिल्य के कार्य उल्लेखनीय हैं। इन्होंने लोककथाओं, लोकवार्ताओं, लोकगीतों तथा स्वॉगों के महत्वपूर्ण संग्रह किए हैं। ये सभी उद्योग श्लाघ्य हैं और लोकवार्ता के अध्ययनक्षेत्र को विस्तृत करनेवाले हैं। इनमें यथार्थतः वैज्ञानिक उद्योग कम हुए हैं। ब्रजक्षेत्र में ब्रज साहित्य मण्डल ने सामूहिक उद्योग किया।

कुरु जनपदीय समाज-व्यवस्था

कुरु प्रदेश में आज भी संयुक्त परिवारों की अधिकता है। इस प्रदेश में अधिकतर खेती करनेवाले लोग रहते हैं अर्थात् अधिकतर खेती पर निर्भर रहनेवाले परिवार हैं। ये परिवार सब तरह आपस में मिल–जुलकर अपने पारिवारिक कार्य करते हैं। ये परिवार एक–दूसरे के लिए महत्वपूर्ण सहयोगी भी हैं। परिवार में बाबा या दादी की आज्ञा को उच्चतम न्यायालय की तरह माना जाता है। उसके बाद माता–पिता और बड़े भाई की आज्ञा का महत्व है। पारिवारिक जीवन में ऐसी अव्यवस्था न आने पाये इसलिए ऐसी व्यवस्था की गई है। परिवार के छोटे–मोटे झगड़े एवं पारिवारिक समस्यायें सुलझा लेते हैं। औरतों के बीच कलह हो जाने पर या तो बँटवारा कर दिया जाता है, या परिवार का बड़ा–बूढ़ा सबके हितों का ध्यान रखते हुए अपना फैसला सुना देता है। फैसला सभी को मानना पड़ता है। इस व्यवस्था के फलस्वरूप यहाँ के लोगं अत्यन्त परिश्रमी और प्रगतिशील है।

कौरवी स्वाँगों में पारिवारिक जीवन के स्पष्ट चित्र मिलते हैं। ये चित्र अधिकतर राजा और रानी की कथाओं के माध्यम से प्रस्तुत किये जाते हैं। ये स्वाँग लोक–परिवेश को उजागर करने, कुछ विशिष्ट सन्देश देने और पारिवारिक जीवन की कानून–व्यवस्था स्थापित करने का कार्य करते हैं।

खेतीहरों एवं मजदूरों की संख्या अधिक होने के कारण यहाँ पर पति–पत्नी–सम्बन्ध अधिकतर मधुर नहीं हैं। इसका कारण धनाभाव या कार्याधिक्य है। कुछ जातियों में मुक्त साहचर्य देखने को मिलता है। कुलटा स्त्रियाँ अपने प्रमियों से छिप–छिपकर खेतों में मिलती हैं। पुरुष भी इसके अपवाद नहीं। वे भी इसके दोषी हैं। मुक्तहास और व्यंग्य अक्सर देखने को मिलते हैं। मुक्तहास और व्यंग्य जीवन

को सरस बनाने में सहायक होते हैं। स्वाँगों में मुक्त–साहचर्य परस्त्री–गमन और परपुरुष सम्बन्ध को पाप कहा है। वे इस प्रथा पर स्वाँगों में प्रहार करने से नहीं चूकते।

लोक मानव सहज विश्वासी होता है। तर्क में उसका विश्वास नहीं होता। वह भाग्य भरोसे सम्पूर्ण जीवन–नैया को खेता है। यह भरोसा उसको अकर्मण्य बना देता है। किन्तु यह विश्वास उसे अनेक बुराइयों और आपाधापी से बचा लेता है। 'ऐसा ही होना था' यह सोचकर वह अपने अहित करनेवाले व्यक्ति को भी क्षमा करता है। नियतिवादी भावना उसकी नीयत को भी सरल बनाए रखती है। यह नियति के भरोसे अपने दैनिक कार्यों और मानसिक संवदेना को संयत रखता है। उसका विश्वास है कि निश्चित समय, निश्चित माध्यम से पूर्व निर्धारित कार्य स्वतः सम्पन्न होता है। यह सब अनायास होता है।

लोक स्वाँगी, लोक की मिट्टी की भावनाओं का गायक होता है। वह लोक की सूक्ष्मतम संवदेनाओं को आत्मसात् करके उसे वाणी प्रदान करता है। लोक में परम्परागत भावना का प्राधान्य होता है। युगों–युगों की मान्यताओं को स्वाँगों में महत्वपूर्ण स्थान मिलता है। ये मान्यताएँ युगानुरूप नहीं होती इसीलिए इन्हें अन्धविश्वास कहा जाता है। वैसे इन आस्थाओं और विश्वासों के वैज्ञानिक आधार होते हैं। कालान्तर में इनकी वैज्ञानिकता सम्बन्धित ज्ञान लुप्त हो जाता है। इसके फलस्वरूप यह धर्मका अंग बनकर अध ाविश्वास बनकर रह जाता है।

कुरु प्रदेश की भौगोलिक स्थिति में विषमताओं के कारण उस परिवेश में बाघ, भालू, चीते, सर्प आदि बहुतायत में मिलते हैं। इनका विवरण टोटम तथा टेबू के रूप में स्वाँगों में सर्वत्र मिलता है। इनमें से कुछ हानिकारक और कुछ (पालतू पशु आदि) उपयोगी होते हैं। नाग को देवता के रूप में तथा बाघ को नरसिंह के रूप में पूजने की परम्परा लोक–मनस्तत्व का परिणाम है। सर्पों को भगवान शिव और कृष्ण से भी जोड़ा जाता है। सिंह नरसिंह का टोटम भी है। परिणामतः धर्म से संबद्ध लोक–मानस इन पशु–पक्षियों में टोटम के भाव को शास्त्र–सम्मत मानते हुए इनमें देवत्व का ओरापण करता है।

इन पर्वों, त्यौहारों और मेलों के विवरण विभिन्न स्वाँगों में स्थान–स्थान पर मिलते हैं। किसी एक पर्व त्यौहार या मेले का सन्दर्भ देकर अपनी बात की पुष्टि नहीं की जा सकती इसके लिए कुरु जनपदीय स्वाँगों का विस्तृत अध्ययन आवश्यक है। परिशिष्ट में इन्हें संकलित किया गया है। उनमें अभिव्यक्त आस्थाओं से इन तथ्यों की पुष्टि हो जायेगी।

कुरु प्रदेश का प्रमुख उद्योग कृषि है। बहुत पहले यह क्षेत्र तराई का क्षेत्र था। खेती के साथ–साथ तराई कुछ कम होती गयी किन्तु अपना उपजाऊपन धरती में बराबर बना रहा। कुरु प्रदेश की लोक

कथाओं में ऐसे संकेत बराबर मिलते हैं कि पॉडवों ने कुरु प्रदेश के मुजफ्फर नगर जनपद के तराई क्षेत्र में अज्ञातवास का एक वर्ष व्यतीत किया।

खेती, इस प्रदेश का मुख्य व्यवसाय है। खेती बिना बैलों तथा उपकरणों के सम्भव नहीं हो पाती। खेती के साथ–साथ जुड़े होते हैं खेत और जंगल, नदी, नाले, तालाब, रहट, हल, बैल, नौकर–चाकर आदि। विभिन्न उपकरणों के संकेत कौरवी लोक स्वाँगों में बराबर मिलते हैं। खेती के साथ–साथ कुछ अन्य व्यवसायी भी जुड़े रहते हैं – लुहार, कुम्हार, बढ़ई, तेली, नाई, चमार, सक्के आदि।

आजादी से पहले इन व्यवसायों को मजदूरी के रूप में खेत में से निर्धारित उपज दी जाती थी। यह अदायगी दुसेरी (दो सेर) पँसेरी (पाँच सेर) आदि के रूप में दी जाती थी। मेहनत के अनुसार किसी को एक पँसेरी किसी को दो पँसेरी अनाज दे दिया जाता था। इस परम्परा के संकेत कौरवी स्वाँगों में यत्र–तत्र मिल जाते हैं।

भारतीय संस्कृति सर्वत्र मूलतः एक है। उसके मूल तत्व एक हैं किन्तु स्थानीय संस्कारों के कारण स्थानीय संस्कृति में सूक्ष्म अन्तर हो जाता है। इसी आधार पर लोक–संस्कारों में भी सामान्य भिन्नताएँ मिल जाती हैं।

वैदिक काल से ही कुरु–जनपद का वैदिक संस्कृति से सम्बन्ध रहा है। वैदिक संस्कार इस क्षेत्र की लोक–संस्कृति में सर्वत्र मिल जाते हैं। काल की लम्बी अवधि में इनमें कुछ परिवर्तन अवश्य हुए हैं किन्तु सूक्ष्म संप्रेषणीयता में विशेष अन्तर नहीं है। यहाँ की स्थानीय संस्कृति के संस्कारों की जड़ें बहुत गहरी हैं। ये जड़ें इतनी विस्तृत और सूत्रोंवाली हैं कि उनका उद्‌गम–स्थल जानना कभी–कभी असम्भव हो जाता है। कुछ भी हो यह क्षेत्र वैदिक संस्कारों और परवर्ती स्थानीय संस्कारों के सम्मिलन की अभूतपूर्व स्थली है। इस संस्कृति के विशेष तत्वों का अध्ययन इस अध्याय में किया गया है। किन्तु इस और विस्तृत अध्ययन की अपेक्षा है। विस्तार–भय के कारण इन तत्वों पर यहाँ संक्षेप में विचार किया गया है। स्वाँगों में उपलब्ध संस्कृति के कुछ उदाहरण विस्तार से परिशिष्ट में संगृहीत स्वाँगों में देखे जा सकते हैं।

कुरु लोक-साहित्य और कुरु जनपदीय स्वाँग परम्परा

भारतीय लोकसाहित्य अत्यन्त प्राचीन है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका प्रभाव संसार के प्रायः सभी सभ्य देशों के लोकसाहित्य पर प्रचुर रुपेण पड़ा है। यूरोपीय देशों में इनके

प्रचार–प्रसार का कहानी लम्बी है। सर्वप्रथम भारतीय लोक–कथाओं कहानियों का अनुवाद अरबी और पहलवी भाषाओं में हुआ। इसके पश्चात् यूरोप की विभिन्न भाषाओं में इनके अनुवाद प्रस्तुत किये गये। यूरोप में प्रचलित 'इसाप्स' की कहानियों में भारतीय प्रभाव, स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है।

हिन्दी में लोक का साहित्य अत्यन्त उच्च कोटि का है। डॉ० सत्येन्द्र ने हस्तलिखित ग्रन्थों का उल्लेख किया है जिसमें लोक वार्ता की परम्परा मिलती है। उन्होंने लिखा है – "और जब हम हस्तलिखित ग्रन्थों के शोध के पन्ने पलटते हैं तो हमें आश्चर्य में पड़ जाना पड़ता है। अनेक पुस्तकें हैं जो लोक वार्ताओं को स्पष्ट करती हैं"।

डॉ० सत्येन्द्र ने प्रतिपादन क़ी दृष्टि से उन पुस्तकों को साधारणतः सात भागों में बॉटा है।

१. लोक कहानी – इसमें वह पुस्तकें आती हैं जो लोक प्रचलित कहानियों के लिए हैं।
२. धर्म महात्म्य कथा – व्रत आदि से सम्बन्धित कथाएँ।
३. अवदान कथाएँ ।
४. वीर गाथाएँ।
५. साधु कथाएँ।
६. पौराणिक कथाएँ।
७. जन–कथाओं का वर्ग। इसमें विभिन्न लौलिक संस्कारों का उल्लेख है।
८. विविध

डॉ० शिवकुमार शांडिल्य के.अनुसार – लोक मानस का स्वरूप इस प्रकार है[1] : लोकमानस, लोक प्रचलित आस्थाओं, विश्वासों, मान्यताओं, समय के चिरन्तन प्रवाह में अर्जित संवेदनाओं, कल्पनाओं एवं अनुभूतियों का आगार होता है या यों कहिये कि लोक मानसलोक की सतत् प्रवाहमान सांस्कृतिक मान्यताओं एवं भौतिक परिवेशगत विशेषताओं का समग्र चेता होता है। लोककथाएँ तथा लोकगाथाएँ किसी एक कथाकार की रचनाएँ न होकर सतत गतिशील एवं प्रवाहमान लोकमानस की रचनाधर्मी प्रकृति का प्रतिफल होती हैं। ये कथाएँ श्रुति–परम्परा से एक पीढी से दूसरी पीढी को प्राप्त होती है। इस दृष्टि से इन्हें लोक वेद की संज्ञा दी जा सकती है। इस रचनाओं में सामूहिक अचेतन मन की रचनाकार को मानसी शाब्दी अभिव्यक्ति होती है।

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से :

लोकमानस

क. लोक सांस्कृतिक परिवेशगत मान्यताएँ।

ख. लोक भौतिक परिवेशगत संवेदनाएँ।

लोक-सांस्कृतिक परिवेश

धार्मिक आस्थाएँ – नियतिवाद – उदार मनोवृत्ति – तर्कहीन आस्थाएँ – अंधविश्वास आदि।

लोक-भौतिक परिवेश

भोज्य पदार्थ, वस्त्रघर नदी पर्वत मैदान, पशु पक्षी, नौकर–चाकर, पारिवारिक जन, बर्जुआ एवं सर्वहारा वर्ग।

लोक–मानस को प्रभावित करनेवाले उपर्युक्त कारकों के प्रभाव की अभिव्यक्ति निम्नलिखित उपादानों से होती है।

लोक-ज्ञान

लौकिक संवेदनाएँ, प्रत्यक्षीकरण, ज्ञान, अन्त स्फूर्ति, स्मृति, कल्पना, सक्रिय, निष्क्रिय ग्रहणात्मक बौद्विक, व्यवहारिक, सौन्दर्यात्मक ज्ञान।

लोक-इच्छाएँ

परस्पर स्नेह, सौहार्द, आदि मानवीय भावनाओं से प्रेरित क्रियाएँ।

लोक-साहित्य

लोक–साहित्य, लोक–सांस्कृतिक प्रतिबिम्ब है। मनुष्य लोक का ऐसा प्राणी है जो सामूहिक अवचेतना का प्रतिफल अधिक है। लोक–साहित्य धरोहर के रूप में पीढ़ी–दर–पीढ़ी चलता है। इसकी कोई भाषा, रचना–पद्धति और व्याकरणिक नियम नहीं होते। जो चीजें लोकचित्त से सीधे उत्पन्न होती है और जनसाधारण को आन्दोलित एवं प्रमाणित करती है वही लोकसाहित्य, लोकशिल्प, लोकनाट्‌य, लोक कथानक आदि नामों से पुकारी जाती है। लोकसाहित्य शिक्षित समाज से अलग लोकमानस की अभिव्यक्ति का साहित्य है।

लोकसाहित्य लोक संस्कृति का दर्पण है। लोक संस्कृति और साहित्य का आपस में निकट सम्बन्ध है। लोकसाहित्य लोकभाषा से जुड़ा है। लोकसाहित्य में सभी देशों का अद्‌भुत सौन्दर्य और

माधुर्य रहता है। यह शिष्ट साहित्य का ही परिष्कृत रूप है।

लोकसाहित्य सामान्य जीवन के सर्वांगीण तथ्यों को उद्घाटित करता है। देश एवं जाति का लोकसाहित्य में कई दृष्टियों से विशेष महत्व है। मौलिक स्वरूप के कारण इसमें अनेक विशेषताएँ दिखाई देती है जो शिष्ट साहित्य में समाप्त हो जाती है। लोकसाहित्य अपने व्यापक परिवेश में समस्त देश के जीवन की धार्मिक सामाजिक तथा सदाचारसम्बन्धी विशेषताओं को सुरक्षित रखता है। लोकसाहित्य का अध्ययन सामाजिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक, धार्मिक तथा नैतिक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है।

लोकसाहित्य के माध्यम से भौतिक संस्कृति को भी उजागर किया जा सकता है। परिवेशीय भोज्य पदार्थों , वेश–भूषाओं, वस्त्रों, आभूषण और सौन्दर्य–प्रसाधनों का चित्रण लोक–साहित्य में मिलता रहा है। दूसरी ओर इनमें नौकर–चाकर, मजदूर–वर्ग, पारिवारिक जनजीवन, घर, नदी, जंगल, मैदान, पशु–पक्षी आदि सभी का स्थान–स्थान पर वर्णन मिलता है।

कुरु प्रदेश के स्वाँगों में महाभारत के पात्रों के नाम मिलते हैं। यहाँ के लोगों को भीम का नाम अत्यन्त प्रिय हैं। राम के अनन्य भक्त हनुमान को भी भीम की ही भाँति आदर मिलता है। ऐतिहासिक पात्रों को मिथक के रूप में भी इन कहानियों में स्मरण किया जाता है। ये हैं राजा भोज, राजा हरिश्चन्द्र और राजा बीर विक्रमाजीत। राम के विरोधी रावण से यहाँ व्यक्तिगत राग–द्वेष न मिलकर कर्मगत द्वेष मिलता है। ये रावण विभीषण को उनके कर्मो के कारण नकारते हैं न कि राम–विरोध के कारण। लका यहाँ की औरतों की एक गाली है।

लोक–साहित्य को श्रुति परम्परा से प्राप्त होने के कारण लोक वेद की संज्ञा दी जा सकती है। इस साहित्य में लोक की सम्पूर्ण आस्थाओं, मान्यताओं, आशाओं, निराशाओं, विश्वासों, अन्ध विश्वासों आदि का सजीव चित्रण होता है। लोक में इसकी मर्यादा की रक्षाओं के लिए किसी न किसी वृद्ध पुरुष का होना नितान्त आवश्यक है। लोक–साहित्य को उसी वृहद्ध पुरुष के समान माना जा सकता है। अन्तर केवल इतना होता है कि वृहद्ध पुरुष की आयु और यात्रा अनन्त होती हैं।

भारतीय लोकमानस का सीधा सम्बन्ध परम्परा से जोड़ा जा सकता है। यह कहना उपयुक्त न होगा कि लोक का जीवन, परम्परा–जीवन होता है। परम्पराएँ लगातार विकसित हुआ करती हैं, टूटती नहीं हैं। इस प्रकार यह भी कहा जा सकता है कि परम्परा का विकास लोक–संस्कृति का विकास है और संस्कृति के परम्परागत तत्व लोक–सांस्कृतिक मान्यताएँ हैं। भारत आरम्भ से ही अरण्य संस्कृति की नींव पर खड़ा है। अरण्य संस्कृति का विकास अधिकांशतः नदियों के किनारे और हिमालय और

विंधयाचल की चोटियों पर हुआ। इस समतल भूमि और ऊँचाई के दोनों गुण लोक–संस्कृति में मिलते हैं। समतल होने के नाते इसमें समद्रष्टा होने का प्रधान गुण और शिखर के उन्नत होने के कारण इसमें लगातार प्रगति की भावना समाविष्ट रहती है। लोक–संस्कृति के पोषक अरण्य पर्वत श्रृंखलाएँ रही है या समतल मैदान। इन तीनों का ही सम्बन्ध क्षण–क्षण परिवर्तनशील उदात्त एवं स्थिर प्राकृतिक उपादानों से है। जहॉ एक ओर पेड़े अपना सिर ऊपर उठाये रहते हैं वहीं दूसरी ओर सामान्य वनस्पति अपने कलेवर को बराबर बदलती रहती है।

कुरु जनपद में स्वॉग का आरम्भ जावली गॉव से माना जाता है जो इस समय गाजियाबाद जनपद में आता है। यह बताया जाता है कि यहॉ के प्रसिद्ध स्वॉगी नत्थूलाल, मानसिंह थे। इनके यहॉ पर ४०० ढ़ोलक थीं जो एक साथ गरज कर स्वॉग की सूचना १०–१० कोस तक पहुँचा देती थीं। एक प्रकार से जावली गॉव ही कुरु जनप्रद के स्वॉग का आरम्भिक केन्द्र माना जाता है। इन्हीं स्वॉगियों के शिष्य और प्रशिष्य पूरे कुरु जनपद में लगभग १९५०–१९६० के बीच जगह–जगह मिल जाते हैं। जावली, सूप, बागपत, मुज्जफरनगर, सनौली, दत्तनगर, मस्तानखेडा, फिरोजपुर, टीला, सरूरपुर, रटौल, डूॅडाहेड़ा, खानपुर, खेखडा, घोघा आदि जगहों के स्वॉगी प्रसिद्ध हुए हैं। स्वॉग की यह परम्परा रेडियो के आरम्भ से धीरे–धीरे कम होती गयी और आज दूरदर्शन के युग में यह भूतकाल की एक धरोहर–सी बनकर रह गयी है।

इस धरोहर में युगीन संस्कृति और समाज का जो चित्रण व्यापक रूप में मिलता है वैसा वर्णन कभी–कभी असम्भव हो जाता है। संस्कृति की सारी मान्यताओं और समाज के सारे उपादानों का जैसा चित्रण स्वॉगों में मिलता है वैसा लोक–साहित्य में अन्यत्र देखने को नहीं मिलता।

कुरु जनपद के सांगीतकार और उनका जीवन-वृत्त

कुरु जनपद में स्वॉग परम्परा का आरम्भ जावली गॉव से माना जाता है जो इस समय ग़ाजियाबाद जिले के अन्दर आता है। स्वॉग के आरम्भकर्ता पण्डित नत्थूलाल मानसिंह मूलतः स्वामी शंकर दास जी के शिष्य थे। स्वामी शंकरदास की लोक–संगीत तथा लोक–काव्य में गहरी पैठ थी। अन्तः साक्ष्यों के आधार पर स्वामी शंकर दास जी के अनेक शिष्य थे जिनमें ठाकुर प्रेमसिंह, उमराव सिंह, हरसामल, किदारनन्द, होरामसिंह (ब्रहमचारी), चेतना, आनन्द, गिरधारीलाल, नेतराम, शिवदयाल, लटूरसिंह, नत्थूलाल, मोहरसिंह प्रमुख थे। इनमें शिवदयाल की प्रशिष्य परम्परा में मुन्शीराम और लटूरसिंह की

शिष्य परम्परा में भगीरथ थे इनके शिष्य चेतराम, और चेतराम के शिष्य कल्लूसिंह और धनीराम हुए। पंडित नत्थूलाल के ५२ शिष्य हुए जिनमें पंडित मानसिंह, बलवन्त (बुल्ली), दीन्ना, पं० लक्ष्मीचन्द शर्मा, पं० रघुवीर शर्मा आदि प्रमुख थे।

पंडित नत्थूलाल मानसिंह

कुरु जनपद की स्वॉग परम्परा का आरम्भ स्वामी शंकरदास के परमशिष्य नत्थूलाल मानसिंह से होता है ये ग्राम जावली, जिला गाज़ियाबाद के रहनेवाले थे। इनका शरीर अत्यन्त भव्य और कायापुष्ठ एवम् विशाल थी। ये छः फुट से भी लम्बे और बलवान् थे। ऐसा बताया जाता है जब ये गरज़ते थे तो इनकी आवाज़ दो–दो कोस तक चली जाती थी। इन्होंने अपने समय में स्वाँग के लगभग ३६० अखाडे तैयार किये थे। यह बताया जाता है कि इनके इन अखाड़ों में ७५० ढ़ोलकें थी। इनके स्वॉगों को देखने के लिए लोग दस–दस पन्द्रह–पन्द्रह कोसों से पैदल चलकर आते थे। अपने समय में शादी एवम् विवाह आदि शुभ अवसरों पर इनको अवश्य बुलाया जाता था और इनका आगमन मेजबान की उच्च सामर्थ्य का सूचक होता था। नत्थूलाल मानसिंह और उसके अखाडे के किसी भी स्वॉगी को बुलाना वैभव का प्रतीक माना जाता था।

पंडित लक्ष्मीचन्द शर्मा

जन्मस्थान - सूप, मेरठ।

जन्म तिथि

सम्वत १९७६ चैत सुदी तीज वृहस्पतिवार तथानुसार सन् १९१९ अपैल माता पिता इनकी माता का नाम सुखदेई और पिता का नाम पं० भरतसिंह था। कुरु जनपद में कृषक और जमीदार परिवार के ब्राह्मण अपने नामों के पीछे सिंह लगाते थे। अब ये परम्परा जातिवाद के बढ़ने के साथ–साथ समाप्त होती जा रही है और जाट ही अपने नाम के पीछे सिंह उपनाम का प्रयोग करते हैं।

पंडित रघुबीर शरण

ये पंडित लक्ष्मीचन्द शर्मा के बड़े भाई थे ये भी सूप जिला मेरठ में पैदा हुए थे। और पंडित जी से पहले स्वाँग करने आरम्भ किये थे। ये अपने समय के अत्यन्त प्रसिद्ध सांगीतकार हुए इनका अधिकांश विवरण लक्ष्मीचन्द शर्मा जी के विवरण से प्राप्त हो जायेगा। पं० रघुबीर शर्मा भी लम्बी आयु को प्राप्त करके दिवंगत हुए और अपने पीछे एक समृद्ध भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। इनके द्वारा

खेले गये स्वॉग पं० लक्ष्मीचन्द शर्मा के स्वॉगों से तालमेल खाते हैं। रचनाकार की दृष्टि के कारण भाषा में थोडा बहुत अन्तर अवश्य हो जाता है। इनके गुरु भी पंडित मानसिंह जावली ही हुए है।

दीन्ना

दीन्ना गाधी गॉव, जिला मेरठ में पैदा हुए। ऐसा बताया जाता है कि दीन्ना पंडित मानसिंह के पास उनके शिष्य बनने के लिए गये थे। किन्तु पं० मानसिंह ने इन्हें काले और कुरूप होने के कारण इनको अपना शिष्य बनाने से इन्कार कर दिया परन्तु दीन्ना एकलव्य की भॉति अपनी जिद पर अड गये और छिप–छिप कर पं० मानसिंह के स्वॉगों की प्रतिक्रिया को आत्मसात करते रहे स्वॉग में पूरी तरह पारंगत हो जाने के बाद इन्होंने अपनी अलग मंडली बना ली और पं० मानसिंह को अपना गुरू मानकर उनका स्मरण करते रहे पं० मानसिंह ने भी आर्शीवाद स्वरूप इन्हें अपना शिष्य स्वीकार किया।

शकूर मीर

जन्म स्थान - आलमपुर, गाजियाबाद

जन्म तिथि - सन् १६२२

पिता का नाम - श्री फय्याज़ मीर

गुरू - पंडित मानसिंह जावली वाले

पारिवारिक जीवन

शकूर मीर के परिवार में उनके चार लडके और ३ लड़कियॉ हुयी लड़कों से इनके ११ पो और १३ पोतियॉ हैं। इस समय ये दिल्ली सीमापुरी में निवास करते हैं। शकूर जी को स्वॉग छोडे करीब १८ साल हो गये और आजकल मीर सहाबकव्वाली पढ़ने का पेशा करते हैं।

एक समय में शकूर मीर का नाम बहुत दूर–दूर तक जाना जाता था। ये उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पहले यह पंजाब का ही एक भाग था। पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बम्बई आदि बडे–बडे शहरों में इन्होंने अपने समय में स्वॉग से धूम मचा दी।

चन्द्रलाल बादी

चन्द्रलाल बादी का जन्म लगभग १६२० के आस पास चरखी दादरी (हरियाणा) में हुआ था। इनके पिता का नाम सोहन लाल और माता का नाम चावली था इन्होंने तीन विवाह किये हैं। इनकी पत्नियों के नाम इस प्रकार हैं – भरभाई, फूलवती, चन्द्रो चन्द्रलाल। ये तीनों पत्नियॉ अभी तक जीवित

है इनके चार लडके और चार लडकियॉ हैं सभी लोग संयुक्त परिवार के रूप में रहते हैं। सभी लोग सयुक्त परिवार के रूप में रहते हैं इन्होंने गुरू मंगलचन्द (हरियाणा) से स्वॉग की शिक्षा प्राप्त की ये अपने समय के कक्षा चार पास हैं। चन्द्रलाल बादी दिन में एक बजे से ६ बजे तक तथा रात में ६ बजे से २ बजे तक स्वॉग खेलते हैं। अब तक इनके स्वॉगों की संख्या लगभग ३० है। इनके स्वॉगों के प्रमुख पात्र राजा, रानी, नकलिया आदि होते हैं। चन्द्रलाल बादी बहुत बूढे हो चुके हैं। लेकिन अब भी बराबर स्वॉग खेलते हैं। आज जबकि स्वॉगों का स्थान टी०वी० ने ले लिया है। चन्द्रलाल बादी समर्पित सांगीतकार इस परम्परा को जीवित रखने में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। इनके विशिष्ट स्वॉगों में हीर राझा, लैला मंजनू, सत्यवान सावित्री और राजा हरिश्चन्द्र का नाम विशेष उल्लेखनीय है।

अन्य सांगीतकार

अनेक सांगीतकारों का नाम जिनका कि उल्लेख प्रस्तुत अध्ययन में किया गया है। उनके अधिक विवरण ना मिलने के कारण उनके सम्बन्ध में जानकारी प्रस्तुत करना कठिन हो गया है। या तो ये सांगीतकार अधिकतर मर चुके हैं या फिर इनके विषय में अधिक जानकारी देने में लोगों को विशेष रूचि नहीं रही है। इनके नाम प्रस्तुत अध्याय में ऊपर दिये जा चुके हैं। प्रमुख सांगीतकारों के स्वॉगो के कुछ अंश यहॉ प्रस्तुत हैं।

कौरवी जनपदीय स्वॉगों का सामाजिक अध्ययन

लोक–साहित्य किसी एक व्यक्ति की मानसी शाब्दी अभिव्यक्ति नहीं हुआ करती बल्कि इसमें दीर्घकालीन सामाजिक सांस्कृतिक परम्परा को चित्रित करने वाला सामूहिक अचेतन क्रियाशील रहता है। इस साहित्य को काल एवं स्थान की सीमाओं में बांध पाना अत्यन्त कठिन होता है। यह सुदूर सचरणशील भी होता है और स्थान बोध के अनेक आयाम भी इसके माध्यम से खुलते हैं। इस प्रकार लोक वार्ता या लोक साहित्य सापेक्ष होता है। प्रो० शाण्डिल्य के अनुसार "लोकवार्ता परिवेशगत आकाश अग्नि–वायु–जल–पृथ्वी से शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध प्राप्त अवश्य करती है। किन्तु इसकी मानसिक सांस्कृति व्याप्ति सार्वभौमिक एवं सार्वकालिक होता है। पीढियों, विभिन्न विचारों एव स्थानों की विशिष्ट लोक संस्कृति की संपृक्ति के फलस्वरूप यह सामूहिक अवचेतन की कलात्मक शाब्दी अभिव्यक्ति का रूप ले लेती है। सतत गतिशील होने के कारण इसका स्वरूप भी लगातार परिवर्तित–परिवर्धित होता

जाता है।

स्वॉगों में चित्रित लोक सांस्कृति एवम् सामाजिक मान्यताओं को इस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है।

क. लोक सांस्कृतिक परिवेशगत मान्यताएँ।

ख. लोक भौतिक परिवेशगत संवेदनाएँ।

क. लोक सांस्कृतिक परिवेश = धार्मिक मान्यताएँ अथवा लोक मान्यताएँ, नियतिवाद, उदारमनोवृत्ति, तर्कहीन आस्था अथवा अन्धविश्वास।

ख. लोक भौतिक परिवेश के उपादान = भोज्य पदार्थ, वस्त्र, घर, नदी, पर्वत, मैदान, पशु पक्षी, नौकर चाकर, पारिवारिक जन, बुर्जुआ(राजा रानी) एवं सर्वहारा वर्ग (गरीब आदमी)

लोक की आधार–शिला धर्म होती है इससे लोक के जीवन को बल एवं प्राण मिलता है। धर्म की परिभाषा देते हुए कहा गया है – "धारयति इति धर्मः" जिसको धारण किया जाय वह धर्म होता है। धर्म को पहले धारण अवश्य किया जाता है किन्तु बाद में वही व्यक्ति की आत्मा बन जाता है। इसके बिना मानव जीवन असंभव हो जाता है।

भारत आदि काल से ही धर्म–प्रधान देश रहा है। धर्म और अध्यात्म यहाँ की आधार–शिलाएँ हैं। लोक–साहित्य की अन्य विधाओं के अनुरुप लोकोक्तियों एवं मुहावरों में भी धार्मिक विचारों एवं भावनाओं का समृद्ध रूप देखने को मिलता है। लोक–साहित्य में धर्म की गंध को इस प्रकार समझा जा सकता है। कि जिस प्रकार फूलों की माला में लगे हुए सूत्र में फूलों की गंध स्वतः समाहित हो जाती है उसी प्रकार लोक में धर्म की गंध व्याप्त रहती है। जबतक लोक रहेगा तब तक उससे धर्म को अलग नहीं किया जा सकता है।

सामाजिक नैतिक परिवेश को लोकाचार कहते हैं। हर समाज में ऐसे लोकाचार जातीय संस्कार और शिष्टाचार होते हैं इनमें नैतिक शिष्टाचार और सामाजिक शिष्टाचार का समन्वय होता है। बुद्धिमत्ता और सामाजिक सद्गुण का सम्बन्ध भी सामाजिक नैतिकता से होता है। इससे उसका चिन्तन उसकी भावनाएं और उसकी इच्छाएं प्रभावित होती हैं। सामाजिक नैतिकता के इस वातावरण का व्यक्तियों के व्यवहार पर गम्भीर प्रभाव पड़ता है। जो व्यक्ति लोकाचार का जितना पालन करता है वह सामाजिक दृष्टि से उतना ही अच्छा माना जाता है।

लोक सांगीतकार की भाषा जन प्रचलित सहज एवम् सरल होती है। इस पर किसी प्रकार का

लेबिल नहीं लगा होता और इस भाषा को हिन्दी उर्दू या अंग्रेज़ी में नही बांधा जा सकता सांगीतकार लोक प्रचलित शब्दावली का भरपूर प्रयोग करता है। वह शब्दावली चाहे अरबी की हो फारसी की हो खडी बोली की हो या हरयाणवी हो।

लोक सांगीतकार अपने वर्णन का आश्रय लेता है जिससे उसका श्रोता इतना अभिभूत हो जाये कि वह उसी मैं पूरी तरह खो जाये। पं० रामरतन **नरसी के भात** में बांके बिहारी की कृपा वर्णन इस प्रकार करता है कि उसकी कृपा से नरसी जैसे कंगाल राजा के भात का वर्णन इस प्रकार करता है

सांगीतकार के मन में सर्व जनहिताय, सर्वजनसुखाय की सार्वभौमिक भावना का प्राधान्य रहता है।

लोक में सदैव मिल जुलकर रहने की भावना की प्रधानता रहती है। यही कारण है कि वह संसार के माया जाल को बहुत बुरा मानता है। मायाजाल में फंसकर व्यक्ति बुरे काम करता है सांगीतकार लक्ष्मीचन्द अपने स्वॉग ध्रुव भक्त के आरम्भ में ही दोहे में इस भावना को अभिव्यक्त करते हैं

समाज के विभिन्न अंगों और उपांगों के सम्बन्ध में पिछले अध्याय में विस्तार से विचार किया जा चुका है। विस्तार भय के कारण यहॉ उस सम्बन्ध में दोबारा विचार नहीं किया जा रहा है।

संस्कृति संस्कार सम्यक और सम्यक कृति किसी शुभ चेष्टा या श्रेयकर कर्म को कहा जा सकता है। यद्यपि पंडित हजारी प्रसाद द्विवेदी का विश्वास है कि संस्कृति शब्द का धातुगत अर्थ उसे व्यवहारिक अर्थ को स्पष्ट करने में सहायक नहीं होगा। फिरभी हम समझते हैं कि धातुगत अर्थ, व्यवहारिक अर्थ की ओर संकेत करता है। यह एकान्ततः असम्बद्ध अथवा असम्वृश्त नहीं है।

यह कहना उचित ही होगा कि नवीन शिक्षा और नवीन आविष्कार ही किसी देश में आमूल परिवर्तन करने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। प्राचीन और नवीन धारणाओं की समन्वय करते हुए हिन्दू धर्म की खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करने का श्रेय राम कृष्ण मिशन को भी है। श्री राम कृष्ण परमहंस उच्च कोटि के सन्त और साधक थे। उनकी रहस्यवादिता, आध्यात्मिक व्याग्रता और उदारता ने स्वामी विवेकानन्द पर भी अधिक प्रभाव डाला। १८८३ में शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में उपस्थित होकर उन्होंने वहाँ ऐतिहासिक विचार प्रकट किये, जिससे समस्त विश्व को पहली बार भारत के धार्मिक महत्व का परिचय हुआ। यह सुधारों की दृष्टि से ब्रह्म समाज की भांति क्रान्तिकारी नहीं है। उनको वेद ही मान्य थे तथा आध्यात्मिकता का विकास ही उनका मुख्य उद्देश्य था। ईश्वर के उपासक के विषय में

उनका विचार था – ''काम के समय तुम एक हाथ से ईश्वर के पैर पकड़े रहो और दूसरे हाथ से काम करो। जब काम से छुट्टी पाओ तो दोनों हाथ से भगवान के पैर पकड़ लो। श्री हरविन्द के शब्दों में राममोहन राय उपनिषदों पर ही ठहर गये थे, दयानन्द ने उपनिषदों से भी आगे देखा और यह जान लिया कि हमारी संस्कृति का वास्तविक मूल वेद है।[२]

मनुष्य जिस परिवेश में जीता है उस परिवेश की सम्पूर्ण आस्थाएँ उसके चेतन मन से होकर अचेतन की अलग गहराईयों में स्थित हो जाती हैं। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि व्यक्ति का अचेतन पूरे समाज की इतिहास का अवचेतन मन में स्थित हो जाता है। अचेतन से उपचेतन तथा चेतन को होकर उसकी उन भावनाओं की अभिव्यक्ति शब्दों के माध्यम से होती है। प्रत्येक भाषा की अपनी सीमाएं होती है, और उन्हीं सीमाओं में व्यक्ति अपने भावों की अभिव्यक्ति करता है। वैसे यह कहना असम्भव ही है कि हम जो कुछ अनुभव करते हैं, उसे उसी रूप में भाषा में अभिव्यक्त कर देते हैं किन्तु भाषा अपनी सीमाओं में उन अनुभूतियों को अभिव्यक्ति प्रदान करती हैं। व्यक्ति के संस्कार उसे वंशानुक्रम एवं परिवेश से पूर्णतः प्रभावित रहते हैं। इसी कारण उसी अभिव्यक्ति भी उसके परिवेश से प्रभावित रहते हैं। इसी कारण उसकी अभिव्यक्ति भी उसके परिवेश से प्रभावित रहती है या यों कहिए कि सस्कृति भाषा को प्रत्येक स्थल पर प्रभावित करती है। यहॉ पर भाषा का सबंध सीधा साहित्य से होता है। इसलिए साहित्य को ध्यान में रखकर सीधा विचार किया गया है क्योंकि भाषा का मुख्य स्वरूप ही साहित्य है और साहित्य का मुख्य स्वरूप भाषा है।

कौरवी जनपदीय स्वाँगों का सांस्कृतिक अध्ययन

संस्कृति को सुगमता से ग्रहण नहीं किया जा सकता है, किन्तु सभ्यता को किसी परिवर्तन या हानि के ही दूसरे देश अथवा पीढ़ियां ग्रहण कर लेती हैं। उदाहरणार्थ किसी का धर्म जो किसी संस्कृति का अंग है, अन्य व्यक्ति सुगमता से ग्रहण नहीं कर सकते, परन्तु सभ्यता सूचक कार, हवाई जहाज, रेडियो स्कूटर, तिपइया आदि का प्रयोग कोई भी जाति या देश ज्यों का त्यों ग्रहण कर सकता है।

संस्कृति का सम्बन्ध हमारे आचारों से हैं, जबकि सभ्यता का संबंध विचारों से है, क्योंकि संस्कृति आत्मा के अभ्युत्थान की प्रदर्शिका मानी जाती है और सभ्यता मानव के मनोविकारों की द्योतक। सभ्यता मानव को प्रगति की ओर ले जाने का संकेत करती है और संस्कृति आन्तरिक एवं मानसिक समस्याओं पर नियंत्रण करने में सहायक सिद्ध होती है।मनुष्य का अन्तर्मुखी प्रवृत्तियों से जो कुछ बना है वही संस्कृति है।

इस प्रकार संस्कृति का सम्बन्ध चिन्तन तथा कलात्मक सृजन की उन प्रक्रियाओं से है। जो हमारे जीवन एवं व्यक्तित्व को परोक्ष रूप से परिष्कृत एवं समृद्धिशाली बनाती है। यद्यपि प्रत्यक्षतः मानव जीवन के लिए उनकी कोई विशेष उपयोगिता परिलक्षित नहीं होती, जबकि सभ्यता (समाज) का सम्बन्ध उन अभिनय आविष्कारों, उत्पादन के साधनों एवं सामाजिक, राजनैतिक, सभ्यताओं से है जो हमारे जीवन को सरल एवं उपयोगी बनाती है।

कुरुजनपदीय स्वाँग परम्परा : सांस्कृतिक अध्ययन

(अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ की पी-एच०डी० उपाधिहेतु प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध)

१९९७

निर्देशक

प्रो० शिवकुमार शाण्डिल्य

पूर्व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग

अ० मु० वि०, अलीगढ़-२०२००२

शोधार्थी

मौहम्मद कलीम सिद्दीक़ी

एम०ए० (हिन्दी)

हिन्दी विभाग

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

अलीगढ़

T5073

परम श्रद्धेय

पिता जी

श्री (स्व0) निज़ामुद्दीन अहमद

को सादर

साभिवादन

समर्पित

जो इस ग्रंथ को पूर्ण

होने से पूर्व

ही स्वर्गस्थ हो गए।

Certificate

Certified that Mr. Mohd. Kaleem Siddiqui has submitted his thesis entitled, **Kuru Janpadiya Swang Prampara: Sanskritik Adhyyan** in fulfilment of the Ph.D. Degree in Hindi, of this university, under my supervision it is original research work. Mr. Mohd. Kaleem Siddiqui has fulfilled all the conditions laid down under academic ordinances of Aligarh Muslim University, Aligarh.

(Prof. S.K. Shandilya)
Ex-Chairman.
Department of Hindi
Supervisor

कुरु जनपदीय स्वाँग परम्परा : सांस्कृतिक अध्ययन

विषय - सूची

		पृष्ठ संख्या
प्राक्कथन		१
१.	**लोक-साहित्य : परिभाषा एवं क्षेत्र**	७
	लोक–साहित्य का सकलन	१७
	गवैयो का अभाव	१७
	पर्दे की प्रथा	१७
	पुनरावृत्ति की असमर्थता	१८
	गवैये हर समय गाने को तैयार नही होते	१८
	सकुचित मनोवृत्ति	१६
	लोक–साहित्य सग्रहकर्ता के उपादान	१६
क	आन्तरिक साधन	१६
	१ सामान्य जन से तादात्म्य	१६
	२ सहानुभूति	१६
	३ अनुसधान चातुर्य	२०
	४ जॉच परखकर ही किसी तथ्य को मान्यता देना	२१
	५ स्थानीय शब्दो का प्रयोग	२१
	६ यथानुरूप लिपिबद्ध करना	२१
	७ सग्रह की प्रामाणिकता	२२
	८ विभिन्न पाठो का सग्रह	२२
	६ बाह्य साधन	२३
	१० कैमरा	२३
	११ रिकार्डिंग मशीन	२४
	विभिन्न क्षेत्रीय लोक–साहित्य विधाएँ	२४
	पॅवाडा	२४
	लोकगीत	२४
	श्रम गीत	२५
	१ नृत्यगीत	२५
	२ मल्हार	२५
	३ ऋतुगीत	२५
(क)	सावन	२५
	होली पटका	२५
	पटका	२५
	त्यौहार गीत	२५

	सस्कार गीत	२५
	विवाह गीत	२५
	धार्मिक गीत	२५
	बाल गीत	२६
	रागनी	२६
	धोबियो के गीत	२६
	मैथिली लोक–साहित्य के मशहूर लोकगीत	२७
मगही लोक–साहित्य के लोक–गीत		२७
भोजपुरी		२७
अवधी		२७
बघेली		२७
छत्तीसगढी		२८
बुन्देली		२८
ब्रज लोक–साहित्य		२८
कन्नौजी लोक–साहित्य		२८
राजस्थानी लोक–साहित्य		२८
मालवी लोक–साहित्य		२८
पजाबी लोक–साहित्य		२८
डोगरी लोक–साहित्य		२८
कॉगडी लोक–साहित्य		२८
गढवाली लोक–साहित्य		२८
कुमॉउनी लोक–साहित्य		२८
नेपाली लोक–साहित्य		२८
कुलुई लोकगीत		२८
चवियाली लोकगीत		२८
२.	**कुरुजनपदीय समाज व्यवस्था**	२९
२ १	कुरु प्रदेश मे पारिवारिक जीवन	२९
२ २	कुरु प्रदेश मे रिश्ते नाते	३०
२ २ १	हिन्दुओ के रिश्ते नाते	३०
२ २ २	मुसलमानो के रिश्ते नाते	३०
२ २ ३	ईसाई रिश्ते नाते	३०
२ ३	कुरु प्रदेश के रीति रिवाज और सस्कार	३०
१	पक्की (भेट) तथा गोद भरना	३०
२	तिलक, टीका, सगाई	३०
३	टेवा	३०
४	लगन	३०
५	पीली चिट्ठी	३१

६.	मॉडवा	३१
७	अगवानी	३१
८.	चढत	३१
६	जनवासा : बारौठी एवं भॉवर	३१
१०	बन्ना बन्नी	३१
११.	रतजगा	३१
१२	कजेतिन	३१
१३	निकरोसी	३१
१४	बारौठी	३१
१५	बढार	३२
१६	कॅवर कलेऊ	३२
१७	नेग्गाचारा	३२
१८	चूल्हा न्योत या चूल्हा नोत	३२
१६.	पलका चारा	३२
२०.	भटटी जात	३२
२१	सिर गूँदी	३२
२२	बाइना	३२
२३	लाड कोथली	३२
२४	भात	३२
२५	कॅगना एवं छडी मार	३२
२६	छूछक	३३
२७	मरघट	३३
२८	पिंडोती	३३
२६.	दाग देना	३३
३०	फूल चुगना	३३
३१.	रोवा पीटटण	३३
३२.	बरसी	३३
३३.	तेरही	३३
	लोक संस्कार	३३
४.६	कुरु प्रदेश में नर नारी सम्बन्ध	३४
	२.४ कुरु प्रदेश की धार्मिक आस्थाएँ	३५
	२.४.१ नियतिवाद	३५
	२.४.२ कुरु प्रदेश के अंधविश्वास	३५
	२.४.३ जादू–टोने, भूतप्रेत में विश्वास	३६
४.७.४	टोटम एवं टेबू	३६
	२.४.५ परम्परागत रूढियॉ	३७
२.५	कुरु प्रदेश के पर्व, त्यौहार एवं मेले	३७
	२.५.१ मुजफ्फरनगर जनपद	४०

	२५२ जनपद मेरठ	४२
	२५२२ तहसील सरधना	४२
	२५२३ तहसील मवाना	४३
	२५२४ तहसील बागपत	४३
२६	जनपद गाजियाबाद	४३
	२६१ तहसील हापुड	४३
२७	जनपद सहारनपुर	४४
	२७१ सहारनपुर तहसील	४४
	२७२ तहसील नकुड	४४
२८	हरिद्वार जनपद	४४
	२८१ तहसील रूडकी	४४
२९	जनपद बिजनौर	४४
	२९१ बिजनौर तहसील	४४
	२९२ नजीबाबाद तहसील	४६
	२९३ तहसील नगीना	४७
	२९४ तहसील धामपुर	४७
	२१० कृषि उद्योग	४९
	निष्कर्ष	४९
३.	**कुरु लोक-साहित्य और कुरु जनपदीय स्वॉग परम्परा**	५१
३१	लोक शब्द की व्युत्पत्ति व्याख्या प्रयोग परम्परा	५१
३२	लोक साहित्य	५२
३३	लोक–साहित्य स्वॉग स्वरूप सम्बन्धी विद्वानो के कार्यो का मूल्याकन	५३
३४	लोक–साहित्य स्वरूप एव रचना प्रक्रिया	५४
३४	स्वॉग स्वरूप एव परिभाषा	५५
१	प्रसारवाद का सिद्धान्त	५५
२	प्रकृति स्वरूपवाद	५६
३	मनोविश्लेषणवाद	५६
४	इच्छापूर्ति	५७
५	व्याख्यावाद	५७
६	विकासवाद	५७
७	यथार्थवाद	५८
८	समन्वयवाद	५८
३५	भारत मे लोक–कथा की परम्परा	५८
३५१	सस्कृत	५८
३५२	वृहत्कथा	५९
३५२१	वृहत्कथा मजरी	५९
३	कथा सरित्सागर	५९

४	पचतत्र	५६
५	पचविशतिका	५६
६	शुक–सप्तशति	५६
७	माधवानल–काम कदला	५६
८	पुरुष परीक्षा	५६
६	कथा राशि	६०
३ ५ २	पालि	६०
३ ५ ३	जैन साहित्य (अपभ्रश)	६०
३ ५ ४	हिन्दी	६०
३ ६	लोक सस्कृति मान्यताएँ	६१
३ ७	लोक–वार्ता	६२
३ ६	लोकमानस	६३
	लोक–सास्कृतिक परिवेश	६३
	लोक–भौतिक परिवेश	६३
१	लोक ज्ञान	६४
२	लोक इच्छाएँ	६४
३ ८	लोक साहित्य	६४
३ ६	कौरवी भौतिक सस्कृति	६६
३ ६ १	भोज्य पदार्थ	६६
३ ६ १	वेषभूषा वस्त्र–आभूषण सौन्दर्य प्रसाधन आदि	६७
३ ६ २	स्त्रियो के आभूषण	६८
३ ६ ३	सौन्दर्य प्रसाधन	६६
३ ६ ४	नौकर, चाकर एव मनदूर वर्ग	६६
३ ६ ४ १	बढई	६६
३ ६ ४ २	खराद्दी	६६
३ ६ ४ ३	छीपी	७०
३ ६ ४ ४	सुनार	७०
३ ६ ४ ५	लुहार	७०
३ ६ ४ ६	भडभुजा	७०
३ ६ ४ ७	हलवाई	७०
३ ६ ४ ६	राज या कारीगर	७१
३ ६ ४ १०	जुलाहा	७१
३ ६ ४ ११	कुम्हार	७१
३ ६ ३ १२	सिकलीगर	७२
३ ६ ४ १३	पटवा	७२
३ ६ ४ १४	ठठेरा	७२
३ ६ ४ १५	तमोली	७२
३ ६ ५	उच्च, मध्य एव निम्न वर्ग का पारिवारिक एव जनजीवन	७३

३ ६ ५ १	उच्च वर्ग	७३
३ ६ ५ २	मध्य वर्ग	७३
३ ६ ५ ३	निम्न वर्ग	७३
३ ६ ६	मनोरजन के साधन	७३
३ ६ ६ १	मुँह से बजानेवाले बाजे	७४
३ ६ ६ २	पाव से बजानेवाले बाजे	७४
३ ६ ७	कुर प्रदेश मे खेले जानेवाले खेल	७४
३ ६ ७ १	घर मे खेले जानेवाले खेल	७४
३ ६ ७ २	मदान मे खेले जानेवाले खेल	७४
३ ६ ७ ३	मदान मे खेले जानेवाले खेल	७६
३ १०	कोरवी लोक कथाओ मे विचित्र भौतिक सस्कृति	७७
३ ११	स्वॉग का स्वरूप और कुरु जनपदीय स्वॉग–परम्परा	७६
३ ११ १	स्वॉग का स्वरूप	७६
३ ११ २	स्वॉग परम्परा	८१
४.	**कुरु जनपद के सांगीतकार और उनका जीवनवृत्त**	८२
४ १	स्वामी शकरदास का जीवन वृत्त	८३
४ १ १	अन्तसाक्ष्य	८३
४ १ २	बाह्यसाक्ष्य	८३
४ १ ३	जीवन वृत्त जन्मतिथि	८४
४ १ ४	मृत्यु तिथि	८५
४ १ ५	जन्मस्थान	८६
४ १ ६	शिक्षाक्रमश	८६
	जाति	८७
४ १ ७	परिवार	८७
४ १ ८	गृहस्थाश्रम	८८
४ १ ६	राजशाही ठाट–बाट	८६
४ १ १०	गुरु व पथ सम्प्रदाय	८६
४ १ ११	स्वामी शकरदास की धर्मशाला	६०
४ १ १२	गुरु प्राप्ति	
४ १ १३	वैराग्य	६२
४ २	पडित नत्थूलाल मानसिह	६८
४ २ १	जन्मतिथि	६६
४ २ २	शिक्षा	६६
४ २ ३	गुरु	६६
४ २ ४	शिष्य परम्परा	६६
४ ३	पडित लक्ष्मीचन्द शर्मा	१०१
४ ३ १	जन्मतिथि	१०१

४ ३ २	पारिवारिक जीवन	१०१
४ ३ ३	गुरु	१०१
४ ३ ४	शिक्षा	१०१
४ ३ ५	स्वॉग का समय	१०२
४ ३ ६	स्वॉगो के प्रमुख पात्र	
४ ४	पडित रघुबीर शरण	१०३
४ ५	दीन्ना	१०३
४ ६	शकूर मीर	१०४
४ ६ १	जन्मस्थान	१०४
४ ६ २	जन्मतिथि	१०४
४ ६ ३	पिता का नाम	१०४
४ ६ ४	गुरु	१०४
४ ६ ५	पारिवारिक जीवन	१०४
४ ६ ६	स्वॉगो के पात्र	
४ ७	अन्य शिष्य	१०५
	शिब्बी मीर	१०५
४ ८	चन्द्रलाल बादी	१०६
४ ९	अन्य सागीतकार	१०६
५	**कौरवी जनपदीय स्वॉगों का सामाजिक अध्ययन**	११४
१	परिवेशीय अतरग अनुभूति की प्रधानता	१२०
२	सरल सहज स्वाभाविक वृत्तियो का निरूपण	१२२
३	सहज भाषा	१२३
४	अतिरेकपूर्ण अभिव्यक्ति	१२४
५	लोकोत्तर कल्पना का प्राधान्य	१२५
६	सार्वभौमिक भावना का प्राधान्य	१२६
७	आधुनिक सामाजिक मान्यताओ का उपहास	१२८
ˆ	लोक भावनाओ का उदघाटन	१२९
९	विशिष्ट परिवेशीय अन्धविश्वासो का उद्घाटन	१३०
१०	परिवार पारिवारिक जन एव विशिष्ट लोक मे आस्था	१३०
११	स्थान विशेष की सार्वभौमिक सास्कृतिक मान्यताओ का चित्रण	१३२
१२	निर्वेयक्तिकता	१३३
१३	छद अलकार—बन्धनमुक्त रचना	१३४
१४	मिथको एव प्रतीको का प्राधान्य	१३४
१५	कालावधि निरपेक्ष मौखिक साहित्य	१३५
१६	सुमला तिरिया, परोक्ष आत्माओ, देवताओ, सन्त, फ़कीरो, लोकवीरो की पूजा	१३५
१७	विवरणात्मक पद्धति	१३५

१. खान की वस्तुएँ १३६
२ वस्त्र १३७
३ जवाहररात एवं गहने १३७
४. व्यक्तिवाचक नाम १३७
५ पेड पौधे १३६
६ नदी-नाले १३६
७ खेत खलिहान १३६
८ रिश्ते नाते १३६
६ जातियाँ १४०
१० पशु, पक्षी एव जीव-जन्तु १४१
११ श्रृंगार के उपादान १४१

६. **कौरवी जनपदीय स्वाँगों का सांस्कृतिक अध्ययन** १४२
बेमेल विवाह पर व्यंग्य १४६
स्थान परिवर्तन के साथ अर्थ-परिवर्तन १४६
ध्वनि भेद से अर्थ-परिवर्तन १५०
स्वॉगो में मिथक का कार्य-परिवर्तन १५०
कालक्रम से अर्थ-परिवर्तन १५०
मुहावरों एवं लोकोक्तियो में अर्थ-परिवर्तन १५१
प्रतीकों में अर्थ-परिवर्तन १५१
कुरु प्रदश के स्वॉगो में अभिव्यक्त प्रवृत्तियॉ १५२
कुरु स्वॉगों मे ब्रहम, माया, जीव, जगत् का स्वरूप १५४
माया का स्वरूप १५४
जीव और जगत् का स्वरुप १५५
कुरु स्वॉगों में मोक्ष का स्वरुप मोक्षोपाय १५६
कुरु स्वॉगों में कर्म, उपासना एवं मानव-सेवा १५६
निष्कर्ष १५७

७. **उपसंहार** १५८
परिशिष्ट
आधार ग्रंथ
सस्कृत ग्रंथ
हिन्दी कोश
पत्र-पत्रिकाएँ

०. प्राक्कथन

कुरु जनपद भारतीय संस्कृति एव इतिहास की सुदीर्घ–सम्पन्न पारम्परिक सम्पदा को अपने अक में संजोए हैं। यह प्रदेश वैदिक ऋषियो का आश्रय–स्थल एवं राजनीति का प्रमुख केन्द्र है। यहॉ के चक्रवर्ती सम्राटों ने कुरु जांगल में स्थित अनेक ऋषियों के गुरुकुलों को अपना अभयहस्त प्रदान किया और उस परम्परा को लगातार समृद्ध बनाया। विभिन्न विचारधाराओं और राजनीतिक उथल–पुथल को इसने अपने अंक में समाहित करके उन्हें कुरु जनपदीय संस्कृति का स्वरूप दिया।

कुरु जनपद की लोक–साहित्य परम्परा भी अत्यन्त समृद्ध और सुदीर्घ है। यहॉ की मिट्‌टी के लोक–कथाकारों ने जीवन के प्रत्येक पहलू की विसंगतियों से निस्तारा पाने के लिए अनेक शिक्षाप्रद कथाओं का वर्णन किया। इनकी यह सर्जना अत्यन्त गम्भीर है। जीवन के सूक्ष्म दर्शन इन ऋषियों के किए थे और सही दिशा के लिए प्रतीकात्मक कथाओं की सर्जना की थी।

कुरु जनपद के लोक–साहित्य का अध्ययन अत्यन्त अपेक्षित है। स्वॉग इस साहित्य की सशक्त विधा है। इसी कारण मैंने अपने अध्ययन का क्षेत्र, कौरवी स्वॉगों पर केंद्रित किया। इस अध्ययन मे स्वॉगों की सूक्ष्मतम झंकृतियों को संस्कृति के बाह्‌य एवं आन्तरिक उपादानों के माध्यम से समझने का प्रयास किया।

०.१ आलोच्य विषय के संदर्भ में पूर्वकृत शोध-कार्य

सांस्कृतिक दृष्टि से कुरु जनपद का भारतवर्ष के इतिहास में बहुत महत्व है। यह क्षेत्र एक ओर ऋषियों की तपोभूमि से घिरा है तो दूसरी ओर शूरसेन प्रदेश की सुदीर्घ सांस्कृतिक संपदा से यहॉ की सांस्कृतिक संपदा का आदान–प्रदान भी बराबर होता है। भारत का वैदिक, पौराणिक, प्राकृत, अपभ्रंश और वर्तमान हिन्दी साहित्य इसकी गौरवशालिनी परम्परा के साक्षात् गवाह हैं। तीसरी शती ईसवी के आसपास से इस जनपद का सम्पर्क अरब संस्कृति से हो गया था। यहॉ के लोक–ऋषि, लोक–साहित्य की रचना में संलग्न रहे। उन्होंने यहॉ की लोक–साहित्य संपदा को बर.बर समृद्ध किया।

लोक–साहित्य की इतनी समृद्धि होते हुए भी यहॉ इसके शोध की दिशा में कोई भी महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो सका है। ऐसा प्रतीत होता है कि यहाँ लोक–साहित्य–सर्जना करनेवालों की संख्या

अधिक है, शोधार्थियों की कम। यहाँ की मिट्टी में पले और बढे साहित्यकार, यहाँ के लोक–साहित्य का स्मरण चिंतन, मनन और शोध करके इसे अपने कुछ श्रद्धा–सुमन समर्पित करते तो दिखाई पड रहे है किन्तु इस क्षेत्र के सुधी पाठक और समीक्षक इस दिशा में विशेष जागृत प्रतीत नहीं होते।

प्रस्तुत शोध प्रबंध को कौरवी स्वाँगों के अध्ययन की दिशा में प्रथम प्रयास कहा जा सकता है। कुरु जनपद से दूर रहकर डॉ० शिवकुमार शाण्डिल्य ने कौरवी लोकोक्तियों का भाषिक- सांस्कृतिक अध्ययन प्रस्तुत किया। उन्होंने यहाँ की लोक–कथाओं, लोक–गाथाओं, स्वाँगों और लोक–गीतो के भी संग्रह तैयार किए जो प्रकाशित हो चुके हैं। प्रस्तुत शोध–प्रबंध के परिशिष्ट में संगृहीत स्वाँग उन्हीं के सग्रह से साभार लिए गए हैं।

मेरठ विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद कौरवी लोक–साहित्य को लेकर निम्नलिखित शोध–प्रबंध प्रस्तुत किए गए हैं .

१ कौरवी के जन–कवि और जन काव्य, विक्रम सिंह, १९७७

२ कौरवी लोक–गीतों मे बिम्ब–योजना, राम कुमर शर्मा, १९७३

३. ब्रज एवं कौरवी लोक–नाट्य का तुलनात्मक अध्ययन, पुरुषोत्तम दयाल गौतम, १९७४

४. कौरवी लोक–गीतों में समाज संबंध, सरोजबाला, १९७८

५. कौरवी लोक–कथा : एक अध्ययन, सुनीता शर्मा, १९७८

६. कौरवी लोक–कथाओं का सांस्कृतिक अध्ययन : रामप्रकाश शर्मा, १९९५

प्रस्तुत अध्ययन कौरवी स्वाँगों के सांस्कृतिक अध्ययन की दिशा में प्रथम प्रयास है। प्रस्तुत अध्ययन में सांस्कृतिक परिवेश को उजागर करने का प्रयास किया गया है। कौरवी स्वाँगों की कथाएँ मानक हिन्दी में न होकर मूल कौरवी में है।

०.२ शोध की दिशा में प्रस्तुत विषय की मौलिकता

प्रस्तुत विषय कौरवी स्वाँगों के सांस्कृतिक अध्ययन की दिशा में प्रथम प्रयास है। इस अध्ययन में कुरु संस्कृति के प्रत्येक पहलू को उजागर करने की कोशिश है।

स्वाँगों का महत्व असंदिग्ध है। स्वाँगों की कथाओं की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती। इनकी स्वीकृति सार्वदेशिक है। इनके अध्ययन से अन्तरराष्ट्रीय एकता को समन्वित किया जा सकता है।

स्वॉग जीवन के अटल सत्य को लेकर चलते है। आदि मानव की सामाजिक भावना के साथ ही लोक–साहित्य का जन्म हुआ होगा। इन कहानियो मे चरित्र–निर्माण एवं मार्ग–दर्शन की महान क्षमता होती है। लोक–ऋषि स्वॉगो की सर्जना करता है। इनमे प्रकृति और मानव के बीच सघर्ष का इतिहास छिपा रहता है। लोक मनोबल को ऊँचा रखने मे इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस साहित्य की रचना लोक–हित में होती है। इसका मुख्य स्वर लोक–मगल है।

अनेक घटनाओं से सम्बद्ध स्वॉग, सामाजिक सिद्धान्तो की व्याख्याएँ करते है। इनमे प्रतीको के माध्यम से एकात्म भाव की पुष्टि होती है। पारस्परिक स्नेह, सौहार्द एव सहानुभूति जैसी मानवीय भावनाएँ इनमें कूट–कूट कर भरी रहती है। इन स्वॉगों में लोक–अध्यात्म भरपूर रहता है।

सामाजिक जीवन कर्म–क्षेत्र है। जीवन चारो ओर से सघर्षों से घिरा रहता है। स्वॉग सामाजिक मानव को निर्भीक एवं निडर होकर जीवन की विसगतियो को झेलने की प्रेरणा देती है। स्वॉग जिनमे नायक के सामने एक के बाद एक कठिनाई आती है किन्तु वह बराबर उनका सामना करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढता जाता हे।

स्वॉग शाश्वत जीवन–कठिनाइयो को झेलकर पार करने का मार्ग सुझाते है।

मूल मानवीय वृत्तियों पर आधारित स्वॉग प्राय सभी देशो मे एक–समान भावना से भरपूर होते है। स्वॉगो की भाषा अनगढ अवश्य होती है किन्तु और व्यजना के अप्रतिहत प्रयोग, लोक प्रवर्तित मुहावरो और लोकोक्तियें से परिपुष्ट स्वॉगो की भाषा मे महान क्षमता होती है।

स्वॉगों को साहित्यिक अभिरूचि की दृष्टि से भी कमजोर नहीं माना जा सकता। अन्य विज्ञानो को पुष्ट करने में भी इनका हाथ रहता है। मानवीय मनोवृत्ति मे परिवर्तन के साथ–साथ लोकोक्तियो की वैचारिकता में भी परिवर्तन होता है। इस प्रकार ये समाज के परिवर्तन का दर्पण भी बन जाते है। ये इतिहास–प्रसिद्ध एवं पौराणिक चरित्रो को अत्यत मनोरम ढग से मानवमात्र के सम्मुख प्रस्तुत करते है।

सम्पूर्ण भारत में व्याप्त लोकाचारो–सस्कारो एवं परम्परागत विचारो का समायोजन करके ये पूरे देश को एकता के सूत्र मे बॉधते हैं। ये स्वॉग विभिन्न विषयो के ज्ञान–कोश, साहित्य एवं राष्ट्र–चेतना के आगार होते हैं।

सांगीतकार अपने श्रोताओ से यह अपेक्षा करता है कि वह स्वॉग सुनते समय शात रहे। कहावत है – कहानी में हुँकारा, लडाई मे नगाडा आवश्यक है।

हिन्दी से एम.ए करने के बाद डॉ० शिवकुमार शाण्डिल्य से शोध के संदर्भ में मिलने गया। उन्होंने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

पारिवारिक कठिनाइयॉ तो बीच–बीच मे आती ही रहीं। किसी प्रकार काम को पार पर लाया। कौरवी स्वॉगों के संकलन के लिए मै गर्मी, सर्दी एव बरसात मे कुरु जनपद मे लगातार घूमा। इस संदर्भ में मैं डॉ० शाण्डिल्य के पैतृक निवास गॉव सालह खेडी (अलीपुर खेडी), मुजफ्फरनगर भी गया। आदरणीय दादी जी श्रीमती मगलादेवी के पास प्रकाशित स्वॉगों का अपार जखीरा था। उनसे लेकर उन्हें एकत्रित किया। इनके माध्यम से परोक्षतः मैं डॉ० शाण्डिल्य के विचारों से भी लाभान्वित होता गया। आदरणीया मंगला देवी जी के आर्शीवाद से मैं इस सारस्वत कार्य की नौका को खे सका।

मेरी धर्मपत्नी श्रीमती गजाला सिद्दीकी का शोध कार्य करने में पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। उसने हमेशा मेरा हौसला बढाया। विशेष कर मेरे दोनो चाचा गुलाम अहमद, मौ० अख्तर बडे भाई नईम अहमद, मुईन अहमद और छोटे भाई मौ० ताहिर, मौ० नौशाद, मौ० गुलजार, बहनों शमीम, नसरीन वसीम, ताहिरा, गुड्डी, भतीजो आकिल आदिल, रानी, रूमी, रूही और कैफिया का मुझे पूर्ण सहयोग मिला।

मेरे हरदिल अजीज डॉ० मेराजुद्दीन अहमद, जुनैद फरीदी, बाबू भाई, भाई छब्बी, हाजी तन्जीम कुरैशी, चौ० अनीस, चौ० आबिद, निसार, एजाज अहमद, रियाजुददीन अहमद, फिरोज अहमद और नाहिद अख्तर के बिना यह कार्य सम्पन्न हो पाना नितान्त असम्भव था।

शोध कार्य में मुझे प्रो० अबुल हसन सिद्दीकी, पूर्व उप–कुलपति, ए०एम०यू०, सैय्यद हामिद हसन, विभाग अध्यक्ष, कम्प्यूटर साइस, ए०एम०यू०, अलीगढ, डॉ० रामप्रकाश शर्मा, हसन मतीनुलइस्लाम सैयद अहसन साहब, सैयद आबिद हसन एव मेरे ससुर डॉ० इस्लाम अहमद साहब और मेरी सास साबरा इस्लाम, दोस्त आबिद हुसैन, इमरान खां, खलीलउल्लाह, कुं० आरिफ बेग, बिलाल अहमद से जो अपनत्व एवं सहयोग मिला उसे भुला पाना असंभव है। मेरा मन हमेशा इनके प्रति श्रद्धानत् रहेगा।

प्रो० शिव कुमार शाण्डिल्य, पूर्व अध्यक्ष हिन्दी विभाग, ए०एम०यू०, अलीगढ का शोध कार्य के दौरान पूर्णरूपेण सहयोग मिला है। प्रो० शाण्डिल्य अत्यंत योग्य एवं महान चरित्र के धनी है। प्रो०

शाण्डिल्य ने कुरु जनपद मे जहाँ भी मुझे सामग्री लेने के लिए भेजा मै वहाँ से जाकर सामग्री एकत्र करके लाया। इन्होंने हमेशा मुझे शोध–कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रो० शाण्डिल्य ने जिस लगन और मेहनत के साथ मेरे निर्देशन का कार्य किया। उसके लिए उनका आभार किन शब्दों में व्यक्त करूँ समझ में नहीं आता। उनका आभार व्यक्त करके उनके ऋण से मुक्त नहीं हो पाऊँगा।

श्रीमति श्यामलता शर्मा, एम०ए० साहित्य रत्न से मुझे सदैव मेरी अम्मा जैसा प्यार मिला मै जब भी घर जाता था उनका शफक्कत का हाथ हमेशा मेरे सिर पर होता था। यह उनकी दुआओं का ही असर है जो मैं अपना शोध–कार्य करने में सफल हुआ हूँ।

भाभी मीनाक्षी शर्मा ने हमेशा मेरा हौसला बढाया और समय–समय पर पूछती थी कि भाई साहब आपका शोध कार्य कहाँ तक पहुँचा। मीनाक्षी भाभी का मै हमेशा शुक्रगुजार रहूँगा। उन्होंने हमेशा देवर की तरह प्यार दिया। उनके तीनों बच्चे सना शाण्डिल्य, समीर शाण्डिल्य और उदित शाण्डिल्य हमेशा चाचा–चाचा कह कर मेरा स्वागत करते रहे हैं।

शोध–कार्य के दौरान मुझे वर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो० कृष्ण मुरारि मिश्र से अपनत्व मिला है। प्रो० के०पी० सिह, प्रो० शैलेश जैदी, प्रो० अजब सिंह और प्रो० अयूब खा प्रेमी साहब हिन्दी के महान् विचारक एवं प्रसिद्ध विद्वान है। इनके विचारों से मैं सदैव लाभान्वित हुआ है। डॉ० उमाशकर श्रीवास्तव, डॉ० रमेश चन्द शर्मा, डॉ० आरिफ नजीर, डॉ० अब्दुल अलीम, डॉ० उस्मान साहब से भी सहायता मिलती रही है। अपने इन सभी गुरुजनों का सदैव आभारी रहूँगा। इन्होंने समय–समय पर अच्छी सलाह से नवाजा। डॉ० शोएब सिद्दीकी, खालिद अलवी ने हमेशा मुझे शोध–कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। मैं अपने विभागीय सभी गुरुओं का सदैव आभारी रहूँगा। उनका स्नेह सदैव मेरा हौसला बढाता रहा।

इस सारस्वत कार्य को पूरा करने में मेरे सभी परिवारजनों का हमेशा सहयोग रहा है। मेरी अम्मा बिलकिस निजामुददीन मेरे प्रति शुभकामनाओं के शब्द बुदबुदाती रहती हैं। जिससे मैं इस शोध–कार्य को करने में सफल हुआं हूँ।

मेरे पिता परम् श्रद्धेय स्वर्गीय निजामुददीन अहमद की स्मृति में श्रद्धानत् होकर मैं सारस्वत साधना का यह पुष्प मैं विद्वानों के सम्मुख इस आशा से प्रस्तुत कर रहा हूँ कि इसकी सुगध उनको स्वर्ग में आनन्द प्रदान कर सकेगी तो मैं अपना प्रयास सफल समझूँगा।

उन सभी विद्वानों के प्रति भी श्रद्धानत् रहूँगा जिनके विचारों से मैं प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लाभान्वित हुआ हूँ।

मैं इस शोध–प्रबन्ध के टंकण के लिए श्री प्रदीप शर्मा (डी०टी०पी० कम्प्यूटर आपरेटर) का दिल से आभारी हूँ जिन्होंने इस शोध–प्रबन्ध को टंकित कर अपनी परिणति तक पहुँचाया है।

विद्वजन कृपाकांक्षी

दिनांक

स्थान

मौ० कलीम सिद्दीकी

१. लोक साहित्य : परिभाषा एवं क्षेत्र

लोकसाहित्य के क्षेत्र में उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम चरण से महत्वपूर्ण कार्य प्रारम्भ हुआ। लोकसाहित्य के विषय मे इस काल में पर्याप्त विचार किया गया। गाम्मे ने प्रबल तर्कों के आधार पर यह प्रतिपादित करते हैं कि लोकवार्ता को विज्ञान कहा जाना चाहिए। गाम्मे की स्थापना को विद्वानो ने स्वीकार नहीं किया फिर भी इतना तो माना ही गया कि 'आधुनिक मानव के दैहिक और मानसिक निर्माण तन्तुओं के जटिल विधान की परीक्षा करनेवाला जो नृतत्व विज्ञान है[१], उसके विशद क्षेत्र मे एक महत्वपूर्ण स्थान लोकवार्ता का भी है।"[२]

लोकवार्ता के अन्तर्गत वे समस्त आचार–विचार आ जाते हैं जिसमें मानव का देव परम्परित रूप सामने आता है जिसका आधार लौक–मानस है। लोक–मानस में परिष्कार अथवा सस्कार की चेतना निष्क्रिय रहती है। लौकिक धार्मिक विश्वास, धर्मगाथाएँ–कथाएँ, लौकिक गाथाएँ–कथाएँ, कहावतें, पहेलियॉ आदि सभी लोकवार्ता के अॅग हैं। लोकवार्ता के सम्बन्ध में श्री कृष्ण चन्द्र गुप्त ने बुन्देलखण्ड के लोकवार्ता पत्र के निवेदन में लिखा है कि लोकवार्ता को अंग्रेजी में फोकलोर कहते हैं। फोकलोर का प्रचलित अर्थ है – जनता का साहित्य, ग्रामीण कहानी आदि। फोकलोर वास्तव में जन सामान्य की वार्ता जनसामान्य का कथोपकथन अथवा उसके विषय में कहा और सुना जानेवाला साहित्य लोकवार्ता है। जिस प्रकार प्रत्येक देश की अपनी लोक–भाषा होती है उसी प्रकार उसकी अपनी लोकवार्ता भी होती है। जन सामान्य में लोकवार्ता का जन्म होता है। किसी देश की लोकवार्ता को विधिवत् संगृहीत किया जाय तो वहॉ के निवासियों के अतीत से लेकर वर्तमान की बौद्धिक, नैतिक, धार्मिक एवम् सामाजिक अवस्था का समग्र चित्र इस साहित्य में उजागर हो जाता है।

विवाह उत्तराधिकार, बाल्याकाल तथा प्रौढ जीवन के रीति–रिवाज तथा अनुष्ठान और त्यौहार युद्ध, आखेट, मत्स्य–व्यवसाय पशुपालन आदि विषयों रीति–रिवाज, धर्म–गाथाएँ, लोक–कहानियॉ, किवदन्तियॉ, पहेलियॉ तथा लोरियॉ भी इसके विषय है। लोक की मानसिक सम्पन्नता के अन्तर्गत की सभी वस्तुएें इस क्षेत्र में समाहित हो जाती है। लोकवार्ता वस्तुतः आदिम मानव की मनोवैज्ञानिक अभिव्यक्ति है। वह चाहे दर्शन, धर्म, विज्ञान तथा औषधि के क्षेत्र में हुई हो चाहे सामाजिक संगठन तथा अनुष्ठानों में अथवा विशेषतः इतिहास काव्य और साहित्य के अपेक्षाकृत बौद्धिक प्रदेश में लोक–साहित्य लोकवार्ता का एक अँग है। एक दृष्टि से लोक–साहित्य का केवल एक अॅग ही लोकवार्ता[३] के अन्तर्गत आ सकता

---

१. ऐनथापालोजी से है।

२. कैप्टन आर०सी० टेम्पल की प्लीजेण्ड्स ऑफ दी पंजाब दूसरे भाग की भूमिका।

३. बर्न की हैण्डबुक ऑफ फोकलोर, पृ० ४

है। लोकवार्ता में केवल वही लोक साहित्य समावेशित होता है जो लोक की परम्परा को किसी न किसी रूप में सुरक्षित रखता है। इस लोकसाहित्य का मूल्य केवल साहित्य की दृष्टि से उतना नहीं होता जितना उसमें सुरक्षित उन परम्पराओं की दृष्टि से होता है जो नृ–विज्ञान के किसी पहलू पर प्रकाश डालती है। इस साहित्य को हम आदिम मानव की आदिम प्रवृत्तियों का कोश कह सकते हैं। इस प्रकार के लोकसाहित्य की व्याख्या करने में जब यह विदित हो कि उनके मूल्य में किसी आदिभौतिक तत्व का ही प्रतिबिम्ब है। आदिम मानव ने सूर्य और अन्धकार के संघर्ष को अथवा सूर्य और ऊषा के प्रेम को ही विविध रूप के द्वारा साहित्य का रूप प्रदान कर दिया है तो उसका यह रूप धर्मगाथा का रूप ग्रहण कर लेता है। तात्पर्य है कि लोकसाहित्य का वह अंश जो कहानी के रूप में प्रकट होता है। कहानी मे जिसकी अभिव्यक्ति अभिष्ट होती है। किसी ऐसे प्राकृतिक व्यापार का वर्णन जो साहित्य सृष्टा ने आदिम काल में देखा था और जिसमें धार्मिक भावना का पुट भी है वह धर्मगाथा कहलाता है। इसके अतिरिक्त समस्त प्राचीन मौखिक परम्परा से प्राप्त कथा तथा गीत–साहित्य भी लोकसाहित्य कहलाता है।

लोकवार्ता में किसी न किसी रूप में किसी प्राचीन युग की झलक मिल सकती है। वह कहानी–कार की मौलिक कल्पना नहीं होती बल्कि किसी प्राचीन कल्पना का रूपान्तर होती है और उसकी विविध निर्माण–वस्तुओ मे ऐसी अद्‌भुत असम्भावनाओं का समावेश होता है कि वे किन्हीं अन्य तत्वों की व्याख्या के द्वारा ही अभिव्यक्ति का रूप ग्रहण कर पाती है। इन लोकवार्ताओ के कथा–तत्वों को समझने के लिए इनमे निहित रहस्य का उद्‌घाटन आवश्यक है।

लोकवार्ताओं से अलग साधारण लोकसाहित्य भी होता है। इस साहित्य की जडे मानव इतिहास में इतनी गहरी नहीं समायी होतीं। सामान्य जन का मन इस साहित्य को अपनी अबोध उमंगो के कारण समय–समय पर प्रस्तुत करता रहता है। यह उस गरिमा से अभिभूत नहीं रहता जिससे लिखित साहित्य रहता है। इसमें मनुष्य के क्षण–क्षण के जीवन–स्पन्दन उन्मुक्त अवस्था में उद्‌भूत रहते हैं। इसमे स्थानीय तत्व बहुत प्रबल रहता है। इसे भी दो प्रकार का माना जाता है : एक ग्रामीण दूसरा नागरिक। गॉव और नगर के वातावरण मे जो अन्तर है वही इस लोकसाहित्य के ग्रामीण और नागरिक रूप मे होता है। **एनसाइक्लोपेडिया बिटानिका** में फोक की जो परिभाषा[१] दी गयी है उसके अनुसार तो नागरिक प्रभाव के बाहर का ही साहित्य लोक वार्ता अथवा लोकसाहित्य माना जायेगा।

नगरीय सभ्यता के दो धरातल हैं – एक शिक्षित सभ्यता का है जो विशेष रूप से सभ्यता में

---

१. ऐनथापालोजी पृ० ३

प्रवाहित होनेवाले नये फैशनों को ग्रहण कर लेता है। ऐसी सभ्यता स्वाभाविक जीवन की धारा से दूर पड जाती है। कम शिक्षित अथवा अशिक्षित वर्ग पर धनाभाव अथवा सामाजिक अकुश प्रबल होने से तथाकथित सभ्यता का कृत्रिम प्रभाव कम हो जाता है। रचना–प्रतिभा के जागृत होने पर उन बन्धनो को वह जानती तक नहीं जो प्रबुद्ध वर्ग के शास्त्रीय ज्ञान ने बॉधे है।

लोकवार्ता मे, मानव की आदिम स्थिति से आजतक के विकास की विविध अनुभूतियो का ज्ञान हो जाता है। लोकवार्ता मे लोकमानस जितनी शुद्ध अवस्था मे प्रतिबिम्बित और सुरक्षित रहता है उतना वह किसी अन्य माध्यम मे नहीं रहता।

वास्तव मे लोक–मानस का प्राचीनतम रूप इसमे निहित रहता है। लोक–मानव उनमे प्राण–प्रतिष्ठता नहीं कर सकता था। वह उनके अस्तित्व मे ही विश्वास करता था। वह स्थूल दृष्टि से अपनी कसौटी द्वारा मानवेतर सृष्टि के व्यापारो और वस्तुओ को ग्रहण करता था। उसका यह बोध एक ही वस्तु के सम्बन्ध मे भिन्न–भिन्न अवसरो पर भिन्न होता था। इन्हीं मानसिक अनुभावो को उसकी भाषा व्यक्त करती थी। भाषा का स्वभाव इन्हीं सस्कारो के अनुकूल था।

उसकी मनोदशा ने ही उसकी भाषा के स्वभाव का निर्णय किया। उसमे अब जैसे बच्चो मे, उस भावना को कार्य करते प्रकट करती है जो समस्त बाह्य वस्तुओ को एक ऐसे जीवन से अभिमडित कर देती है, जो उसके अपने जीवन से भिन्न नहीं होती। अपने दृष्टिपथ मे आने के सम्बन्ध मे उसे कोई निश्चित ज्ञान नहीं था। किन्तु वह जीवन–सम्पन्न था ओर इसलिए उसकी समझ से शेष समस्त वस्तुओ मे भी जीवन होना चाहिए। इसे उन्हे व्यक्तित्वमय करने की आवश्यकता नहीं थी, क्योकि वह स्वय अपने सम्बन्ध मे आत्म–चेतना तथा व्यक्तित्व मे भेद नहीं जानता था। इसे अपने तथा अन्य किसी के जीवन की अवस्थाओ के सम्बन्ध मे कोई ज्ञान नहीं था। इसलिए पृथ्वी तथा आकाश मे सभी वस्तुएँ अस्तित्व मात्र के एक ही अस्पष्ट भाव से अभिनिविष्ट थी। सूर्य, चन्द्र, तारा, वह भूमि जिस पर वह चलता था बादल, तूफान तथा बिजलियॉ सभी सजीव व्यक्ति थे, क्या वह बिना यह सोचे रह सकता था कि उसकी भांति वे सचेतन व्यक्ति थे ? उसके शब्दो से ही अनिवार्यत यह विश्वास प्रकट होगा। उसकी भाषा मे ऐसा कोई भी मुहावरा नहीं हो सकता था जिसमे जीवन–सम्बन्धी विशेषण का अभाव हो, साथ ही उसमे जीवन के स्वरूप की विभिन्नता अचूक सहज ज्ञान से प्रकट होगी। भौतिक ससार के प्रत्येक पहलू के लिए वह किसी न किसी जीवनप्रद मुहावरे का प्रयोग करेगा। ये पहलू उसके शब्दों की अपेक्षा कम भिन्न होंगे। एक ही पदार्थ भिन्न–भिन्न समय पर अथवा भिन्न–भिन्न अवस्थाओ में अत्यन्त विषम

तथा असमवाची भाव जागृत करेगा।

सूर्य से शोक प्रेरक तथा प्रोत्साहक, दोनो ही प्रकार के भाव उदय होगे, विजय तथा पराभव सम्बन्धी, परिश्रम तथा असामयिक मृत्यु सबधी किन्तु यह व्यक्तित्वारोप नहीं होगा, और न यह रूपक ही होगा। यह उसके लिए असदिग्ध वास्तविकता होगी, जिसकी परीक्षा तथा विश्लेषण उसने उतना ही कम किया है। जितना कि अपने ऊपर विचार। यह उसका मनोवेग तथा विश्वास होगा, किन्तु किसी भी अर्थ मे धर्म नहीं।"[१]

लोकवार्ता से हमे जो सामग्री मिलती है वह मानव की उस अवस्था की है जब वह सभ्यता से बहुत दूर था उसके प्राचीन के ये अवशेष और वर्तमान सभ्यता की तह मे दिये पडे हुए है। गाम्मे महोदय ने लिखा है कि "सभ्यता की तुलना मे यह स्थिति निर्देश करती है कि उसकी निर्माण तत्व उस मानवीय भाव की अवस्था के अवशेष है जो अवस्था की अपेक्षा जिसमे वे आज मिलते है अधिक पिछडे हुए है और इसलिए अधिक प्राचीन है" ये इसीलिए अधिक प्राचीन हैं"।[२] कारण यह है कि सभ्यता के प्रभाव से लोकवार्ता का विकास नहीं हो पाता, लोकवार्ता के विकास मे व्यवधान पडने लगता है और वह अपनी प्राचीन मनोदशा अथवा स्थिति को सुरक्षित रखते हुए सभ्य समाज के अन्त मे प्रवाहित होती रहती है। लोकवार्ता मे उपलब्ध सामग्री मे जो मनोदशा प्रकट होती है उसी के आधार पर यह निश्चय हो सकता है कि लोकवार्ता मे जातीय तत्व मिलते है। इसी आधार पर विद्वानो ने लोकवार्ता को जाति–विध ान का सहायक माना है। जातियो का निर्माण उनकी अपनी भौगोलिक और वातावरण–निर्मित परिस्थितियो मे घनिष्ठतापूर्वक होता है। उनके चारो ओर विस्तृत प्रकृति की प्रक्रिया, जिस रूप मे भी उनके मस्तिष्क मे होती है, उसी को वे अपने आचार–विचार मे ढाल लेते है और वही जब विकास मे रूक जाती है तो लोकवार्ता का रूप ग्रहण कर लेती है।

लोकवार्ता ने अपने विश्वासो के अनुरूप पहले वस्तु को स्थूल रूप मे विस्तार से देखा है फिर उसके प्रतीक को ही रखा है। प्रतीक ने प्रश्नानुकूल अर्थ बदले हैं और वार्ता का रूप बदल दिया है। अत. लोकवार्ता का अध्ययन इतना ही रोचक है जितना कि भाषा–विज्ञान का, लोकवार्ता–अध्ययन उससे भी अधिक रोचक है, क्योंकि यह शुष्क नहीं हो पाता। जनजीवन की विविध अद्‌भुत और आश्चर्यजनक बाते समझ में आती है। लोकवार्ता केवल रोचक ही नहीं उपयोगी भी है।

'जन' की आज तक प्रायः उपेक्षा रही है। उसका यथार्थ परिचयवार्ता में ही है। मनुष्य के जीवन को सुधारने के लिए अब तक बहुत से आन्दोलन हुए हैं उसमे मनुष्य के जीवन को बुराई तो मिलती

---

१. माइथालाजी आफ दी आर्यन नेशन्स, पृ० २२

२. एथ्नालाजी इन फोकलोर

रही है, उसमे अत्याचार को विशेष स्थान दिया गया है। मनुष्य को समझने के लिए लोकवार्ता का ज्ञान बहुत ही आवश्यक है। बिना उसके मनुष्य को उसकी अपनी आवश्यकताओं को ठीक प्रकार से नहीं समझा जा सकता। साधारण मनुष्य की उसकी अपनी समस्याएँ सामाजिक निर्माण से बहुत अधिक घनिष्ठ सम्बन्ध रखती है। यही नहीं समाज के उसके मूल तत्वों के ऐतिहासिक मूल्यॉकन बिना लोकवार्ता के कोई सवाल ही नहीं उठता। अब तक का जो इतिहास है वह मनुष्य की उसकी बाह्य रचना के स्थूल घटनाचक्र को लेकर हुयी। लोक–वार्ता–इतिहास मनुष्य के आन्तरिक जीवन के निर्माण की कहानी बन जा रहा है। अब लोकवार्ता ही उन व्यक्तियो का संघर्ष प्रकट करेगी। जिनसे वह अन्तर्निर्माण हुआ है। सामाजिक संविधान और रीति–रिवाजो की जटिल रूपरेखा का स्पष्टीकरण लोकवार्ता से हो सकता है। सभ्यताओं के विभिन्न प्रकार के सघर्ष मनुष्य के जीवन पर कैसा प्रभाव डालते है।

यह सब इसी से प्रतीत होता है कि लोकवार्ता का क्षेत्र बहुत विस्तृत है और यह किसी हद तक जातीय लक्षणो से परिपूर्ण रहता है जिससे स्थूल ऐतिहासिक सकुचित सीमाओ के वैविध्य मे से मानव के ऐक्य का रहस्य झॉकता मिलता है। समाज का आन्तरिक विधान जिन भित्ति पर बना है उनकी मौलिक व्याख्या लोकवार्ता के पास ही है। इस प्रकार लोकवार्ता अत्यन्त महत्वपूर्ण विधान माना जा सकता है। फलत: लोकवार्ता एक विज्ञान है और लोकवार्ता–साहित्य का अध्ययन अत्यत उपयोगी कार्य है।

विभिन्न सभ्यताओ, सस्कृतियो और समाज–निर्माण के धरातलो का यथार्थ निर्णय इस विज्ञान द्वारा हो सकता है। तभी तो आज देश–विदेशों मे इस विज्ञान की ओर अधिकाधिक दृष्टि जा रही है और अधिक अध्ययन हो रहा है। लोकवार्ता पर आधुनिक काल में ही ध्यान दिया गया हो ऐसी बात नहीं है। पुराने जमाने मे लोक–जीवन और इसी अभिव्यक्तियों की ओर सत्रहवीं शताब्दी में आकर्षण हुआ था। जोह्न ओबे ने १६८७ में **रिमेन्स आव जेनेटिक्स एण्ड जुदाइज्म** पर जो नोट लिखे थे और जो **'कैरोलाइन ऐंटिक्वेरियन'** में १८८१ में छपे थे, वे यहूदियों तथा अन्य साधारण जन के लोकवार्ता से सम्बन्धित थे। बिशप पीरी ने १६वीं शताब्दी में **'रिलिक्स ऑफ ऐशियेंट पोइट्री'** में लोकगीतो को ही स्थान दिया था। १६वीं शताब्दी के पूर्व भाग में सर वाल्टर स्कॉट के प्रभाव से लोकगीत और काव्यों में रुचि अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच चुकी थी। १७७७ में जोन ब्रांड की **'आब्जर्वेशन ऑन दी पोपुलर एक्टिवीटीज आफ दी ब्रिटिश आइल्स'** प्रकाशित हुई। १८२६ में होन की **'एवरीडे बुक'** और १८२६ में ईयर बुक भी छपी। इन में भी लोकवार्ता सम्बन्धित साहित्य था किन्तु इस ओर दो जर्मन लेखकों का नाम बहुत ज्यादा उल्लेखनीय है जो सगे भाई थे। ये हैं : ग्रिम बन्धु। इनकी 'दि उत्स्के माइथालोजी'

१८३५ मे निकली। इनके इन उद्योगो से लोकवार्ता सम्बन्धी प्रयत्नो को वैज्ञानिक धरातल मिला। इन्होने लोकवार्ता कहानियो और विश्वासो तथा मूढाग्राहो के अध्ययन का आधार वैज्ञानिक ही नहीं बनाया, वरन तत्सम्बन्धी समस्याओ को सकुचित स्थानीय दृष्टि से न देखकर उदार और विस्तृत दृष्टि से देखा। इस दृष्टि से ग्रिम बन्धुओ का लोकवार्ता मे बहुत महत्व है। वे प्रथम चिंतक माने जा सकते है जिन्होंने इसको वैज्ञानिक रूप दिया। इस उद्योग के उपरान्त लोकवार्ता के अध्ययन की ओर बहुत प्रवृत्ति बढी। संस्कृत का पूर्ण विकास हो चुका था। वेदो को प्राचीनतम साहित्य माना गया। वैदिक साहित्य के आधार पर लोकवार्ता के अध्ययन का वैज्ञानिक अनुसन्धान किया गया। इस अध्ययन का सर्वप्रथम पोषण मैक्समूलर ने किया। वैदिक साहित्य की दृष्टि से लोकवार्ताओं के अध्ययन की प्रणाली भाषा–विज्ञान पर निर्भर करती थी[१]। लोक–साहित्य के विद्वानो ने निष्कर्ष निकाला कि भाषा–वैज्ञानिक मौलिक निष्कर्ष भ्रामक थे। इनसे लोक्र–वार्ता के मूल का उचित अनुसन्धान नही हो सकता था। ई०बी० टेलर और उनके पश्चात् सर जेम्स फ्रेजर ने इस दिशा मे शोध कार्य किया फ्रेजर महोदय ने अपनी पुस्तक **'दी गोल्डन बो'** के प्रथम सस्करण की भूमिका मे यह स्पष्ट स्वीकार किया कि डॉ० ई०बी० टेलर के ग्रन्थो को पढने से ही मुझमे समाज के प्राक् इतिहास मे रुचि जाग्रत हुयी थी और उनके ग्रन्थों ने ही मेरे मानस चक्षुओ के समक्ष वह लोक प्रस्तुत किया जिसका मै स्वप्न भी नहीं देखता था। फ्रेजर ने लोकवार्ता के इन दो और स्तम्भो का उल्लेख भी किया है मन्नहरि और डब्ल्यू राबर्ट्सन स्मिथ। मन्नहरि ने इस शास्त्र के लिए जीवनभर कार्य किया। उनके निष्कर्षो का प्रकाशन उनके जीवन–काल मे नही हुआ। उनके अप्रकाशित ग्रन्थ बर्लिन विश्वविद्यालय के पुस्तकालय मे जमा कर दिये गये। १८७५ और १८७७ मे इनकी दो छोटी रचनाएँ प्रकाशित हुयी। फ्रेजर ने मन्नहरि की कृतज्ञता स्वीकार की है। पर डब्ल्यू राबर्ट्सन स्मिथ की प्रशंसा की है। स्मिथ के प्रभाव से फ्रेजर महोदय ने लोकवार्ता के विधिवत् अध्ययन करने की प्रेरणा प्राप्त की। इसी प्रेरणा का परिणाम था – लोकवार्ता का महान ग्रन्थ – 'दी गोल्डन बो' जो तीन भागों मे १८९० में प्रकाशित हुआ। इसकी भूमिका मे फ्रेजर महोदय ने लिखा है – "अतः आर्यो के आदिम धर्म के अनुन्धान का काम या तो खेतिहरों के मूढाग्रहों, विश्वासों और रीति–रिवाजों से आरम्भ होना चाहिए, या उनका उपयोग करते हुए निरन्तर उसका सशोधन और नियन्त्रण होते रहना चाहिए। जीवित प्रथाओ के साक्ष्यों के समक्ष पूर्णकालीन धर्म के विषय में प्राचीन ग्रन्थों की साक्षी का विशेष महत्व नहीं है।" फ्रेजर महोदय की दृष्टि में ग्रन्थ साहित्य विचार प्रवृत्ति को इतनी तीव्र गति प्रदान कर देता है कि वह जन के मौखिक साधन से प्रचारित मन और विश्वासों को बहुत पीछे छोड़ जाता है। इन लोकवार्ताओं के आरम्भिक विचारकों

---

१. दी माइथालाजी आफ आर्यन नेशन्स, पृ० २२

ने अपने से पूर्व की प्रणाली को बदल दिया। इसलिए अब लोकवार्ता की व्याख्या के लिए वेदो की ओर देखने की आवश्यकता नहीं रह गयी। लोकवार्ता के मूल की खोज अशिक्षितो और असभ्यो के आचार–विचारों और उनकी प्राक् ऐतिहासिक स्थितियो और आवश्यकताओ मे किया जाने लगा। इस प्रकार खोज की दिशा बदली। फिर दोनो दृष्टिकोणो से पर्याप्त सघर्ष रहा। इस समय तक सभी क्षेत्रो मे लोकवार्ताओं का संकलन करने का उद्योग आरभ हुआ। इसलिए फ्रेजर ने सभी विशिष्ट देशो के बहुत छोटे स्तर से आचारों, विश्वासों, मूढाग्रहो को सकलित करके उनके गहरे निष्कर्षो की स्थापना की।[1] फ्रेजर महोदय के उद्योगो के होते हुए भी लोकवार्ता पडितो की नजरों मे आर्य– क्षेत्र से बाहर भी गयी और बहुत ज्यादा विकसित हुई। ऐड लैग ने इस विचार को अधिक प्रसारित किया। अब तक जो साधारण मनुष्य में धर्म के जो रूप मूढाग्रहो आदि के रूप मे मिलते थे वे आर्यों के अवशेष माने जाते थे। अब तक यह पता चला है कि सारे विश्व की आदिम मनुष्य जातियो मे वे बहुत अधिक मौजूद है। इन्हीं अवशेषों में इस दृष्टि से शोध करने की दिशा में प्रवृत्ति हुयी कि इन सभी का मूल क्या एक ही स्थान है। इसके बाद समझा जाने लगा कि सभी ने एकत्र होकर मनोविज्ञान की दृष्टि से एक से भाव पैदा किए। इस सम्बन्ध मे तीन सिद्धान्त सामने आए।

१ एटलाण्टिस महाद्वीप, जो अब करीब–करीब खत्म हो चुका है उसी मे एक सभ्यता का जन्म हुआ। ये सब उसी एक सभ्यता के अवशेष है।

२. मिस्र की छठी पीढी से इन सब का प्रारम्भ हुआ।

३ लोकवार्ता का वैदिक दृष्टि से अध्ययन, आर्य जाति के धर्म तक सीमित रहा। इस स्थिति मे लोकवार्ता माइथोलॉजी रही, उसका साधन भाषा विज्ञान मात्र था।

४. लोकवार्ता का वैज्ञानिक निरूपण और इसकी वैदिक आधार से च्युति। अब वह धर्म और माइथोलॉजी की व्याख्या न रहकर, सम्पूर्णतः जन–जीवन और उसकी प्राक् ऐतिहासिक परम्परा का शोध बन गयी। इस स्थिति में लोकवार्ता की परीक्षा के साधन नृविज्ञान और समाज विज्ञान की योग्यतम सामग्री रहे।

जिस युग में लोकवार्ता सम्बन्धी प्रयास आरम्भ हुए उस युग में भारत का विदेशो से घनिष्ठ सम्पर्क भी बढ़ने लगा था। संस्कृत की खोज पाश्चात्य क्षेत्रों के लिए हो चुकी थी। इन्हीं पाश्चात्य विद्वानो ने पहले भारत की लोकवार्ता पर दृष्टिपात किया। टाड महोदय को सबसे पहले लोकवार्ता संग्राहकों में स्थान दिया जा सकता है। इन्होंने 'एनाल्स ऑफ राजस्थान' में राजस्थान के इतिहास की जितनी

---

१. एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका।

सामग्री इकट्ठी की है, उतनी हो लोकवार्ताएँ भी। प्रचलित विश्वासों, रीति–रिवाजों का भी उल्लेख उसमें हुआ है।

आर०सी० टेम्पल महोदय ने 'लीजैंड्स ऑफ पंजाब' में लिखा है – "५० वर्षों में अर्थात् जब से टॉड ने अब तक प्रामाणिक माना जाने वाला ग्रन्थ राजस्थान पर लिखा –स्लेवों के गीतों और लोकवार्ताओं का वृहत् अनुलेखन लेखकों ने कर डाला है। रूसी, पोली, श्वेत, क्रोशीय, सर्वी, मोरावी, बेंज़ी, रुथेनी तथरा अन्य पर विस्तृत कार्य हुआ है। भारत में शासक अपनी ऊँची बुद्धि पर, अपने भेजे हुए प्रतिनिधियों की ऊँची शिक्षा पर एव शासन के ऊँचे लक्ष्यों पर गर्व करते हैं, वहाँ यह कार्य अभी आरम्भ ही हुआ है।" टेम्पल महोदय का कहना सही था। १८८४ तक जितना कार्य भारत देशों में लोकवार्ता के क्षेत्रों में हो चुका था उतना भारत में आज तक नहीं हुआ। वास्तव में इस दिशा में इन्हीं टेम्पल महोदय के प्रयास से विशेष प्रगति हुयी। १८६६ में इन्होंने रेवेरेंड एस० हिस्लप के लेखों का प्रकाशन किया। हिस्लप के लेख मध्यभारत की आदिम जातियों के सम्बन्ध में थे। इन्हीं में कहानी उसके मूल के साथ दी गयी थी। हिस्लप महोदय का अनुकरण भी नहीं हो सका और वह उद्योग लोकप्रिय भी नहीं हुआ। इस लेखक की लेखन–शैली विद्वतापूर्ण होने के कारण रोचक नहीं हो सकी। १८६८ में मिस फ्रेयर ने 'ओल्ड डैकन डेज' नाम से कहानियों का एक छोटा सा रोचक संग्रह निकाला। १८७१ में डाल्टन ने **'डिस्क्रिप्टीव एथनालॉजी ऑफ बंगाल'** प्रकाशित की। डैमण्ट ने पुरातत्व और इतिहास के सुप्रसिद्ध पत्र इण्डियन एक्टिविटी मे बंगाल की लोकगाथाओं को प्रकाशित करना आरम्भ किया। १८८३ में रेवरेन्ड की **'फोकटेल्स ऑफ बैंगाल'** निकली। १८८४ में रिचर्ड टेम्पल महोदय की **'लीजेण्ड्स ऑफ दी पंजाब'** तीन भागों में प्रकाशित हुयी। १८८५ में श्रीमती एफ० ए० स्टील के सहयोग से टेम्पल महोदय ने 'वाइड उनके स्टोरीज' नाम से कहानियों का संग्रह प्रस्तुत किया। नरेश शास्त्री ने 'इण्डियन एण्टिक्वेरी' में जो कहानियाँ छपवायी उनका संग्रह भी 'फाक्लोर इन सर्दन इण्डिया' नाम से प्रकाशित हुआ। सन् १८९० में डब्ल्यू क्रुक ने 'नार्थ इण्डियन नोट्स एण्ड क्वेरीज' नाम का पत्र प्रकाशित किया।

कुछ वर्षों बाद रेवरेंड ए० कैंपबे तथा रेवरेड जे०एस० नोलीज ने संथालों और काश्मीर की कहानियों का संग्रह करना आरंभ किया। आर०एस० मुखर्जी की **"इण्डियन फोकलोर"** श्रीमती डूकोर्ट की **'शिमला विलेज टेल्स'**, रेवरे सी० स्विनर्टन की **'रोमाण्टिक टेल्स फॉम पंजाब'** नाम के ग्रन्थों ने लोकवार्ता की महत्वपूर्ण सामग्री दी। १९०६ में जी०एच० बोम्पस ने रेवरेंड ओ० बौडिंग द्वारा संकलित **'संथाली हाउस होल्ड टेल्स'**, शोभनादेवी की ओरियण्ट पर्ल्स' भी महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं। पार्थर का **'विलेज**

फोक टेल्स ऑफ सीलोन' (तीन भाग) अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। पेजर द्वारा संपादित **टानी की कथा सरित्सागर** का लोकवार्ता मे महत्वपूर्ण स्थान है। कथाशास्त्र का यह अनुपम ग्रन्थ है। शरतचन्द्र राय भारत के प्रतिष्ठित नृशास्त्र–वेत्ताओ मे है। ग्रन्थो मे भी कुछ कहानियों का समावेश हुआ है। ग्रियर्सन के नृअध्ययनों में भी एक दो कहानियॉ आ गयी है। रामास्वामी राजू का नाम भी उल्लेखनीय है। उन्होने १०० भारतीय कहानियो का सग्रह भेट किया जो 'इण्डियन फेबिल्स' के नाम से ख्यात है। जी०आर० सुब्राहिया पंवालु की **'फोकलोर ऑफ दी तेलगूज'** मे साहित्यिक पुट है। 'मारिस ब्लमफील्ड, नार्मन ब्राउन रूथनार्टन, एम०बी० एमेन्यू जैसे *अमरीकन विद्वानो का नाम भी उल्लेखनीय है, इन्होंने लोकगाथाओ के* अध्ययन की नितान्त नवीन प्रणाली स्थापित की।[1]

आजकल इस दिशा मे सबसे अच्छे नृविज्ञान वेत्ता डॉ० बैरियर एलविन हैं, जिनके गीत और कहानियों के कई रोचक सग्रह प्रकाशित हुए है। सारे उद्योगों का वर्णन अंग्रेजी माध्यम में हुआ है। इसमे सन्देह नहीं भारत मे लोकवार्ता के क्षेत्र मे ये अग्रणी हैं। इनके दिशा निर्देश से भारत मे अन्य प्रयत्न आरम्भ हुए।

लोकवार्ता में लोकगीतो का भी सग्रह हुआ। इस दिशा मे सी०ई० ग्रोवर का नाम अविस्मरणीय है। उन्होंने **'फोक सॉग्स ऑफ सर्दन इण्डिया'** नाम का संग्रह १८७२ में प्रकाशित कराया। १८८२ मे तोरूदत्त ने **'ऐशियंट बैलेड्स एण्ड लीजेण्ड्स ऑफ हिन्दुस्तान'** प्रकाशित कराया। टेम्पल महोदय की **'लीजेंड्स ऑफ दी पंजाब'** भी गीत–सग्रह ही है।

क्षितिमोहनसेन की 'दारामणि' उल्लेखनीय है। मैमन सिंह गीतिका भी बगला का सग्रह है। गुजराती के झबेरचन्द मेघाणी की 'रठियाली रात ३ भाग', रणजीराव मेहता की **'लोकगीत'**, नर्मदा शकर लाल शकर की **'नागर स्त्रियों मॉ गवाता गीत'**, पजाबी में संतराम के पंजाबी गीत, मारवाडी में मदनलाल वैश्य की मारवाडी गीतमाला, निहालचन्द वर्मा के मारवाडी गीत, खेताराम माली का मारवाडी गीत संग्रह, ताराचन्द ओझा का **'मारवाड़ी स्त्री गीत संग्रह'** एवं प्रो० शांडिल्य के कौरवी लोक–कथाएँ कौरवी लोक–कथाएँ, कौरवी लोक–गीत एव कौरवी लोकोक्तियॉ संग्रह उल्लेखनीय हैं।

पंजाब में देवेन्द्र सत्यार्थी जैसे लोकवार्ता संग्रहकार पैदा हुए। उन्होंने भारत भर घूम–घूमकर बड़े अध्यवसाय से अमूल्य लोकवार्ता सामग्री एकत्र की। सेठ निहालसिंह की लोकवार्ता पर पत्रकार की दृष्टि रही। इसका विशेष महत्व नहीं है। हिन्दी में इस उद्योग का श्रीगणेश मन्नन द्विवेदी जी ने **'सरबरिया'** नाम की पुस्तिका से किया। संतराज के **'पंजाब लोकगीत'** भी हिन्दी में सरस्वती के

माध्यम से प्रकाश में आये। इन्होंने प० रामनरेश त्रिपाठी को प्रोत्साहित किया। जिन्होंने 'कविता कौमुदी' पॉचवे भाग में ग्राम गीतों का संकलन प्रस्तुत किया। उन्होंने इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया है कि हिन्दी में उनका यह पहला प्रयास था। उन्होंने कहा – "गीत संग्रह का काम आरम्भ करने से पहले मैंने केवल स्व० मन्नन द्विवेदी की 'सरबरिया' नाम की पुस्तिका देखी थी पर इस किताब में मुझे कुछ खास देखने को नहीं मिला और ना ही कुछ मदद मिली। हिन्दी के बहुत प्रसिद्ध विद्वान और मेरे सहृदय मित्र लाला सीताराम, बी०ए० से मैंने सुना था कि न्यसफोल्ड साहब ने गीतों का एक संग्रह किया था किन्तु उसका अब कहीं पता भी नहीं है। कुछ अंग्रेजी साहित्यकारों ने भी यह काम किया है किन्तु उनकी छपी हुयी कोई भी पुस्तक मेरे देखने में कमी नहीं आई। **इंडियन ऐंटीक्वैरी** की पुरानी जिल्दों में ग्रामगीतों और गीत कथाओं पर बहुत से लेख निकले हैं। पर मैंने उनमें से एक भी गीत अपनी पुस्तक में नहीं छापा है।"

आठवें दशक तक इस दिशा में हिन्दी में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। राजस्थान के सूर्यकरणी जी पारीक, ठा० रामसिंह, श्री नरोत्तम स्वामी का नाम बहुत सराहनीय है। राजस्थान के लोकगीतों का अच्छा संग्रह प्रकाशित किया गया। प्रो० कन्हैयालाल सहल को भी इस ओर विशेष रुचि है। नरोत्तम स्वामी आदि के उद्योग से बीकानेर राज्य से 'राजस्थान' पत्रिका अंग्रेजी के इंडियन ऐंटिक्वेरी आदर्श पर निकल रही है जिसमें पुरातत्व के साथ लोकवार्ता को भी स्थान दिया जाता है। मिथिला में राम इकबाल सिंह 'राकेश' ने लोकवार्ता के क्षेत्र में कार्य किया। उनके लेख 'हँस' तथा 'विशाल भारत' में प्रकाशित हुए। भोजपुरी लोकगीतों का भी एक संग्रह सामने आया। बुन्देलखण्ड में पं० बनारसीदास चतुर्वेदी के अभियान के पश्चात् जो स्थानीय साहित्यिक जागृति हुयी उसके परिणामस्वरूप चन्द्रभानु शर्मा, रामस्वरूप योगी, शिवसहाय चतुर्वेदी आदि अच्छे लोकवार्ता संग्रहकार सामने आये हैं। श्रीकृष्णनंद गुप्त ने अंग्रेजी 'फोकलोर' मैगज़ीन के आदर्श पर 'लोकगीत' नाम त्रैमासिक पत्रिका भी हिन्दी में निकालने का सफल आयोजन किया। इन्हें वासुदेवशरण अग्रवाल तथा प्रसिद्ध भारती नृ–विज्ञानवेत्ता डॉ० वैरियर ऐलविन का सहयोग भी मिला। 'ईसुरी के फाग' नाम की पुस्तक भी लोकवार्ता परिषद की ओर गुप्त जी ने प्रकाशित करायी।

कौरवी के क्षेत्र में प्रो० शिवकुमार शाण्डिल्य के कार्य उल्लेखनीय हैं। इन्होंने लोककथाओं, लोकवार्ताओं, लोकगीतों तथा स्वॉगों के महत्वपूर्ण संग्रह किए हैं। ये सभी उद्योग श्लाघ्य हैं और लोकवार्ता के अध्ययनक्षेत्र को विस्तृत करनेवाले हैं। इनमें यथार्थतः वैज्ञानिक उद्योग कम हुए हैं। ब्रजक्षेत्र में ब्रज

साहित्य मण्डल ने सामूहिक उद्योग किया।

हिन्दी की विविध बोलियो मे लोकवार्ता–सग्रह का कार्य आज भी हो रहा है। राजस्थानी बुन्देली बघेली, छत्तीसगढी, मैथिली ब्रजी, कौरवी आदि सभी हिन्दी की बोलियॉ है। सभी बोलियो मे सग्रह–कार्य लगातार गतिशील है। सभी बोलियो के लोकवार्ता साहित्य पर दृष्टि डालने से स्पष्ट हो जाता है कि स्थान भेदो के होते भी सास्कृतिक ऐक्य का अच्छा उदाहरण लोक–साहित्य मे मिलता है। लोकवार्ता का साम्य ससार के विविध भागो मे भी मिल जाता है। लोक–कथाओ मे तो कथा–तत्वो की समानता देखते ही बनती है।

लोकसाहित्य का संकलन

लोकसाहित्य सकलन का कार्य बहुत कठिन है। इस कार्य को करने मे कदम–कदम पर कठिनाईयॉ उत्पन्न होती हैं। धैर्यशाली व्यक्ति ही इस कार्य को सम्पादित कर सकता है। इस कार्य मे जो कठिनाईयॉ उपस्थित होती है उनका सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है

१. गवैयों का अभाव

गॉवो मे गीतो को गानेवालो की धीरे–धीरे कमी होती जा रही है। कुछ गीत इस प्रकार के है जिनको विशेष प्रकार की जातिया ही गा सकती है जैसे – धोबी, चमार, जुलाहा, तेली अहीर गोड आदि के गीत हैं। आधुनिकता के इस दौर मे सभ्यता के प्रसार के कारण गॉवो मे अग्रेजी शिक्षा का प्रभाव बढने से इन जातियो के पढे–लिखे नौजवान इन गीतो को गाने मे पूरी तरह से अपना अपमान समझते है। ये लोग अपनी पुस्तैनी धरोहर को खोते जा रहे है। ऐसी दशा मे लोकगीतो को बचाकर रखने मे इन लोगो से कोई आशा करना बेकार की बात है। इन गीतो की जिन लोगो ने अब रक्षा कर रखी है उनमे गॉव के बूढे या बूढी स्त्रियॉ ही है जो मृत्यु के बहुत ही समीप है। जो अपनी जिन्दगी के दिन पूरे कर रहे है और अपनी मौत का बेसब्री से इन्तजार कर रहे है। इस तरह लोकगीतो का इकट्ठा करने का कार्य बहुत कठिन होता जा रहा है।

पर्दे की प्रथा

पर्दे की प्रथा के कारण इस कार्य मे बडी–बडी कठिनाइयॉ उत्पन्न होती हैं। पूरब के जिलो तथा बिहार के पश्चिमी जिलो मे पर्दे की बहुत ही कठोर परम्परा है जिसके कारण कोई भी अच्छे कुल की स्त्री किसी भी गैर पुरुष के सामने नहीं आ सकती। इन स्थानो पर बूढी स्त्रियॉ भी पर्दे की परम्परा का पालन करती है। इस तरह से ऐसी दशा मे गीतो का इकट्ठा करने मे जो लोग इस कार्य मे लगे

हुए हैं उनके सामने बहुत अधिक कठिनाई आती हैं। आजकल पढी–लिखी लडकियॉ तो लोक–गीतों को घृणा की दृष्टि से देखने लगी हैं। ये लड़कियॉ इन गीतों को आजकल के माहौल से एकदम अलग समझती हैं। संस्कार से सम्बन्धित सभी लोकगीत स्त्रियों के गले अथवा कण्ड में ही निवास करते हैं। अतः पढ़ी–लिखी स्त्रियों से इन गीतों को गवाकर लिखना बहुत कठिन कार्य है।

पुनरावृत्ति की असमर्थता

गवैये जब अपनी पूरी मस्ती में होते हैं तभी वे गा पाते हैं और जब वो गाने लगते हैं तब बहुत ही अच्छे सुर में अथवा बहुत अच्छी लय में गाते हैं। पूरी मस्ती में ऊँचे स्वर में गाते समय वे कथा के प्रसंगों को भी भूल जाते हैं ऐसा हमेशा लोकगाथाओं के गाने में होता है। 'लोरकी' पूर्वी क्षेत्रों में गाया जाने वाला प्रबन्धात्मक गीत है। यह ताल स्वर से गाया जाता है। जब गवैये भावावेश में आकर गाने लगते हैं तब इस गीतों को लिपिबद्ध करना बड़ा मुश्किल होता है। गीत–सग्रह करने में गीत की कोई कड़ी बीच में छोड दी तो उसको दोबारा लिपिबद्ध करना कठिन है। गवैया किसी गीत को आरम्भ से ही गा सकता है। गीत गाते समय किसी छुटी हुयी पंक्ति को फिर से गाने में उसके लिए मुश्किल अथवा कठिन काम है। दोबारा शुरूआत से संग्रहकर्ता का कार्य कठिन हो जाता है। गीत बीच में ही अधूरा रह जाता है। गवैये इतनी तेजी के साथ इन गाथाओं (लोरकी विजयमल आदि) को गाते है कि एक तो गीत का अर्थ समझना कठिन फिर इतनी तेजी के साथ लिखना और कठिन है। स्त्रियॉ जब विवाह आदि विशेष उत्सवों पर समवेत स्वर से गाने लगती है तो के अर्थ को समझकर स्पष्ट रूप से उन गीतों को लिखना कुछ साधारण काम नहीं है। स्त्रियॉ भी किसी गीत को बीच से ही दुहराकर नहीं गा सकती।

गवैये हर समय गाने को तैयार नहीं होते

लोकगीतों के संग्रहकर्ता के सामने सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि गवैये हमेशा गाने के लिए कभी तैयार हो नहीं सकते जब उनका मूड़ होता है तभी वे गा सकते हैं। वे (ऋतु) के अनुकूल ही गीतों को गाना ज्यादा पसन्द करते हैं, जैसे फागुन के मौसम में वह "फगुआ" या होली के मौसम में होली गायेंगे और चैत के दिनों 'चैता' या 'घाटी'। आज्ञा देकर गवैये से नहीं गवाये जा सकते हैं। यदि उनको डरा–धमकाकर या आग्रह करके किसी प्रकार गायेंगे भी तो उनका हृदय अन्दर से उस गीत को गाने में नहीं होगा। उनका मन अन्दर से नहीं मानेगा। इस प्रकार संग्रहकर्ता को ऋतु के अनुकूल गीत सुनने और लिखने के लिए समय की बड़ी बेताबी से प्रतीक्षा करनी पड़ती है। एक और दूसरी

बहुत **बड़ी कठिनाई है** किसी कार्य विशेष को करते समय गाये जानेवाले गीतों–एक्शन सॉग्स की यह एक खास बात है कि वे उस कार्य को करते समय ही अच्छी तरह गाये जा सकते है। जैसे रोपनी रीति से गाये जाते हैं। इसमें सन्देह नही कि इस वातावरण मे ही गीतों को गाने में आनन्द आता है। परन्तु इस कार्य को करने मे सग्रहकर्ता का बहुत सा समय खराब होता है।

संकुचित मनोवृत्ति

गवैयों की मनोवृत्ति भी सकुचित सग्रह कार्य में कठिनाई उपस्थित करती है। प्राय ऐसा देखा जाता है कि गवैये गीतो को लिपिबद्ध कराने में बडा संकोच करते हैं। वे संग्रहकर्ता को उसका आदर सत्कार न करके किसी भी तरह से उसको टालने की कोशिश करते है। अक्सर वे समझ बैठते हैं कि इन गीतों को लिखवाने से उनके पेशे को धक्का या नुकसान पहुँचेगा अथवा उनका समाज मे आदर सत्कार कम हो जायेगा लोकगीतों के कार्यकर्ताओ के सामने बहुत सी कठिनाईयॉ उपस्थित होती है जैसे इन गीतों के प्रति बहुत अधिक उत्साह अनुराग और अदम्य उत्साह न हो तो इस कार्य मे उसको सफलता नहीं मिल सकती।

लोकसाहित्य संग्रहकर्ता के उपादान

(क) आन्तरिक साधन

(१) **सामान्य जन से तादात्म्य** : लोकसाहित्य सग्रहकर्ताओ के लिए यह आवश्यक है कि जिस स्थान को वे अपना कार्य–क्षेत्र बनाये वहॉ के सपूर्ण सामान्यजन से उनका निकट सम्बन्ध हो। अपने आपको बडा समझना और जिन लोगो से सामग्री एकत्र करनी हो, उनको अनपढ समझकर शिक्षा देने की कोशिश करना हानिकारक होगा। यह आवश्यक है कि सग्रहकर्ता अपने वैभव का उनके सामने प्रदर्शन न करे। उनके साथ मधुर वाणी, कुशल व्यवहार और बहुत ही विनम्र बर्ताव और स्थानीय शिष्टाचार के नियमो का पालन बहुत आवश्यक है। शिष्टाचार का पालन न करने पर उस जगह अथवा उस क्षेत्र के जनसामान्य का सम्मान एवं प्यार सग्रहकर्ता को प्राप्त नहीं हो पाएगा। उस प्रदेश के लोगों के कार्यकलापों में ज्यादा दिलचस्पी लेना भी अच्छा नहीं होगा। वे लोग गीत और कहानियॉ तभी सुनायेंगे सभी प्रकार से वहॉ के लोगों से तादात्म्य अत्यंत महत्वपूर्ण है।

(२) **सहानुभूति**

संग्रहकर्ता की सफलता के लिए जनसामान्य के साथ सहानुभूति आवश्यक है। स्थानीय रीति–रिवाजों, उनके विश्वासों, उनकी प्रथाओं और अंधविश्वासों के प्रति सहानुभूति जरूरी है। सामान्य

जन की हरकते चाहते कितनी भी तुच्छ और कितनी भी व्यग्यपूर्ण क्यों न हो सहन करनी पडेगी। हम उनकी प्रथाओ का सम्मान नहीं करेगे तो वहॉ के लोग सग्रहकर्ता से प्यार की भावना प्रदर्शित नहीं करेगे। उदाहरणार्थ देहरादून के जौनसार भावर क्षेत्र मे बहुपत्नी प्रथा आज भी प्रचलित है। किसी परिवार मे पॉच भाई है तो सभी को एक ही पत्नी होगी जो पॉचो को अपना पति समझेगी। शास्त्रो ने बहुपति प्रथा को गर्हित बतलाया है। यदि कोई भी सग्रहकर्ता अपने कार्य के उद्देश्य से इस प्रदेश मे जाय और वहॉ के लोगो से इनके शास्त्र के विरूद्ध उनके इस प्रथा की आलोचना करके सग्रह करने का काम करे तो वह किसी कीमत पर सफल नहीं होगा। यह गॉठ बॉध लेना चाहिए कि जॅगली तथा असभ्य जातियो के विश्वास तथा प्रथाएँ कितने भी अजीब क्यो न लगे वहॉ के निवासियो की दृष्टि मे सम्मान्य है। अत· आवश्यकता इस बात की है कि उनके दृष्टिकोण से ही उनकी प्रथाओ को समझने का प्रयास किया जाए। सग्रहकर्ता को बहुत सी असुविधाएँ झेलनी पडतीं हैं। उन्हें सामान्यजन की प्रथाओ, रीति रिवाजो और विधि–विधानो को समझने मे बहुत मुश्किलो का सामना करना पडता है। अपनी सहानुभूति प्रदान कर सग्रह कर्ता जब स्थानीय लोगो का विश्वसनीय बन जाता है तभी वे अपने रहस्यो का उद्घाटन करते है।

३. **अनुसन्धान चातुर्य**

लोक साहित्य की इधर उधर बिखरी सामग्री को इकट्ठा करने के लिए सग्रहकर्ता को तीक्ष्ण बुद्धि से काम लेना चाहिए। सबसे पहले उसको यह यह जानना चाहिए कि कौन सी सामग्री कहॉ से प्राप्त हो सकती है। कुछ प्रथाओ का पालन केवल पुरुष करते है तथा अनेक विधि–विधानो को केवल स्त्रियॉ ही सम्पादित करती है। कुछ रीति–रिवाजो, प्रथाओ, पेशो या व्यवसायो के करनेवाली जातियॉ सीमित है। कुलीन घरो या कुलो मे विशिष्ट अधविश्वास और परम्पराएँ सुरक्षित है। सग्रहकर्ता के लिए वाछनीय है कि वह उपयुक्त व्यक्ति से सम्पर्क स्थापित् कर अपने कार्य की सिद्धि करे। उसको बडी ही सावधानी से काम लेना चाहिए। जो व्यक्ति जिस विषय का अधिकारी या ज्ञात हो उसी से उस विषय की जानकारी प्राप्त होनी चाहिए।

सोफिया बर्न ने लिखा है कि "युवती स्त्रियॉ प्रेमगीत, टोटका, शकुनशास्त्र तथा भूत–विद्या के विषय में प्रामाणिक है। बूढी स्त्रियॉ शिशु गीत, लोककथाओं जन्म, मृत्यु और बीमारी से सम्बन्धित विधि–विधानों की अधिक जानकारी रखती हैं। संग्रहकर्ता को पशु–पक्षियों के विषय में किसी शिकारी से बातचीत करनी चाहिए, लकडहारे से वृक्षों के विषय में और गृहिणी से रसोई बनाने और कपडों को

साफ करने के सम्बन्ध मे **पूछताछ** करनी चाहिए।"

नीच कही जानेवाली अस्पृश्य जाति के अनेक व्यक्तियो के पास सुन्दर गीतो के भण्डार है। दुसाध नामक एक अछूत जाति पचरा के गीत गाने मे निपुण है। घुमन्त नट जाति के लोग अनेक गीतो को जानते है। अत सग्रहकर्ता के दिमाग मे अछूत की भावना नहीं आनी चाहिए। उसका यह परम कर्तव्य है कि वह इन लोगो के घर जाए और उनके रीति–रिवाजो प्रथाओ और गीतो का सग्रह करे।

४. जॉच-परखकर ही किसी तथ्य को मान्यता देना

सग्रहकर्ता का यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए कि किसी खास जाति मे अमुक प्रथा का अभाव है अथवा उनमे अमुक गीत पूरी तरह से प्रचलित नहीं है या वे लोग अमुक प्रथा मे विश्वास नहीं करते। यदि कोई बात अनुसन्धान से प्रामाणिक सिद्ध न हो तो इसका यह अर्थ बिल्कुल नहीं लगाना चाहिए कि जाति विशेष मे उस प्रथा या गीत का अस्तित्व है ही नहीं। इसके विपरीत उसे चाहिए कि उस वस्तु के अभाव के साक्षीभूत प्रमाण को लिपिबद्ध कर ले। किसी खास स्थान मे किसी प्रथा परम्परा या विश्वास के अभावो को लिख लेना उतना ही आवश्यक है जितना कि उनकी सत्ता को लिपिबद्ध करना। किसी भी तथ्य को तब तक स्वीकार या अस्वीकार नहीं करना चाहिए जब तक कि उसके पक्ष तथा विपक्ष मे पूरी तरह से ठोस प्रमाण नहीं मिल जाएँ।

५. स्थानीय शब्दों के प्रयोग

जहॉ तक हो सके स्थानीय भाषा मे सकलन–कार्य करना चाहिए। लोकगीतो और कथाओ के सग्रह मे यह बात बहुत ही आवश्यक है। प्रथाओ और रीति–रिवाजो को लिपिबद्ध करते समय वहीं की पारिभाषिक शब्दो का प्रयोग करना चाहिए जिनके पयार्यवाची या समानार्थक शब्दो का हिन्दी भाषा मे अभाव है। विवाह के अवसर पर उत्तर प्रदेश मे पूर्वी जिलो मे बहुत सी प्रथाएँ प्रचलित है – जैसे 'मारी', कोडाई', 'हल्दी लगाई' 'लावा भुजाई', 'नहछू नहावन' आदि ये प्रथाएँ लौकिक तथा स्थानीय है।

६. यथानुरूप लिपिबद्ध करना

स्थानीय लोकसाहित्य सग्रहकर्ता को चाहिए कि वह जिस गीत या कथा को जैसे सुने उसको उसी प्रकार लिपिबद्ध करे। इस सम्बन्ध मे उसका यही सिद्धान्त होना चाहिए कि 'यथा उक्तम् तथा लिखितम्'। यदि लिखा हुआ गीत या कथा कहीं अशुद्ध हो या उसको जान पडे तो अपने विवेकानुसार उसका सशोधन कभी नहीं करना चाहिए। यह सशोधन कभी–कभी खतरनाक सिद्ध होता है और गीत के मूल अर्थ को बिल्कुल खत्म कर देता है। उदाहरण के लिए 'सलबैली' शब्द को कीजिए। इसका

भोजपुरी में अर्थ होता है अनगढी लकडी को छी–छाल कर चिकना बनाना। जैसे 'हम पार सलवली' अर्थात मैंने चारपाई के पैर को चिकना तथा सुन्दर बनवा लिया। एक भोजपुरी गीत मे इसी अर्थ मे इस 'सलवली' शब्द का प्रयोग हुआ है। परन्तु डॉ० सर ग्रियर्सन जैसा सुप्रसिद्ध भाषा–मर्मज्ञ भी इस शब्द के अर्थ के चक्कर में पड गए और उन्होंने 'सकवली' पाठ को अशुद्ध समझकर उसका संशोधन 'सुकवली' कर दिया है और अर्थ बतलाया है 'सुकाया' जो इसके मूल अर्थ से बिल्कुल अलग तथा अशुद्ध है।

कहने का तात्पर्य है कि गीतों और कथाओं में संशोधन खतरे से खाली नहीं है। बहुत सभव है कि जिस पाठ को अपनी समझ मे न आने के कारण हम अशुद्ध समझ रहे हैं, कुछ दिनों के बाद वह समस्या सुलझ जाये और उसका ठीक अर्थ लग जाये।

७. संग्रह की प्रामाणिकता

अपने संग्रह पर प्रामाणिकता का सिक्का लगाने के लिए यह आवश्यक है कि वह जिस व्यक्ति से लोक–साहित्य का संग्रह करे उसको उसका नाम, अवस्था स्त्री या पुरूष, निवास स्थान (पूरे पते के साथ) व्यवसाय और उसकी स्थिति को भी लिपिबद्ध कर ले। यदि किसी व्यक्ति (खासकर स्त्रियों को) नाम बतलाने में आपत्ति हो तो इसके लिए कोई आग्रह नहीं करना चाहिए। गवैये का नाम, पता आदि लिख लेने से पहला लाभ तो ग्रह होगा कि यदि कोई व्यक्ति किसी गीत या कथा की यथार्थता की जॉच करना चाहेगा तो वह उसे आसानी से कर सकेगा। दूसरा लाभ यह है कि जिले या प्रदेश में बोली प्रचलित हो सकती है। किस जाति में कौन सा गीत या कथा प्रचलित है, इसका ज्ञान भी आसानी से हो सकता है। भाषाशास्त्री के लिए ये सभी सूचनाएँ जरूरी हैं।

८. विभिन्न पाठों का संग्रह

एक गीत के जितने भी पाठ मिल सकें। उनका संग्रह वांछनीय है। लोकगाथाएँ उनके प्रान्तों में भिन्न–भिन्न रूपों में प्रचलित हैं। उदाहरण के लिए आल्हा जो मूलतः बुन्देलखण्डी में लिखी गयी आजकल क्षेत्रीय लोक भाषाओं में उसके अनेक रूप मिलते हैं। इसके कन्नौजी, भोजपुरी, ब्रजी, कौरवी, पाठ आज भी मिलते हैं। राजा गोपीचन्द तथा भरथरी की कथा लोकगाथा के रूप में पूरे उत्तर भारत में गायी जाती है। ढोला मारू की कथा राजस्थान से लेकर भोजपुरी प्रदेश तक गवैयों से सुनी जाती है। यदि इन गीतों के विभिन्न पाठों का सकलन कर अध्ययन किया जाये तो यह पता लग सकेगा कि इनके कथानकों में स्थानीय परिवर्तन हो गये हैं। इसलिए भाषा की दृष्टि से पाठों का संग्रह आवश्यक है।

डॉ० चाइल्ड ने अग्रेजी तथा स्कॉटिश लोकगीतो के सभी पाठो का सकलन किया है। उन्होने लेडी ईसावेला एड दि एट नाइट नामक गीत के नव विभिन्न पाठो का सर फ्रेडरिक शीर्षक गीत के अठारह विभिन्न पाठो को और मैरी हैमिल्टन शीर्षक गीत के अठारह पाठो का सग्रह अपने प्रमाणिक ग्रन्थ मे किया है। पडित रामनरेश त्रिपाठी ने अपने ग्रामगीत मे 'भगवती देवी' गीत के तीन चार पाठो को लिपिबद्ध किया है जिनमे कथा–सम्बन्धी विशेषताएँ भी मिल जाती है।

९. बाह्य साधन

लोक साहित्य सग्रहकर्ता के लिए सैनिक की भॉति बाह्य साधनो की आवश्यकता होती है। लोकसाहित्य के सग्रहो के लिए 'पैन और 'पेपर आदि की भी आवश्यकता होती है।

अपने साथ हमेशा सग्रहकर्ता को नोटबुक रखनी चाहिए। इस नोटबुक मे पेज ऐसे हो कि वे आवश्यकता पडने पर अलग किये जा सके या उसमे जोडो जा सके। प्रत्येक गीत कथा प्रथा रीति–रिवाज विधि विधान, विश्वास तथा परम्परा अलग–अलग पृष्ठो पर लिखनी चाहिऍ। नोटबुक के अतिरिक्त बाल और नीली–काली स्याही से युक्त फाउण्टेन पेन भी होने चाहिए। इसके साथ ही लाल पेसिल और कापिग पेसिल का होना भी जरूरी है। जिन वस्तुओ या तथ्यो का सकलन सग्रहकर्ता स्वय करे उन्हे नीली स्याही से लिखता जाए। दूसरो के द्वारा उसे जो सूचना मिले उसे लाल स्याही से लिखना चाहिए। इससे बाद मे यह पता लग सकेगा कि किस साहित्य का सकलन उसने स्वय किया है और कौन सी सूचना दूसरो से मिली है। लाल कापिग पेन्सिल का भी यही उपयोग है। सभ्यता केन्द्रो से बहुत दूर जगलो तथा पहाडो के बीच मे निवास करनेघाली जातियो के गॉवो मे जहॉ लेखन–सामग्री का नितान्त अभाव है। फाउण्टेन पेन और पेसिल के महत्व का अनुमान होता है।

१०. कैमरा

आदिम जातियॉ प्राय ऐसे स्थानो मे बहुत थोडे है। मानव शरीर क्रिया–विज्ञान के विद्यार्थी के लिए इन जातियो के शरीर, मस्तक की आकृति, उनके रूप रग का अध्ययन आवश्यक है। इनके घरो को बनावट, देवी देवताओ के मन्दिर सामान्य शयनग्रह, टोना–टोटका की वस्तुएँ भूत दूत से आविष्ट स्थान तथा इन जातियो की वेशभूषा तथा अलकार आदि का अनुसधान जरूरी है। इन वस्तुओ के सम्यक अध्ययन के लिए कैमरा आवश्यक है। जिससे उनके चित्र लिये जा सके। ग्रामीण लोग अपना फोटो देखकर बहुत खुश होते है। इस प्रकार उनकी सहानुभूति और सहायता दोनो प्राप्त की जा सकती है।

११. रिकार्डिंग मशीन

लोकसाहित्य के सग्रह का कार्य रेकार्डिग मशीन के बिना अधूरा रहता है। गॉवो मे भी लोक गीतो के गर्वयो की कमी होती जा रही है। कुछ दिनो मे ये गवैये खोजने पर भी नहीं मिलेगे। लोक-गीतो को लिपिबद्ध करने पर उनकी स्मृति की रक्षा हो जाती है। यह कहना आवश्यक है कि लोक-गीतो का प्रमाण सगीत है। सगीत के बिना उनके सुनने का आनन्द नहीं आता। विभिन्न गीतो के गाने लय अलग-अलग होती है। उनकी लय भिन्न-भिन्न होती है। स्त्रियो के सोहर और झूमर की लयो मे बडा अन्तर है। जतसार और रोपनी के गीतो की भी अलग-अलग धुने है। यह आवश्यक है कि गवैयो के गीतो की रिकार्डिग कर ली जाए जिससे गीतो के प्राणो को भी सुरक्षित रखा जा सके। बूढी दादियॉ अपने गीतो और कथाओ को रिकार्ड कराने मे सकोच करती है फिर भी उनकी मौखिक सम्पत्ति को टेप रिकार्ड से हमेशा के लिए सुरक्षित कर लेना सग्रहकर्ता का परम कर्तव्य है।

सग्रहकर्ता अपनी लगन और बुद्धि से सभी कठिनाइयो पर विजय पा सकता है।

विभिन्न क्षेत्रीय लोकसाहित्य विधाऍ

पॅवाडा

वर्षा मे आल्हा और फाल्गुन मे होली गाई जाती है। पूर्वी जिलो मे आल्हा और ब्रज क्षत्र मे रसिया प्रचलित है। पटके (वसत गीत), होली और ढोला पूर्वी क्षेत्रो मे गाए जाते है। ढोला एक पॅवाडा है जिसका अर्थ प्रियतम अथवा पति भी होता है। ढोला मे प्रेम का वर्णन मिलता है। अत तर्ज की लोकप्रियता से आज ढोला स्वतत्र गीत ही बन गया है। रतजगे के बाद अथवा अन्य किसी अवसर पर राह चलती स्त्रियो के द्वारा इस गीत के गाए जाने पर सारा वातावरण मदमस्त हो जाता है।

लोकगीत

पॅवाडो की सख्या नगण्य है, पर लोकगीत अनन्त हैं। ये पुरुषो की अपेक्षा स्त्रियो ने अधिक रचे है। स्त्रियो की भावनाओ और तर्जो मे न जाने कितने गीत लिखे गए है। इनमे सावन के गीत (मल्हार) बारह मासा और निहालदे हैं। मालवा, मारवाड, ब्रज मे प्रसिद्ध 'चन्द्रसखी' के बहुत से धार्मिक गीत भी यहॉ प्रचलित है। जान पडता है, किसी धार्मिक वृत्ति के लोककवि ने ही स्त्रियो के गीतो की भावना औरतर्जे ही नहीं अपितु उन जैसा नाम, उपमान भी रखकर उन गीतों को प्रसारित कर दिया।

कुरु जनपद के लोकसाहित्य मे भी ऐसे अनेक संकेत मिलते है जिनके द्वारा हम उनका सम्बन्ध सुदूर अतीत की प्राक् आर्य सस्कृतियो से जोड सकते है। ग्राम वधूटियो के कपित स्वरो मे हम सुनते है।

(क) **श्रम गीत**

१. **नृत्यगीत**

आदि काल से ही मनुष्य ने अपने गीतो को श्रम और नृत्य के साथ जोडा है। कुरु प्रदेश मे गीतो के साथ होनेवाले अनेक नृत्य है। पुरुषो का होली नृत्य योद्धाओ के रणकौशल की पुनरावृत्ति मात्र है। तेजी के साथ इधर से उधर तेजी से बढना, उछलना, कूदना बैठ जाना पुरातन काल की सामरिक क्रियाएँ है। पुरुषो के बीच स्वॉग, तमाशो के अलावा होली तथा स्त्रियो के विवाह शादी के अवसरो अथवा धार्मिक पूजा के समय पर भी ये देखे जा सकते है।

२. **मल्हार**

कोल्हू चलाते समय गाये जानेवाले गीत मल्हार कहे जाते है।

३. **ऋतु गीत**

सावन (सावण), होली बारामसा जैसे ऋतु गीत यहॉ बहुत प्रचलित है। सावन के गीतो मे विविधता तथा भावप्रवणता बराबर मिलती है।

(क) **सावन**

सावन के गीतो मे विरह वर्णन अधिक मिलता है। इस क्षेत्र मे सावन–गीत बहुत प्रसिद्ध है।

होली पटका : बसत धरने से ही ढ़प झॉझ, घटा और थाली सवा महीने तक होली राग की टेर के साथ सर्वत्र सुनाई देते है। होली इस क्षेत्र मे ऋतु गान ही नही। यह हमेशा गाई जानेवाली तथा समस्त विषयो को समेटनेवाली तर्ज है।

पटका : स्त्रियॉ रास नृत्य मे घूमती एक दूसरी हाथ मे हाथ मारती गाती है।

त्यौहार गीत : त्यौहारो और उत्सवो पर अनेक गीत गाये जाते है, कुछ मे कथाएँ भी होती है। गणेश चतुर्थी पर एक गीत गाया जाता है।

संस्कार गीत : जन्म, विवाह आदि के अवसरो पर सस्कार गीत गाये जाते है। जन्म गीत को पूर्वी क्षेत्र मे सोहर और ब्याई कहा जाता है।

विवाह गीत : विवाह के मौको पर अनेक गीत गाये जाते है।

धार्मिक गीत : धार्मिक गीत या भज़न अनेक प्रकार से गाये जाते है। गढ–गगा, नौचदी, मूगा बोर गोधन, सांझी, सीतला (विशेष कठी माला) लूमिया, भूरासिह, होली, दीवाली तथा आर्यसमाजी भजन इस प्रदेश के धार्मिक गीत है। इनमे शिक्षित, अशिक्षित, अर्धशिक्षित सभी प्रकार की मानव भावनाएँ प्रतिबिबित

है। यहाँ के गीतो मे बाते बहुतायत से मिलती है। सोने का गडुवा गगाजल पानी।' 'दूध कटोरा । धोली गाय तले' "बछरवा चूखता" "हाथ रकेबी तन्ती जलेबी" आदि।

बाल-गीत : बाल गीत खेल–सम्बन्धी अथवा लोरियाँ है। मनोरजन–गीत टेसू, झाझी और चौपाई है। चौपाई (चट्टो का गीत), चटटा चौथ (भाद्रपद की गणेश चतुर्थी) के आस–पास के दिनो मे पाठशालाओ के बालक लकडी के छोटे डडे (चट्टे) बजा–बजाकर गाते है। इसका रिवाज अब कम होता जा रहा है। टेसू और झॉझी तीनो मे ही भाव सम्पत्ति का अभाव और कोरी तुकबदी मात्र होती है टेसू के गीतो मे तुकबदी और बाल बुद्धि के विलास मे कल्पना का सयोग देखते बनता है।

रागनी : मनोरजन के लिए गाये जानेवाले गीतो मे प्रमुख रागनी है। प्राय चौपाल पर बैठकर सामूहिक मनोरजन के लिए वर्षा को छोड सभी ऋतुओ मे रागनी गायी जाती है।

जोगियो के गीत : कई जातियो के निजी गीत भी है। जोगी कुछ गीतो या पॅवाडो के पेशेवर गायक है। भॉडो की चेरक सूझना उल्लेखनीय है। जोगी जाति प्राय पौराणिक शैव कथाओ, कतिपय ऐतिहासिक धार्मिक चरित्रो पर मिलते है। 'नागिन', अजना दिसौटा', 'गोपीचद भरथरी', 'नरसी का भात' उल्लेखनीय है। गीतो के कथानक लम्बे है। जोगी लोग प्राय ढोला और 'निहालदे' की रगत मे गाते है। स्वॉगो के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हे।

धोबियों के गीत : धोबियो के गीत को 'खड कहते है। ये लम्बे कथानको को लेकर चलते है। एक–एक खड मे कभी–कभी पॉच–पॉच हजार तक पद होते है। नि सदेह आकार के विचार से 'खड किसी भी 'खड' काव्य की अपेक्षा कम नही होते इनकी एक बडी विशेषता यह है कि इनके कथानको को गायको ने हिन्दू मुस्लिम सस्कृति के विचारो और विश्वासो से भर दिया है।

कुरु प्रदेश मे स्वाग रचयिता और कवि काफी सख्या मे हुए है। जो इस प्रकार है

१ नत्थूलाल–मानसिह – जावली गाजियाबाद

२ पडित लक्ष्मीचद शर्मा – सूप मेरठ

३ बुल्ली

४ पडित रघुवीर शर्मा

५ रघुवीर शरण

६ दीना

७ रामसिह

८. आशाराम – सनौली – अपनी तर्ज का अलग ही स्वागी है सगीत के नाम पर एक डडा रखते थे जिसमें घुँघरू बधे होते थे पूरा का पूरा सगीत इसी से बजता था।

९. असलम अकरम – मुजफ्फर नगर

१०. नरेश – बागपत

११ बुन्दू मीर – खानपुर मेरठ

१२ शरीफ मीर– मस्तानखेडा, मुजफ्फर नगर

१३ चन्दर बादी – दन्तनगर, मेरठ

१४. चतरसेन त्यागी – डूँडाहेडा, गाजियाबाद

मैथिली लोकसाहित्य के मशहूर लोकगीत

१ झूमर, २. चांचर, ३. मलार, ४ फाग, ५. तिरहुति, ६. सॉझ, ७. स्याम चकेवा, ८ सम्भरि (स्वयवर), ९. नचारी, १०. ग्वालरि, ११ जट जटिन।

मगही लोक-साहित्य के लोकगीत

१ जॅतसारी, २. बगुली नाट्यगीत, ३. चौहर, ४. चैता, ५. भइया दूज, ६. माता मइया, ७. पोपट पीने का गीत, ८ बरही पूजने का गीत, ९. मुडन गीत, १०. जनेऊ गीत, ११. पूर्व म्लिन, १२ पिता पुत्री सवाद, १३. वर वधु संवाद, १४ कोहबर, १५. दहेज, १६. पराती, १७ गवना, १८ अलचाही।

भोजपुरी

१. आल्हा, २. लोरकी, ३. सोरठी, ४. बिहुला विषधरी, ५. गोपीचन्द, ६. नयकला नजारा, ७. चनैनी, ८. बसुमति का गीत, ९, सोहर, १०. गवना के गीत, ११. कजली, १२. चैता, १३. नागपचमी, १४ बहुरा, १५ गोधन, १६. पिडिया, १७. अहीर बिरहा, १८. दुसाहा पचरा।

अवधी

१ कुसुमा, २. चन्द्रवली, ३. साध, ४ सरिया, ५. रोचना, ६. पसनी, ७. मांडव के गीत, ८. तेल चढाने तथा सिलपोहनी के गीत, ९. पेरी तथा भात, १०. नाखुर, ११. तेलु, १२. गौन्याही अथवा सुहाग, १३. द्वार चार, १४. भॉवर, १५. बाती, १६. गालियॉ तथा ज्योनार, १७. परिछन, १८. बनरा और बनरी, १९. नकटा, २०. शीतला के गीत, २१. कहरवा, २२. पचरा।

जागरोन, जवारा, पाटनि, दिवारी।

बघेली : दादरा, टिप्पा, जनजातिक गीत, करमा, नैनजुगानी, आदि।

छत्तीसगढ़ी : नारी गीत, सुआ गीत, पुरूष गीत, मँडई गीत, करमा, ददरिया, बॉस, नवरात गीत, गौरा के गीत, भोजली के गीत, चुला मारी (मँटकोरा), तेल चढी, मायमौरी, नह डोरी, परधनी, भॉवर आरी, डॉडी पौहा, भौंरा, खडुवा (कबडडी), बीरम गीत, नचौरी गीत आदि।

बुन्देली : सैर, राछरे, ईसुरी, ख्याली, रामारे, बिलवारी, नौरता के गीत, दिवारी के गीत, मामुलिया, सुअरा, कायँ डालना, टहूके, आदि।

ब्रज लोकसाहित्य : रॉझा, जाहरपीर, ढोला, अन्यान्य गीत, घपरी घपरी, अटकन बटकन आटे बाटे, लिरिया, कोड जमाल शाली, चील झपटटा आदि।

कन्नौजी लोकसाहित्य : फुरेला गीत, झुँझिया, टेसू, बन्ना, बरूआ गीत, प्रसव, चक्की गीत, आदि।

राजस्थानी लोकसाहित्य : धूला, पपइया, मणत, कुरजॉ, बनडा, बाना बैठना, बडा विनायक, राती जगा, सती गीत, ओलूँ, जल देवता, सेडल, आदि।

मालवी लोकसाहित्य : लावनी (किलगी तुर्रा), होड पूजन, सती माता, सतियार, सीतला, बीरा भात, महेरा, साजन, आफू, गूजरी, सॉझी, अबल्या छबल्या आदि।

पंजाबी लोकसाहित्य : चरखा, जिज्जा, माहिया, गिद्धा, दिया बाती, खारी गॉव, ललीऑ गॉव के बैल।

डोगरी लोकसाहित्य : कामन (खोडिया), चंबे दिया घाटॉ, सिपाही, गरीबी आदि।

कॉगडी लोकसाहित्य : लोहडी, समूहत, बूटणा, कांगडा देश आदि।

गढ़वाली लोकसाहित्य : जागर, छोपती, तॉदी, चौफुला, झुमैलो, लामज, खुदेड गीत, बाजू बंद, मांगल छूडा आदि।

कुँमायनी लोकसाहित्य : रितुरैणा, छपैली, झोडा, चॉचरी, बैर गीत, मंगल गीत, न्योली गीत आदि।

नेपाली लोकसाहित्य : असारे, रसिया, लैबरी, सोरठि, दँवाई, घॉसे, मॉदले, डफू, बालन, करूवा गत, लोसर, जाडो, देउडा, मालासिरी, बुझाअल, जुआरी, भयाउरे, लाहुरे, पंछी, कर्खा।

कुलुई लोकगीत : छीजा, नाटी गीत, लाहलडी, चूडाकर्म, अरगना, पॉजयौ, आदि।

चबियाली लोकगीत : ऍचली, खजियार की शोभा, गोरखा आक्रमण, चंबे का चौगान मैदान आदि।

२. कुरु जनपदीय समाज-व्यवस्था

कुरु जनपद में बहुत सी जातियॉ है। ये सभी जातियॉ अपने कार्य मे व्यस्त आज भी मिलती है। आज इनकी कार्य–प्रणाली कुछ बदली है। मगर वास्तविकता को यहॉ की ग्रामीण जिन्दगी नहीं बदल पायी। कुरु जनपद में जाति–व्यवस्था इस प्रकार से हैं :

१ ब्राह्मण २. जाट ३ गूर्जर ४ ठाकुर ५. त्यागी ६ गडरिया ७ लुहार ८ चमार ९ धोबी १० सुनार ११. भंगी (मेहतर) १२ नाई १३. धुनिया १४. मछुवारा १५ जुलाहा १६. मिरासी १७ कजड १८ कसाई १९. तेली २० कुम्हार (प्रजापति) २१. मुल्तानी कुम्हारी २२. रांघड २३ माळी २४ हलवाई २५. सिकलीगर २६. ठठेरा २७ तमोली २८. बनिया २९ सक्का ३०. कहार ३१ अहीर ३२ गोस्वामी (गुसाई) ३३. पंजाबी ३४ सिधी ३५. कोजडा (सब्जी बेचनेवाला) ३६. बंजारा ३७ गाढा ३८ मन्सूरी (धुने) ३९ नाई (सलमानी) ४० बिसाती ४१. शेख ४२. सैय्यद ४३ पठान ४४. बिलौच ४५ मल्लाह ४६. मिर्जा ४७. जैन ४८ मिरधा ४९ फकीर ५० बेग (मुगल)।

२.१ कुरु प्रदेश में पारिवारिक जीवन

कुरु प्रदेश मे आज भी सयुक्त परिवारों की अधिकता है। इस प्रदेश मे अधिकतर खेती करनेवाले लोग रहते है अर्थात् अधिकतर खेती पर निर्भर रहनेवाले परिवार है। ये परिवार सब तरह आपस में मिल–जुलकर अपने पारिवारिक कार्य करते हैं। ये परिवार एक–दूसरे के लिए महत्वपूर्ण सहयोगी भी है। परिवार में बाबा या दादी की आज्ञा को उच्चतम न्यायालय की तरह माना जाता है। उसके बाद माता–पिता और बडे भाई की आज्ञा का महत्व है। पारिवारिक जीवन मे ऐसी अव्यवस्था न आने पाये इसलिए ऐसी व्यवस्था की गई है। परिवार के छोटे–मोटे झगडे एवं पारिवारिक समस्यायें सुलझा लेते है। औरतों के बीच कलह हो जाने पर या तो बॅटवारा कर दिया जाता है, या परिवार का बडा–बूढा सबके हितों का ध्यान रखते हुए अपना फैसला सुना देता है। फैसला सभी को मानना पडता है। इस व्यवस्था के फलस्वरूप यहॉ के लोग अत्यन्त परिश्रमी और प्रगतिशील है।

कौरवी स्वॉगों में पारिवारिक जीवन के स्पष्ट चित्र मिलते हैं। ये चित्र अधिकतर राजा और रानी की कथाओं के माध्यम से प्रस्तुत किये जाते हैं। ये स्वॉग लोक–परिवेश को उजागर करने, कुछ विशिष्ट सन्देश देने और पारिवारिक जीवन की कानून–व्यवस्था स्थापित करने का कार्य कर ' हैं।

– संगृहीत सूचनाओं के आधार पर।

२.२ कुरु प्रदेश में रिश्ते-नाते

२.२.१ हिन्दुओं के रिश्ते नाते

ये रिश्ते इस प्रकार है – पडबाब्बा, बाब्बा, बाप्पू, ताऊ, चाच्चा, भाई, पडदाद्दी, दाद्दी, ताई , चाच्ची, बेब्बे, बोब्बो भाब्बी, नान्ना, नान्नी, माम्मा, पोत्ता, पोत्ती, बेट्टा, बेट्टी भाणजा, भाणजी धेवता, धेवती, मोस्सा, मोस्सी, फुफ्फा, फुफ्फी आदि।

२.२.२ मुसलमानों के रिश्त-नाते बाप, आब्बा, अब्बू, वालिद साहब, मॉ–अम्माजान, मोस्सी–खालाजान। मोस्सा – खालुजान, बुआ – फूफी, फुफ्फा – फूफ्फा, बहन – बाजी आपा अप्पी भाई – भाईजान, भाई सहाब, भाभी – भाभीजान, बाबा – दादा जान, दादी – दादी अम्मा, दादी जान पडदाद्दा – दादी अम्मा, दादी जान, पडदाद्दा, पडदाद्दी– पडदाददी, बहनोई – दुल्हा भाई, माम्मा – मामूजान, माम्मी – मुमानीजान, नान्नी – नानी अम्मा, नाना – नाने अब्बा, धेवता – नवासा, धेवती – नवासी, पत्नी – बेगम, पति – खामिद शौहर।

२.२.३ ईसाई रिश्ते-नाते ईसाईयों में अंग्रेजी संस्कृति के प्रभाव के कारण मम्मी, डैडी, अंकल, आटी, ग्रांड फादर, ग्रांड मगर आदि। आजकल पाश्चात्य प्रभाव से हिन्दुओं और मुसलमानों में भी ईसाईयो की तरह के रिश्ते चलने लगे है। किन्तु लोक–कथाओं में इनका प्रयोग व्यंग्य के रूप में मिलता है। वैसे इन्हें लोक–कथाओ मे सामान्य रूप में देखा जा सकता है।

२.३ कुरु प्रदेश के रीति-रिवाज और संस्कार : कुरु स्वॉगों में निम्नलिखित रीति–रिवाज देखने को मिलते हैं .

१. **पक्की (भेंट) तथा गोद भरना :** विवाह की पकावट के लिए हिन्दुओं मे सर्वप्रथम रस्म लडकीवालों की तरफ से लडकेवालों के यहॉ होती है। लडकेवालों की तरफ से लडकी की गोद भरी जाती है।

२. **तिलक, टीका, सगाई :** पुरोहित लड़कीवालों के यहॉं से परॉंत में लड्डू और तरह–तरह की मिठाइयॉं वस्त्रादि तथा अन्य सामान लडकेवाले के यहॉ ले जाते हैं। वहॉ से विदा के समय पुरोहित को नेग दिये जाते हैं।

३. **टेवा :** लड़का या लडकी की जन्म–कुण्डली का सूक्ष्म विवरण जिस कागज पर पडित लिख कर ग्रह आदि मिलाकर बनाता है उसे विवाह सुझाना कहा जाता है। इसे टेवा भेजना कहा जाता है।

४. **लगन :** पुरोहित टेवे की तरह ब्याह की सारी रस्मों को निश्चित करके भेजता है जिसे नाई

देने जाया करता था। आजकल परिवार के लोग जाते है। यह रस्म लडकीवालों की तरफ से होती है।

५. **पीली चिट्ठी** : लडकीवाला पुरोहित से चिट्ठी लिखवाकर लडकेवाले के यहाँ भेजता है। इसमे हल्दी के छींटे लगाये जाते हैं। इस रस्म को मुसलमानों में लाल खत कहते हैं।

६. **मॉडवा** : लड़केवाले बारात जाने के एक दिन पहले अपने सगे–संबंधियों एवं परिचितों को दावत देते हैं। पॉच सरवों में चार सकोरों को बीच में छेद करके दो–दो करवों के बीच गूरी रखकर दरवाजे पर पॉच **मान** इसे बॉध देते हैं।

७. **अगवानी** : बारात के आगमन पर उनके स्वागत के लिए लडकीवाले भेंट लेकर आते है।

८. **चढ़त** : बारात बाजे–गाजे एवं आतिशबाजी के साथ गॉव में होती हुयी लडकीवालों के घर पहुँचती है। इसे चढत कहा जाता है। आतिशबाजी का रिवाज आजकल कम हो गया है।

९. **जनवासा : बारौठी एवं भॉवर** : वह स्थान जहॉ बारात रुकती है जनवासा कहलाता है। बारौठी और भॉवरो की भी रस्में होती है।

१०. **बन्ना बन्नी** : लगन से तीन या चार दिन बाद बरना–बरनी पर तेल चढाने के लिए पॉच स्त्रियॉ चुनी जाती है। इन्हे गौरनी या हथलगुन कहते है। ये गौरनी गेहूँ आगे रखकर हाथ चलाती है जिसे गेहूँ किराना कहते हैं। हल्दी कूटी जाती है। जिसे हलद का नेग कहते हैं।

११. **रतजगा** : ब्याह से पहले यह रस्म अदा की जाती है। इसमें रात को स्त्रियॉ सोती नहीं है बल्कि गीत गाती एव नाचती है।

१२. **कजेतिन** : बरना–बरनी की माता या अन्य कोई सधवा स्त्री, जो नाते में मॉ के समान हो, कजेतिन बनती है। कजेतिन रतजगे के दिन कोरे सरवे में एक सुपाड़ी, एक हल्दी की गॉठ और एक टका पैसा रखकर दीवार पर ओंधा चिपका देती है। ऊपर से हल्दी लगा दी जाती है। बायबन्द में देवी–देवता रहते हैं। देवी–देवताओं को दिया जानेवाला पकवान कहलाता है।

१३. **निकरोसी** : लडकेवाले अपने घर से बारात लेकर लडकी को ब्याहने चलते हैं। उसी दिन स्त्रियॉ लोकाचार मनाती है। इससे पहले फ़ेसोंडा मनाया जाता है, जिसमें बन्ने के बाल सॅवारे जाते हैं।

१४. **बारौठी** : बारौठी लड़कीवालों के दरवाजे की रस्म होती है। लड़कीवाला वर को पॉच बर्तन देता है जिसे पॅचडा कहते हैं। बारौठी के समय स्त्रियॉ बारातियों को गा–गाकर गालियॉ देती है।

१५. **बढ़ार :** लडकीवाला जब बारात को दूसरे दिन रोक लेता है। इसे बढार कहा जाता है। इस दिन बारातियों की विशेष भोजन की व्यवस्था होती है। बारात में बन्ने को बर्तनो मे भोजन परोसा जाता है जबकि बारातियो को पत्त्ल–सकोरों में खाना दिया जाता है। आजकल बढार रखने की परम्परा समाप्त होती जा रही है।

१६. **कँवर कलेऊ :** बारात विदा होने से पहले दूल्हे तथा उसके साथियों को भोजन कराया जाता है। इसे कॅवर कलेऊ या कॅवर कलेवा कहा जाता है।

१७. **नेग्गाचारा :** लडकेवाले के घर पर विवाह के दिन स्त्रियों द्वारा नेग्गाचार किया जाता है जिसे गौरनी कहते हैं।

१८. **चूल्हा न्योत या चूल्हा नोत :** दावत में घर के सभी स्त्री पुरूष तथा बच्चे निमंत्रित किये जाते हैं।

१६. **पलकाचारा :** विवाह के अगले दिन लड़कीवाले के यहॉ वर–वधू मंडप के नीचे एक पलॅग पर बैठते हैं। चलनवाली स्त्रियॉ और पुरुष, वर को टीका करते हैं। बताशा खिलाते हैं और रुपये भी देते हैं। ये जौ (यव्) बोते हुए परिक्रमा करते हैं। हर परिक्रमा पर लडके तथा लडकी के पैर पूजते हैं।

२०. **भट्टी लात :** बारात विदा होते समय वर या बन्ना लडकीवाले के यहॉ बनी हुयी भट्टी में लात मारकर बारात के साथ विदा होता है।

२१. **सिरगूँदी :** विदा के समय लडकी के सिर के बाल गूँथकर बॉधे जाते हैं। उसकी मॉग भी भरते हैं।

२२. **बाइना :** दुलहन के ससुराल आ जाने पर चलनवालों के घरों में जो मिठाई या पकवान बॉटा जाता है वह बायना कहा जाता है। बायना सामान्यतः लडके की ससुराल से आयी मिठाई में–से बॉटा जाता है।

२३. **लाड कोथली :** जब लड़की माइके से ससुराल में आती है तब माता के यहॉ से उसके साथ पॉच थालियों में मिठाई, मेवा, चूडी, कलावा आदि रख दिया जाता है। इसे लाड कोथली कहते हैं।

२४. **भात :** लडके तथा लडकी के ब्याह में मामा जो वस्त्र, धनादि देते हैं उसे भात–भरना कहा जाता है। बहन भाई से नरसी के समान भात भरने की कामना करती है।

२५. **कॅगना एवं छड़ी मार :** दूल्हे के घर में नवविवाहित दम्पत्ति एक दूसरे का कॅगना खोलने के

बाद बन्ना, बन्नी छडी मार खेलते है।

२६. **छूछक** : लडकीवालो की तरफ से पहला लड़का होने पर उपहारस्वरूप कपडे, गहने, मेवा एवं आभूषण आदि दिये जाते है। मेहमानो को भी लड़कीवाले गुंजाइश के अनुसार रुपये भेट में देते हैं।

२७. **मरघट** : किसी मनुष्य के शव को मरघट में ले जाने के लिए बॉस, कफन, कलावा, सामग्री, कंडा, लकडी मँगाई जाती है। इन सभी को मुर्दे का सामान कहते हैं। मरघट में सामग्री, घी एवं लकडियों से मृतक व्यक्ति का सस्कार किया जाता है। मुसलमानों में उसे विशेष प्रकार की चारपाई में लेजाकर दफ़नाते हैं।

२८. **पिंडोती** : जब मुर्दे को ले जाया जाता है तो रास्ते में पिण्ड बदला जाता है। इस क्रिया में आटे का पिंड बनाकर रख दिया जाता है। मुर्दे को रास्ते में मिला देखकर प्रत्येक मनुष्य उसके पीछे पॉच–पॉच कदम अवश्य चलता है या खडा होकर उसे प्रणाम करता है।

२९. **दाग देना** : मुर्दे को बडे या छोटे पुत्र द्वारा बॉस से दाग दिया जाता है। लकडियॉ लगाकर अन्तिम संस्कार कर दिया जाता है।

३०. **फूल चुगना** : शवदाह के तीसरे दिन जल पातर दी जाती है। इसमे मृतक के घर आदमी मिलकर नहाते है तथा पिड और जल चढ़ाते हैं। तीसरे दिन मरघट से मृतक की अवशिष्ट हड्डियॉ चुनी जाती हैं जिसे फूल चुगना कहा जाता है।

३१. **रोवा पीट्टण** : मृत्यु से तेरहवें दिन तक स्त्रियॉ शोक व्यक्त करती है। तेरहवीं के दिन यह रोना–पीटना बन्द हो जाता है। शोक व्यक्त करते समय आप्पा पीटा जाता है। इसे रोवा पीट्टण कहा जाता है। राजस्थान में इस काम को रुदाली करती हैं।

३२. **बरसी** : तेरहवीं के बाद मृत्यु से ११ महीने उपरान्त बरसी की जाती है। इसमें पुरोहित को सम्पूर्ण कपड़े आदि दान दिये जाते हैं। नाती–पोतीवाले व्यक्ति के लिए सोने की नसैनी बनायी जाती है। उसकी अर्थी को सजाकर विमान भी निकाला जाता है।

३३. **तेरही** : मृत्यु के ११वें या १२वें दिन तेरही की रस्म होती है जिसमें ब्रह्म–भोज के साथ–साथ बिरादरी आदि का भी भोज होता है।

लोक-संस्कार

कुरु प्रदेश में आर्य समाजी शिष्ट समाज में भारतीय पद्धति के अनुसार १६ संस्कारों का विधान है। लोक समाज में केवल जन्म, विवाह और मृत्यु के संस्कार किये जाते हैं।

वैदिक परम्परा के सोलह सस्कार ये है

१ गर्भाधान सस्कार

२ पुसवन सस्कार

३ सीमान्तोन्नयन सस्कार

४ जातकधर्म सस्कार

५ नामकरण सस्कार

६ निष्क्रमण सस्कार

७ अन्न–प्राशन सस्कार

८ चूडा–कर्म सस्कार

६ कर्ण–भेद सस्कार

१० विद्यारम्भ सस्कार

११ उपनयन सस्कार

१२ वेदारभ सस्कार

१३ •केशान्त सस्कार

१४ समावर्तन सस्कार

१५ विवाह सस्कार

१६ अत्येष्टि सस्कार

४.६ कुरु-प्रदेश में नर-नारी सम्बन्ध

खेतीहरो एव मजदूरो की सख्या अधिक होने के कारण यहॉ पर पति–पत्नी–सम्बन्ध अधिकतर मधुर नहीं है। इसका कारण धनाभाव या कार्याधिक्य है। कुछ जातियो मे मुक्त साहचर्य देखने को मिलता है। कुलटा स्त्रियॉ अपने प्रमियो से छिप–छिपकर खेतो मे मिलती है। पुरुष भी इसके अपवाद नही। वे भी इसके दोषी है। मुक्तहास और व्यग्य अक्सर देखने को मिलते है। मुक्तहास और व्यग्य जीवन को सरस बनाने मे सहायक होते है। स्वॉगो मे मुक्त–साहचर्य परस्त्री–गमन और परपुरुष सम्बन्ध को पाप कहा है। वे इस प्रथा पर स्वॉगो मे प्रहार करने से नहीं चूकते।

२.४ कुरु प्रदेश की धार्मिक आस्थाएँ

कुरु प्रदेश के लोक–धर्म में ये आस्थाएँ देखने को मिलती है –

१ नियतिवाद

२ अधविश्वास

३ लोक–देवीदेवताओं में विश्वास

४ माई पूजन

५ भुमियाँ–पूजन

६ कुआँ–पूजन

७. टोने–टोटकों में विश्वास

इन सारी आस्थाओं का प्रकारान्तर से विस्तारपूर्वक विवेचन शोध–प्रबन्ध मे यत्र–तत्र किया गया है। यहां आस्थाओं के उदाहरण कुरु जनपद के स्वाँगों मे सर्वत्र मिल जाते है।

२.४.१ नियतिवाद : नियति से तात्पर्य भाग्य से है। लोक मे सदैव भाग्य को महत्व दिया जाता है। लोक मानव जहाँ एक ओर अपने कार्यों के प्रति सजग और सावधान रहता है वहीं भाग्य मे भी उसका पूर्ण विश्वास होता है। वे मानते है कि ईश्वर मानव के गर्भ मे प्रवेश करते ही उसके भाग्य का लेखा–जोखा लिखकर तैयार कर देता है। यही भाग्य उसके जीवन को सचालक कुजिका है।

लोक मानव सहज विश्वासी होता है। तर्क में उसका विश्वास नहीं होता। वह भाग्य भरोसे सम्पूर्ण जीवन–नैया को खेता है। यह भरोसा उसको अकर्मण्य बना देता है। किन्तु यह विश्वास उसे अनेक बुराइयों और आपाधापी से बचा लेता है। 'ऐसा ही होना था' यह सोचकर वह अपने अहित करनेवाले व्यक्ति को भी क्षमा करता है। नियतिवादी भावना उसकी नीयत को भी सरल बनाए रखती है। यह नियति के भरोसे अपने दैनिक कार्यों और मानसिक संवदेना को संयत रखता है। उसका विश्वास है कि निश्चित समय, निश्चित माध्यम से पूर्व निर्धारित कार्य स्वत· सम्पन्न होता है। यह सब अनायास होता है।

कुरु प्रदेश में लोकमानव भाग्य–भरोसे रहता है। यही भाग्य का भरोसा उसको मानसिक सतुलन देता है। कौरवी स्वाँगों में लगभग सर्वत्र नियतिवादी भावना का संकेत मिल जाता है। इसी नियति के कारण लकडहारा राजा बनता है और यही नियति राजा को भिखारी बना देती है।

२.४.२ कुरु प्रदेश के अंधविश्वास

लोकमानव, परम्परा की भावना से ओत–प्रोत रहता है। यह भावना उसे अकर्मण्यता की ओर

ले जाती हैं। परम्परा–पालन के कारण उसमे अधविश्वास की भावना का उदय हो जाता है। अधविश्वास की भावना उसकी प्रगति मे बाधक होते हुए भी वह परम्परा–निर्वाह की शक्ति देती है।

२.४.३ जादू-टोने, भूत-प्रेत में विश्वास

लोकमानव जादू–टोने भूतप्रेत मे भी विश्वास करता है। इस स्तर पर नियति पर उसकी आस्था समाप्त हो जाती है। वह यह विश्वास करता है कि नियति के कारण भोक्ता और कर्ता की भावनाएँ घटना के अनुसार गतिशील हो जाती है।

लोक स्वॉगी, लोक की मिट्टी की भावनाओ का गायक होता है। वह लोक की सूक्ष्मतम सवदेनाओ को आत्मसात् करके उसे वाणी प्रदान करता है। लोक मे परम्परागत भावना का प्राधान्य होता है। युगो--युगो की मान्यताओ को स्वॉगो मे महत्वपूर्ण स्थान मिलता है। ये मान्यताएँ युगानुरूप नही होती इसीलिए इन्हे अन्धविश्वास कहा जाता है। वैसे इन आस्थाओ और विश्वासो के वैज्ञानिक आधार होते है। कालान्तर मे इनकी वैज्ञानिकता सम्बन्धित ज्ञान लुप्त हो जाता है। इसके फलस्वरूप यह धर्मका अग बनकर अध ाविश्वास बनकर रह जाता है।

अधानुकरण के कारण विश्वास को अधविश्वास कहा जाता है। वैसे हर विश्वास का कोई न कोई वैज्ञानिक आधार होता है।

जीव–जन्तू व पशु–पक्षी एव देवी–देवता के दृष्टिकोण से भी लोकमानस वस्तुसत्ता मे देवत्व–भाव का आरोपित करता है। गाय–बछिया मे गौ माता का भाव उपयोगिता की दृष्टि से और सास्कृतिक सम्पर्क के प्रभाव से निवर्तित होता है। धर्म–सम्पर्कज श्रद्धाभाव, लोक मनस्तात्विक भाव गाय मे देवता की प्रतिष्ठा करता है। यह भाव श्रीकृष्ण एव गोलोक से जोडा जाता रहा है। भगवान कृष्ण से गाय का जुडा होना गाय को देवी रूप मे प्रतिष्ठित करता है।

४.७.४ टोटम एवं टेबू : काले कुत्ते का टोटम भैरव की सवारी से जोडा गया है। भारतीय लोक–मानस मे रोगी के द्वार पर काले कुत्ते का बना रहना शुभ माना जाता है। बिल्ली कभी वफादार नही होती। सम्भवत· इसीलिए बिल्ली का रास्ता काटना अशुभ माना जाता है। जिन–जिन पशु–पक्षियो को देखकर भय का भाव उद्भुत होता है उनमे भी लोक मानस देवत्व का आरोपण कर लेता है। सुख के भाव का स्पन्दन शुभ देवता और दुख का भाव–स्पन्दन अशुभ देवता को प्रतिष्ठित करता है।

कुरु प्रदेश की भौगोलिक स्थिति मे विषमताओ के कारण उस परिवेश मे बाघ, भालू, चीते सर्प आदि बहुतायत में मिलते है। इनका विवरण टोटम तथा टेबू के रूप मे स्वॉगो मे सर्वत्र मिलता है।

इनमें से कुछ हानिकारक और कुछ (पालतू पशु आदि) उपयोगी होते हैं। नाग को देवता के रूप मे तथा बाघ को नरसिंह के रूप मे पूजने की परम्परा लोक–मनस्तत्व का परिणाम है। सर्पो को भगवान शिव और कृष्ण से भी जोडा जाता है। सिंह नरसिंह का टोटम भी है। परिणामतः धर्म से संबद्ध लोक–मानस इन पशु–पक्षियों में टोटम के भाव को शास्त्र–सम्मत मानते हुए इनमें देवत्व का ओरापण करता है।

२.४.५ परम्परागत रूढ़ियॉ : परम्परागत रूढियों में कौवा अशुभ का द्योतक है। लेकिन श्राद्ध पक्ष में कौए को पितृ–पक्ष तक नेवेद्य एव सन्देश पहुँचानेवाला देवता माना जाता है। लोक–मानस मनस्तत्व जहॉ–जहॉ दुख की निवृत्ति और सुख के आहरणहेतु उपयोगिता अथवा अनुपयोगिता के भाव से अशुभ देवताओं का सर्जन करता है वहीं सभी देवी–देवता लोक–परिवेश में लौकिक देवी–देवता होते है। कुरु प्रदेश में भी पशु–पक्षी, जीव–जन्तु आदि के सम्बन्ध में व्यापक–भावनाएँ स्वॉगों मे मिलती हैं।

२.५ कुरु प्रदेश के पर्व, त्यौहार एवं मेले

१. पशु मेले
२. घाट मेले
३. छड़ियों का मेला
४. रामलीला
५. मस्तान शाह का मेला
६. बरोली मेला
७. देवी मेला
८. गूगापीर मेला
९. जहीर दीवान मेला
१०. बूढ़ा बाबू मेला
११. जट्टाशंकर महादेव मेला
१२. चंदेश मेला
१३. दशहरा
१४. कार्तिक मेला
१५. जोगीदास मेला
१६. उर्स इमाम साहिब

१७ उर्स जनत शरीफ

१८. पीर बहराम मेला

१९. निसार अली मेला

२० शाकुम्भरी देवी मेला

२१ रथयात्रा मेला

२२ जेठ मेला

२३. गणेश मेला

२४. रामनोमी मेला

२५. उछाव सराव मिया मेला

२६ प्यारे जी मेला

२७ उर्स गरीब शाह मेला

२८. जगन्नाथ मेला

२९ बंगाली मेला (दुर्गा अष्टमी)

३०. बुढ़िया मेला

३१. शाह रुकनुददीन उर्स

३२. जैन मेला

३३. गंगा स्नान मेला

३४. कुन्ती मेला

३५. शिव चौदस मेला

३६. घीसा संत मेला

३७. सारॅगी मेला

३८. कालिका देवी मेला

३९. सती पूजा मेला

४०. उर्स शाह अब्दुल्ला

४१. उर्स मखदूम शाह

४२. भीकौरी मेला

४३. सलीनो

४४ उर्स हजरत सम्सुददीन

४५. चौदस

४६ मकर सक्रांति

४७. सोमवती अमावस्या

४८. दिखौटी

४६. कतकी

५०. उर्स कुतुब आलम अब्दुल कुदुस

५१. मीरान शाह मौहम्म्द मेला

५२. नेजावाले शलार मेला

५३. छत्री जहीर दिवान

५४. भादुई मेला

५५. गुदडी मेला

५६. गुलखा देवी मेला

५७. छिपियों का मेला

५८. उर्स ताज खॉ

५६. नेजा शाह मदार मेला

६०. उर्स हजरत अली

६१. सुखवंती देवी मेला

६२. अन्नपूर्णा देवी मेला

६३. बसंती मेला

६४. बलदेव का मेला

६५. उर्स नबी करीम

६६. उर्स आरिफ अली शाह

६७. पूजन मेला

६८. मेला नरसिंह

६६ मुहर्रम (मुरादाबाद)

७० उर्स बुलाकी शाह

७१. मदार के विश्नोई मेला

७२. पवन–परीक्षा मेला

७३. सरवर मेला

७४. सन्तोषी माता मेला

७५. बाबा देवीदास मेला

७६. सिद्ध बाबा जी मेला

७७. बराही मेला

७८. स्वामी दीनदयाल मेला (फागुन सदी पूर्णमासी)

७६. माता का मेला

८०. मेला बागेश्वर

२.५ मुजफ्फरनगर जनपद

मेला का नाम	स्थान	तिथि	उद्देश्य
पशुओं का मेला	मुजफ्फरनगर	१४ मार्च से २१ मार्च	सांस्कृतिक समन्वय
घाट मेला	वही	बदी चैत द्वितीय से चैत बदी नौमी तक	धार्मिक भावनाएँ आपसी मिलन आदि का उद्देश्य
छडियों का मेला	वही	भादो बदी पडवा से	
रामलीला	वही	अषाढ़ सुदी षष्ठी से दशमी तक	
मस्तान शाह का मेला	सरवट	जेष्ठ माह के हर बृहस्पतिवार	
छडियों का मेला	चरथावाल	भादों बदी नोमी से	
घन्टोली मेला	वही	चेत बदी द्वितीय से	
देवी मेला	वही	चेत सुदी अष्टमी से	

गूगापीर	बुढाना कलॉ	भादो बदी नोमी से
जहीर दिवान मेला	हैबतपुर	जेठ मास के पहले रविवार
बूढा बाबू मेला	अमीर नगर	चैत मास के प्रथम मगल को
छडियो का मेला	पुरकाजी	भादो बदी नोमी को
जटटाशकर महादेव	दयालपुर	फागुन बदी चौदस को
छडी काजी चिश्ती	कैराना	जमद उर्स साहनी १३–१६
छडियो का देवी मेला	वही	चैतबादी नौमी से
चदेश मेला	वही	भादो सुदी चौदस
दशहरा	समरा	जेठ सुदी दशमी
कार्तिक मेला	वही	कार्तिक सुदी अमास्या
दशहरा	शामली	जेठ सुदी दशमी
जोगीदास	शामली	चैत सुदी पडवा
बूढा बाबू मेला	वही	चैत बदी द्वितीया
उर्स इमाम साहिब	बनत	मोहर्रम ११
उर्स इमाम साहिब	झिझाना	मोहर्रम १२
उर्स हजरत शाह	झिंझाना	जिल–हिज्जा २३
गूगा पीर	थाना भवन	भादों सुदी अमावस्या
उर्स जलाल शरीफ	जलालाबाद	रवि उल अव्वल–३
पीर बहराम मेला	बिढौली	अषाढ और जेठ की वृहस्पत
निसार अली मेला	जानसठ	जेठ के दूसरे शुक्रवार को
घाट मेला	जानसठ	चैत बदी द्वितीया
शाकुम्भरी देवी मेला	जानसठ	अषाढ सुदी पडवा
रथयात्रा मेला	जानसठ	भादों सुदी चौदस तथा फागुन सुदी चौदस
देवी मेला	तालरा	चैत तथा अषाढ सुदी अष्टमी
छडियों का मेला	तिसॉगा	सावन बदी नोमी
छडियों का मेला	बुखारी	सावन सुदी अमावस्या

कार्तिक मेला	सुकरताल	कार्तिक सुदी चतुर्थी
जेठ मेला	सुकरताल	जेठ सुदी नोमी
गणेश मेला	मीरापुर	सावन सुदी अमावस्या
उर्स	काकरोली	रवि उल अव्वल – १७
रामनोमी मेला	मीरापुर	चैत सुदी द्वितीया
छडियोंवाला मेला	खतोली	भादो बदी पडवा
उछाल सरा बगियान	वही	चैत मास
प्यारे जी मेला	रायपुर अहरना	चैत बदी षष्ठी
उर्स गरीब शाह मेला	सोरो	सावाल प्रथम
छडियोंवाला मेला	मुजफ्फरनगर	फागुन बदी पडवा मगलवार

२.५.२ जनपद मेरठ

नौचंदी मेला	मेरठ	चैत नया चांद आठ दिन के लिए
रामलीला	मेरठ	क्वार बदी तेरस–१२ दिन के लिए
छडियों का मेला	मेरठ	सावन बदी तेरस १२ दिन के लिए
रथयात्रा	मेरठ	अषाढ बदी तेरस १२ दिन के लिए
दुर्गा अष्टमी का मेला	सदर बाजार	क्वार बदी तेरस १२ दिन के लिए
गडियों का मेला	मेरठ सदर बाजार	सावन बदी तेरस १२ दिन के लिए
देवी का मेला	दौराला	चैत मास बदी तेरस १२ दिन के लिए
शाह रुकनुददीन उर्स	फफूँदा	रवी उल–सानी

२.५.२.२ तहसील सरधना

बूढ़ा बाबू	सरधना	चैत बदी द्वितीया से षष्ठी तक
जैन मेला	औरंगानगर	कोई निश्चित तिथि नहीं है।
जैन मेला	मालसेरा	कोई निश्चित तिथि नहीं है
जैन मेला	सलावा	कोई निश्चित तिथि नहीं है
जैन मेला	मालसेरा	कोई निश्चित तिथि नही है

२.५.२.३ तहसील मवाना

गगा स्नान का मेला	हस्तिनापुर	बैशाख मास
स्नान मेला	हस्तिनापुर	कार्तिक मास
छडियों का मेला	निलोहा	भादों
दशहरा	मवाना	क्वार
कुन्ती मेला	टीकरी	फागुन
छडियों का मेला	परीक्षतगढ	भादों

२.५.२.४ तहसील बागपत

शिव चौदस का मेला	बागपत तथा पुरा मे	फागुन बदी चौदस
बूढ़ा बाबू	खेकडा	भादो सुदी दौज से सप्तमी तक
घीसा संत मेला	खेकडा	फागुन मास में तथा अषाढ में भी
सारंगी मेला	खेकडा	अगहन मास
शिव चौदस का मेला	रटौल	
मखदूम सिराजुददीन चिश्ती	रटौल	

२.६ जनपद गाज़ियाबाद

कालिका देवी मेला	सिकरी खुर्द	चैत बदी सप्तमी से दशमी तक
शाह अब्दुल्लाह उर्स	बेहरा हाजीपुर	रबी उल–सानी
सती पूजा	समाना	वैशाख सुदी पंचमी
दूधेश्वरनाथ मेला	गाजियाबाद	प्रति सोमवार
देवी पूजा	डासना	चैत तथा क्वार मास में
मखूदम शाह उर्स	डासना	मोहर्रम

२.६.१ तहसील हापुड़

कार्तिक स्नान	गढमुक्तेश्वर	कार्तिक पूर्णिमा से
दशहरा	गढ़मुक्तेश्वर	जेठ/क्वार
भीकौती मेला	गढ़मुक्तेश्वर	बैसाख

सलौनी मेला	हापुड	सावन
बसत पचमी	शिवसारी	माघ
हजरत सबुसुददीन	अजराडा	अषाढ

२.७ जनपद सहारनपुर

२.७.१ सहारनपुर तहसील

गोगापीर	सहारनपुर	भादो वदी दशमी
शाकुम्भरी देवी	मुज्जफराबाद	क्वार सुदी

२.७.२ तहसील नकुड

कुतुब आलम	गगोह	जायद उर्स सैनीटर से
अब्दुल कुदुस	गगोह	२२ से २५ तक

२.८ हरिद्वार जनपद

२.८.१ तहसील रूडकी

सलाहउददीन उर्स	रुडकी	रवी उल अव्वल एकादशा
मकर सक्रांति	ज्वालापुर	माघ बदी चौदस
सोमवती अमावस्या	ज्वालापुर	माघ बदी चौदस
होली	ज्वालापुर	फागुन बदी चौदस
दीखअती	ज्वालापुर	चैत सुदी पडवा
सोमवती अमावस्या	ज्वालापुर	जेठ बदी अमावस्या
दशहरा	ज्वालापुर	जेठ सुदी दशमी
सोमवती अमावस्या	ज्वालापुर	क्वार सुदी अमावस्या
कार्तिक अमावस्या	ज्वालापुर	क्वार सुदी अमावस्या

२.६ जनपद बिजनौर

२.६.१ बिजनौर तहसील

रामलीला	बिजनौर	क्वार सुदी दशमी
बूढ़ा बाबू	बिजनौर	भादो बदी दोज
मीरान मौहम्मद	बिजनौर	माह के हर बृहस्पतिवार

मेजा साहब बेरसलार	बिजनौर	चेत के आखिरी बुद्धवार
छरी जहीर दिवान	बिजनौर	सावन सुदी दशमी
छरी जहीर दिवान	सुहारी बुजुर्ग	भादों बदी दशमी
छरी जहीर दिवान	सुहारी खुर्द	भादों बदी नवमी
छरी जहीर दिवान	गजरोला	भादो बदी दशमी
छरी जहीर दिवान	छलारी	भादो बदी नवमी
गंगास्नान	धारा नगर	कार्तिक सुदी अमावस्या
छरी जहीर दीवान	धारा नगर	सावन सुदी नवमी
छरी जहीर दीवान	पडरा	सावन सुदी नवमी
छरी जहीर दीवान	जहानाबाद	सावन सुदी नवमी
मादुईन	सिकन्दरपुर	सावन सुदी दोज
मैजाविल	भमोली	चैत की तीसरे बुधवार को
गुदरी	हलदौर	सावन सुदी तृतीया
देवी का मेला	सिकन्दरपुर	अषाढ के प्रत्येक सोमवार को
देवी का मेला	मनजवार	चैत सुदी अष्टमी
देवी का मेला	मनजवार	क्वार सुदी अष्टमी
नेजा वेल सालार	मडावर	चैत के दूसरे मगल को
छरी जहीर दीवान	मडावर	भादो सुदी अष्टमी तथा भादो बदी नवमी
छरी जहीर दीवान	शकरपुर	भादो बदी नवमी
छरी जहीर दीवान	इन्दरपुर	भादो बदी नवमी
छरी जहीर दीवान	शेमलापुर	भादो बदी नवमी
छरी जहीर दीवान	बादशाहपुर	भादो बदी नवमी
छरी जहीर दीवान	चन्द्रभानपुर	भादो बदी नवमी
कुलका देवी	चन्द्रभानपुर	अषाढ सुदी नवमी
छिपियों का मेला	मुहम्मदपुर	चेत सुदी सप्तमी एवं अष्टमी
छरी जहीर दीवान	मुहम्मदपुर	चेत सुदी नवमी

गगा स्नान	रानौली	मकर सक्रान्त
गगा स्नान	रानौली	कार्तिक सुदी अमावस्या
दशहरा	रानौली	जेठ सुदी दशमी
बूढा बाबू	शाहबाजपुर	भादो सुदी द्वितीया
शिवरात्री	बासी लुहानसी	फागुन बदी त्रियोदशी
रामलीला	चॉदपुर	क्वार सुदी द्वितीया से दशमी तक
छरी जहीर दीवान	सियाऊ	सावन सुदी अष्टमी
छारी जहीर दीवान	पिलाना	सावन सुदी अष्टमी
नेजा साहब उर्स	कीरतपुर	सावन सुदी अष्टमी

२.६.२ नजीबाबाद तहसील

नेजा सहाब मजार	अलीपुरा	साफर–४
नेजा सहाब मजार	रामपुरवाखारी	साफर–५
सुखवन्ती देवी	रामपुर बाखरी	चैत सुदी पंचमी
अन्नपूर्णा देवी	रामपुर बाखरी	चैत सुदी नवमी
दुर्गा देवी	रामपुर बाखरी	चैत सुदी नवमी
छरी जहीर दीवान	रामपुर बाखरी	सावन सुदी अष्टमी
छरी जहीर दीवान	शाहनपुर	सावन बदी चतुर्थी
छरी जहीर दीवान	दाऊदपुर	भादो बदी सप्तमी
छरी जहीर दीवान	फतेहउल्लापुर	भादों बदी अष्टमी
छरी जहीर दीवान	जलालाबाद	सावन बदी अष्टमी
देवी का मेला	छौददी	वैसाख बदी पंचमी
गगा स्नान	चॉद गोयला	कार्तिक सुदी अमावस्या
शिवरात्रि	हिमपुर पछदपुरा	फागुन बदी चौदश
बूढ़ा बाबू	पुरुषोत्तपुर	चैत बदी पंचमी
बसंती	छापरि	आषाढ़ बदी छटी से त्रयोदशी तक
बसंती	छापरि	आषाढ़ सुदी पंचमी

बसती	छापरि	सावन सुदी पचमी
छरी जहीर दीवान	किर्तरपुर	भादो बदी द्वितीय
छरी जहीर दीवान	बनेरा	भादो बदी नोमी
छरी जहीर दीवान	सीकरी	भादो बदी नोमी
छरी जहीर दीवान	कुनेहरा	भादो बदी नोमी
छरी जहीर दीवान	सिकन्दरपुर बाली	भादो बदी नोमी

२.६.३ तहसील नगीना

छारी जहीर दीवान	नगीना	सावन सुदी नौमी
शिवरात्री	नगीना	फागुन बदी चौदश
नेजा बेल सालार	नगीना	चैत के पहले बुद्धवार मे
रामलीला	नगीना	क्वार बदी पडवा से एकादशी
रामलीला	जाटपुरा	क्वार बदी पडवा से दशमी
रामलीला	अनवारपुर चादी	क्वार बदी पडवा से दशमी
रामलीला	टॉडा बैरागी	क्वार बदी पडवा से दशमी
छरी जहीर दीवान	टॉडा बैरागी	भादो सुदी सप्तमी
छरी जहीर दीवान	शेरगढ	भादो बदी सप्तमी
छरी जहीर दीवान	चॉदपुर	भादो बदी द्वितीया
छरी जहीर दीवान	अफजलगढ	भादो बदी नौमी
बूढा बाबू	अफजलगढ	भादो बदी द्वितीया
नेजा वेल सालार	अफजलगढ	चैत के तीसरे बुधवार के
नेजा वेल सालार	स्वाला	चैत के दूसरे बुधवार को
रामलीला	स्वाला	क्वार सुदी दशमी
छरी जहीर दीवान	स्वाला	भादो बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	मकसूदाबाद	भादो बदी नौमी

२.६.४ तहसील धामपुर

रामलीला	धामपुर	क्वार सुदी द्वितीया से दशमी तक

नबी करीम उर्स	मिर्जापुर	रवि उल्ल अव्वल – ११
देवी का मेला	फतेहउल्लापुर	प्रत्येक मास की अष्टमी को
नेजा तक सालार	फतेहउल्लापुर	चैत के दूसरे बुधवार को
छरी जहीर दीवान	खुजिस्ताबाद	सावन सुदी सप्तमी
छरी जहीर दीवान	फतेहउल्लापुर	सावन सुदी सप्तमी
छरी जहीर दीवान	शेरकोट	भादों बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	हमखेरा	भादों बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	मुहम्मदपुर पारमां	भादों बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	ऊमरी	भादों बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	रसूलपुर मुहम्मद काली	भादों बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	मकरपुरी	भादों बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	सुहागपुर जाटीयान	भादों बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	नवादकेसो मुहम्मदपुर सादात	भादो बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	पादली	भादों बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	स्योहारा	भादों बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	किवार	भादों बदी नौमी
छरी जहीर दीवान	पालनपुर	भादों बदी नौमी
उर्स आरिफ अली शाह	कोशपुर	रविउल शानी – १७
नेजा सेल मजार	निहातार	चैत के चौथे बुधवार को
नेजा सेल मजार	निहातार	सिम्मद उल आवाज –३
छरी जहीर दीवान	धानुपुरा	भादों बदी त्रयोदशी
छरी जहीर दीवान	गादल	भादों बदी नौमी
बूढ़ा बाबू	पुलशांदा खाखम	भादों बदी द्वितीया
पूजन मेला	पाडिला	चैत सुदी चौदश

मेला नटवर सिह	माजाह पुर	भादो सुदी दूसरे रविवार को
रामलीला	मुराना	क्वार सुदी द्वितीया से एकादशी
छरी जहीर दीवान	मुराना	भादो बदी नवमी
छरी जहीर दीवान	असगरपुरा	भादो सुदी नवमी
छरी जहीर दीवान	पियौना	भादो सुदी नौमी से अमावस्या
छरी जहीर दीवान	पुलशादा गगादास	भादो बदी नवमी
छरी जहीर दीवान	मुजाहिद पुर	भादो सुदी सप्तमी

इन पर्वो, त्यौहारो और मेलो के विवरण विभिन्न स्वॉगो मे स्थान–स्थान पर मिलते है। किसी एक पर्व त्यौहार या मेले का सन्दर्भ देकर अपनी बात की पुष्टि नहीं की जा सकती इसके लिए कुरु जनपदीय स्वॉगों का विस्तृत अध्ययन आवश्यक है। परिशिष्ट मे इन्हे सकलित किया गया है। उनमे अभिव्यक्त आस्थाओ से इन तथ्यो की पुष्टि हो जायेगी।

२.१० कृषि उद्योग

कुरु प्रदेश का प्रमुख उद्योग कृषि है। बहुत पहले यह क्षेत्र तराई का क्षेत्र था। खेती के साथ साथ तराई कुछ कम होती गयी किन्तु अपना उपजाऊपन धरती मे बराबर बना रहा। कुरु प्रदेश की लोक कथाओ मे ऐसे सकेत बराबर मिलते है कि पॉडवो ने कुरु प्रदेश के मुजफ्फर नगर जनपद के तराई क्षेत्र मे अज्ञातवास का एक वर्ष व्यतीत किया।

खेती, इस प्रदेश का मुख्य व्यवसाय है। खेती बिना बैलो तथा उपकरणो के सम्भव नही हो पाती। खेती के साथ–साथ जुडे होते है खेत और जगल, नदी, नाले, तालाब, रहट हल बैल नौकर–चाकर आदि। विभिन्न उपकरणो के सकेत कौरवी लोक स्वॉगो मे बराबर मिलते है। खेती के साथ–साथ कुछ अन्य व्यवसायी भी जुडे रहते है – लुहार, कुम्हार, बढई, तेली, नाई, चमार, सक्के आदि।

आजादी से पहले इन व्यवसायो को मजदूरी के रूप मे खेत मे से निर्धारित उपज दी जाती थी। यह अदायगी दुसेरी (दो सेर) पॅसेरी (पॉच सेर) आदि के रूप मे दी जाती थी। मेहनत के अनुसार किसी को एक पॅसेरी किसी को दो पॅसेरी अनाज दे दिया जाता था। इस परम्परा के सकेत कौरवी स्वॉगो में यत्र–तत्र मिल जाते है।

निष्कर्ष

भारतीय संस्कृति सर्वत्र मूलत एक है। उसके मूल तत्व एक है किन्तु स्थानीय सस्कारो के

कारण स्थानीय सस्कृति मे सूक्ष्म अन्तर हो जाता है। इसी आधार पर लोक–सस्कारो मे भी सामान्य भिन्नताएँ मिल जाती है।

वैदिक काल से ही कुरु–जनपद का वैदिक सस्कृति से सम्बन्ध रहा है। वैदिक सस्कार इस क्षेत्र की लोक–सस्कृति मे सर्वत्र मिल जाते है। काल की लम्बी अवधि मे इनमे कुछ परिवर्तन अवश्य हुए है किन्तु सूक्ष्म सप्रेषणीयता मे विशेष अन्तर नहीं है। यहॉ की स्थानीय सस्कृति के सस्कारो की जडे बहुत गहरी है। ये जडे इतनी विस्तृत और सूत्रोवाली है कि उनका उद्‌गम–स्थल जानना कभी-कभी असम्भव हो जाता है। कुछ भी हो यह क्षेत्र वैदिक सस्कारो और परवर्ती स्थानीय सस्कारो के सम्मिलन की अभूतपूर्व स्थली है। इस सस्कृति के विशेष तत्वो का अध्ययन इस अध्याय मे किया गया है। किन्तु इस और विस्तृत अध्ययन की अपेक्षा है। विस्तार-भय के कारण इन तत्वो पर यहॉ सक्षेप मे विचार किया गया है। स्वॉगों मे उपलब्ध सस्कृति के कुछ उदाहरण विस्तार से परिशिष्ट मे सगृहीत स्वॉगो मे देखे जा सकते है।

३. कुरु लोक-साहित्य और कुरु जनपदीय स्वाँग परम्परा

३. लोक शब्द की व्युत्पत्ति, व्याख्या, प्रयोग-परम्परा

'लोक' शब्द संस्कृत के 'लोक दर्शने' धातु से 'घञ्' प्रत्यय लगाने पर निष्पन्न हुआ है।

संस्कृत में सामान्यतः इस धातु का अर्थ 'देखना' होता है। लट् लकार में अन्य पुरुष एक वचन मे इसका रूप 'लोकते' है। इस आधार पर 'लोक' शब्द का अर्थ हुआ देखने वाला। वह समस्त जन–समुदाय जो देखता है 'लोक' कहलाएगा। लोक शब्द अत्यन्त प्राचीन है। साधारण जनता के अर्थ मे इसका प्रयोग ऋग्वेद में कई स्थानों पर मिलता है। ऋग्वेद में 'लोक' शब्द के लिए 'जन' का भी उपयोग किया गया है। ऋग्वेद पुरुष सूक्त में 'लोक' शब्द का प्रयोग जीव तथा स्थान दोनों अर्थो में किया गया है।

नाभ्या अस्तिदंतरिक्षशीर्जषर्णो्द्यौः समवर्त्तत।

पदम्या भूमिर्दिदश श्रोता तथा लोका अकल्ययन्।[१]

'लोक' शब्द का प्रयोग उपनिषदों मे मिलता है। जेमिनीय उपनिषद ब्राह्मण में कहा गया है कि यह लोक अनेक प्रकार से फैला हुआ है। यह सर्वत्र व्याप्त है। क्या कोई प्रयत्न से इसे पूरी तरह जान सकता है।

यथा बहुव्याहितो का अम बहुतो लोकः।

क एतद अस्य पुनरीहृतो अयात।।[२]

पाणिनि अष्टाध्यायी में लोक तथा 'सर्वलोक' शब्दों का उल्लेख है। प्रत्यय के योग करने से 'लौकिक' तथा 'सार्वलौकिक' शब्दो की निष्पत्ति होती है।[३]

इन परिभाषाओं से स्पष्ट होता है कि पाणिणि ने वेद से पृथक् लोक की सत्ता स्वीकार की है। इन्होंने अनेक शब्दों की निष्पत्ति बतलाते हुए लिखा है कि वेद में इसका रूप यह है परन्तु लोक में भिन्न प्रकार समझना चाहिए।[४]

वररुचि के वार्तिकों में भी लोक शब्द का प्रयोग है।[५] इन्होंने भी स्पष्ट किया है कि अमुक शब्द का लोक में इस रूप में व्यवहार होता है।

महाभाष्य का पतंजलि ने लोक में प्रचलित गौः शब्द के अनेक रूपों का उल्लेख किया है।

भरतमुनिकृत नाटयशास्त्र, चतुर्थ अध्याय में अनेक नाट्यधर्मी तथा लोकधर्मी प्रवृत्तियों का उल्लेख

---

१. ऋग्वेद–१०–६०–१४
२. जैमि, उप, ब्रा–३/२८
३. पाणिणि अष्टा ५–१–४४
४. वही, १–१२२
५. बहुल छदंति, २६७६ तथा ३४७३

किया गया है।

महर्षि व्यासकृत महाभारत आदि पर्व मे 'अज्ञानतिमिराधस्य लोकस्य' का प्रयोग इस प्रकार मिलता है।

अज्ञानतिमिराधस्य लोकस्य तु विवेष्टत ।

ज्ञानाजन शलाकार्भिउन्मीलन कारकम।।[1]

अज्ञानरूपी अधेलोक व्याधित लोक की ऑखो को ज्ञान रूपी अजन की शलाका से खोलने का कारण है।

महाभारत मे वर्णित विषयो मे लोक यात्रा का स्पष्ट उल्लेख है।[2] आदि पर्व मे अन्य स्थान पर पुण्य करनेवाले लोक का वर्णन किया गया है।

महर्षि व्यास ने एक स्थान पर लिखा है प्रत्यक्षदर्शी लोकाना सर्वदर्शी भवेन्नर[3]

जो लोक का प्रत्यक्षदर्शी है वही व्यक्ति सर्वदर्शी होता है। 'भागवतदगीता मे लोक तथा लोक सग्रह आदि शब्दो का प्रयोग मिलता है।

गीता मे श्रीकृष्ण जी ने लोक सग्रह पर बडा बल दिया है। वे अर्जुन से कहते है

कर्मणवेहि ससिद्धिमास्थित जनकादय

लोक सग्रहे वाणि मेपृश्यकर्तुमर्हसि।।[4]

यहॉ लोक–सग्रह से तात्पर्य साधारण जनता के आचरण व्यवहार तथा आदर्श से है

३.२ लोक-साहित्य

यूरोप मे साहित्य की विधा के रूप मे लोक–साहित्य को आरम्भ से ही नृविज्ञान तथा पुरातत्व विज्ञान मे सम्मिलित किया जाता रहा है। इस सम्बन्ध मे जौन आब्रे का नाम सबसे पहले आता है। जौन आब्रे ने १७वीं शताब्दी मे 'रिमेन्स ऑफ जेटिलिज्म एण्ड जुडाइज्म' नामक पुस्तक मे इस ओर सकेत किया था।' एक शताब्दी बाद जौन ब्रेड ने 'एण्टीक्विटीज' नामक पुस्तक के माध्यम से इस अध्ययन को आगे बढाया। इसके पश्चात् धर्म–ग्रन्थ तथा भाषा–विज्ञान के लिए भी लोक–साहित्य का अध्ययन किया गया। जर्मन भाषावैज्ञानिक ग्रिम बन्धुओ ने इस क्षेत्र मे महत्वपूर्ण कार्य किया। अठारहवीं शताब्दी मे बहुत से विदेशी बुद्धिजीवियो ने इसे नया नाम फोक्लोर दिया। बाद मे विभिन्न देशो के अन्य विद्वानो ने इस क्षेत्र मे व्यापक कार्य किया।

भारत मे लोक–साहित्य का अध्ययन १९वीं शताब्दी से आरम्भ हुआ। १९वीं शताब्दी मे सर विलियम

---

१ सिद्धान्त कौमदि २६७६

२ महा आप १८४

३ वही, १६६

५ गीता – ३ ३६–३ २२–३ ४४

जोन्स ने कलकत्ते में ऐशियाटिक सोसायटी ऑफ बँगाल नाम शोध–संस्थान की स्थापना की १९वीं शताब्दी में कुछ विद्वान अंग्रेज शासकों ने भारतीय संस्कृति को जानने और समझने की दिशा में प्रत्यन्त किया। इन्हीं दिनों भारतीय लोक–साहित्य की नींव पडी। भारतीय लोक–साहित्य के अध्ययन करनेवालों में एक अग्रेज सिविलियन तथा नृतत्ववेत्ता थे तो दूसरे ईसाई मिशनरी। अंग्रेज मिशिनरियों का सम्बन्ध शासक–वर्ग से था जबकि दूसरे धर्म–प्रचारक थे। इन्होंने भारतीय भाषा एवं साहित्य का गहन अध्ययन किया तथा जनता से भी सम्पर्क स्थापित किया।

भारत में लोक–साहित्य के अध्ययन का आरम्भ अंग्रेज़ों ने किया। कर्नल टाड ने सर्वप्रथम राजस्थान की सामाजिक अवस्था, रहन्–सहन, आचार–विचार, वेश–भूषा आदि का अध्ययन करके 'एनल्स एण्ड एण्टीक्विटीज ऑव राजस्थान' नामक पुस्तक लिखी। यह पुस्तक एक प्रकार से लोक–साहित्य की शुरुआत थी। अन्य पाश्चात्य विद्वानों ने तमिल, तेलगु, कन्नड, मलयालम तथा केरल के लोक–गीतों का अंग्रेजी अनुवाद प्रस्तुत किया। डाल्टन ने डेस्क्रिप्टिव एंथनोलोजी ऑव बँगाल की रचना की। उन्होंने बगाल की विभिन्न जातियों के विषय में भी जानकारी दी। काल्डवेल ने तमिल लोक–गीतों पर तथा एफ०टी० कोल ने पर्वतीय जातियों के सम्बन्ध में पुस्तकें लिखीं।

पाश्चात्य विद्वानों ने बंगाली लोक–कथाओं एवं लोक–साहित्य का संकलन किया। कुछ विदेशी विद्वानों ने पंजाब के वीरों की गाथाओं, दक्षिणी भारत के लोकगीत, लोककथाओं, बिहारी लोकगाथाओं, उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में ख्यात गोपीचन्द का भोजपुरी नामक 'बनइजरवा' गीत आदि लोक–साहित्य सम्बन्धी ग्रन्थ लिखे।

भारतीय विद्वानों ने भी इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया। इस दिशा में योगदान करनेवालों के नाम हैं : बँगाल में डॉ० आशुतोष मुखर्जी, डॉ० दिनेश चन्द सेन, अवनींद्र नाथ ठाकुर, मुहम्मद नसुरुद्दीन, जासीमुद्दीन, गुजरात में झबरेचन्द्र मेघाणी का नाम उल्लेखनीय है। बिहार में शरदचन्द्र राय तथा मराठी में कमलाबाई देशपांडे एवं पं० रामशरण द्वारा किये गए कार्य उल्लेखनीय हैं।

३.२ लोक-साहित्य सम्बन्धी विद्वानों के कार्यो का मूल्यांकन

इस क्षेत्र में इन भारतीय विद्वानों की भूमिकाएँ विलक्षण हैं : देवेन्द्र सत्यार्थी एवं राम नरेश त्रिपाठी। इन्होंने ग्राम–गीतों का प्रकाशन किया। इन्होंने उत्तर प्रदेश तथा पश्चिमी बिहार के लोक–गीतों, मुहावरों, कहावतों आदि का संग्रह किया। प्रोफेसर शिवकुमार शाण्डिल्य ने कौरवी लोकोक्तियों, लोककथाओं एवं लोकगाथाओं का संकलन सम्पादन किया। अन्य भारतीय विद्वानों ने ब्रज, राजस्थानी, अवधी, बुन्देलखण्डी,

मालवी, निमाड़ी, छत्तीसगढी, कौरवी, भोजपुरी आदि के लोक–साहित्य का विस्तृत अध्ययन किया।

महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन ने कौरवी के लोकगीत, लोककथाएँ एवं लोकसाहित्य एवं हिन्दी के गीत तथा कहानियॉ नामक ग्रन्थ लिखे। कौरवी लोक–साहित्य की दिशा में राहुल जी का यह प्रथम प्रयास था। राहुल जी ने कौरवी बुढिया से सुनकर गीतों का संकलन किया था। डॉ० सत्या गुप्ता ने खडी बोली का लोक–साहित्य नामक अपने शोध प्रबन्ध में गम्भीरतापूर्वक खड़ी बोली के लोकसाहित्य पर विचार किया। सुश्री गुप्ता ने घूम–घूम कर लोकगीतों का संकलन भी किया तथा श्रीमती सीता देवी दमयन्ती देवी ने **'धूल-धूसरित'** के नाम से प्रामाणिक संकलन प्रस्तुत किया। इन्होंने गॉव की स्त्रियो के मुख से सुनकर इन्हें लिपिबद्ध किया। यों तो लोक–वाणी को लिपिबद्ध करना नितान्त असम्भव है लोकवाणी का यह प्रयास काफी हद तक प्रामाणिक है।

३.३ लोक-साहित्य : स्वरूप एवं रचना-प्रक्रिया

यह कहना समीचीन है कि विकसित साहित्य की धारा की परम्परा भारतीय साहित्य में है। इस मौखिक साहित्य में अनेक सस्कृतियॉ सूत्र में मणियों के समान अनुस्युत हैं। इनमें परम्परागत विश्वास, आचार–विचार, प्रथाएँ, हर्ष–विषाद, अतीत–वर्तमान सभी कुछ सुरक्षित है। कौरवी लोकसाहित्य मे कथा एव स्वॉग का स्थान तो महत्वपूर्ण है ही यह व्यापक एवं प्रचुर अथाह निधि है। लोककथा के क्षेत्र में सबसे पहले भारत–भूमि को ही श्रेय जाता है।

भारतीय लोकसाहित्य अत्यन्त प्राचीन है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका प्रभाव ससार के प्रायः सभी सभ्य देशों के लोकसाहित्य पर प्रचुर रुपेण पड़ा है। यूरोपीय देशों में इनके प्रचार–प्रसार का कहानी लम्बी है। सर्वप्रथम भारतीय लोक–कथाओं कहानियों का अनुवाद अरबी और पहलवी भाषाओं में हुआ। इसके पश्चात् यूरोप की विभिन्न भाषाओं में इनके अनुवाद प्रस्तुत किये गये। यूरोप में प्रचलित 'इसाप्स' की कहानियों में भारतीय प्रभाव, स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है।

समस्त मानव समूह में दो प्रंकार की लोककथाएँ मिलती हैं। एक में तत्कालीन घटनाओं तथा अनुभवों का सलाप शैली में वर्णन किया जाता है। विज्ञान की दृष्टि से इनका अध्ययन जरूरी है क्योंकि ये गतिशील होती है और साहित्यिक सौन्दर्यरहित भी होती हैं। इनका क्षेत्र अत्यन्त सीमित है। लोक साहित्य की कथाएँ आगे चलकर 'मिथ' या पौराणिक कथाओं का रूप धारण कर लेती हैं। लोकसाहित्य अपने तत्वों के कारण साहित्यिक परम्परा की अँग बन जाता है। इसकी विषयवस्तु कलात्मक शैली के कारण साहित्यिक सौन्दर्य प्राप्त कर लेती है। इनका रूप गद्यात्मक तथा पद्यात्मक दोनों प्रकार का

होता है।

३.४ स्वॉग-स्वरूप एवं परिभाषा

साहित्य की प्रत्येक विधा की रचना के निम्नलिखित सोपान होते है

१ प्रत्यक्षीकरण

२ साहचर्य

३ सास्कृतिक–सामाजिक–परिवेशगत मान्यताएँ

पृथ्वी पर मनुष्य के सामाजिक–जीवन के साथ ही लोक–साहित्य का भी जन्म सम्भव हुआ होगा। मानवीय कलाओ मे कहानी कहने की कला तथा मानव द्वारा विचित्र अनुभूतियो को कथा का रूप प्रदान करना ही उसके जीवन की अपरिपक्व और अस्पष्ट जीवनदर्शन की अभिव्यक्ति दो रूपो मे हुयी

१ पौराणिक कथाओ के रूप मे

२ लोक कथाओ के रूप मे

लोक–कथाएँ विश्व भर मे व्याप्त मिलती है। इसमे लोक जीवन नाना रूपो मे प्रकट होता चला आ रहा है। मानव के दुख–सुख, रीति–रिवाज, आस्था एव विश्वास इन कथाओ मे अभिव्यक्ति होते रहते है। लोककथा का सगीतबद्ध रूप लोक–गाथा है। कुरु जनपद मे लोक–गाथा का सामान्य स्वरूप स्वॉग है।

डॉ सत्येन्द्र ने लोक–कथा के विषय मे लिखा है "लोक मे प्रचलित और परम्परा से चली आने वाली मूलत मौखिक रुप मे प्रचलित कहानियॉ लोक कहानिया कहलाती है।"[१]

लोककथा की अपनी परम्परा है। जिसमे लोक मानस के तत्व विशेष विद्यमान रहते है। जिसका उद्देश्य जनमनोरजन के अतिरिक्त प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से ज्ञानवर्धन भी हो वह 'लोक कथा कहलायेगी।

लोक–गाथा के सामान्य स्वरूप–स्वॉग–विषय पर विद्वानो मे पर्याप्त भेद रहा है। लोक–साहित्य के आरभ के विषय मे विद्वानों ने निम्नलिखित सिद्धात सामने रखे हैं ·

१. प्रसारवाद का सिद्धान्त

जिस प्रकार भाषा की उत्पत्ति के विषय मे निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता उसी प्रकार लोकसाहित्य की उत्पत्ति के विषय में भी कुछ नहीं कहा जा सकता। जिस प्रकार भाषा एक स्थान से दूसरे स्थान तक फैलती है और मनुष्य तथा उसके सारे समाजो में पहुँचती जाती है। कुछ विद्वान

---

१. हिन्दी साहित्य कोश, भाग १, पृ० ७४८

लोक गाथाओ का उदगम स्थान भारत या मेसोपोटामिया को मानते है। यहीं से लोक गाथाऐ विश्व मे चारो ओर फैली। ससार की लोकगाथाओ मे काफी तात्विक समानताएँ मिलती है। प्रत्येक देश तथा जाति मे कथातत्व की भिन्नताएँ अवश्य है।

२. प्रकृतिरूपकवाद

इस मत के विचारको का कहना है कि प्रकृति के जितने रूप एव घटनाएँ है कल्पना के माध्यम से उनका रूप पहले लोककथाओ मे और फिर लोकगाथाओ मे साकेतिक वर्णन मिलता है। चॉद का घटना बढना समुद्र का शान्त रहना और पूर्ण पूर्णिमा का मर्यादाहीन होना बिजली का गिर पडना आदि घटनाएँ देखकर मानव इनको अपनी कल्पना का आधार बनाता है। वह इन्हे भी मानव के रूप मे चित्रित करता है एव उनका मानवीकरण करता है। एक कम्बलधारी व्यक्ति के शरीर से कम्बल उतरवाने के लिए सूर्य और वायु की शर्त सूर्य का वायु को इस शर्त मे परास्त करना आदि प्राकृतिक घटनाओ को कथारुप प्रदान करना यह सब कल्पना से ही सम्भव हो सका।

३ मनोविश्लेषणवाद

फ्राइड ने लोक कथाओ का स्रोत मानवीय प्रवृत्तियो को माना है फ्राइड अचेतन मन को हमारी मूल आदिम वासनाओ का केन्द्र मानते है क्योकि काम शक्ति का कोश इस अचेतन मन मे ही है। वास्तव मे अचेतन मन का निर्माण प्रवृत्तिजन्य वासनाओ के दमन से होता है। ये दमित वासनाएँ प्रकाशन के लिए प्रयत्नशील रहती है। अचेतन की काम–प्रवृत्ति, वयस्क दृष्टि से विकृत काम–प्रवृत्ति है जिसकी दृष्टि सामाजिक जीवन मे असम्भव ओर अनैतिक है। वे दमित वासनाएँ स्वप्नो मे दैनिक जीवन की भूलो मे और अधिक प्रबल होने पर मानसिक रोगो मे व्यक्त होती हैं, इसके कारण व्यक्ति विचित्र, असाध ारण व्यवहार करता है पर कारण वह समझ नहीं पाता। विश्लेषण द्वारा दमित वासना–चेतन मानव मे आ जाये तो व्यवहार की विचित्रताएँ दूर हो जाती है। इस प्रकार ये यौन वासनाएँ बाहर निकलने का मार्ग ढूँढती है। इनका रूप बदलने से ही 'लोक' कथाएँ जन्म लेती है। एक राजा के सोलह रानियॉ थी। सोलह ही क्यो ? एक क्यो नहीं ? क्योकि मनुष्य की काम–वासना एक नारी से पूरी नहीं होती। वह अनेक से अपने सम्बन्ध रखना चाहता है। उसकी यही वासना अपना चौखटा बदलकर आती है। मेरी अनेक रानिया न रहकर अपने चेतन मन को छलता है। जब इस प्रकार लोककथा मे सोलह रानियो की चर्चा करता है तो वह राजा की जगह पर अपने को कल्पित करता है। इन मनोविश्लेषणवादियो का यही कहना है कि लोक कथाओ की उत्पत्ति इसी अचेतन मन मे दबी काम वासना से ही है जो

अपने चौखटे को छिपाकर **मुखौटा पहनकर** बाहर आना चाहती है।

ये ही लोक कथाएँ **बाद में** लोक–गाथाओ का रूप ले लेती है।

४. इच्छापूर्तिवाद

फ्राइड मानता है कि अचेतन मन की दमित इच्छाएँ चाहे वे यौनसम्बन्धी हो या अन्य, पूर्ति चाहती है। अपनी इन अपूर्ण इच्छाओं के लिए मनुष्य साहित्य या कला–सर्जन भी करता है। इसी पूर्ति के लिए मानव ने लोककथाओ का सर्जन किया होगा जिनमे राक्षस भूत, पिशाच, परियो आदि की कथाओ का जन्म होता है।

५. व्याख्यावाद

पौराणिक कथाओ की भॉति लोककथाओ एव लोकगाथाओ का कार्य अपने समय की रीतियो व्यवहारो, प्रथाओं तथा सामाजिक रूढियों की मनोरजक व्याख्या करना होता है। चिकित्सा–सम्बन्धी सिद्धान्तो की व्याख्या इन के माध्यम से होती है उदाहरणार्थ चिकित्सा शास्त्र में लहसुन को अमृत माना गया है। इसमे अम्ल को छोडकर सभी रस है। अत सस्कृत मे भी इसे 'रसोन' कहा गया है अर्थात् जिसमे एक रस 'ऊन' (काम) हो। इस सम्बन्ध मे कथा इस प्रकार है। सागर मथन के अवसर पर अमृत निकला तो उसकी प्राप्ति के लिए देवता तथा असुरो मे युद्ध होने लगा तभी गरुड अमृत कलश को उडाकर ले गये। ले जाते समय अमृत छलक कर नीचे गिरता गया। वह जहॉ–जहॉ गिरा वही लहसुन उत्पन्न हुआ। इस प्रकार लहसुन की उपयोगिता के लिए इस लोककथा का जन्म हुआ। इस प्रकार अन्य विषयों की व्याख्या के लिए भी लोककथाओ एव लोकगाथाओ का जन्म होता है।

६. विकासवाद

टायलर के अनुसार संसार मे मानव समाज की आधारभूत मानसिक समानता के कारण सभी मानवो का चिन्तन समान होता है। अत· सभी स्थानों पर एक–सी कथाएँ मिलती हैं। सिंड्रेला की कथा का उदाहरण दिया जा सकता है। सिड्रेला की सौतेली मॉ तथा सौतेली बहनो ने मिलकर उसे बन्द कर दिया और उसके साथ बुरा व्यवहार किया परन्तु उसकी असली मॉ की आत्मा की प्रेरणा से चूहों ने उसके बधन काट दिए। वह वहॉ से निकल भागी और अपने प्रिय राजकुमार से मिली। शादी करके आनन्द से रहने लगी। यह कहानी ससार में अलग–अलग रूपों में मिलती है। बहुत से रूपों में इस कहानी को सर्वत्र देखा जा सकता है।

७. यथार्थवाद

आदिवासियो मे यह प्रवृत्ति देखने को मिलती है कि वे यथार्थ घटनाओ का वर्णन बार–बार करते है। ये घटनाएँ या कथाए एक से दूसरे, दूसरे से तीसरे के कानो तक पहुँच, अपना रँग रूप बदलकर एक नये ढँग से परिवर्तित हो जाती है। इसमे प्राय अपने देश तथा जाति की बाते जुड जाती है। इसका स्वरुप इतना बदल जाता है कि परिवर्तित घटना का पता लगाना कठिन हो जाता है। कथानक तो बदल ही जाते है साथ ही पात्र तथा शैली तक बदल जाती है। एक नयी कथा ही जन्म ले लेती है जिसका आदि रुप यथार्थ होता है।

८. समन्वयवाद

उपर्युक्त सिद्धान्तो मे से कोई भी सिद्धान्त लोक कथाओ की उत्पत्ति के सम्बन्ध मे पूर्ण नही माना जा सकता। कुछ गुण–दोषो के होते हुए भी इन चार सिद्धान्तो को प्रमुखता दी जाती हे – १ प्रसारवाद, २ प्रकृतिवाद ३ मनोविश्लेषणवाद, ४ विकासवाद।

३.५ भारत में लोक-कथा की परम्परा

३.५.१ संस्कृत

वेद विश्वसाहित्य के प्राचीनतम ग्रथ है। ऋग्वेद के कई सूक्तो मे (जिन्हे सवाद सुक्तक कहते है) ऋषि शुन शेष तथा अन्य कथाएँ मिलती है। अपाला और आत्रेयी आदि की कथाएँ भी वेद मे सर्वप्रथम मिलती है। इसके अतिरिक्त भार्गव–शुकन्या, च्यवन, यम–यमी आदि की कथाओ का जन्म भी ऋग्वेद से होता है।

पुराण को वेदो की व्याख्या माना गया है। बिना पुराणो के अध्ययन के वेद को समझना असम्भव है। वैदिक देवो की व्याख्या पुराणो मे मिलती है। वेदो की कहानियॉ पुराणो की कथाओ मे आकर विकसित हुयी। 'शतपथब्राह्मण मे उर्वशी और पुरुरवा की प्रसिद्ध कथा है। शुन शेष की कथा ऐतरेय ब्राह्मण मे वर्णित है। 'शतपथब्राह्मण् मे दधिचि की अत्यन्त लोक–प्रिय कथा है। इन कथाओ का उत्स ऋग्वेद है।

संस्कृति मे लोक–कथाओ का अत्यन्त प्राचीन ग्रन्थ गुणाढ्य द्वारा रचित पेखाची भाषा मे ब्रहत्कथा है। सस्कृत के नाट्यकारो का यह प्रेरणा ग्रथ है। शुद्रक, भाण, हर्ष आदि अनेक साहित्यकारो को इसी ग्रन्थ से कथानक मिले है सस्कृत मे इसके तीन अनुवाद है।

३.५.२ बृहत्कथा श्लोक संग्रह

बुध स्वामी रचित। इसमे २८ सर्ग ४५३६ श्लोक है।

३.५.२.१ वृहत्कथा मंजरी

आचार्य क्षेमेचन्द्ररचित। वृहत्कथा श्लोकसग्रह ६वीं शताब्दी तथा वृहत्कथा मजरी ग्यारहवीं शताब्दी की रचना मानी जाती है। इसमे ७५०० श्लोक है।

३. कथा सरित्सागर

सोमदेव रचित। इसमे कुल मिलाकर २४,००० श्लोक है। इसका अग्रेजी अनुवाद पजर द्वारा 'ओशन ऑव स्टोरी' के नाम से किया गया है। इस 'वृहत्कथा' को पैशाची मे 'बडड कहा' नाम दिया गया है। वास्तव में 'कथासरितसागर' इसका सस्कृति–अनुवाद है। इसमे वासवदत्ता–सुमनोत्तरा ओर चेत्ररथी की कथाएँ है। देवस्मित और गुहसेन की कथा भी अत्यन्त प्रसिद्ध है। वास्तव मे यह लोक–कथाओ का सग्रह है।

४. पंचतंत्र

विष्णु शर्मारचित। पचतत्र भी सस्कृत का एक महत्वपूर्ण ग्रथ है। इसका पश्चिमी भाषाओं मे अनुवाद हो चुका है। इसे भारतीय कहानियो का विशेष ग्रन्थ माना जाता है। कहानियो के माध्यम से इस ग्रथ मे राजकुमारो को नीति की शिक्षा दी जाती है। यह ग्रन्थ पॉच खडो मे विभाजित है। इससे इसका नाम पचतत्र है। लोक–कथा की दृष्टि से यह अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रन्थ है।

५. पंचविंशतिका

राजा विक्रम से सम्बन्धित ग्रन्थ है। इसमे २५ कथाएँ है।

६. शुक-सप्तशति

सत्तर कहानियो का सग्रह अत्यन्त लोक प्रसिद्ध है। इसी की चौदहवी शताब्दी मे इसका अनुवाद 'तूतीनाम' के नाम से हो चुका है।

७. माधवानल-काम कंदला

भटट विद्याधर द्वारारचित है।

८. पुरुष-परीक्षा

विद्यापति द्वारारचित। लोक–कथा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

६. कथा-राशि

शिवादासरचित। मूर्ख और चोरों की पैंतीस रोचक कथाएँ हैं

इस प्रकार सस्कृत में लोक–साहित्य की समृद्ध विधा, लोक कथाओं का अक्षय भंडार है।

३.५.२ पालि

कथा की दृष्टि से पालि में जातकों का स्थान महत्वपूर्ण है। जातकों में भगवान बुद्ध के पूर्व जन्म की कथाएँ हैं। इन कथाओं मे राजा महाराज, सेठ साहूकार, पशु–पक्षी सभी आ जाते हैं। इसके कहने वाले स्वयं बुद्ध हैं। ये कहानियॉ नीति–प्रधान हैं। इनकी शैली पचतंत्राख्यान जैसी हैं। सूत्र पिटक के दोधनिकाय और *'माज्झि धम्म निकाय'* मे कई कथाएँ है। *'थेरगाथा'* तथा *'थेरीगाथा'* में भी कई सुन्दर कथाएँ हैं।

३.५.३ जैन साहित्य : (अपभ्रंश)

इसमें बहुत सी गाथाएँ हैं। 'नायाधम्म' कथाओं में अनेकरुपी कहानियां हैं। पडम चरिय (पदम चरित्र) और **'वसुवहिंडिका'** मे राम और कृष्ण की चरित्र कथाएँ हैं। इसमें प्रमुख कथाएँ जैसे – समशइच्च कहा, उपमितिभव प्रपंच कहा, तरंगवती आदि। फूतोख्यान तथा धर्म परीक्षा भी इसी प्रकार के प्रमुख ग्रन्थ है।

३.५.४ हिन्दी

हिन्दी में लोक का साहित्य अत्यन्त उच्च कोटि का है। डॉ० सत्येन्द्र ने हस्तलिखित ग्रन्थों का उल्लेख किया है जिसमे लोक वार्ता की परम्परा मिलती है। उन्होंने लिखा है – "और जब हम हस्तलिखित ग्रन्थों के शोध के पन्ने पलटते हैं तो हमें आश्चर्य में पड जाना पडता है। अनेक पुस्तकें हैं जो लोक वार्ताओ को स्पष्ट करती हैं"।[1]

डॉ० सत्येन्द्र ने प्रतिपादन की दृष्टि से उन पुस्तकों को साधारणतः सात भागों में बॉटा है।

१. लोक कहानी – इसमें वह पुस्तकें आती हैं जो लोक प्रचलित कहानियों के लिए हैं।

२. धर्म महात्म्य कथा – व्रत आदि से सम्बन्धित कथाएँ।

३. अवदान कथाएँ ।

४. वीर गाथाएँ।

५. साधु कथाएँ।

६. पौराणिक कथाएँ।

---

१. ब्रज लोक साहित्य का अध्याय, पृ० ४२५.

७ जन–कथाओ का वर्ग। इसमें विभिन्न लौलिक संस्कारों का उल्लेख है।

८ विविध

विभिन्न कथा–सग्रह। जैसे – सिहासन बत्तीसी, बैताल पच्चीसी, माधवानल–कामकदला, कथा चार दरवेश, हितोपदेश, माधवविनोद, शुक्र बहत्तरी। इनमें प्रसिद्ध कहानियों के सग्रह है। 'माधव विनोद' मे मालती माधव की कहानी ढोला तथा सेता का ढोला, ढोला मास की कहानी' से सम्बन्धित है। विक्रम–विलास, किस्सा कथा सग्रह मनोहर कहानियॉ, विविध कहानियों के सग्रह है। किसी–किसी सग्रह में सौ तक कहानियॉ है।[1]

इसी तरह कनक मजरी राजा चित्रमुकुट, चित्रावली, प्रेमपयोनिध, चंदन और मलयगिरि, रानी अम्बा, आमिली, सरवर और नीर कथा, मृगावती आदि की कहानियॉ विभिन्न रुपों में प्रसिद्ध हैं। सतकथा सम्बन्धी की कुछ कथाऍ है जिसमे महात्मा के चरित्र सम्बन्धी वर्णन मिलता है। कबीर, नामदेव, पीपा यशोधरा आदि की कथाऍ इसी प्रकार की हैं जिनमें चमत्कार का अधिक वर्णन है। ये लोक–वार्ता के अध है। इसी प्रकार किसी वीर पुरुष के वीर चरित्र का भी वर्णन है। चरित्र जब लोकवार्ता पद्धति मे लिखे जाते हैं। उन्हे अवदान कहते है। हरदौल, पन्नावीर मदे की बात, इसी प्रकार की कथाऍ हैं। लेकिन अधिकाशतः कहानियाँ जैनियो की है जो धर्मोपदेश का भाग मानी जाती हैं।

३.६ लोक-संस्कृति-मान्यताएं –

लोक–संस्कृति की निम्नलिखित मान्यताऍ है .

१ लोक–संस्कृति जीवन का सास्कृतिक रूप है।

२. लोक–सस्कृति की परम्परा मे सस्कृति का सौन्दर्य उस अभिजात सस्कृति से भिन्न है। जिसे पश्चिमी धारणा के अनुसार सस्कृति का एकमात्र रूप समझा जाता है।

३. लोक–संस्कृति ग्रामीण, वन्य तथाकथित पिछड़े समाज में शेष है।

४. लोक–संस्कृति एव धर्म का अद्भुत समन्वय है।

५. लोक–संस्कृति आकाश गगा की भॉति दयूलोक के से गुण प्रदान करती है।

६. लोक–संस्कृति सास्कृतिक रचना का संगम होता है।

७. लोक–संस्कृति में नवीन रूपों की बार–बार वाक्–रचना होती है। इसका साहित्य लिपिबद्ध नहीं होता।

८. लोक–संस्कृति समाज की सम्पत्ति और विभूति है।

---

१. ब्रज लोक साहित्य का अध्याय, पृ० ४२३.

९. लोक–संस्कृति अर्जित होती है।

१०. लोक–संस्कृति मनुष्य तथा समाज के बीच स्थायी रूप से विद्यमान रहती है।

इस आधार पर लोक संस्कृति के निम्नलिखित रूप माने जा सकते हैं ·

१. भिन्नता में एकता

२. आंतरिक स्थिरता।

३. मानवता और सहिष्णुता की भावना।

४. प्रकृति की उपासना।

५. सरल अमर सत्य।

६. सद्विद्या की प्रेरक।

७. आध्यात्मिक विकास में सहायक।

८. महापुरुषों के कथनों में अटूट विश्वास।

९. ज्ञान–पिपासा और ज्ञान का अर्जन।

३.७ लोक-वार्ता

लोक वार्ता में आदिम प्रवृत्तियों का उद्घाटन सहज भाषा में होता है। इस भाषा की विशेषताएँ हैं .

१. लोक–भाषा।

२. लोक–प्रचलित मुहावरों एव लोकोक्तियोंवाली भाषा।

३. ठेठ ग्राम्य एव जनपदीय शब्दावली।

४. परम्परागत पुराण कथाओं एवं मिथकों का प्रयोग।

५. लोक–प्रचलित प्रतीकों का प्रयोग।

लोक–शब्दावली बहुत सीमित होती है। लोक मानव अपनी सीमित शब्दावली में असीमित अर्थों को समाहित किए रहता है। लोक–भाषा में मुहावरों एवं लोकोक्तियों का प्रयोग व्यापक एवं प्रभावकारी रूप में होता है। लोकवार्ता की विशेषताओं को संक्षेप में इस प्रकार कहा जा सकता है[१] –

१. लोक प्रचलित रीति–रिवाज, देवी–देवता पूजा, अनुष्ठान एवं धर्मगाथा विषयक प्रसंग।

२. क्षेत्रीय अपमान।

३. लोक–नायकों की कथाएँ।

---

१. *प्रो० शिव कुमार शाण्डिल्य, कौरवी लोकोक्तियाँ, पृ० ६–७.*

४ पौराणिक आख्यानो के लोकव्यापी रूपो की अभिव्यक्ति।

५ वैदिक आख्याना के लोक–प्रचलित रूप।

६ लोक–प्रतिपादित दार्शनिक एव सैद्धान्तिक प्रणालियॉ।

व्रत त्यौहार जागरणपूजा अनुष्ठान एव संस्कार आदि से सम्बद्ध गीत, लोककथाओ के प्रमुख विभेद है। इनसे सम्बद्ध कथाएँ अनेक आयामी होती है।

३.६ लोकमानस

डॉ० शिवकुमार शाडिल्य के अनुसार – लोक मानस का स्वरूप इस प्रकार है[1] लोकमानस, लोक प्रचलित आस्थाओ, विश्वासो, मांन्यताओ, समय के चिरन्तन प्रवाह मे अर्जित सवेदनाओ, कल्पनाओ एव अनुभूतियों का आगार होता है या यो कहिये कि लोक मानसलोक की सतत् प्रवाहमान सास्कृतिक मान्यताओ एव भौतिक परिवेशगत विशेषताओ का समग्र चेता होता है। लोककथाएँ तथा लोकगाथाएँ किसी एक कथाकार की रचनाएँ न होकर सतत गतिशील एवं प्रवाहमान लोकमानस की रचनाधर्मी प्रकृति का प्रतिफल होती है। ये कथाएँ श्रुति–परम्परा से एक पीढी से दूसरी पीढी को प्राप्त होती है। इस दृष्टि से इन्हे लोक वेद की सज्ञा दी जा सकती है। इस रचनाओ मे सामूहिक अचेतन मन की रचनाकार को मानसी शाब्दी अभिव्यक्ति होती है।

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से

लोकमानस

क लोक सास्कृतिक परिवेशगत मान्यताएँ।

ख लोक भौतिक परिवेशगत सवेदनाएँ।

लोक-सांस्कृतिक परिवेश

धार्मिक आस्थाएँ – नियतिवाद – उदार मनोवृत्ति – तर्कहीन आस्थाएँ – अधविश्वास आदि।

लोक-भौतिक परिवेश

भोज्य पदार्थ, वस्त्रघर नदी पर्वत मैदान, पशु पक्षी, नौकर–चाकर, पारिवारिक जन, बर्जुआ एवं सर्वहारा वर्ग।

लोक–मानस को प्रभावित करनेवाले उपर्युक्त कारकों के प्रभाव की अभिव्यक्ति निम्नलिखित उपादानों से होती है।

१. लोक-ज्ञान

लौकिक संवेदनाएँ, प्रत्यक्षीकरण, ज्ञान, अन्त स्फूर्ति, स्मृति, कल्पना, सक्रिय, निष्क्रिय ग्रहणात्मक बौद्विक, व्यवहारिक, सौन्दर्यात्मक ज्ञान।

२. लोक-इच्छाएं

परस्पर स्नेह, सौहार्द, आदि मानवीय भावनाओं से प्रेरित क्रियाएँ।

३.८ लोक-साहित्य

लोक–साहित्य लोक–सांस्कृतिक प्रतिबिम्ब है। मनुष्य लोक का ऐसा प्राणी है जो सामूहिक अवचेतना का प्रतिफल अधिक है। लोक–साहित्य धरोहर के रूप में पीढ़ी–दर–पीढी चलता है। इसकी कोई भाषा, रचना–पद्धति और व्याकरणिक नियम नहीं होते। जो चीजें लोकचित्त से सीधे उत्पन्न होती है और जनसाधारण को आन्दोलित एवं प्रमाणित करती है वही लोकसाहित्य, लोकशिल्प, लोकनाट्य लोक कथानक आदि नामो से पुकारी जाती है। लोकसाहित्य शिक्षित समाज से अलग लोकमानस की अभिव्यक्ति का साहित्य है।

महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने हिन्दी साहित्य के विषय में कहा है कि हिन्दी लोकसाहित्य से मतलब यदि हिन्दी क्षेत्र के लोकसाहित्य से है तो इसमें जेसलमेर से पूर्णिया और केदार खण्ड बदरी से छत्तीसगढ़ी तक का लोक साहित्य आता है। भाषाओं की दृष्टि से इसमें भगही, भोजपुरी, अवधी, छत्तीसगढी, मालवी, मारवाडी, ब्रज, हरियाणी, पहाड़ी एवं बिहारी तथा मध्य प्रदेश की जनजातीय भाषाएँ हैं।

लोकसाहित्य में उस भाषा साहित्य की संरचना का महत्व रहता है। जो विशेष क्षेत्र की असख्य बोलियों के आधार पर भाषा का रुप धारण करती है। यह जन साधारण की भावनाओं, संस्कृति और सम्पूर्णता में विकसित हुआ शिष्ट साहित्य की संरचना का शुभारंभ करता है। लोक–साहित्य के अध्ययन के बिना सभ्यता एवं संस्कृति धर्म एवं रीति, कला और साहित्य, अभ्युदय एवं आकाक्षाओं का सूक्ष्म अवलोकन नहीं कर सकते।

लोकसाहित्य लोक संस्कृति का दर्पण है। लोक संस्कृति और साहित्य का आपस में निकट सम्बन्ध है। लोकसाहित्य लोकभाषा से जुडा है। लोकसाहित्य में सभी देशों का अद्‌भुत सौन्दर्य और माधुर्य रहता है। यह शिष्ट साहित्य का ही परिष्कृत रूप है।

भारतीय संस्कृति का सजीव चित्रण लोक साहित्य में हुआ है। पारिवारिक एव धार्मिक जीवन

सम्बन्धी दृष्य इस साहित्य में मिलते हैं। लोकसाहित्य में समाज के आदर्श सती साध्वी पतिव्रता नारियों का चित्रण तो हुआ ही है साथ ही ऐसे कर्कशा नारियों के चित्र भी मिल सकते हैं जो सुहाग को बचाने के लिए सूर्य भगवान की उपासना तक भी करती हैं। इसी साहित्य में माँ बेटियों के अलौकिक प्रेम का चित्रण भी मिलता है, साथ ही ननद भावज तथा सास बहु के दुष्ट व्यवहार की भी चर्चा मिलती है। भाई बहन के प्रेम का अंकन तो अनेक स्थलों पर मिलता है।

लोकसाहित्य सामान्य जीवन के सर्वांगीण तथ्यों को उद्घाटित करता है। देश एवं जाति का लोकसाहित्य में कई दृष्टियों से विशेष महत्त्व है। मौलिक स्वरूप के कारण इसमें अनेक विशेषताएँ दिखाई देती है जो शिष्ट साहित्य में समाप्त हो जाती है। लोकसाहित्य अपने व्यापक परिवेश में समस्त देश के जीवन की धार्मिक सामाजिक तथा सदाचारसम्बन्धी विशेषताओं को सुरक्षित रखता है। लोकसाहित्य का अध्ययन सामाजिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक, धार्मिक तथा नैतिक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है।

रासो, भुकरियों, जैन चरित काव्यों, नाथ पंथी रचनाओं, सन्तों की अटपटी वाणियों एवं मुक्तक पदों में लोक–जीवन के सजीव चित्र मिलते हैं।

लोकसाहित्य ने साहित्य को वृहत्कथा, कथासरित सागर आदि की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि प्रदान की है। यह साहित्य, श्रुतिपरम्परा से ही शिष्ट जनों को प्राप्त होता है। यह साहित्य लोकमानस की सहज और स्वाभाविक अभिव्यक्ति होता है। लोकसाहित्य की निम्नलिखित विधाएँ हैं .

१ लोकगीत २. लोकगाथाएँ

३ लोककथाएँ ४. लोरियॉ बुझेबल

५ लोकमंच पर खेले जाने वाले स्वॉग, नौटंकी, रास आदि।

६. लोकोक्तियॉ ७. मुहावरे व पहेलियाँ

८ टोने टोटके, ढकोसले, व्रत उपवास इदी आदि।

लोकसाहित्य का पहले रूप टोने–टोटके से मिलता है। प्रत्येक संस्कार, उत्सव तथा अनुष्ठान बगैर टोटके के पूर्ण नहीं होता। इनमें भूत–प्रेत भूतात्माओं (पितरो) संत फकीर, मसान तथा अनेक देवी–देवताओं का स्थान है। इन्हीं के अनुकूल चित्र रचना, मूर्ति–विधान, कथा–कहानी, संगीत–नृत्य, पूजा पाठ, भोजन–वस्त्र तथा ग्रह आदि की साज्जा मिलती है।

भारतीय परिवार में टोना, टोटका, अनुष्ठान, देवी देवताओं, भूत–प्रेत भूतात्माओं आदि का स्थान है। आदिम से लेकर आधुनिकतम मनोवृत्ति में लोक–मनोवृत्ति का संकेत लोकसाहित्य में मिलता है।

३.६ कौरवी भौतिक संस्कृति

कुरु प्रदेश के लोकमानस के सास्कृतिक अध्ययन के पश्चात् यहॉ का भौतिक अध्ययन भी अनिवार्य हो जाता है। लोक–साहित्य, लोक–मानस की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। यह प्रदेश आरम्भ से ही भौतिक दृष्टि से समृद्ध रहा है। यहॉ के मु नस ने जहॉ एक ओर आध्यात्मिक आधार बनाया, वही दूसरी ओर यहॉ के लोकमानस ने भौतिक ससाधनो का भरपूर दोहन किया।

लोकसाहित्य के माध्यम से भौतिक सस्कृति को भी उजागर किया जा सकता है। परिवेशीय भोज्य पदार्थों , वेश–भूषाओ, वस्त्रो, आभूषण और सौन्दर्य–प्रसाधनो का चित्रण लोक–साहित्य में मिलता रहा है। दूसरी ओर इनमे नौकर–चाकर, मजदूर–वर्ग, पारिवारिक जनजीवन, घर, नदी, जंगल, मैदान पशु–पक्षी आदि सभी का स्थान–स्थान पर वर्णन मिलता है।

३.६.१ भोज्य पदार्थ

कुरु जनपद मे आरम्भ से ही खती को महत्व दिया गया है। यहॉ के मुख्य आहार, गेहूँ, चना और मक्का रहे है। जौ, ज्वार और बाजरे का भी उपयोग होता है। उच्च वर्ग के अधिकतर लोग गेहूँ और चने का प्रयोग करते है जबकि निम्न वर्ग के लोगो मे मक्का ज्वार व बाजरे का उपयोग भी मिलता है।

खेतिहर प्रदेश होने के कारण यहॉ गाये और भैसे बहुतायत मे पायी जाती है। कृषक तथा कृषि से सम्बन्धित व्यक्ति, गाय, भैस पालते है और उससे उत्पन्न आहार पदार्थो जैसे दही, मट्ठा, घी आदि का भरपूर प्रयोग करते है। छोटे वर्ग के लोग आजादी से पहले चने की रोटियॉ कभी–कभी प्याज के साथ खा लेते थे। इनके सकेत लोक–साहित्य मे मिल जाते है। आजादी के बाद देश में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। आज चना निम्न वर्ग एव उच्च वर्ग के लोगो के लिए मुश्किल से मिलता है। पहले लोक मे अतिथि का सत्कार दूध से किया जाता था। आजकल उसका स्थान चाय ने ले लिया है। पहले दूध बेचना पाप माना जाता था, अब दूध बेचना लोक की आवश्यकता है। आजकल घी बेचकर भी धन कमाया जाता है। इन तथ्यो के सकेत भी स्थान–स्थान पर मिल जाते है। गरीब लोग चने की रोटी या टिक्कड खाते है। कभी–कभी तो वे पलोथन लगी रोटी भी खा लेते है वैसे ज्यादातर अलोनी (पानी के हाथ की) रोटी बनायी जायी है।

लोक–साहित्य मे बडे लोगो की दावतो मे दियेजाने वाले इन पदार्थो के संकेत मिलते है – पूरी, कचौडी, सुहाली, पूडे, सक्कर पारे, मठरी, हलुवा, चाट, जलजीरा, टिकिया, पडाके, समोसे, दही–बडे,

सेब, मठ्ठी, गुजिया, मगध के लड्डू गुलदाना। परिशिष्ट में दिए गया स्वॉगों में इन वस्तुओ का जिक्र है। बूंदी के लड्डू, गुलाब जामुन, बालूशाही, रसगुल्ला, मावे की बरफी, सोहन पपडी, गाजर का हलवा, मोहन भोग, जलेबी, इमरती, गुलदाना, मगध के लड्डू, बेसन के लड्डू, सोन हलवा, कलाकन्द, लपसी हलवा, लौंज, पेड़े, इलाची दाना आदि।

उच्च वर्ग और निम्न वर्ग के भोज्य पदार्थ में जमीन और आसमान का अन्तर देखने को मिलता है। निम्न वर्ग के लोग खिचडी और लस्सी को बहुत बड़ी चीज मानते हैं। खिचड़ी में घी पड जाये तो समझिये कि जीवन भर का आनन्द प्राप्त कर लिया।

३.६.१ वेशभूषा, वस्त्र-आभूषण, सौन्दर्य-प्रसाधन आदि

कृषकों की वेषभूषा में कुर्ता, धोती, पगडी अथवा गॉधी टोपी है। पैरों में चमडे की जूतियॉ भी पहनी जाती थी। (आजकल इसका स्थान प्लास्टिक की हवाई चप्पलों ने ले लिया है।

लोक–साहित्य मे पुरुष तथा स्त्रियों के लिए कपड़े लत्ते का प्रयोग किया जाता है। उच्च वर्ग के लोग मखमली और रेशमी कपडे पहनते हैं जबकि निम्न वर्ग के लोग गाढ़े (खद्दर) के कपडे पहनते है। कभी–कभी मेहमानदारी के लिए किसी उच्च घराने के आदमी से कपड़े मॉगकर ले जाते हैं जिन्हें मॅगेनू कहते हैं। बडे–बूढो को जवान लोग या गरीबों को अमीर लोग पहनने के लिए अपनी उतरन दे देते हैं। गरीब आदमी दो बिलॉद की लॅगोटी और फटे–पुराने कुर्ते से काम चला लेता है। शादी–विवाह के अवसर पर सिर पर पगडी पहनी जाती है तथा गले में दुपट्टा डालते हैं। छोटे बच्चे सुतन्ना (पायजामा) पहनते हैं। बड़े लोगों में भी कहीं–कही पर धोती के स्थान पर पायजामे का रिवाज है। धोती–कुर्ता और अन्य वस्त्र मिलाकार त्यौहार पर अपनी लडकी और लड़की की सास के लिए तीहल भेजी जाती है। वैसे तीहल से तात्पर्य इन तीन वस्त्रों से है : धोती, कुर्ता और ओन्ना (ओढना)। जब तीहल बहुत सस्ती होती है तो उसे दिखावे की तीहल कहा जाता है। शादी के अवसर पर दुल्हे को मोहर (मोड) बॉधा जाता है और अंगरखा तथा पायजामा पहनाया जाता है। आधुनिक लोक–साहित्य में अंगरखे और पायजामे का स्थान पैंट, बुशर्ट ने ले लिया है। टोपी, कुरु प्रदेश में विवाह शादी के अवसर पर अवश्य पहनी जाती थी।

बच्चों को ढ़ीला–ढाला कपड़ा पहनाया जाता है इसे झबला कहा जाता है। झबले के संकेत कई जगह मिल जाते हैं। इस प्रदेश में अधिकांशतः रेशम, पापलीन, मलमल, डोरिया, गाढ़ा और खद्दर के कपड़े पहनाए जाते हैं। छोटे बच्चो को कच्छा पहनाया जाता है। लॅगोटी भी बॉधी जाती है। कभी–कभी

घुटन्ना और जाँगिया भी पहनाये जाते हैं। ओढने और बिछाने के कपडो में दुलाई, दोहर, खेस, दरी, चद्दर, रजाई, गद्दा, लिहाफ, कम्बल, तकिया के संकेत मिलते हैं। बच्चों के नीचे पोतडा बिछाया जाता है। जाड़ों में ऊनी, शाल, दुसाले और कम्बल ओढते हैं, लोई भी ओढते हैं। गले में गुलीबिद बॉध ाते हैं। ठगों से बचने के लिए रुपये कमर में फेंटा में बॉधकर ले जाते हैं। कभी–कभी बटुए, थैली एवं थैले का भी प्रयोग होता है। व्यापारियों के पास लट्ठा, मलमल, मारकीन, धूप–छॉव, नैनसुख और ऊन के कपड़े मिलते है।

शादी के अवसर पर चॉदनी–गलीचों आदि का प्रयोग होता है। औरतें अधिकतर टुकडी–ओढना, ओढ़नी, कमीज़ पहनती हैं। सिर पर कभी–कभी लाल रंग के दुपट्टे भी बॉधती हैं। छोटी बच्चियॉ घाघरी बॉधती हैं। लंहगे में दामन या गोट लगायी जाती है। यह दामन मखमली फूलदार पटटी की होती है जिसे लहस कहते हैं। बडे घरों की औरतों के लंहगे में झालर लगायी जाती है।

इन सब वस्त्रों–आभूषणो के सकेत स्वॉगों में मिलते हैं।

३.६.२ स्त्रियों के आभूषण

कुरु जनपदीय लोक–स्वॉगों में संकेत मिलते हैं कि अमीरों, राजघरानों की स्त्रियॉ गले में सोने की जंजीर पहनती थी। कान में झुमके, झुमकी, झाले, माथे पर दॉई–बॉयी और झूमरवाले कुण्डल बुन्दे कर्ण फूल पहनती थी। नाक मे नथ, बेसर, लोंग तथा गले में गुलुबंद, टीप, कठा हॅसली जयमाला, चम्पाकली, बारह मोहर का झालर पहना जाता था। कमर में कौंधनी, तगडी, पॉव में लच्छे पहनती थी जो इमरतीया या सुतिया होती थी। पैरों में झामर, पैंजनी, कडे, रमझोल, तोड़िए, रेशम पट्टी पहनती थी। सुहागिन औरतें पैरों में बिछुए पहनती थी। विधवा होने पर बिछवे उतार कर रख दिये जाते हैं। कोहनी के ऊपर टट्डे बाजुबद पोंहचों में पछल्ली कड़ा, पहुँची, दस्ताने आदि पहनती थी। अॅगूठे मे हीरे, सोना, चॉदी की अॅगूठी पहनती थी।

निम्न वर्ग की औरतों के विषयों में संकेत मिलते हैं कि उनके पास पहनने–ओढने के लिए कोई खास चीज नहीं होती। तन ढकने के लिए ये केवल फटे हुए लॅहगे कुर्ते आदि से काम चलाती हैं।

बच्चों के गले में कठुला, पैरों में खडुए या पैंचनी, गले में कंठा तथा ताबीज पहनाया जाता था। कभी–कभी बच्चों के कान छेदकर मुरकी भी डाली जाती थी। वास्तव में कान–छेदना एक प्रकार का टोटका है जिस घर में बच्चे लगातार होने के बाद मरते चले जायें वहॉ इस प्रकार का टोटका किया जाता है। बालकों के मुण्डन के अवसर पर अपनी शक्ति के अनुसार बच्चों को आभूषण दिये जाते हैं।

पुरुष के कुर्तों में चांदी, सोने के बटन लगाने की परम्परा भी मिलती है।

३.६.३ सौन्दर्य-प्रसाधन

नाइन बड़े घर की औरतो की चुटिया गुँथती है। बालो में तेल डालकर उन्हे कघी से अच्छी तरह साफ करती हैं। बडे घर की औरते रोजाना उबटन और तेल लगाती हैं जबकि गरीब परिवारो मे उबटन और तेल सिर्फ शादी–विवाह के अवसर पर ही लगाया जाता है। नए स्वॉगो मे पाउडर, क्रीम , लिपिस्टिक, नेल–पालिश आदि के सकेत मिलने लगे है। उच्च वर्ग की औरतें इतर तथा दॉतो मे मिस्सी लगाती थी। आदमियों के साज–श्रृंगार मे अधिकतर मूछों पर बल दिया गया है। नाई दाडी तो साफ करता है। लेकिन मूछो से हाथ नही लगा सकता। वैसे अपने मालिक के हुक्म पर वह उसकी मूँछ से सफेद या काले बाल कैंची से काट सकता है। औरत तथा मर्द दोनो ही ऑखो मे काजल लगाते है। वैसे स्त्रियों के सौन्दर्य–प्रसाधन मे उनके गहनो एव वस्त्रों का ही प्रयोग किया जाता है।

३.६.४ नौकर, चाकर एवं मजदूर वर्ग

मजदूर वर्ग के अन्तर्गत बढई, खराद्दी, छिप्पी, सुनार, लुहार, चमार, भडभूजा, हलवाई, राज या कारीगर, दर्जी, जुलाहे कुम्हार, सिकलीगर, पटवे, ठठेरे, तमोली आदि के सकेत स्वॉगो मे मिलते है। इनका विवरण इस प्रकार है।

३.६.४.१ बढ़ई :

लकड़ी के काम करनेवाले कारीगर को बढई कहते है। लकडी के काम मे अनाडी या बहुत कम जानकर बढई कठबिगरा, ठोट या ठोटुआ कहलाता है। एक ज्वारे (दो बैलो का एक हल को कहते है) पर बढई को मजदूरी के रूप मे किसान के यहॉ से कार्तिक, बैसाख, रबी और खरीफ की फसल के बाद में एक पंसेरी अनाज मिलता है। यह अनाज मजदूरी के आधार पर भी दिया जाता है। यह सेवा विभिन्न औजारों से करते रहते है जैसे गोलची, मुटका, झिरी का रंदा, पतामी, गोजिया गल्तिया, इकदस्ती, कौर का रन्दा, गुज्खा पिया आदि।

३.६.४.२ खराद्दी

अड्डे पर लकडी की कोई चीज चिकनी सुडौल और चमकदार बनाकर खराद, खराद चढायी या खराद उतार दी जाती है। खराद करनेवाले व्यक्ति, खरादी, कुँदेरा या कुनेरा कहलाता है। खरादने मे लकड़ी के ऊपर से जो छीलन गिरता है उसे खरेद कहते है। बहुत बारीक खरेद बुरादा कहलाती है। इसमें निम्नलिखित औजारों के माध्यम से कार्य होता है। मरगला (कोटा), मॉठना (नहॉ) बसोला,

रेगमाल, बोरनी, हथौड़ा, नपत, कालापात, (कम्पास), परकार आदि। स्वाँगों में इनके संकेत मिलते है।

३.६.४.३ छीपी

कपड़ों पर छपाई करनेवाले कारीगर को छपेरा, छिपेरा या छीपी कहते हैं। कपडा रगनेवाला कारीगर रंजरेज कहा जाता है। रगरेज, मुसलमानों तथा छीपी–हिन्दुओं में एक जाति है। ऐसे सकेत स्वाँगों में जगह–जगह मिलते हैं। .

३.६.४.४ सुनार

सोने और चाँदी के आभूषण बनानेवाले कारीगर को सुनार कहते हैं। गहनों को माल, चीज या जेवर भी कहते हैं। लोककथाओ मे सुनारगीरी करनेवाले के लिए एक खास तोल का सोने का डेला अथवा सिक्की की भाँति गोल सोना, पाँसा होता है। पहले एक पाँसे का सोना, २६ तोले आठ मासे होता था। कहीं–कहीं लोककथाओ में यह सकेत भी मिलता है कि तीन मासे से लेकर ५ तोले के पासे होते है 'अर्थात् मूल्यवान आभूषणो को बनाने को सुनार कहते हैं।

३.६.४.५ लुहार

लोहे के औजार तथा लोहे से बनी वस्तुएँ बनानेवाला शिल्पकार, लोहकार, कुहार कहलाता है। हल की फाली, खुरपे, फावडे गडासे और दराँत आदि बनाते हैं। जो हथियार मैथरे हो जाते है तो उन्हें नुकीला बनाने के लिए उन्हे पानी पर चढ़ाया जाता है, उन पर पानी धरना, धार धरना चाँटना या खोटना उनका काम है। ये सारी क्रियाएँ स्वाँगों में बराबर मिलती हैं।

३.६.४.६ भडभुजा

अनाज के दाने भूननेवाला भरभूजा या भडभुजा कहलाता है। बालू और आग से भरा हुआ पोला छतदार चबूतरा–सा, जिसमे स गर्म बालू निकाल कर दानों को जो भूनता है, भडभूजा कहलाता है। वैसे जमीन पर छोटा–सा गड्ढा करके भी छोटे–मोटे लोग यह कार्य कर लेते हैं।

३.६.४.७ हलवाई

मिठाई, पकवान बनानेवाला और बेचनेवाला व्यक्ति हलवाई कहलाता है। हलवाई अपना पकवान कढाई में सेंकता है। कढाई मे उठाने के लिए दो गोल कुन्दे लगे रहते है जिन्हे कान कहते है। इस सम्बन्ध में एक पहेली प्रसिद्ध है

चाच्ची के कान, चच्चा के कानई ना।

चाच्ची स्यानी बड्डी, चच्चा कछु जानई ना।।

इस तरह का संकेत भी स्वॉगों में मिलते हैं। लोक–साहित्य में आजकल हलवाई स्वरुप बदल गया है।

३.६.४.८ राज या कारीगर

मकान बनानेवाला कारीगर राज या मिस्त्री कहलाता है। प्रायः मकान ईटो के बनाये जाते है लेकिन किसान अपनी झोंपडी गोद, गीली मिट्टी के लौंदें से दिवार छापते और बनाते हैं। इस तरह बनायी हुयी दीवार गोंदरी भीत कहलाती है। जबकि एक मूँद (मुश्त) मजदूरी और निश्चित समय म मकान बनाने के लिए तय कर दिया जाता है तो उसे ठेका कहा जाता है। जब रोजनदारी (प्रतिदिन) की निश्चित मजदूरी पर काम कराया जाता है उसे 'अमानी का काम' कहते हैं। इस कार्य के सकेत स्वॉगों में मिलते हैं।

३.६.४.९ दरज़ी और रफूगर

कपड़े नापकर तथा काटकर सीनेवाले कारीगर को दरजी कहा जाता है। काट–छॉंट करने के बाद जो चीर कत्तरें दर्जी के पास रह जाती हैं उन्हें छॉटन, कतरन कहते हैं। लोक में दर्जी और सुनार के विषय में एक कहावत भी है कि सुनार अपनी बहु की नथुनिया में–से और दरजी मॉ की अगियॉ में से भी बचाकर अपने पास रख लेते हैं।

रफूगरी भी दर्जी से मिलाजुला ही कार्य है। यह फटे या अच्छे कपडे मे छेद आदि होने पर उसे धागे से बुनकरों की तरह रफू कर देता है जिससे कपड़े की आयु कम नही होती। ऐसे कारीगर को रफूगर कहते हैं।

३.६.४.१० जुलाहा

कपड़ा बुनने का कार्य करनेवालो को जुलाहा कहते हैं। मुसलमानों में जो जाति कपडा बुनती है, उसे जुलाहा कहा जाता है। कौरी तथा जुलाहों के विषय में बहुत सी लोकोक्तियॉ भी प्रचलित है।

सूत ना कपास, कौरिया तै लट्ठम लट्ठा।

गाढ छोड़ि के बाहिर जाय, नाहक चोट जुलाही खाय।

३.६.४.११ कुम्हार

मिट्टी के बर्तन बनानेवाला कारीगर कुम्हार कहलाता है। हिन्दुओं में कुम्हार एक जाति है। इस जाति के लोग अपने को परजापत कहते हैं ये लोग मिट्टी के बने एक गोल से पाट (चाक) पर बर्तन बनाते हैं जो एक विशेष कारीगरी का द्योतक है। कबीर ने भी कुम्हार के विषय में काफी लिखा है। स्वॉगों में भी इनकी कार्य–कुशलता का विशेष वर्णन मिलता है।

३.६.४.१२ सिकलीगर

लोहे के हथियारो को पैना करनेवाला तथा चमकानेवाला कारीगर सिकलीगर या सिकलगर कहलाता है। ये लोग हथियार विभिन्न रूप से चमकाते थे जैसे मसाण (विशेष पत्थर) से आदि। लेकिन कुरु प्रदेश में कही-कही पर स्वॉगो मे यह भी सकेत मिलते हैं कि जॅगलों में आखेट करनेवाले लोग सिकलीगर कहलाते थे।

३.६.४.१३ पटवा

गले और हाथ के कुछ गहने डोरो मे पिरोये जाते है तब ही वह पहनने योग्य होते है। ऐसे गहनो को डोरों में सजानेवाला कारीगर पटवा कहलाता है। सुनार और सराफो की दुकानो के पास मे प्रायः पटवे अपनी दुकान लगाते है।

३.६.४.१४ ठठेरा

कॉसे-पीतल आदि के बर्तन बनानेवाला तथा टूटे-फूटे बर्तनो को ठीक करनेवाला कारीगर ठठेरा कहलाता है। ठठेरा चार बातो को ध्यान मे रखकर बरतन बनाता है जैसे तपाई, मठाई या परसाई, जुहाई ढलाई आदि।

३.६.४.१५ तमोली

पान बेचनेवाला तमोली कहलाता है। पान की बेल को सस्कृत मे नागवल्ली कहते है। सम्भवत पान, नाग जाति का मुख्य प्रसाधन रहा होगा। इसलिए बेल का नाम नागवल्ली पड गया।

पान के टुकडे पर चूना कत्था आदि लगाकर फुटकर रूप मे बेचनवालो को पनवाडी कहा जाता है। तमोली बिना लगे पानो को थोक मे बेचते है और महोबे (बुन्देलखण्ड मे एक स्थान) और सेकुडे (बांदा जिले में एक गॉव) आदि स्थानो मे जाकर पान की खरीद करते हैं। तमोलों का कहना है कि पान की बेल जिस खेत मे बोई जाती है वह पॉच बराबर के हिस्सो में बॅटा रहता है। प्रत्येक हिस्सा कोणी कहलाता है। प्रत्येक कोणी पलागियो मे और प्रत्येक पलागी कुन्तूसों में बॅटी रहती है। एक कन्तूस मे सौ पान के पौधे लगाये जाते है। खेत की बटौती (विभाजन) इस प्रकार होती है

१०० पान बेले	–	१ कुन्तुस
२५ कुन्तुस	–	१ पलागी
४० पलागी	–	१ केणी

३.६.५ उच्च, मध्य एवं निम्न वर्ग का पारिवारिक एवं जनजीवन

३.६.५.१ उच्चवर्ग

कुरु जनपद मे आजादी से पूर्व उच्च वर्ग मे जमीदार, साहूकार, पटवारी, राजकीय कर्मचारियो को सम्मिलित किया जाता था। ये लोग मध्यम एव निम्न वर्ग के शोषक भी रहे है। वर्ग के लोगो का खान–पान रहन–सहन अत्यन्त विलासी था। ये अपने हित के लिए गलत से गलत कार्य भी कर सकते थे। गरीब लोगों को सताना और बेगार लेना इनका मुख्य कार्य था।

आधुनिक चितक कार्ल मार्क्स का परिभाषा के अन्तर्गत इन्हे बुजुर्आ वर्ग के अन्तर्गत रखा जा सकता है। सामान्य जनजीवन की दृष्टि से ये शान शौकत, बाहय आडम्बर और दिखावे बहुत रखते थे। इसी पर इनका अधिकाश व्यय हो जाता था। इनके घर की औरतें आभूषणो से लदी रहती थी। बेशकीमती चीजें उनके लिए उपलब्ध करायी जाती थी। स्वॉगों मे स्थान–स्थान पर उच्चवर्गीय रहन–सहन का विस्तृत विवरण मिलता है।

३.६.५.२ मध्यवर्ग

इस वर्ग मे जमीदारो के कारिन्दे और राजकीय कर्मचारी आते हैं। ये लोग अपने से ऊँचे लोगो की मदद करते थे। प्राय ये उच्च वर्ग के शोषण का शिकार भी हुआ करते थे। उच्च वर्ग के लोग इनका प्रयोग हथियार के रुप मे करते थे। काम पूरा हो जाने पर इन्हे निकाल फेंक दिया करते थे। अवसर पडने पर मध्यम वर्ग के लोग निम्न वर्ग के शोषक बन जाते थे। इस श्रेणी में गॉव के चौकीदार पचायत के पचो को सम्मिलित किया जा सकता है।

३.६.५.३ निम्नवर्ग

इनमें नाई, धोबी, चमार आदि आते है। उच्च वर्ग के लोगो के द्वारा इनके शोषण की अनेक घटनाऍ स्वॉगों में देखने को मिलती है। इस वर्ग के लोगों का जीवन अत्यन्त कष्टमय हुआ करता था। इनको आज पेट भरा कल की चिता रहती थी। लगातार मेहनत करने के बाद भी दो जून रोटी मिलना कठिन था।

ज़मीदारी उन्मूलन के बाद से किसानों और मजदूरों के जीवन में उन्नति हुयी है। इनका जीवन पिछले दिनों जैसा नहीं रह गया है बल्कि इनमे से कुछ उच्च श्रेणी तक उठ गये हैं और कुछ अपनी अकर्मण्यता के कारण निम्न वर्ग तक पहुँच गये है।

३.६.६ मनोरंजन के साधन

खेलने के यन्त्र, जो हाथ से बजाए जाते हैं – इकतारा, खॅजरी, घंटा, चीमटा, झाझ, चॅग जलतरग, झालर, ढप, इन्दर बाजा, डुगडुगी, ढोल, ढ़ोलक, तबला, नगाडा, धौंता, भेरी, सारगी, सुपरा या फटका, तमूरा, पखावज, बेला, मिरदग, सितार, सारंगी, तंबूरा, मंजीरा।

३.६.६.१ मुँह से बजानेवाले बाजे

अलगोजा, कलारनट, कारनेंठ, टेंगर, तुन्ना या तुरना, तुरई, नफीरी, शंख, पपइया, पीपनी बॉसुरिया, बंशी, शहनाई, सिगी आदि।

३.६.६.२ पांव से बजानेवाले बाजे

घुंघरु, पंसुरी आदि इसके अलावा मढे हुए बाजे, तारों के बाजे, फूँक से बजानेवाले बाजे, अन्य बाजे आदि।

३.६.७ कुरु प्रदेश में खेले जानेवाले खेल

इसमें दो प्रकार के खेल खेले जाते हैं

१. घर मे खेले जानेवाले खेल

२. मैदान में खेले जानेवाले खेल

३.६.७.१ घर में खेले जाने वाले खेल

यह खेल अधिकतर परिवार में खेले जाते हैं। इन खेलों को घर में बच्चे तो खेलते ही हे लेकिन कभी–कभी बूढ़े, जवान आदि भी खेलते है।

१. अटकन–बटकन

२. अठौर गोटी

३. आम–आम

४. इल्ली–ढुल्ली या ऐली–दोली

५. काऊ की चांदि पे चिलमदरा

६. खुल–खुला (कोडियों का एक खेल)

७. गंगाजी को आर–पार (आमने–सामने के दो चबुतरों के बीच में खेले जाना वाला खेल)

८. गंगा में डुबक–डुबक (गलियों में चबूतरों के बीच खेले जाने वाला खेल)

९. दाँई दप्पू

१०. गिट्टू (छोटी लडकियों का एक खेल)

११ गुपक

१२ गोटमार

१३ घपोल (बारे–गोटी)

१४ चउआ डेली

१५ चिडिया–गोट

३.६.७.२ मैदान में खेले जाने वाले खेल

कुरु प्रदेश मे अधिकतर खेले जानेवाले। बच्चे बडी रुचि के साथ यह खेल खेलते है। इन खेलो से कुरु प्रदेश की सास्कृतिक झलक मिलती है जो लोक–साहित्य मे अखण्ड भारत के दर्शन कराती है

१. चॉई–माई

२ चित्त–पट्ट

३. चेमे–चेमे

४ चोर–कॉकरी

५ चोपड या चोफड

६ छह गोटी

७ तास्समार

८ तिक–तिक

९. दस गोटी

१०. दुबक पिछोरी

११. बामन गोटी

१२. भैंसा–बांधी

१३. लठिया चोर

१४. शतरंज

१५. सुई–ढूँढ़नी

१६ सॉप–सीढी

३.६.७.३ मैदान में खेले जाने वाले खेल

१.	अमरुद लपक	२	आती–पाती
३.	ईख–ईख	४	कबड्डी
५	कनकउआ उडानौ	६	कुऑ–भोरो
७.	कोरंट	८	कोडा जगालसाई
९.	गिल्ली डंडा	१०.	गेंद–बल्ला
११.	गेंद बच्ची	१२.	गेंद–तडी
१३.	चील झपट्टा	१४.	चेंटीमार
१५.	चोर–सिपाही	१६	चौकडी कूद
१७	लम्बी कूद	१८	धाई मिचका
१९.	तारी पीटना	२०.	पुलल्ली घोडी
२१.	बग्घी–घोडा	२२.	बारे गोटी
२३.	बित्ती	२४	भिनिन–मिनिन
२५.	मच्छी–मच्छी कितना पानी	२६	मूस बिलडुआ
२७	डीका–लठिया	२८	ऊँची कूद
२९.	लंगडी चाल	३०	टेगडी
	(पहलवानों के दाव पेंचों के नाम)		
३१.	अंटी	३२.	उल्टा
३३.	कडा	३४	कस (भीतरी)
३५.	जघियाँ निखाल	३६	ढाक
३७.	दुहरी टॉग	३८.	धरती पकड
३९.	बन्द	४०.	बगली बैठक मोच (इस दाव से ही गामा पहलवान ने जेतिस्को को कुश्ती मे पछाडा था)

बहुत से लोग हथियार चलाने का खेल भी खेलते थे

१.	चाले के हाथ	२.	बाने के हाथ

३	बनैती के हाथ	४	लाठी के हाथ
५	लाठो के हाथ	६	मदके के हाथ

३.१० कौरवी लोक कथाओं में विचित्र भौतिक संस्कृति

भारत के इतिहास मे आर्यावृत्त का विशेष स्थान रहा है। यहॉ अनेक चक्रवर्ती सम्राट हुए है। यह अनेक ऋषियो की तपो भूमि भी रही है। इस भूमि को प्रकृति का भी विशेष आर्शीर्वाद मिला है। यहॉ पर महाराज हस्तिन द्वारा स्थापित हस्तिनापुर से कुरु वश का इतिहास आरम्भ होता है। यह क्षेत्र प्राकृतिक सम्पदा का आगार है।

इस क्षेत्र के उत्तर की ओर पर्वत श्रृखलाऍ है। इसके पूर्व और पश्चिम की सीमाऍ गगा और यमुना नदियॉ निर्धारित करती है। इस क्षेत्र की कुछ अन्य नदियॉ है – हिन्डन, काली और कृष्णा नदिया। कुछ अन्य छोटी नदिया यहॉ के मैदानी इलाके को अपना जल देकर इसे उपजाऊ बनाती है। गगा नदी से तो भारत का 'म्पूर्ण इतिहास ही जुड' है।

कुरु जनपद के उत्तर पश्चिम की ओर शिवालिक की पहाडिया है। यह गगा यमुना के बीच का मैदानी भाग है। प्राचीन काल से यहॉ कच्चे घर बनाने की परम्परा है। सभ्यता के विकास के साथ- साथ यहा पत्थर के और बाद मे ईट गारे के मकान बनाने लगे। आज सीमेन्ट और ईट से निर्मित मकान यहॉ की प्रमुख शोभा है। यह क्षेत्र अपनी उपजाऊ भूमि ऋषि आश्रमो और चक्रवर्ती सम्राटो के कारण विश्वविख्यात रहा है।

कुरु प्रदेश के स्वॉगो मे महाभारत के पात्रो के नाम मिलते है। यहॉ के लोगो को भीम का नाम अत्यन्त प्रिय है। राम के अनन्य भक्त हनुमान को भी भीम की ही भॉति आदर मिलता है। ऐतिहासिक पात्रो को मिथक के रूप मे भी इन कहानियो मे स्मरण किया जाता है। ये है राजा भोज राजा हरिश्चन्द्र और राजा बीर विक्रमाजीत। राम के विरोधी रावण से यहॉ व्यक्तिगत राग–द्वेष न मिलकर कर्मगत द्वेष मिलता है। ये रावण विभीषण को उनके कर्मो के कारण नकारते है न कि राम–विरोध के कारण। लका यहॉ की औरतों की एक गाली है।

पशु पक्षियो की दृष्टि से स्वॉगो मे गाय, भैस, बैल, घोडे, बैल, घोडे, हाथी, सियार, लोमडी, खरगोश शेर आदि का बार–बार उल्लेख मिलता है। ये अपने कर्मो के कारण आदरणीय अथवा तिरस्करणीय बनते है। तोता, मैना, और कौआ भी कहानियो के पात्रो के रूप मे आते है। परिशिष्ट मे सगृहीत स्वॉगो मे इनके संकेत मिल जाऍगे।

कुरु जनपद उपज की दृष्टि से भारत के अत्यन्त समृद्ध क्षेत्रो मे से है। इसकी समृद्धि का कारण यहॉ की प्राकृतिक सम्पदा है। यहॉ का मनुष्य खान–पान मे अधिक विश्वास रखता है। शारीरिक पुष्टता और अतिथि–सेवा यहॉ के व्यसन कहे जा सकते है। इनके ये विश्वास इसकी भौतिक और लौकिक समृद्धि के साथ–साथ आध्यात्मिक सस्कृति के भी आधार रहे है। कौरवी लोककथाओ मे भौतिक सस्कृति के आध्यात्मिक सस्कृति के आधार रूप मे आने के अनेक सकेत मिलते है।

सभवत उत्तरी भारत क्या लगभग सारे भारत की क्षेत्रीय लोक–कथाओ मे भौतिक समृद्धि का इतना विराट् रूप कहीं देखने को नही मिलता। अपने विशिष्ट भौतिक एव आध्यात्मिक विश्वासो के कारण यह सस्कृति अपना अन्यतम स्थान रखती है।

लोक–साहित्य को श्रुति परम्परा से प्राप्त होने के कारण लोक वेद की सज्ञा दी जा सकती है। इस साहित्य मे लोक की सम्पूर्ण आस्थाओ, मान्यताओ, आशाओ, निराशाओ, विश्वासो अन्ध विश्वासो आदि का सजीव चित्रण होता है। लोक मे इसकी मर्यादा की रक्षाओ के लिए किसी न किसी वृद्ध पुरुष का होना नितान्त आवश्यक है। लोक–साहित्य को उसी वृहद्ध पुरुष के समान माना जा सकता है। अन्तर केवल इतना होता है कि वृहद्ध पुरुष की आयु और यात्रा अनन्त होती है। इस अनन्त प्रवाह मे लोक की सम्पूर्ण मर्यादाओ की रक्षा होती है। स्वॉग लोक–साहित्य की सशक्त विधा है। यह कहना अत्युक्ति नही होगी कि लोक–साहित्य के प्रत्येक कथन को यह आधार प्रदान करता है। वह आधार उसके जीवन को सुचारु बनाए रखने मे महत्वपूर्ण सिद्ध होता है। स्वॉग की रचना मे किसी एक रचनाकार का हाथ नहीं होता। इसकी रचना एक बहुत लम्बी परम्परा के माध्यम से होती है। रचनाधर्मी कथा के सूत्र आगामी पीढी के लिए छोड जाता है और आगामी पीढियॉ उसे अपने ही अनुरूप ढालती चली जाती है। यही कारण है कि स्वॉग का उददेश्य और उसका अभिप्राय एक होते हुए भी इनमे तात्विक अन्तर देखने को मिल जाता है। लोकसाहित्य की सशक्त विधा होने के कारण इसका अध्ययन परम आवश्यक है। इसके अध्ययन और विश्लेषण के माध्यम से अनेक गुत्थियो को सुलझाया जा सकता है। लोक–सास्कृतिक एव सामाजिक परिवेश के अध्ययन की दृष्टि से स्वॉगो का अध्ययन जरूरी है।

भारतीय लोकमानस का सीधा सम्बन्ध परम्परा से जोडा जा सकता है। यह कहना उपयुक्त न होगा कि लोक का जीवन, परम्परा–जीवन होता है। परम्पराऍ लगातार विकसित हुआ करती है, टूटती नहीं हैं। इस प्रकार यह भी कहा जा सकता है कि परम्परा का विकास लोक–सस्कृति का विकास है और संस्कृति के परम्परागत तत्व लोक–सास्कृतिक मान्यताऍ है। भारत आरम्भ से ही अरण्य सस्कृति

का नीव पर खडा है। अरण्य संस्कृति का विकास अधिकांशतः नदियों के किनारे और हिमालय और विधयाचल की चोटियों पर हुआ। इस समतल भूमि और ऊँचाई के दोनों गुण लोक–सरकृति में मिलते है। समतल होने के नाते इसमें समद्रष्टा होने का प्रधान गुण और शिखर के उन्नत होने के कारण इसमे लगातार प्रगति की भावना समाविष्ट रहती है। लोक–संस्कृति के पोषक अरण्य पर्वत श्रृखलाएँ रही है या समतल मैदान। इन तीनों का ही सम्बन्ध क्षण–क्षण परिवर्तनशील उदात्त एवं स्थिर प्राकृतिक उपादानों से है। जहॉ एक ओर पेडे अपना सिर ऊपर उठाये रहते हैं वहीं दूसरी ओर सामान्य वनस्पति अपने कलेवर को बराबर बदलती रहती है।

इन बातों को ध्यान में रखकर यदि लोकसंस्कृति के तत्वों पर विचार किया जाये तो इनका यह स्वरूप सामने आता है :

१. प्राकृतिक सम्पदा से अचेतन के धरातल तक प्रेम या स्नेह

२ उदात्त भावना

३ नियतिवादी भावना

४ विश्वबंधुत्व की भावना

५. बज्रादपि कठोराणि, मृदनि कुसुमादपि' वज्र से भी कठोर किन्तु पुष्प से भी कोमल

६ प्रकृति के उपादान इसके टोटम या टेबू

७ परम्परागत विश्वास

८ परम्परागत रीति–रिवाज

६ परम्परागत आचार–संहिता

१० आर्थिक दृष्टि से कमजोर (शोषित वर्ग) के संस्कारों का चित्रण।

३.११ स्वॉग का स्वरूप और कुरु जनपदीय स्वॉंग परम्परा

३.११.१ स्वॉग का स्वरूप

स्वॉग मूलतः लोकनाट्य और लोक संगीत पर आधारित होता है। इसकी कथा परम्परागत लोकगाथा हुआ करती है। स्वॉग रचनेवाला इस कथा में अपने युग के अनुरूप परिवर्तन कर लिया करता है। इस परिवर्तन का स्वरुप परिवर्तन कर लिया करता है। इस परिवर्तन का स्वरुप कभी–कभी विक्रमादित्य, नलदमयन्ती और नरसी जैसी लोक–परिचलित गाथाओं के दर्णन में आधुनिक उपकरणों और उपादानों का भी काफी वर्णन कर दिया जाता है। इस वर्णन में मोटर, कार, पेन्ट, बुशर्ट तक का

वर्णन मिल जाता है। इस वर्णन के कारण स्वॉग का स्वरुप आधुनिकतम हो जाता है। यह लोक–मानस की अपनी आवश्यकता है क्योंकि लोक–मानस इसके स्वरूप को अपने युग के अनुरूप ढाल कर देखना चाहता है।

स्वॉग खेलनेवाला किसी स्टेज का निर्माण नहीं करता। आरम्भ में स्टेज टीलेनुमा स्थान हुआ करता था। बाद में उसके स्थान पर तख्त बिछाये जाने लगे। आज तख्तों पर ही पूरे स्वॉग को दिखाया जाता है। इसमें नाटक की भॉति किसी परदे की व्यवस्था नहीं होती और अंक तथा दृश्य में भी इसका विभाजन नहीं होता।

स्वॉग के सभी पात्र स्टेज पर या स्टेज के आस–पास बैठते हैं। अपनी बारी आने पर वे उठकर अपना पार्ट (रोल) सदा करके फिर अपने स्थान पर जा बैठते हैं। स्वॉगों में नारी–पात्रों का अभिनय पुरुष पात्र ही करते हैं। नौटकी में स्त्रियॉ सक्रिय भूमिका निभाती हैं। जबकि स्वॉगों में स्त्री का प्रवेश वर्जित है। सम्भवतः इसका कारण कुरु जनपद में स्त्रियो के प्रति सम्मान की भावना है। स्त्री का घर से बाहर निकलकर नाटक मे भाग लेना मर्यादा के विरुद्ध माना जाता है। वैसे कुरु जनपद में स्त्रियो को अपने–अपने त्यौहारो में नाचने और गाने तथा मुक्त–हास्य करने की पूरी छूट होती है। किन्तु वह भी मर्यादा के भीतर।

स्वॉगों में सगीत का भी योगदान होता है। संगीत के लिए अधिकतर ढोलक और हारमोनियम का प्रयोग किया जाता हे। ऐसी कोई बंदिश नहीं है। आशाराम कुरु जनपद मे अपनी तर्ज का एक अलग ही स्वॉगी हुआ है। सगीत के नाम पर उसके पास एक लट्ठ हुआ करता था जिस पर घुंघरु बधे होते थे। उसी लटठ से वह संगीत की पूरी भूमिका अदा किया करता था।

स्वॉगो में पात्रों की सख्या पर कोई नियन्त्रण नहीं है। पात्र पॉच भी हो सकते हैं और इससे ज्यादा भी।

आज के सन्दर्भ में स्वॉग को हम नुक्कड नाटक का पूरवर्ती रूप कह सकते हैं। नुक्कड नाटक मे भी कोई स्टेज नहीं होता। सगीत का भी कोई बन्धन नहीं होता और साथ ही साथ पात्रों की संख्या के सम्बन्ध में भी कोई नियम नहीं होता।

स्वॉग का नायक अधिकतर लोक प्रचलित और लोक में आदर–मान प्राप्त लोक वीर हुआ करते हैं। स्वॉगकार इन लोक वीरों की पौराणिक कथाओं में अपनी कल्पना के माध्यम से नये स्वरूप की स्थापना करता है जो लोक सामूहिक अचेतन की स्वीकृत होता है। या यों कहा जा सकता है कि सांगीतकार

अपनी कल्पना के माध्यम से ऐसे मिथक की रचना करता है। जो सारे लोक में स्वीकृत और मान्य होता है।

३.११.२ स्वाँग-परम्परा

कुरु जनपद मे स्वॉग का आरम्भ जावली गॉव से माना जाता है जो इस समय गाजियाबाद जनपद में आता है। यह बताया जाता है कि यहॉ के प्रसिद्ध स्वॉगी नत्थूलाल, मानसिंह थे। इनके यहॉ पर ४०० ढ़ोलक थीं जो एक साथ गरज कर स्वॉग की सूचना १०–१० कोस तक पहुँचा देती थीं। एक प्रकार से जावली गॉव ही कुरु जनपद के स्वॉग का आरम्भिक केन्द्र माना जाता है। इन्हीं स्वॉगियो के शिष्य और प्रशिष्य पूरे कुरु जनपद मे लगभग १९५०–१९६० के बीच जगह–जगह मिल जाते है। जावली, सूप, बागपत, मुज्जफरनगर, सनौली, दत्तनगर, मस्तानखेड़ा, फिरोजपुर, टीला, सरूरपुर, रटौल डूॅडाहेड़ा, खानपुर, खेखडा, घोघा आदि जगहों के स्वॉगी प्रसिद्ध हुए हैं। स्वॉग की यह परम्परा रेडियो के आरम्भ से धीरे–धीरे कम होती गयी और आज दूरदर्शन के युग में यह भूतकाल की एक धरोहर–सी बनकर रह गयी है।

इस धरोहर मे युगीन सस्कृति और समाज का जो चित्रण व्यापक रूप में मिलता है वैसा वर्णन कभी–कभी असम्भव हो जाता है। संस्कृति की सारी मान्यताओं और समाज के सारे उपादानों का जैसा चित्रण स्वॉगों में मिलता है वैसा लोक–साहित्य में अन्यत्र देखने को नहीं मिलता।

४. कुरु जनपद के सांगीतकार और उनका जीवन वृत्त

कुरु जनपद मे स्वॉग परम्परा का आरम्भ जावली गॉव से माना जाता है जो इस समय गाजियाबाद जिले के अन्दर आता है। स्वॉग के आरम्भकर्ता पण्डित नत्थूलाल मानसिह मूलत स्वामी शकर दास जी के शिष्य थे। स्वामी शकरदास की लोक–सगीत तथा लोक–काव्य मे गहरी पैठ थी। अन्त साक्ष्यो के आधार पर स्वामी शकर दास जी के अनेक शिष्य थे जिनमे ठाकुर प्रेमसिह, उमराव सिह, हरसामल किदारनन्द, होरामसिह (ब्रहमचारी), चेतना, आनन्द, गिरधारीलाल, नेतराम, शिवदयाल, लटूरसिह नत्थूलाल, मोहरसिह प्रमुख थे। इनमे शिवदयाल की प्रशिष्य परम्परा मे मुन्शीराम और लटूरसिह की शिष्य परम्परा मे भगीरथ थे इनके शिष्य चेतराम, और चेतराम के शिष्य कल्लूसिह और धनीराम हुए। पडित नत्थूलाल के ५२ शिष्य हुए जिनमे पडित मानसिह, बलवन्त (बुल्ली), दीन्ना, प० लक्ष्मीचन्द शर्मा प० रघुवीर शर्मा आदि प्रमुख थे।

शकरदास जी की कृति बुद्धिप्रकाश सनातन धर्म मे शिष्यो के नाम इस प्रकार दिये है घीसाराम प० जीराम, ठाकुर फूलसिह, डुॅगर सुनार, उमराव सिह, रामसहाय माली, प० रामरतन मिश्र, दुर्गा पहाडी धीरज वाला, प० बलदेवसिह साल्हवासिया, शिम्भू प० दादरीवाला, प० भोलाराम प० श्रीराम जी (हसनगढ) राम प्रसाद ब्राह्मण (सामण्डका), जोतराम नम्बरदार (सागीका), तोताराम जौहरी (गुहाना), सुॅडू ब्राह्मण (माजरा), हरकेस (मऊखास), लखपत सिह (पसवाडा), प्रेम पडित (निस्तौली), रामरीक दास (काटी) नरसिह (जैरपुर), माधोदास (मडोरा), खासाराम (भिवानी), गणेशी (मथुरा) माड्डू, न्यामत, स्योनाथ, जुहारा, रामा चिरजीलाल, सुखराम उदकी, तुलसी, बाबू, चुन्नी, किरपा, बारू, हरद्वारी, सुरजा (रटौल), भोला, कन्हैया, मुसद्दी, जीतन, कुन्दन, हरजस, रामरीक, छोटूराम, रामप्रकाश, हुसैना सारगीया, मालुका मिरासी आदि के भी नाम स्वामी शकर दास जी की कृतियो मे मिलते है।

स्वामी शकरदास जी की निम्नलिखित चेलियॉ भी थी – भखतावरी सेठानी (रामगढ), श्यामकौर (मौथला), गगादेई (भागथला), सारा (भिवानी), पार्वती (सोभापुर भिवानी)। ये चेलियॉ अधिकाशतः हरियाणे की थी और सभी शादी की सालगिरह ना मनाकर विधवा हो गयी थीं। इन सभी को स्वामी शकर दास जी ने अपनी शिष्या स्वीकार किया था। स्वामी शकर दास जी ने बुद्धिप्रकाश, धर्म सनातन प्रकाश ११२ में शिष्यो की गणना इस प्रकार की है .

न्यादर सिंह (तहसील मेरठ), पंडित हरफूल (डीजल), पं० काशीराम (बैरी), अनूपसिंह, जहरूसिह, शीशराम, गंगाराम, लखपत, पतरामा। अनुभव प्रकाश ३३६ पर वर्णित स्वामी शंकरदास जी के शिष्य परम्परा का उल्लेख इस प्रकार है :

हरनाम (जहाँगीरपुर), बलदेव निव्रतानन्द (सालाबास), मोहरसिंह (हसनगढ़)।

जब भी स्वामी शंकरदास जी अपनी पुस्तक छपवाते थे उसमें शिष्य परम्परा अवश्य प्रकाशित करते थे। जब दूसरी पुस्तक प्रकाशित होती तब शिष्य–परम्परा अधिक बढ़ जाती थी।

४.१ स्वामी शंकरदास का जीवन वृत्त

किसी भी कवि का जीवन उसके द्वारा रचित साहित्य में प्रायः किसी न किसी रूप में व्यंजित रहता है। अतएव कवि अथवा लेखक के काव्य का समीक्षात्मक अध्ययन करने के लिए उसका जीवन चरित जानना अति आवश्यक है।[1]

४.१.१ अन्तःसाक्ष्य

स्वामी शंकरदास ने अन्य सन्तों की भाँति अपनी कृतियों में स्वयं के लिए स्वल्प नहीं कहा। बल्कि वे अधिकांश कृतियों मे, जन्मस्थान, जनपद, डाकखाना, पिता, दादा सभी का नाम स्पष्ट करते हैं। यही नहीं वे अपने शिष्यों की गणना भी कराते हैं तथा अपने निवास का वातावरण, जाति, सम्प्रदाय सभी कुछ गिना जाते हैं। किसी रचना में उन्होंने अपनी जन्म–तिथि बतलाई है तो किसी में कृति का रचनाकाल स्पष्ट किया है। उनका सम्प्रदाय, गुरू, जीवन–काल आदि का स्पष्टीकरण स्वयं कवि की लेखनी से हो जाता है।

४.१.२ बाह्यसाक्ष्य

१. स्वामी शंकरदास के समकालीन महात्मा गंगादास रसूलपुर (मेरठ) के निवासी थे जो बाद मे गढ़मुक्तेश्वर में कुटी बनाकर वहीं रहे थे। कहीं–कहीं उनके काव्य में शंकर शब्द का प्रयोग समालोच्य कवि के लिए हुआ है। चूंकि शंकरदास को काव्यशास्त्र का उतना ज्ञान नही था और गंगादास जैसी पैठ तथा अनुभूति भी कदाचित नहीं थी। वेदान्त दर्शन का ज्ञान उनका इतना नहीं था। लेकिन महात्मा गंगादास के पदों की काट करना तथा उनका जीवन–पर्यन्त सतत लेखन उन्हें ज्ञानी कवि सिद्ध करता है। महात्मा गंगादास का जन्म स्वामी शंकरदास से पहले हुआ, और स्वामीजी, महात्मा जी से एक वर्ष पहले गोलोकवासी हो गए। इस प्रकार दोनों ही विद्वान लोक कवि समकालीन थे। महात्मा जी के काव्य

---

१. डॉ० श्यामसुन्दर दास, साहित्यालोचन, पृ० ८५.

में स्वामी शंकरदास के लिए जो उक्तियॉ प्रयुक्त की गई हैं, बाह्य साक्ष्य के रूप मे इस शोध कार्य में उन्हे स्वीकृत किया गया है।

२. बाह्य साक्ष्य में उन लोगों के कथन भी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं जो किसी न किसी रूप में स्वयं शंकरदास के सान्निध्य में रहे या जनश्रुतियों के आधार पर उन्होंने प्रामाणिकता को अपनी स्मृति में संजोये रखा। इस प्रकार जिन कवियों से लेखक ने स्वय साक्षात्कार करके उनके बयान सगृहीत किये है, और जो समालोच्य कवि के जीवन में बाह्य साक्ष्य के रूप मे अधिक उपादेय सिद्ध हुए हैं वे निम्नलिखित हैं ·

१. छोटे भगत (६२ वर्ष) सुपुत्र ठाकुर नवलकिशोर जिठोली मेरठ।

२. मुन्शी राम सयासी (८० वर्ष) पोता–चेला स्वामी शंकरदास गॉव जसात, तह० पटोदी जि० गुडगांव हरियाणा।

३ प्रधान हिमंचल सिह ठाकुर, सुपुत्र बब्बे सिह ग्राम मुरलीपुर, जि० मेरठ।

४. ठाकुर चरणसिह भतीजा, ठाकुर रामशरण (७० वर्ष) ग्राम मुरलीपुर जि० मेरठ।

५ श्रीमति सरूपी देवी (७८ वर्ष) पुत्र वधू प० सागरमल शंकरदास की पाचवी पीढी के समकालीन ग्राम जिठोली, जि० मेरठ।

६. बाबा बुद्धादास उदासी (उम्र नहीं बताई) बहुत वृद्ध, उदासीन गद्दी लालपुर, तहसील हापुड, जिला गाजियाबाद (डाकखाना बाबूगढ छावनी)।

७ छोटेलाल भारद्वाज सुपुत्र श्री भीकम देव भारद्वाज (६० वर्ष), गढमुक्तेश्वर, जिला गाजियाबाद।

८. सिपट्टर सिंह, उज्जल सिंह, प्यारे सिंह, मगला (सैनी) जयकरण सिंह तोमर, रामेश्वर सिंह तोमर, "निष्कलंक" सभी जिठोली–मुरलीपुर क्षेत्र के निवासी।

९. जनरल पब्लिशिंग हाउस (अनिल पडचून किरयाना स्टोर) पुरानी तहसील मेरठ।

१०. मनोहरलाल शर्मा सचिव, सनातन धर्म महासभा गढमुक्तेश्वर।

उपर्युक्त सभी व्यक्तियों के लिखित कथन, मौखिक साक्षात्कार तथा पत्र–व्यवहार से लेखक ने स्वामी शकरदास का जीवनप्रासाद निर्मित करने मे सहायता ली है। इन्हें परिशिष्ट में स्थान देकर बाह्य साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया गया है।

४.१.३ जीवन वृत्त (जन्मतिथि)

स्वामी शंकरदास के जीवन परिचय के सबंध में उनके ही काव्य में यद्यपि अनेक अर्न्तसाक्ष्य

विद्यमान हैं, जिनसे उनके जीवन से संबंधित पर्याप्त जानकारी मिल जाती है। परन्तु उनके जन्म की तिथि का निर्धारण निश्चय ही विवाद का विषय बन गया है। स्वामी शंकरदास ने अपने जन्म के विषय में इस प्रकार उल्लेख किया है :

उन्नीस से ग्यारह की साल में,
जेठ माह, अरु दसवीं साल में।
शकरदास आ फॅसे जाल में,
लिया जन्म मिली बाटी बूर की[1]।।

इस अन्तर्साक्ष्य के आधार पर स्वामी शंकरदास की जन्मगणना संवत् उन्नीस सौ ग्यारह के ज्येष्ठ माह मे स्वामी जी की उम्र १० वर्ष थी और उसी समय बाल्यावस्था में ही उनकी शादी हो गयी थी। 'आ फॅसे जाल में'। इस प्रकार जन्म का समय संवत् १९११ – १० वर्ष = १९०१ हुआ।

भीष्मपर्व के लेखन की तिथि का वर्णन इस प्रकार करते हैं –

नव वाण नव चन्द्र संवत विक्रम मॉहि।
भाद्र कृष्ण पक्ष द्वादशी, बुध सों लह्यो।[2]

इस अर्न्तसाक्ष्य से १,९,१,९ में चार अंक प्राप्त हुए। नव से नौ वाण से एक तथा चन्द्र से एक की अभिव्यक्ति संभव होती है। जिनसे इस कृति को प्रारम्भ करने का समय सवत १९१९ प्राप्त होता है। स्वामी जी ने महाशक्ति के दो सौ दस नाम की एक स्तुति संवत १९४४ मे लिखी।[3]

संवत १९६१ में उन्होंने वैद्यक के पद पूरे किए थे।

४.१.४ मृत्यु तिथि

स्वामी शंकरदास की मृत्यु–तिथि उनके शिष्य प्रीतमदास के निम्नलिखित दोहे में संवत १९६९ विक्रमी सिद्ध होती है :

सम्वत ६९ कार्तिक, सुदी छठ शुक्र अखीर।
अष्ठ बजे दुपहरे बाद के, शंकर तजे शरीर।।

इस प्रकार वे संवत १९६९ – (संवत १९०१) ६८ वर्ष की अवधि तक जीवित रहे।

लेकिन वृद्ध भक्तजनों से साक्षात्कार के आधार पर स्वामी शंकरदास की उम्र लगभग ७० वर्ष की बताई। जबकि उनके पोते चले ने भी उनकी उम्र ६८ वर्ष के आस पास बताई। स्वयं स्वामी जी द्वारा लिखित उनकी शादी दसवीं साल में हो गयी थी। वे मायाजाल में फंस गये थे। इस आधार पर

---

१. स्वामी शंकरदास, बुद्धिप्रकाश, पृ० १००
२. वही, भीष्मपर्व, पृ० ५
३. वही, ब्रह्म प्रकाश, पृ० २१५

उनका जन्म ज्येष्ठ माह संवत १९०१ ही ठीक बैठता है। इस प्रकार उनका जीवन ६८ वर्ष का माना जा सकता है।

४.१.५ जन्म स्थान

आपके पिता कल्याणदत पिलखुआ "रम्मपुरा" के निवासी थे। आपकी माता दानकौर आपके नाना की अकेली सन्तान थी। इसलिए आपके पिता अपनी ससुराल जिठौली आकर बस गये थे। आपका जन्म रम्मपुरा में हुआ था। आपने इस प्रकार की जानकारी अपने अन्तर्साक्ष्य में इस प्रकार दी है ·

मकसत दुतियाने का निकास हुआ,
पिलखुआ में बसे, बढै अन्न जल प्रकास का।
कल्याणदत्त नाम देह, पिता का विख्यात हुआ,
दानकौर माता, फन्दा टूटा यम–त्रास का।।
आध गौड विप्र और गौत्र वशिष्ठ म्हारा,
मेरठ का जिला, डाकखाना मऊखास का।
गढ की सडक जात, मौजे का जिठौली नाम,
छोटा सा स्थान, जिसमें बना शंकरदास का।।[1]

यह गॉव मेरठ शहर से पूरब दिशा में चार कोस की दूरी पर गढ गंगा को जानेवाली सडक के दाहिनी ओर बसा हुआ है जो चन्द्रवंशी तोमर राजपूतों की बस्ती है। आपके बाबा का नाम ख्यालीदत्त था, ऐसा अन्तःसाक्ष्य से पता चलता है :

मेरठ शहर से पूरब दिशा चार कोस है ग्राम।
गढ़ गंगा की सड़क है बसत जिठोली ग्राम।
ख्यालीदत्त के पुत्र जी, हुये कल्याण सिह महाराज।
तिनके गृह शंकर हुए, हरिजन सन्त समाज।।
ग्राम जिठौली बसत है "चन्द्रवंशी रजपूत।
जिसमें बस कविता करें, शंकरदास अवधूत।।[2]

४.१.६ शिक्षाक्रम

आपकी शिक्षा–दीक्षा नहीं हुई। यह बात आपने स्वयं भी इस प्रकार स्वीकार की है .

सब मुनियों का दास हूँ, मैं मूरख मतिमन्द।

---

१. आचार्य क्षेमचंद 'सुमन', दिवंगत हिन्दी सेवी, (प्रथम भाग), पृ० ५५

२. स्वामी शंकरदास, ब्रह्मज्ञान प्रकाश, पृ० २

पढा लिखा मै हू नहीं, नही रच जानू छन्द ।।[1]

स्वामी शंकरदास स्वय ब्रह्मज्ञान प्रकाश में कहते हैं कि मैं अक्षर भेद में पारंगत नही हूँ। उन्होने गॉव में ही अपने मामा पं० जीतराम से धर्म सनातन की नारदी विधि से शिक्षा पाई थी। उस समय गॉव के आस–पास उच्च शिक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं था न ही कोई ऐसा साक्ष्य मिलता है कि किसी आश्रम या गुरूकुल में उन्होंने विधिवत शिक्षा प्राप्त की हो। किसी अंग्रेजी स्कूल में वे नहीं पढे क्योंकि उनकी रचनाओं में अंग्रेजी शब्दो का पूर्णतया अभाव है। उस समय पिंगल, धर्मशास्त्र, नैतिक शिक्षा का सबसे बडा पांडित्य स्थल काशी को माना जाता था। वे कभी काशी नहीं गये क्योंकि उन्होंने स्वय लिखा है[2]

"केदारनन्द हरि भजन भक्त हैं उनके हृदय में भक्ति का अंकुर उपजा तब एक शकरदास ब्राह्मण से मिलाप हुआ। परन्तु स्वामी शकरदास कुछ पढे–लिखे नहीं है।

४.१.७ जाति

स्वामी शंकरदास की जाति का पता उनके द्वारा निर्मित धर्मशाला (ग्राम जिठौली) मे आज भी स्थित है। जिसका मुख्य द्वार पूरब दिशा में अन्दर घुसते ही बडे हाल में तीन द्वारों मे से मध्य द्वार पर स्थित मकराने के सफेद पत्थर पर शिलालेख लगा हुआ है जिस पर लिखा है "पंडित कलुराम (कल्याणदत्त) का बेटा शकरदास"। अपनी रचनाओं में भी उन्होंने अपने को गौड ब्राह्मण अभिहित किया है।

४.१.८ परिवार

स्वामी शंकरदास का परिवार पिलखुवा के पश्चिम में स्थित "रम्मपुरा" खेडे से जिठौली मे आया था। आपकी माता दानकौर अपने पिता की इकलौती सन्तान थी। पिता को भी कोई पुत्र न होने से उन्होंने दानकौर को जिठौली मे बुला लिया। इस प्रकार बालक शकर का जन्म पिलखुवा "रम्मपुरा" में हुआ तथा शैशव से निर्वाण तक का समय जिठौली में बीता। स्वामी शंकरदास के वश–वृक्ष के विषय मे स्वल्प जानकारी श्रीमती सरूपी देवी ने दी।

सरूपी देवी अपना कोई दूर का रिश्ता शंकरदास के साथ बताती हैं क्योंकि स्वामी जी के कोई सहोदर भाई भी नहीं था। वे अपने पिता कल्याणदत्त तथा माता दानकौर की इकलौती सन्तान थे। स्वामी शकरदास के दादा–परदादा दत्याने में रहते थे। गढ़–हापुड़ रोड पर वहॉ से इनके पिता भी वचपन में आकर पिलखुवा में बस गये थे। फिर वे बाल शकर को उसके नानके जिठौली ले गये।

---

१. स्वामी शंकर दास, ब्रह्मज्ञान प्रकाश, पृ० ६

२. वही

यह बालक बचपन से ही तुनक मिजाज तथा शौकीन था। अच्छा खाना, अच्छा पहनना तथा प्राचीन पुस्तकें पढना इसका शौक था। १० वर्ष की अवस्था में आपका विवाह गौड परिवार की सुकन्या से हो गया। उसने केवल एक पुत्री को जन्म दिया। कन्या चन्द्र रश्मियों के समान धवल–कांतिपूर्ण थी। चन्द्रकलाओं की भॉति उसकी चचलता से प्रभावित हो स्वामी जी ने उसका नाम "चमेली" रखा। चमेली की शादी किशोरावस्था मे गॉव भूडबराल निकट परतापुर रेलवे स्टेशन जिला मेरठ में कर दी गयी। "चमेली" को पिता ने बध्यापन दूर करने की औषधियॉ भी पहुचाई लेकिन उसकी कोख निपूती ही रही। अन्त में चमेली की भी निःसन्तान इहलीला समाप्त हो गयी और इस प्रकार स्वामी जी के वश–वृक्ष की जडे सूख गयी।

४.१.६ गृहस्थाश्रम -

स्वामी शंकरदास ने पत्नी की मृत्यु होने तक सभी संस्कार–कार्य तथा सुकर्म किए जो एक आदर्श गृहस्थी को करने चाहिएँ। शिष्य–परम्परा के अनुसार यों तो उनका परिवार बहुत बडा था लेकिन निजी परिवार में आप पत्नी सुखपूर्वक रहते थे। उन्होंने अपने पिता के बनवाये हुए घर मे भी वृद्धि की। एक बैठक (अतिथि–सत्कारहेतु) एक बैठक का कमरा तथा छत पर जाने के लिए सीढियॉ भी बनवाई जो कि लेखक ने स्वय देखी है। उनके घर (निवास) का मुख्य द्वार उत्तर दिशा में खुलता है। पक्की छोटी ईटों का गारे के साथ प्रयोग किया गया है। मुख्य द्वार के (फाटक) किवाड नक्काशीदार शीशम की लकड़ी के बने हुए है। कुल मिलकार मकान में ३० फुट + ३० फुट का चौक, चारों ओर पॉच कमरे जो एक दूसरे में खुलते चले जाते हैं। घर में बहुत पुरानी टूटी–फूटी शीशियों के ढेर खरल, डिब्बे क्वाथ बनाने का उपकरण आज भी याद दिलाते है कि स्वामी जी दवाई–गोली का काम भी करते थे। उनके मकान का ताला हर समय बन्द रहता है केवल मरम्मत के लिए ही खोला जाता है क्योंकि सरूपी ने तो बराबर में अपने नये दो कमरे तथा बरामदा बना लिए हैं। मकान में लगे मोटे लोहे के ताले की चाबी हर समय सरूपी अपने ढुंग्गें में खौंसे रहती है और हर किसी को मकान खोलकर नहीं दिखाती। आस–पास के चौबीस गॉव ठाकुर तोमर (चंद्रवंशी, पाण्डवकुलीन) राजपूतों के हैं, वे सभी स्वामी शंकरदास के ज्ञान तथा वाणी से मुग्ध होकर उन्हें अपना कुल पुरोहित मानते थे, क्योंकि इस गांव में एकमात्र यही ब्राह्मण परिवार था। गुरू पूर्णिमा पर तथा यदा–कदा अपना पैदा किया खाद्यान दाद्दा शकर के यहां पहुंचाते थे। स्वामी जी उसे स्वीकार करते थे। परिवारकी रोजी–रोटी के लिए औषधि–व्यापार तथा

मर्दाना सॉग, रामलीला, झडी, भजन, उपदेश करने से जो धन प्राप्त होता था उससे परिवार का खर्चा चलता था।

४.१.१० राजशाही ठाट-बाट

स्वामी शंकरदास ने सेठो तथा लाला वर्ग से अनुनय विनय कर जो धुणा बनवाया उसमें वे बडे ठाट बाट से रहते थे। आस–पास के क्षेत्र मे आठ–दस भैस बधी रहती थी। भक्त उनकी सेवा करते थे। वे धुणें को ही सम्पत्ति थी। दूध, घी की मौज शिष्यों की पूरी फौज के लिए पर्याप्त होती थी। स्वामी जी के पास धूम्रपान के दो उपकरण थे। एक लम्बी गर्दन की कली तथा दूसरा चिलम पोशी हुक्का। हुक्के पर चॉदी की चिलम तथा चांदी का चिमटा था। वे अपने हुक्के को किसी को नहीं पीने देते थे। उनका कोषाध्यक्ष (खजांची) किनापुर का ठाकुर जवाहर सिंह था। जब खजाने मे धन कम हो जाता था तो खजाची की सूचना पर स्वामी जी अपनी गायन–मण्डली को लेकर फिर धनार्जन के लिए निकल पडते थे। भोजन मे अधिक मिर्च खाना उनका स्वभाव था। आगामी भ्रमण तक वे धुणे पर शाही ठाट–बाट से रहते थे। इसी समय वे रचना करते थे। हुक्का पीते रहते और चारों और लेखक (शिष्य) बैठ जाते। उनकी यह विशेषता थी कि यदि चार लिखनेवाले हैं तो वे उन्हें अलग–अलग विषय देकर बारी–बारी से चारों को लिखवाते रहते थे। धुणे पर जब कीर्तन होता तो स्वामी जी मस्ती में आकर खडताल बजाया करते थे। बजाते हए खडताल को हवा में छोड देना तथा दाये हाथ की खडताल को बायें हाथ मे पकड लेना तथा बायें हाथ की खडताल को दायें मे पकड लेना उनके लिए बहुत सरल था। ताल और लय में कोई अवरोध नही हो पाता था।

४.१.११ गुरू व पंथ-सम्प्रदाय

स्वामी शंकरदास के गुरू ठाकुर गोपाल सिह थे। गोपाल सिंह पढे लिखे नही थे। वे भगवद्भजन में अपना समय बिताया करते थे। गौचारण उनकी आजीविका का साधन था। आप गृहस्थी थी। वे ग्राम सिसौली के रहने वाले थे। सिसौली और जिठौली दोनों गांव पास–पास ही हैं। गोपालसिंह के कण्ठ में सरस्वती थी। उनका कण्ठ चक्र स्पष्ट मधुर तथा कर्ण–प्रिय था। जब वे प्रभु भजन गाते थे तो एक–एक मील तक रात्रि में उनकी स्वर लहरी गूज जाती थी। उनकी आवाज पर बाल शकर आशिक हो गए और सहज भाव से उन्हे गुरू स्वीकार कर लिया। तब गुरू ने निर्गुण की आत्मानुभूति से शिष्य को अवगत

करा कर गुरू–मंत्र दिया। स्वामी शंकरदास स्वयं किसी पंथ को नहीं मानते थे। वे सनातन धर्म के कट्टर समर्थक थे और सगुण–भक्ति उपासना में ही अपना समय व्यतीत करते थे।

४.१.१२ स्वामी शंकरदास की धर्मशाला

यह धर्मशाला आज जिस रूप में है। वहॉ वह पहले स्वामी जी का धूणा था। जहॉ शिष्य मण्डली अपनी–अपनी रूचि अनुसार बैद्यक का ज्ञान प्राप्त करती थी या कवि शंकरदास के भजनों को लिखती रहती थीं। सत्संग, भण्डारा, कीर्तन, संगीत अभ्यास भी यही चलते थे। जो शिलालेख धर्मशाला में लगा हुआ है उसका आकार १५" + १५" वर्गाकार है। सफेद रंग का संगमरमर है।

"पंडित कालुराम को बेटा शंकरदास ने ये स्थान धर्मशाला वास्ते, धुणे के आराम के लिए बनवाया है इसमें किसी का दावा नहीं है पुण्य के हेत बना है' ।

"संवत १६५० मिती सुदी दोयज लिखा अगस्त की तारीख २२" !

इस धुणे को सेठ आनन्द स्वरूप मेरठ निवासी ने बनवाया था। जब यह खण्डहर हो गया तो गॉव की जनता ने एक स्मारक के रूप में चन्दा कर, इसका जीर्णोद्धार किया। यह धर्मशाला गॉव के बीचों–बीच है। मुख्य द्वार पूरब दिशा लोहे का गेट, पश्चिम में रिहायशी मकान, उत्तर में रिहायसी मकान, दक्षिण में ४० फुट चौडा आम रास्ता है। जब लेखक धर्मशाला में गया उस समय गाव के कुछ लडके तख्त पर बैठे पुस्तक पढ रहे थे। सुहावना वातावरण है २५ + २५ फुट के बड़े कमरे को सुन्दर बनाया गया है। तीन द्वार कमरे में खुलते हैं। आज भी विशेष अवसरों पर पंचायत सत्संग आदि यहां आयोजित होते रहते हैं। अपने गॉव जिठौली में धर्मशाला बनवाने के लिए उन्होंने अपने पदों को गाते समय भक्तो से यह याचना भी की कि निर्धन ब्राह्मण को सहारा देकर मेरे लिए एक धर्मशाला का निर्माण कराने की कृपा करें। सेठ आनन्द स्वरूप पत्थरवाले मेरठ निवासी ने उनकी यह मनोकामना धन देकर पूर्ण की।

४.१.१३गुरू प्राप्ति

आपकी भेंट बाल्यावस्था में ही सिसौली निवासी श्री गोपालसिंह से हो गई थी जो आध्यात्म के अच्छे अनुभवी थे। यह आपका सौभाग्य ही था कि आपको गोपाल सिंह जैसे सतगुरू ने ब्रह्म की सहजानुभूति करा के आदि और अनादि पद का परिचय दिया –

स्वामी शंकरदास का वंश वृक्ष



मिले हम बालापनगोपाल से,
सतगुरू गये पाय करम से।
बाल अवस्था में गहि लीना।
अनुभव ज्ञान दया कर दीना
आदि अनादि पदको चीना।[१]

४.१.१४ वैराग्य

४५ वर्ष के लगभग स्वामी शंकरदास को वैराग्य हो गया था। उसी समय उन्होंने मुक्ति प्रकाश बुद्धिप्रकाश, सनातन भजनमाला आदि पुस्तकें लिखी थी। इससे पहले वे कथा काव्यों के लेखन मे ही ''रमते राम'' रहे। शंकरदास की रचनाओं के कुछ उदाहरण यहाँ प्रस्तुत हैं।

मगन बेबा भई सारी।
सुनी मरियाद ग्यारे की।
बेबॉ की होनी लगी सादी।
खसम चाहने लगी दादी।
भला हो दयानन्द स्वामी का।
भानजा खसम मामी का।[२]

नहीं मक्का मदीना महज कुरान तू है।
नहीं हिन्दू ईसाई तुर्क ईमान तू है।
नहीं मन्दिर शिवाला बस्ती मैदान तू है।
नहीं समझे भेद को कातिल शैतान तू है।[3]
कोई कहै मैं तो ब्राह्मण पूजा करूँ और सेऊँकाशी।
छत्री कहैं हम छत्री पूरे, कर्म तजे है हलके उपासी।
वैश्य कहैं हम धन में बडे हैं, शूद्र भरत अब सबकी हाँसी।
शंकरदास विचार कहैं नित छतीस जात हुए सन्यासी।[४]

---

१. शंकरदास, ब्रह्मप्रकाश, पृ० १२१
२. आर्यसमाज पर्व (पांडुलिपि), पृ० ५
३. ब्रह्मज्ञान प्रकाश, पृ० १२०
४. वही, पृ० १४८

पढे बिन पंडित कहलाते, बिन न्हाये टीका जो लाते।
जिसके घर पाठ करन जाते प्रीत उनकी नारी से चाहते।
कलियुग में कामी और बहुत से हरामी लोग।
मदिरा मांस भक्ष और वैश्या से करे भोग।
पुत्री ऊपर दाम लेते भूखे मरे होय रोग जी।
टोपी तो बनारसी और धोती तो किनारी दार
रेशमी तो बस्तर पहने पैर मे खडाऊँ डार।।[१]

द्वारिका पुरी बद्री केदार मे।
श्वेत उडीसा हरिद्वार मे।।
घर भूली फिरे दरबार मे।
ऐसे खीज हाथ नहीं आवते।।
है तेरा तुझ में प्यारा
अब समझो पते बतावे।[२]

जल थल बन कोई पखान पूजे तीरथ फिरे राम को बूझे।
इतने ना घट आत्म सूझे वह क्या फिरे गॅवार।।

जोगियो का ये ही मत मास भक्ष मदरा पान।
जो जाके चेला होता, लेते उसके फाड कान।।
सर्वज्ञ को अल्पज्ञ बतावे, महापाप जो रहे लवार।
पतिव्रता के धर्म तोड दिये चारो वर्ण कर दिये ख्वार।।[३]

चरणों का हाल कुछ थोडा सा बखान किया।
के वैश्य बेटी बेची और ठीक दाम लिया।
बूढ़े को बेटी ब्याह के बज्र का हृदय किया जी।

---

१. ब्रह्मज्ञान प्रकाश, पृ० १४८
२. वही, पृ० १३२
३. आर्यसमाज पर्व (पाडुलिपि), पृ० ३

वैश्य तो बीसे हुए, जिसमें माना आनन्द।[1]

जो वैद्य बने और आन के गरम गिरावे।
अपस्वस्थ समझे कूं दया न आवे।
फिर पड़ता नरक दरम्यान कठिन दुःख पावे।
कई कल्प नरक में रहे पडा पछतावे।[2]

श्रुति कहें सब संत आज तक, सुध बुध जिनकू पाई है।
सब रोगों की एक जडी है, ना हाथ किसी के आई है।
जो पिछान बूटी को लेवे फिर कैसी दुखदाई है।
हरि नाम से प्रसिद्ध वो बूटी, सतगुरु ने बतलाई है।।[3]

तब तक है अहंकार क्रोध–मद तृष्णा मोद है दुखदाई।
सब विकार मन की उपासना, राग द्वेष इन सग भाई।
परलोभी निन्दक और कामी, लम्पट–लबार हो अन्याई।
"शंकर" कहे समझ के देखों, अब तो समय ऐसी आई।

ओच्छे छलबल त्याग दे, लम्पट लोभी काम।
ममतामय अहंकार तज, जद पावो हरिधाम।[4]

नास्तिक पंथ चले प्रभांसी।
जोगी गुसाई और सन्यासी।
वैरागी, निरमल, दास, उदासी।
लिया धार वेष किस काज कू, यमपुर जाने वालो का।[5]

---

१. ब्रह्मज्ञान प्रकाश, पृ० १८
२. वही, पृ० ११७
३. शंकरदास मुक्तिप्रकाश, चौथा भाग, पृ० ३३
४. वही, पृ० ३३
५. वही, पृ० ५८

साधु हुए माया वाले, गृही भूखे ढोते डले।
कहने मात्र अवधूत रहे, परम हसो ने माल छले।

हैं घीसा पंथी बेनामी।
अजी ऐजी कलजुम में ऐसे हुए शठ स्वामी।
छतीस जात हुए सन्यासी, लम्पत लोभी कामी।[१]

गृहस्थियों को नहीं मिले नमक उधारा।
कल के साधु करें साहुकारा।
मन मंदिर ले, ठाकुर द्वारा।
शंकर कहैं सुन लैचार है।
बने कम से बड भागी जी।[२]

खाते दूध मलीदे अंडे।
खाकर माल बने सब सण्डे।
बांधे सब ताबीज के गण्डे।
ये तो आगे का परमाद है, खोटे उत्पात करे है।
वो संत नही मनुजाद है जो मिल छल घात करे हैं।[३]

कलीयुग में कौन फकीर है, शठ लम्पट पथ चले हैं।
जिस पै घर नहीं जाय कमाया।
उसने भगवा रूप बनाया।
सबसे भला मांग और खाया।
ये छलियां की तासीर है, धोखे से माल छले।१।
चून बेच घर कर लिया भेला।
कौन गुरू और कौन है चेला।

---

१. शंकरदास, चौथा भाग, पृ० ६२
२. वही, पृ० ५६
३. शंकरदास, बुद्धि प्रकाश, पृ० ३३

गीता पढ़े लगाकर हेला।
सुख में आनन्द शरीर है, बुरे काम से नही टले हैं।[1]

अजी एजी कलजुग में नीच हुए संयासी।
जोगी बैरागी, दादू पंथी, सुथरे साई, दास उदासी।

दयानन्द गेर फन्द मोहे सभी नर नार।
आर्या चमार कीने सभी धर्म गये हार।

ब्राह्मण क्षत्री वैश्य शुद्र अपना धर्म गए हार।
धोबी तेली धुना जाट, गुजर अहीर कुंम्हार।
सानी, माली, उदबुद जाति लिया है संयास धार।
गिरी, पुर, बन परवत भारती तो कहलावें चूहडे – चमार
जाय बसे सब काशी।[2]

श्राद्ध और मूरति का पूजन दुष्ट सबकू तज गए।
नास्तिकों के हुए चीते, दुष्ट दल सब सज गए।
आर्या सब हुए पापी, धर्म नट सठ भज गए।
डूबेंगे इस पंथ वाले, पाप से घट रज गए।
विधवों के ब्याह ठहराए, नही एक कई करवाए।
महापापी अलग कराए, अधर्म तो कुल में छाए।[3]

जो हाल सुनो कलयुग का, अब तुम बैठो आसन मार।
ब्राहमण वेदों से हीन, बिगड गया दीन कर्म की हानी।
भेजी साहुकार के, रोटी करने मिसरानी।
लाला थे धन से अज्ञान, भूले पहचान, कुमत मन ठानी।

---

१. शंकरदास, मुक्ति प्रकाश, चौथा भाग, पृ० ५७
२. शंकरदास, बुद्धिप्रकाश, पृ० ५७
३. वही, पृ० १५१/१५२

किया उसी समय से भोग, प्रिये सम जानी।
बीज बदल ऐसे गया, छाय रहा कलि काल।
वेद विहू ने विप्र कुल, विप्र महा कगाल।[1]

वैश्य वरण गया हार धर्म तज, करन लगे मदपान।
मिसरानी ठकुरानी भँगन चमारी से करत प्यार।
धींमरी तुरकानी देवी, कोई घर में लेय डार।
अगरोहे के अगर वाले, कहते हम सहुकार "जी"।।
आप तो बद फैली करते, घर की छोडे दीनी नार।
सेठ ने दुकान खोली करन लगे ब्यौपार।
सेठानी ने दुखी होके पास रख है कहार।
फिर कहाँ रहा ईमान।[2]

तीस दिन के रोजे रखत, बिना विचार क्यों भूखे मरते।
जीवतन से नावे डरते क्या लिखा है देख कुरान में,
नहीं पावे जरा ठिकाना।[3]

पूजते प्रेम ऊत और पीर, सब भूले लोग भरम मे।
आन देव की पूजा करते।
समझे बिना डण्ड ये भरते।
देख कबर सैय्यद की डरते।
धर धर करत शरीर नहीं अपने रहें धरम में।।१।।
बकरे मुर्गे सैनक देते।
मरे हुवों से परचे लेते।
बिन विद्या मूरख नहीं चेते।
क्या कीजै तदबीर, सुन, सुन छुप हुए शरम में।।२।।

---

१. शंकरदास, बुद्धिप्रकाश, पृ० १२३
२. शंकरदास, ब्रह्मज्ञान, चितामणी, पृ० १२७
३. शंकरदास, बुद्धिप्रकाश, पृ० ६६

भगी चमार धींवर भडभूजा।

स्याने बने, खेल दे बूझा।

कुकरम करें, बतावें पूजा।

लौट गई, तकदीर, दुख दारुन लिखे करम मे।।३।।

चारो वर्ण के चित्र हले है।

नीचो मे मिल नीच रले है।

सहे सहे मौंडो ने छले है।

ठगिया बने गए फकीर, शकर धर ध्यान धरम मे।।४।।[1]

४.२ पंडित नत्थूलाल मानसिंह

कुरु जनपद की स्वॉग परम्परा का आरम्भ स्वामी शकरदास के परमशिष्य नत्थूलाल मानसिह से होता है ये ग्राम जावली, जिला गाजियाबाद के रहनेवाले थे। इनका शरीर अत्यन्त भव्य और कायापुष्ठ एवम् विशाल थी। ये छ फुट से भी लम्बे और बलवान् थे। ऐसा बताया जाता है जब ये गरजते थे तो इनकी आवाज दो–दो कोस तक चली जाती थी। इन्होने अपने समय मे स्वॉग के लगभग ३६० अखाडे तैयार किये थे। यह बताया जाता है कि इनके इन अखाडो मे ७५० ढोलकें थी। इनके स्वॉगो को देखने के लिए लोग दस–दस पन्द्रह–पन्द्रह कोसो से पैदल चलकर आते थे। अपने समय मे शादी एवम विवाह आदि शुभ अवसरों पर इनको अवश्य बुलाया जाता था और इनका आगमन मेजबान की उच्च सामर्थ्य का सूचक होता था। नत्थूलाल मानसिह और उसके अखाडे के किसी भी स्वॉगी को बुलाना वैभव का प्रतीक माना जाता था।

स्वॉग की परम्परा के जन्मदाता नत्थूलाल मानसिंह का स्मरण उनके शिष्य बडे आदर के साथ करते हैं। वे अपने गुरु को नमन करके स्वॉग आरम्भ करते है।

मैंने सतगुरु नत्थूलाल मानसिंह मिले मैं कहु नवाकर शीश

इनके शिष्यों द्वारा निर्मित रागनियो मे गुरु नत्थूलाल मानसिह का नाम बडे मान के साथ लिया जाता है। कुरु जनपद में स्वॉग परम्परा का नाम आते जिठोली, जावली जैसे स्वॉग तीर्थों का नाम स्वत. ही जुबान पर आ जाता है।

---

१. शंकरदास, बुद्धि प्रकाश, पृ० ३६

४.२.१ जन्म तिथि

इनकी जन्म तिथि के बारे मे कोई निश्चित प्रमाण नहीं मिलता किन्तु इनके पुत्र जीतराम शर्मा हीरालाल शर्मा के प्रमाण के आधार पर इनकी मृत्यु ८५ वर्ष की अवस्था मे सन् १६६५ मे हुयी इस आधार पर यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि इनका जन्म सन् १८८० मे जावली गॉव मे हुआ और इसी गॉव मे देहावसान भी हुआ। इतना अवश्य है कि स्वॉग के लिए इन्हे लगभग पूरे उत्तर प्रदेश ओर हरियाणे मे बुलाया जाता रहा था उस समय हरियाणा कोई अलग प्रान्त नहीं था और ये पजाब का ही एक हिस्सा था।

४.२.२ शिक्षा

इनकी शिक्षा के विषय मे कोई पुष्ट प्रमाण नहीं मिलता किन्तु इतना अवश्य है कि इन्हे वैद्यदिक पुस्तको और सस्कृत की पूरी जानकारी थी पडित जी को पूरी की पूरी रामायण कठस्थ याद थी अपने गॉव मे ही वैद्यगिरि करते थे और स्वॉग के बाद ये इनका जनसेवा का कार्य माना जाता था।

४.२.३ गुरु

इनके पुत्र पडित हीरालाल के साक्ष्य क आधार पर यह स्पष्ट है कि पडित नत्थूलाल मानसिह मूँगा गुर्जर के पास गये और उनसे कहा कि मुझे अपना अपन। शिष्य बना के मूँगा गुर्जर ने इनकी जाति के विषय मे जानकर कि पडित जी मेरी जाति से उच्च जाति के है इसलिए पडित जी को अपना शिष्य बनाना उनके अधिकार क्षेत्र के बाहर था। इसके पश्चात वे स्वामी शकरदास जी के पास गये और उनसे निवेदन किया कि वे मुझे अपना शिष्य बना ले क्योकि मूँगा गूर्जर ने उन्हे अपना शिष्य बनाने से मना कर दिया है। इस पर स्वामी शकरदास जी ने मूँगा गूर्जर को आदेश दिया कि वह पडित नत्थूलाल मानसिह को अपना शिष्य बना ले और वे उनके दादा गुरु रहेगे हालॉकि स्वामी शकरदास जी प० नत्थूलाल मानसिह के दादा गुरु या दूसरे शब्दो मे गुरु माने जायेगे।

४.२.४शिष्य परम्परा

पडित नत्थूलाल मानसिह की शिष्य परम्परा बहुत लम्बी है ३६० अखाडे होने से ही यह प्रमाण मिलता है कि प० नत्थूलाल मानसिह के कम से कम ३६० शिष्य रहे होगे इनमे से प्रमुख नाम इस प्रकार

है –

१. पंडित लक्ष्मीचन्द शर्मा, सूप, मेरठ

२ पंडित रघुबीर शर्मा, सूप, मेरठ

३ बलवन्त उर्फ बुल्ली नागल, मेरठ

४. दीन्ना गांधी मेरठ

५ रामसिंह नाई, खेकडा मेरठ

६. जहाँगीरा मीर, रटौल, मेरठ

७. फखरू मीर, रटौल मेरठ

८. शकूर मीर, आलमपुर, गाजियाबाद

९ चतरसैन त्यागी, डूडाहेडा गाजियाबाद

१०. असलम अकरम, मस्तान खेडा, मुज्जफ्फरनगर

११ शरीफ मीर, मस्तान खेडा मुज्जफ्फरनगर

इन शिष्यों ने कुरु जनपद मे स्वॉग परम्परा का अत्यन्त विस्तार किया और ऐसा प्रतीत होता है कि प० नत्थूलाल मानसिह के इन शिष्यो के साथ स्वॉग की यह परम्परा लगभग समाप्त हो जाती है।

आज कुरु जनपद की सस्कृति के उजागरकर्ता स्वॉगो की परम्परा लगभग लुप्त होती जा रही है और सांगीतकार ढूँढने से भी एक दो ही मिल पाते हैं। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि आधुनिक जन–जीवन मे रुचि टी०वी० की ओर अधिक होती गयी है और स्वॉगों मे अभिरुचि लेने वाला जनसमुदाय लगभग समाप्त हो गया है। जीवित सागीतकार अपनी स्वॉग कला का वर्णन करते समय अलौकिक दृश्य प्रस्तुत कर देते हैं और लगता है कि इस कला ने एक समय पूरे उत्तरी भारतीय समाज को अभीभूत कर लिया था। सस्कृति उन्नायक ये स्वॉग आज देखने को भी नहीं मिलते।

पंडित नत्थूलाल मानसिह वस्तु एवम् भोजन के प्रति विशेष रूप से सावधान बताया गया है। ये उस ज़माने के बहुत ही कीमती वस्त्र धारण करते थे और अच्छा भोजन (शुद्ध शाकाहारी) करने दिलचस्पी रखते थे। इन पुत्र प० हीरालाल शर्मा ने बताया कि ये एक समय में आठ लोटे अर्थात ८ पक्के सेर (पक्का एक सेर १ किलो) दूध पी जाया करते थे और रोजाना ८० बादाम खा जाया करते थे इनके पुत्र पंडित हीरालाल ने बताया कि पंडित जी ने लगभग ८० वर्ष की आयु तक स्वॉग किये कमजोर हो

जाने के कारण उन्हें स्टेज पर ले जाकर बैठा दिया जाता था क्योंकि उनकी आवाज की कडक मे कोई भी अन्तर उनके मरने तक नही हुआ ये समर्पित सांगीतकार थे और और ये ही कारण है कि इन्होंने कुरु जनपद को स्वॉग की सुदृढ परम्परा प्रदान स्वॉग करते हुए भी सुने व देखे गये है। अपने पुरुषार्थ से इन्होंने बहुत सी धर्मशालाए और मन्दिर व स्कूल बनवाये।

प० मानसिंह के प्रमुख शिष्यो का विवरण निम्नलिखित है .

४.३ पंडित लक्ष्मीचन्द शर्मा

जन्मस्थान - सूप, मेरठ।

४.३.१ जन्म तिथि

सम्वत १९७६ चैत सुदी तीज वृहस्पतिवार तथानुसार सन् १९१९ अप्रैल माता पिता इनकी माता का नाम सुखदेई और पिता का नाम पं० भरतसिह था। कुरु जनपद में कृषक और जमीदार परिवार के ब्राह्मण अपने नामों के पीछे सिंह लगाते थे। अब ये परम्परा जातिवाद के बढने के साथ–साथ समाप्त होती जा रही है और जाट ही अपने नाम के पीछे सिंह उपनाम का प्रयोग करते है।

४.३.२ पारिवारिक जीवन

पंडित लक्ष्मीचन्द शर्मा के पॉच पुत्र और पॉच पुत्रियां हुयी इन पुत्रों की वंश परम्परा में पंडित लक्ष्मीचन्द शर्मा के चार पौत्री और ७ पौत्र है

४.३.३ गुरु

पं० लक्ष्मीचन्द शर्मा के गुरु पं० मानसिंह जावली वाले हैं। जिनका नाम लक्ष्मीचन्द शर्मा ने अपने स्वॉगों में अत्यन्त आदर और सम्मान के साथ किया है। प्रत्येक स्वॉग का आरम्भ गुरु मानसिंह को शीश नवाकर करते हैं। ऐसा लगता है कि गुरु के स्मरण के बिना उनका स्वॉग नीरस और अधूरा रह जायेगा।

४.३.४ शिक्षा

कुरु जनपदीय सांगीतकारों में पंडित लक्ष्मीचन्द शर्मा सम्भवतः सर्वाधिक पढे लिखे थे। इन्होंने

कक्षा ४ उर्दू माध्यम से और कक्षा ७ हिन्दी माध्यम से उत्तीर्ण किया है। ये आयुर्वेद शास्त्री है और स्वॉग छोडने के बाद से आज तक वैद्यगिरि का कार्य करते है। स्वॉग के दौरान भी ये वैद्यगिरि करना अपना नैतिक कार्य समझते थे।

४.३.५ स्वॉग का समय

पंडित लक्ष्मीचन्द शर्मा अपने सभी सांगीतकारों की तरह दिन में दो बे से छः बजे तक और रात में ११ बजे से दिन निकलने तक स्वॉग किया करते थे। इनके स्वॉगों में हजारों की भीड हुआ करती थी और लोग दस–दस पन्द्रह–पन्द्रह कोस से पैदल पहुँच जाया करते थे। उस समय के गरीब समाज मे स्वॉग मनोरंजन का अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन था और स्वॉगों की रागनियॉ जन–जन की जुबान पर आज के सिनेमा के गीतो की तरह विराजमान रहा करती थी। पंडित लक्ष्मीचन्द शर्मा ने महाभारत के १८ पर्वो को लेकर स्वॉगो की रचना की पूरी की पूरी रामायण के आधार पर धार्मिक स्वॉगों की रचना की इनके स्वॉगों में लोग बडी दिलचस्पी लेते थे और ऐसा बताया जाता है कि ये जिस स्थान पर जम जाया करते थे वहॉ पर अपने गुरु की भॉति ४०–४२ दिन तक स्वॉग करते रहते थे।

४.३.६ स्वॉगों के प्रमुख पात्र

इनके स्वॉगों के प्रमुख पात्र भारतीय पौराणिक मिथक राजा और रानी हुआ करते थे। बादियो का होना आवश्यक था और इंनके स्वॉगों में कम से कम १२ और अधिक से अधिक १५ पात्रो की योजना हुआ करती थी। पं० लक्ष्मीचन्द शर्मा ने आज से लगभग १६ साल पहले सन् १९८६–८७ मे स्वॉग करने बन्द कर दिये थे और अब ये घर पर रहकर वैद्यगिरि का काम करते हैं। प० लक्ष्मीचन्द शर्मा के स्वॉगों मे हारमोनियम, सारगी कलारनेट और नक्कारे का प्रयोग किया जाता था। जिनमें हारमोनियम और ढोलक, सारंगी का महत्व सबसे अधिक होता था। नक्कारे और कलारनेट का प्रयोग बीच–बीच में होता था।

इनके द्वारा खेले गये प्रमुख ऐतिहासिक स्वॉग ये हैं –

१. गोपीचन्द महाराज
२. पिंगला भरतरी
३. दुष्यन्त शकुन्तला

४ हकीकत राय

५ ध्रुव भगत

६ सत्यवान सावित्री

७ नरसी भात

८ कर्ण

९ द्रोपदी चीर

१० सोमनाथ प्रभावती आदि निम्नलिखित है।

४.४ पंडित रघुबीर शरण

ये पंडित लक्ष्मीचन्द शर्मा के बडे भाई थे ये भी सूप जिला मेरठ में पैदा हुए थे। और पंडित जी से पहले स्वॉग करने आरम्भ किये थे। ये अपने समय के अत्यन्त प्रसिद्ध सागीतकार हुए इनका अधिकाश विवरण लक्ष्मीचन्द शर्मा जी के विवरण से प्राप्त हो जायेगा। प० रघुबीर शर्मा भी लम्बी आयु को प्राप्त करके दिवगत हुए और अपने पीछे एक समृद्ध भरा पूरा परिवार छोड गये है। इनके द्वारा खेले गये स्वॉग पं० लक्ष्मीचन्द शर्मा के स्वॉगो से तालमेल खाते हैं। रचनाकार की दृष्टि के कारण भाषा मे थोडा बहुत अन्तर अवश्य हो जाता है। इनके गुरु भी पंडित मानसिह जावली ही हुए है।

४.५ दीन्ना

दीन्ना गाधी गॉव जिला मेरठ मे पैदा हुए। ऐसा बताया जाता है कि दीन्ना पंडित मानसिह के पास उनके शिष्य बनने के लिए गये थ। किन्तु प० मानसिह ने इन्हें काले और कुरूप होने के कारण इनको अपना शिष्य बनाने से इन्कार कर दिया परन्तु दीन्ना एकलव्य की भॉति अपनी जिद पर अड गये और छिप–छिप कर पं० मानसिह के स्वॉगो की प्रतिक्रिया को आत्मसात करते रहे स्वॉग मे पूरी तरह पारंगत हो जाने के बाद इन्होने अपनी अलग मडली बना ली और प० मानसिह को अपना गुरू मानकर उनका स्मरण करते रहे प० मानसिंह ने भी आर्शीवाद स्वरूप इन्हे अपना शिष्य स्वीकार किया।

दीन्ना स्वॉग करते समय इतने एक रस हो जाया करते थे कि दर्शक इन्हीं के भावों के अनुरुप रोने हॅसने और क्रोध करने जैसे आंगिक क्रियाएॅ करने लगते थे। इनके विषय में एक घटना बहुत ही प्रसिद्ध है। ऐसा बताया जाता है कि एक बार उसे गॉव गाधी में ही स्वॉग करना था दीन्ना को उस

स्वॉग में स्त्री का रोल खेलना था। इसलिए उसने अपनी पत्नी से कहा कि तुम आज स्वॉग देखने मत आना लेकिन गॉव की स्त्रिया दीन्ना की पत्नी को जबरदस्ती स्वॉग दिखाने ले गयी। दीन्ना ने जब स्वॉग खेलना शुरू किया। उस स्वॉग मे दीन्ना को वहॉ पर जितनी भी महिलाएँ थी उन सबको अपनी माताओ और बहनो सम्बोधित करके स्वॉग शुरू करना था इतने मे ही भीड में बैठे किसी मसखरे आदमी न कह दिया कि दीन्ना तेरी पत्नी भी भीड मे बैठी है। जो स्वॉग दीन्ना खेल रहा था उस स्वॉग मे किसी के कत्ल करने का भी रोल था। दीन्ना को गुस्सा था ही कि मैने इस पगली को मना किया था। मगर यह नही मानी जब कत्ल करने का समय आया दीन्ना के हाथ मे तलवार तो थी ही भीड मे जाकर दीन्ना ने अपनी पत्नी का कत्ल कर दिया भीड मे भगदड मच गयी और पूरे कुरु जनपद मे हगामा हो गया कि दीन्ना ने अपनी पत्नी को जान से मार डाला इस जुर्म में दीन्ना को फॉसी की सजा हुई फॉसी होने से पहले जज ने दीन्ना से उसकी आखिरी इच्छा पूछी तो जवाब मे दीन्ना ने कचहरी मे ही एक बार स्वॉग खेलने की अनुमति मॉगी उस समय भारत मे अंग्रेजो का शासन था न्यायधीश ने दीन्ना को स्वॉग खेलने की अनुमति दे दी।

दीन्ना ने कचहरी मे जो स्वॉग खेला वहॉ पर जितनी भी भीड स्वॉग देख रही थी वो भीड इतनी मत्रमुग्ध हुयी कि वहीं बैठे–बैठ दीन्ना को रिहा करने की मॉग करने लगी उसके रोल को देखकर न्यायधीश जज को भी लगा कि दीन्ना ने जो कत्ल किया समय के मुताबिक कत्ल करना आवश्यक था तो न्यायधीश ने दीन्ना को बरी कर दिया यह घटना कुरु जनपद मे बहुत मशहूर है।

४.६ शकूर मीर

४.६.१ जन्म स्थान - आलमपुर, गाजियाबाद

४.६.२ जन्म तिथि - सन् १९२२

४.६.३ पिता का नाम - श्री फय्याज मीर

४.६.४ गुरू - पंडित मानसिह जावली वाले

४.६.५ पारिवारिक जीवन

शकूर मीर के परिवार मे उनके चार लडके और ३ लडकियॉ हुयी लडकों से इनके ११ पो और १३ पोतियॉ हैं। इस समय ये दिल्ली सीमापुरी मे निवास करते हैं। शकूर जी को स्वॉग छोडे करीब १८ साल हो गये और आजकल मीर सहाबकव्वाली पढने का पेशा करते हैं।

एक समय मे शकूर मीर का नाम बहुत दूर–दूर तक जाना जाता था। ये उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पहले यह पंजाब का ही एक भाग था। पजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बम्बई आदि बडे–बडे शहरो मे इन्होन अपने समय मे स्वॉग से धूम मचा दी।

४.६.६ स्वॉगों के पात्र

इनके स्वॉगो के प्रमुख पात्र राजा रानी नकलिया (जौकर) हुआ करते थे इनके स्वॉगो मे पात्रो की सख्या कम से कम १० और अधिक से अधिक १५ हुआ करती थी।

अन्य सांगीतकारो की भॉति ये भी रात को ६ बजे से २ बजे तक और दिन मे १२ बजे से रात तक स्वॉग खेला करते थे इन्होने सन् १६४३ से स्वॉग खेलने आरम्भ किये और लगभग १६७७ के आस–पास स्वॉग खेलने बन्द कर दिये। इनके स्वॉगो में सारगी, ढोलक और हारमोनियम का प्रयोग किया जाता थ'।

४.७ अन्य शिष्य

पंडित मानसिह के अन्य शिष्य हुए किन्तु सभी का विवरण उपलब्ध न होने के कारण इनका विवरण नहीं दिया जा सकता है। इनके शिष्यो के नाम से है।

शिब्बी मीर

शिब्बी मीर बुन्दू मीर के शिष्य थे। जिनका अखाडा अलग ही था मानसिह से इनका कोई विशेष सम्बन्ध नहीं था। इतना अवश्य प्रतीत होता है कि पडित मानसिह के प्रति श्रद्धा भाव अवश्य रहा होगा। शिब्बी मीर का जन्म हरसौली, जनपद मुजफ्फरनगर में हुआ था। यह स्थान मुजफ्फरनगर से शामली रोड पर बहारे कस्बे से पूरब की ओर लगभग दो कि०मी० दूर स्थित है। शिब्बी मीर का जन्म सन् १६५५ ई० मे हुआ था आज इनकी उम्र लगभग ४२ साल है। इनके परिवार मे एक लडका और ५ लडकिया है। ये अपने समय में उत्तर प्रदेश दिल्ली, हरियाणा, पजाब, हिमाचल, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि प्रदेशो में स्वॉग करने जाते हैं। स्वॉग के युग मे शिब्बी मीर का नाम बहुत ही प्रतिष्ठित लोगों में गिना जाता है। इनके स्वॉगो में बडा जनान(राजा), जनानी (रानी) तथा नकलिया और साजिन्दों को महत्व दिया जाता है। इनके स्वॉगो में पात्रो की संख्या कम से कम बारह और अधिक से अधिक सोलह होती है। शिब्बी मीर रात में ३ घन्टे और दिन मे ३ घन्टे स्वॉग खेलते हैं। इन्होंने लगभग १२ साल की आयु

से ही स्वाँग खेलने शुरू कर दिये थे। इनके प्रमुख स्वॉग ये है।

१. राजा हरिश्चन्द्र २ पूरण भक्त, ३ रूप बसन्त, ४. गरीब की दीवाली, ५ सरवर नीर और ६ शाही लकड़हारा आदि।

आज के युग मे जब स्वॉग की परम्परा लगभग लुप्त होती जा रही है। शिब्बी मीर जैसे स्वॉगी आज भी इस परम्परा को जीवित रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर रहे है।

४.८ चन्द्रलाल बादी

चन्द्रलाल बादी का जन्म लगभग १६२० के आस पास चरखी दादरी (हरियाणा) में हुआ था। इनके पिता का नाम सोहन लाल और माता का नाम चावली था इन्होंने तीन विवाह किये हैं। इनकी पत्नियों के नाम इस प्रकार है – भरभाई, फूलवती, चन्द्रो चन्द्रलाल। ये तीनों पत्नियॉ अभी तक जीवित है इनके चार लडके और चार लडकियॉ है सभी लोग संयुक्त परिवार के रूप में रहते हैं। सभी लोग सयुक्त परिवार के रूप में रहते हैं इन्होंने गुरू मंगलचन्द (हरियाणा) से स्वॉग की शिक्षा प्राप्त की ये अपने समय के कक्षा चार पास है। चन्द्रलाल बादी दिन में एक बजे से ६ बजे तक तथा रात में ६ बजे से २ बजे तक स्वॉग खेलते है। अब तक इनके स्वॉगों की संख्या लगभग ३० है। इनके स्वॉगों के प्रमुख पात्र राजा, रानी, नकलिया आदि होते हैं। चन्द्रलाल बादी बहुत बूढे हो चुके हैं। लेकिन अब भी बराबर स्वॉग खेलते हैं। आज जबकि स्वॉगों का स्थान टी०वी० ने ले लिया है। चन्द्रलाल बादी समर्पित सागीतकार इस परम्परा को जीवित रखने मे महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। इनके विशिष्ट स्वॉगों में हीर राझा, लैला मजनू, सत्यवान सावित्री और राजा हरिश्चन्द्र का नाम विशेष उल्लेखनीय है।

४.६ अन्य सांगीतकार

अनेक सांगीतकारो का नाम जिनका कि उल्लेख प्रस्तुत अध्ययन में किया गया है। उनके अधिक विवरण ना मिलने के कारण उनके सम्बन्ध में जानकारी प्रस्तुत करना कठिन हो गया है। या तो ये सागीतकार अधिकतर मर चुके है या फिर इनके विषय में अधिक जानकारी देने में लोगों को विशेष रूचि नहीं रही है। इनके नाम प्रस्तुत अध्याय में ऊपर दिये जा चुके हैं। प्रमुख सांगीतकारों के स्वॉगों के कुछ अंश यहॉ प्रस्तुत हैं।

ओऽम्

असली सांगीत

पृथ्वीसिंह किरणमइ

प्रणाली :- चन्द्रलाल भाट दत्तनगर निवासी।

वार्ता- सज्जनो किरणमई नटनी का भेष करके अकबर के दरबार मे आती ह।

रागनी इन्दर के समान लगा दरबार अकबर का।
पृथ्वीसिह अफसोस करै अपणे घरयाणे घर का।।टेक।।
आधे माणस पृथ्वीसिह के दु ख मे साझी हो थे।।
मिन्तर दोस्त शेरखा की बातो मे राजी हो थे।
आपस मे माह बहसम बहसा पडित काजी हो थे।
इज्जत आले सोच करे खुश पाजी पागल हो थे।।
बिन इज्जत मुश्किल जीना होसै इज्जत आले नरका।।१।।[१]

असली सांगीत

श्रवण कुमार

हीरालाल शर्मा निवासी जावली गाजियाबाद

वार्ता - सज्जनो श्रवण शरीर त्याग देता है, राजा दशरथ को बडा दुख होता है वह जल का कलशा लेकर अन्धो के पास आता हे और उनसे जल पीने को कहता है तो श्रवण के मात पिता पूछते है कि तुम कौन हो और श्रवण कहा है दशरथ चुप खडा हो जाता है तो श्रवण का पिता कहता है –

गाना तर्ज - डोले के म' सोगी हीरे ताणकै नै चीर

टेक – क्यू ना श्रवण आया पाणी तू लाया है कौण।
उलट पलट जी हुआ मेरा अब होरहे सोणकुसोण।।

कली– अपने आप धडक रहा हृदय डगमग डगमग डोलै।
क्यू चुपचाप खडा है क्यूना भेद बात का खोलै।।
सिर पै उल्लू बोलै आगै स्यार लगे है रोण।।१।।[२]

---

१ पृथ्वीसिह किरणमई पृ० २१

२ श्रवण कुमार पृ० १२

ओम नमः शिवाय

सांगीत नल दमयन्ती

फखरु मीर निवासी रटौल, मेरठ

वार्ता - पारधी दमयन्ती को मारने के लिये तीर साधता है तो वह तीर पलटकर पारधी के सीनेमे लगता है जिससे वह मरजाता है।

रागनी तर्ज फिल्मी – अन्धेर नगरी – एक बेर तो.........

प्राण लगी हूँ तजनं, रहा ना वजन, सजन दिल तोड गये,
हो सोवती छोड गये।।टेक।।

भजन– पिया कारणे इस दुनिया का सारा दुख बिसराया।
भरे स्वयवर मे इन्दर का मान घटा धमकाया।।

तोड– पाया कोयना पता कौणसी खता, बता किस ओड गये,
हो सोवती छोड गये।।१।।
जात बीर की इकली बण में कैसे धीर धरूं।
पता नही इस जिन्दगानी का कितने कष्ट भरू।।

तोड– मरू जहर अब चाट क्यूं साडी काट बाट बुरी दौड गये
हो सोवती छोड गये।।२।।[1]

ओऽम

सांगीत वन पर्व

जहॉंगीरा मीर, निवासी रटौल, मेरठ

वार्ता- अर्जुन ने कहा गूरूदेव यह धर्म की आज्ञा है मैं इसका पालन अवश्य करूँगा चित्र गन्धर्व ने दुर्योधन को छोड़ दिया अर्जुन दुर्योधन को धर्म के पास ले जाता है।

भजन तर्ज – सवा रूपैया मुरदे का कफन कालिया
मैं जुल्म जुवारी अत्याचारी मनुष्य धोखेबाज।
धर्म युधिष्ठिर से मिलने में आवेगी लिहाज।।टेक।।

---

१. नल दमयन्ती, पृ० ३

कर्म करेका दड भरल्यूगा, कोई कुछ कहदे तो मरल्यूगा।
धर्म के चरणो में धरल्यूगा अपणे सिर का ताज।।१।।
घाव मे नूण जलन कर रहा है, मान मेरा नीचे को ढल रहा है।
रेते के मा मिल रहा है आज राजा का मिजाज।।२।।
मै सब ऊँच और नीच तकू हू सच्ची कहू या नीच बकू हू।
तेरे कहे से त्याग सकू हूं हस्तनापुर का राज।।३।।
मानसिह गुरु ज्ञान गाणे को, मन रघुनाथ का समझाणे को।
शब्द का आनन्द पाने को संग में रंग का साज।।४।।[1]

ओऽम्

असली सांगीत

पूरनमल बाग नौलक्खा

असलम अकरम निवासी मस्तान खेडा, मुजफ्फरनगर

वार्ता– सुन्द्रादे का पूरनमल को ले गुरु गोरखनाथ को प्रणाम करके महलो को वापस आना।

रागनी न० १

तर्ज – धरती बेटे की लाश

लेकर पूरनमल को साथ चालदी सुन्द्रा हो राजी।
हाथ जोड के माथा टेका गोरख को प्रणाम करी।।
सतरा सौ फकीरो आगे कर मुजरा सलाम करी।
पूरन रोया गुरू भाइयो को रो–रो जय हरनाम करी।।
आसू भरे आखो के माह बोलना दुश्वार होग्या।
गुरू की आज्ञा के आगे जती फिर लाचार होग्या।।
नीची नाड करके चाला सुन्द्रा का शिकार होग्या।
गोरखा का भरा रज में गात सुन्द्रा की नौबत बाजी।।[2]

---

१. वन पर्व, पृ० २२–२३
२. पूरनमल नौलक्खा, पृ० १–२

श्रीगणेशाय नमः

महाभारत पांडव जन्म

शरीफ मीर निवासी मस्तान खेडा, मुजफ्फरनगर

वार्ता - कुवर की इस प्रतिज्ञा पर दूसरी शका धीवर राज ने बताई कि कुमर सत्य व्रत आपकी प्रतिज्ञा अटल है। किन्तु जरा सोचिय तो आपके बाद आपके पुत्र आपकी गद्दी पर अधिकार करेगे। ऐसी प्रतिज्ञा से सत्यवती को क्या लाभ।

दोहा – सुन धीवर की बात को कहे सत्य व्रत गुनवान।
सब तरिया से सोचग्या आज मेरा इम्तहान।।
आज मेरा इम्तहान कहन लगा साक्षी चाद सितारे है।
सूरज धरती पवन साक्षी गगा जल मात हमारे है।।
जन्म अखड ब्रह्मचर्य का व्रत कुमर ने धारा है।
धन्य २ की धुन गूजी खुश हुया वो धीवर प्यारा है।।[१]

ओऽम्

सां० सांवल्दे राजा कारक

चतरसेन त्यागी, निवासी डूडाहेडा, गाजियाबाद

वार्ता - सावल्दे के आने पर धी ध्यानी आरते का थाल सजाकर गाती बजाती डोली के पास आती है।

रागनी न० १२

तर्ज – तेरा जादू ना चलेगा रे सपेरे
सारी मिलजुल मगल गावे, चलो तारके बहूने छोरी लावे
सखी सहेली कटठी हो चला महल से लारा।
मस्त जवानी खेल करे कोई सतरा कोई ठारा।।
कैसी मस्ती मे नजर घुमावे, कटखाना तोर चलावे।।१।।
जैसे पपीहा बागो मे कोयल आम डाल पै।।

---

१ सांगीत पाडव जन्म, पृ० १२–१३

जैसे हाथी बिन अंकुश जारा मस्त चाल पै।।
जैसे ताल पै मुर्गी ध्यावें, बजे बीन सर्प लहरावे।।२।।
आशिक पागल हुये खडे धडके जिगर चाल पै।
बरमा और कमाणी ले बाढी त्यार साल पै।।
प्यासे खडे लखावे कैसी डोल कुएं मे जावे।।३।।
'रामरतन' तेरी टोली करें बुराई गुण्डे।
घडवा और चीमटा लेके फिरें बणे मुसटण्डे।
इन्हे जयकिशन समझावें हरिकिशन नये रग गावे।।४।।[१]

ओऽम्

राजा हरिश्चन्द्र राज्य-दान

लेखक - शकूर मीर निवासी आलमपुर, गाजियाबाद

वार्ता - अब मुनी विश्वामित्र राजा को रानी, लडके सहित काशी शहर मे घुमाता है और आवाज लगाता है।

रागनी नं० १३

तर्ज – तू कौन रोने वाली

पाछे पाछे भूप चाले आगे ऋषिराज चले।
बरदा ले लो मोल देते आवाज चले।।टेक।।
समय था प्रातः काल, रहे नगर में चाल।
भूप ना मुंह से बोले रहे नीची गर्दन डाल।।
पीछे चन्दा सा लाल बेचने सत के काज चले।।१।।
काशी का भरा बाजार बैठे साहूकार।
सूरज से चमकें धरे हीरे लाल जवाहर।।
ना देखे भूप निहार नगर में भरे जिहाज चले।।२।।
रहा बाज विप्र का ढोल, कोई बरदा ले लो मोल।

---

१. सॉवल्दे राजा कारक, पृ० '१२

साठ **भार सोरन** के दे दो बदले के में तोल।।
खडी **प्रजा बांधे** गोल करन सौदा अन्दाज चले।।३।।
चले लोग छोड के कार नर नारी का ब्यौहार।
चौक चौराहे पर खडे तीनो बाध कतार।।
कहे 'रामरतन' ससार के सारे रस्म रिवाज चले।[1]

ओऽम्

रामरतन का गुच्छा

रामसिह नाई निवासी खेकडा, मेरठ

रागनी नं० १४

तर्ज – उड जारे पछी अब देश हुआ बेगाना (भाभी)

रोवण लागी सावित्री सुन सत्यवान की बाणी।।टेक।।
जन्म मरण सारा बतलावें साची बात मान राखी।
जो पतिव्रता का पति मरजा नहीं किसी ने आन राखी।।
मै जीऊ तुम मरो तो वेद ने कर झूंठी बखान राखी।
पूरा साल हुआ तप करते छोड दिये अन्न पानी।।१।।
इसी बात ने याद करू कैसे सास सबर की भर दूगी।
इन जन्म मरणकी लडियोंकू तप बलसे आज कतरदूगी।।
के तो झूठी सावित्रि नहीं वेद ने झूठा कर दूगी।
दुनिया मे रोशन हो जागी मेरी आज कहानी।।२।।
तपके बलसे ब्रह्मा जगत रचावे विष्णु तपस्याकेबल पाले।
तप के बल से शकर भी तीनों लोक ने सगवाले।।
शक्ति कौन ऐसी जग में जो तेरे जीव ने कढवाले।
लगा समाधी सही बैठगी मेटूं मौत निशानी।।३।।
भरी क्रोध मे भबक अगन सी तेज शरीर मे आया था।

१. हरिश्चन्द्र राज्यदान, पृ० १६

लाल २ झड़ लिकड़ रही थी सूरज सा चमकाया था।

यम का दूत प्राण खीचने बन के अन्दर आया था।

'रामरतन' कह उल्टा भागा बचने मुश्किल प्राणी।।४।।[1]

---

१. रामरतन का गुच्छा कौशिक, पृ० १५

५. कौरवी जनपदीय स्वाँगों का सामाजिक अध्ययन

लोक–साहित्य की अपनी विशेषता यह है कि यह साहित्य लोक की सम्पूर्ण सास्कृतिक परम्पराओ का लेखा–जोखा होता है। इसलिए साहित्य मे आरम्भ से ही लोक और वेद मे भेदक–रेखाएँ खीची गयी है।

भारत मे लोक साहित्य की परम्परा ऋग्वेद से आरम्भ हो जाती है। इस वेद मे साम्यगायक को **गाथिन** कहा गया है और इस प्रकार इसे ऋचा के गायक से अलग प्रमाणित किया है। ऐसा लगता है कि ऋचा का गायक सस्कारयुक्त होता था और गाथिन का गायक लोक–गायक के रूप मे सामने आता है। महाभारत के आख्यान, **बृहत्कथा** (गुणाढ्‌यकृत) तथा **कथासरित्सागर** लोक गाथाओ के अत्यन्त समृद्ध प्रमाण है। कालिदास के नाटको मे भी लोक–भाषा के अनेक प्रयोग मिलते हैं। **अभिज्ञानशाकुंतलम्** के चतुर्थ अक मे नीच पात्रो के माध्यम से युगीन लोक भाषा के प्रयोग को महत्व दिया गया है। कालिदास के उच्च पात्र संस्कृत का प्रयोग करते है जबकि निम्न पात्रो की भाषा प्राकृत और अपभ्रश होती है।

लगभग सभी सत कवियो गोरखनाथ, कबीर, रैदास, दादू, रज्जब, गरीबदास और सूफी कवियो की भाषा लोकभाषा है। लोक–भाषा मे रचित साहित्य साहित्यक भाषा के साहित्य से अधिक सम्प्रेषणशील हुआ करता है। भक्त कवियो की भाषा मे भी लोकभाषा के अनेक प्रयोग देखने को मिल जाते है।

लोक–साहित्य किसी एक व्यक्ति की मानसी शाब्दी अभिव्यक्ति नहीं हुआ करती बल्कि इसमे दीर्घकालीन सामाजिक सास्कृतिक परम्परा को चित्रित करने वाला सामूहिक अचेतन क्रियाशील रहता है। इस साहित्य को काल एव स्थान की सीमाओ मे बाध पाना अत्यन्त कठिन होता है। यह सुदूर सचरणशील भी होता है और स्थान बोध के अनेक आयाम भी इसके माध्यम से खुलते है। इस प्रकार लोक वार्ता या लोक साहित्य सापेक्ष होता है। प्रो० शाण्डिल्य के अनुसार "लोकवार्ता परिवेशगत आकाश अग्नि–वायु–जल–पृथ्वी से शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध प्राप्त अवश्य करती है। किन्तु इसकी मानसिक सास्कृति व्याप्ति सार्वभौमिक एव सार्वकालिक होता है। पीढियो, विभिन्न विचारों एवं स्थानों की विशिष्ट लोक सस्कृति की संपृक्ति के फलस्वरूप यह सामूहिक अवचेतन की कलात्मक शाब्दी अभिव्यक्ति का रूप ले लेती है।

सतत गतिशील होने के कारण इसका स्वरूप भी लगातार परिवर्तित–परिवर्धित होता जाता है।

लोक साहित्य की सशक्त विधा के रूप में कुरु जनपदीय स्वॉग का अपना महत्व है। स्वॉगो में संस्कृति के सभी बिन्दुओं को बड़ा खूबसूरती से उजागर किया जाता है और इस प्रकार यह कहना उचित ही है। कि स्वॉगों में कुरु जनपदीय सामाजिक एवम् सांस्कृतिक परम्पराओं का अत्यन्त व्यापक चित्रण किया गया है।

स्वॉगों में चित्रित लोक सांस्कृति एवम् सामाजिक मान्यताओं को इस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है।

क. लोक सांस्कृतिक परिवेशगत मान्यताएँ।

ख. लोक भौतिक परिवेशगत संवेदनाएँ।

क लोक सांस्कृतिक परिवेश = धार्मिक मान्यताएँ अथवा लोक मान्यताएँ नियतिवाद उदारमनोवृत्ति तर्कहीन आस्था अथवा अन्धविश्वास।

ख. लोक भौतिक परिवेश के उपादान = भोज्य पदार्थ, वस्त्र, घर, नदी, पर्वत, मैदान, पशु पक्षी, नौकर चाकर, पारिवारिक जन, बुर्जुआ(राजा रानी) एवं सर्वहारा वर्ग (गरीब आदमी)

लोक की आधार–शिला धर्म होती है इससे लोक के जीवन को बल एव प्राण मिलता है। धर्म की परिभाषा देते हुए कहा गया है – "धारयति इति धर्मः" जिसको धारण किया जाय वह धर्म होता है। धर्म को पहले धारण अवश्य किया जाता है किन्तु बाद में वही व्यक्ति की आत्मा बन जाता है। इसके बिना मानव जीवन असंभव हो जाता है।

भारत आदि काल से ही धर्म–प्रधान देश रहा है। धर्म और अध्यात्म यहॉ की आधार–शिलाएँ हैं। लोक–साहित्य की अन्य विधाओ के अनुरुप लोकोक्तियों एव मुहावरों में भी धार्मिक विचारों एव भावनाओं का समृद्ध रूप देखने को मिलता है। लोक–साहित्य में धर्म की गंध को इस प्रकार समझा जा सकता है। कि जिस प्रकार फूलों की माला में लगे हुए सूत्र में फूलों की गंध स्वतः समाहित हो जाती है उसी प्रकार लोक में धर्म की गध व्याप्त रहती है। जबतक लोक रहेगा तब तक उससे धर्म को अलग नहीं किया जा सकता है।[१]

धर्म, समाज और संस्कृति अभिन्न होते हैं। एक का अध्ययन दूसरे के अध्ययन के बिना पूर्ण नहीं

---

१. प्रो. शिवकुमार शाण्डिल्य, कौरवी लोकोक्तियां, पृष्ठ ५–६.

हो सकता है।

लोक मानव को सघर्ष का सामना, शिष्ट मानव की अपेक्षा अधिक करना पडता है। नगर जन को लगभग सारी सुविधाए उपलब्ध रही है जबकि लोक के सम्पन्न से सम्पन्न व्यक्ति को ये सुविधाएँ जुटाने के लिए नगर का ही आश्रय लेना पडता है। वह लगातार सघर्ष करता है किन्तु यह सार्वजनिक मगल भावना को कभी भी अपने पास से नही डिगने देता।

पारस्परिक आकर्षण से समाज की रचना होती है। समाज का आधार मानव प्रकृति है। मानव प्रकृति वैसे तो सम्पूर्ण विश्व मे एक सी होती है किन्तु स्थान, प्रकृति एव राजनीतिक भेद के कारण सभी एक सूत्र में बंध नहीं पाते है। इनके पीछे निहित स्वार्थ होते हैं। इन दृष्टियों से जिनके निहित स्वार्थ एक से होते हैं उनका एक समाज बन जाता है। समाज का छोटा रूप समुदाय कहलाता है। समाज मे अध धार्मिकता प्रधान होती है और इसी प्रधानता के कारण वह सम्प्रदायिक बन जाया करता है। व्यक्ति समूह जैसे जाति शहर, गॉव, पचायत आदि पर जब सामाजिक संबंधों की दृष्टि से विचार किया जाता हे तब उसे सामाजिक समूह का समाज कहा जाता है। जब इसे व्यक्तिमूलक दृष्टि से देखा जाता हे तब यह समुदाय बन जाता है।

समाज अर्मूत होता है और कुछ लोग अर्मूत समाज के मूर्त सगठन को समुदाय कहते है किन्तु इन दोनों में स्थिति भेद होता है। समुदाय एक भावना है। समाज भाव –समूह होता है। समुदाय मे अध आत्मीयता होती है जबकि समाज में सार्वभौमिक आत्मीयता। सामुदायिक भावना का विचार स्वत स्फूर्त होता है।

जटिल संबधों की समानताएॅ प्रथाओं को जन्म देती हैं जबकि समाज के लिए इनका महत्व नही होता।

समाज के लिए इन बातों का समान होना आवश्यक है .

१ समाज–जीवन–धारा।

२ पारस्परिक रीति–रिवाज।

३ निर्धारित नियमो का समान रूप से पालन।

४. संगठन कार्य।

५. शारीरिक संगठन की समानता।

६. समान रचनाएं।

७. समान हित भावनाएँ।

साहित्य के विश्लेषण के लिए समाज को दो भागों में बाँटा जा सकता है :

१. राजनीतिक समाज (नगर समाज)

२. धार्मिक समाज (ग्राम समाज या लोक समाज)

अभिव्यक्ति से समाज की रचना भी होती है और समाज उसका सर्वकर्ता होता है। व्यक्तियों से समाज का निर्माण होता है। व्यक्ति स्वभाववश समाज में रहना चाहते हैं। इस दृष्टि से समाज को स्वाभाविक और कृत्रिम दोनों माना जा सकता है। समाज व्यक्ति की आवश्यकताओ की पूर्ति करता है। इस कारण वह उसके लिए साधन है। समाज से ही उसे भाषा, शिक्षा और सस्कृति मिलती है।

व्यक्ति का जन्म परिवार में होता है। वहीं वह सामाजिकता का पाठ पढ़ता है। मानव की मूल प्रवृत्तियों की संतुष्टि भी परिवार में रहकर ही होती है। परिवार में जीवन बिताने की भावना को मानव जाति की आदिम प्रवृत्ति कहा जा सकता है।

संस्था के रूप मे परिवार सभी मानव समुदायों में पाया जाता है। वह मनुष्य के लिए नितान्त आवश्यक थे। परिवार मनुष्य का आधार स्तम्भ है। जन्म, पालन, पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सस्कृति राजनीति आदि की दृष्टि से भी मनुष्य को परिवार का आश्रित रहना पड़ता है। राज्य सत्ता एवं शासन पद्धति परिवार के सूक्ष्म तत्वो के आधार पर ही विकसित होती है।

परिवार को समाज का लघु रूप माना जा सकता है। समाज के प्राय: सभी अंग परिवार को प्रभावित करते हैं।

प्रत्येक काल का कवि या लेखक अपने क्षेत्र में नैतिकता उत्पन्न करना चाहता है। व्यक्ति का जीवन समाज–सापेक्ष होता है। जिस प्रकार समाज में ही व्यक्ति का व्यक्तित्व निर्मित होता है उसी प्रकार व्यक्ति के व्यक्तित्व से ही समाज और सामाजिक एकता निर्मित होती है। समाज में राजनीतिक आदर्श जितने ही उन्नत होंगे उतने ही वह प्रगतिशील रहेगा।

समाज विज्ञान की दृष्टि से सम्पत्ति की ये विशेषताएँ बताई जाती हैं :

१. स्वामित्व का अधिकार

२ एकान्तिक अधिकार

३. उपभोग और उपभोग के अवसर

४. सामाजिक मान्यता।

सम्पत्ति के स्थूल रूप मे तीन भेद किये जाते हैं :

१. सार्वजनिक सम्पत्ति

२. संयुक्त सम्पत्ति

३. व्यक्तिगत सम्पत्ति

व्यक्तिगत सम्पत्ति को मानव आय भी माना जा सकता है। सत कवि थे उन्होंने निजी सम्पत्ति को विशेष महत्व नहीं दिया। उनके लिए निजी सम्पत्ति उपभोग की नहीं, सार्वजनिक हित की वस्तु होती है। उनके काव्य में इसी भावना क दर्शन होते हैं।

सामाजिक अर्न्तद्वन्द्व का मूल आधार राजनीति परिवर्तन एव धार्मिक दार्शनिक अन्तर्द्वन्द्व एव परित्याग होता है। मध्य युग में वह परिवर्तन बहुत था। यही कारण है कि इस युग के समाज में सामाजिक मान्यताओ एव दार्शनिक सिद्धान्तो मे गम्भीर परिवर्तन हुआ।

सामाजिक नैतिक परिवेश को लोकाचार कहते हैं। हर समाज में ऐसे लोकाचार जातीय संस्कार और शिष्टाचार होते है इनमे नैतिक शिष्टाचार और सामाजिक शिष्टाचार का समन्वय होता है। बुद्धिमत्ता और सामाजिक सद्‌गुण का सम्बन्ध भी सामाजिक नैतिकता से होता है। इससे उसका चिन्तन उसकी भावनाए और उसकी इच्छाए प्रभावित होती है। सामाजिक नैतिकता के इस वातावरण का व्यक्तियो के व्यवहार पर गम्भीर प्रभाव पडता है। जो व्यक्ति लोकाचार का जितना पालन करता है वह सामाजिक दृष्टि से उतना ही अच्छा माना जाता है।

इस सम्बन्ध में निम्नलिखित बातें विचारणीय हैं –

१ लोकाचार विरुद्ध आचरण, लोक–निन्दा एवं लोकापवाद कारक होता है।

२. समाज के सभी व्यक्ति लोकाचार से प्रभावित होते हैं।

३. लोकाचार अमूर्त होता है। वह अव्यक्त रूप में सारे समाज में व्याप्त रहता है।

४ लोकाचार नित्य शाश्वत एव सनातक होता है।

५ लोकाचार नैतिक परिवेश पर निर्भर करता है।

६ लोकाचार सामाजिक आचरण का आदर्श होता है।

साहित्य सर्जना वैयक्तिक एव विशिष्ट भाषा के माध्यम से होती है। साहित्य सर्जना मे भाषा, शरीर मे रक्त का कार्य करती है। साहित्य यदि शरीर है तो भाषा उसका रक्त। रक्त के बिना जीवन सभवनहीं होता।

सागीतकार लोक की मिट्टी का गायक होता है उसकी रग-रग मे लोक की मिटटी की गध समाय रहती है माटी की यह गध उसके द्वारा स्वॉगो की रचना कराती है। जिस सागीतकार मे यह गध जितनी ही अधिक व्याप्त रहती है उतनी ही उसकी अभिव्यक्ति महान् और प्रखर हुआ करती है। अपने समाज के प्रति पूर्णत प्रतिबद्ध होता है। और यह प्रतिबद्धता उसे सच्चा सागीतकार बनाता है।

सागीत साहित्य मे निम्नलिखित विशेषताऍ मानी जा सकती है

१ परिवेशीय अन्तरग अनुभूति की प्रधानता

२ सरल, सहज, स्वाभाविक वृत्तियो का निरूपण

३ सहज भाषा

४ अतिरेकपूर्ण अभिव्यक्ति

५ लोकोत्तर कल्पना का प्राधान्य (अलौकिक कार्यो, अतिप्राकृत शक्तियो अपदेवता अर्धदेवता आदि मे विश्वास का प्राधान्य)

६ सार्वभौमिक भावना का प्राधान्य

७ आधुनिक सामाजिक मान्यताओ का उपहास

८ लोक भावनाओ का उद्घाटन

९ विशिष्ट परवेशीय अन्धविश्वासो का उद्घाटन

१० परिवार, पारिवारिक जन एव विशिष्ट लोक मे आस्था

११. स्थान विशेष की सार्वभौमिक सास्कृति मान्यताओ का चित्रण

१२ निर्वैयक्तिकता

१३ छंद–अलंकार–बधनमुक्त रचना

१४ मिथको एव प्रतीको का प्राधान्य

१५ कलावधि निरपेक्ष मौखिक साहित्य

१६ सुमंगला तिरिया, पराक्ष आत्माओ, देवताओं, सन्त, फकीरो, लोक वीरों की पूजा

१७. विवरणात्मक पद्धति

परिवेशीय अन्तरंग अनुभूति की प्रधानता :

सागीतकार का जन्म लोक की मिट्टी मे होता है। उसी में वह बढता और पनपता है। अपने परिवेश की आकाश, अग्नि, वायु, जल, पृथ्वी की तन्मात्राओं से उसके जीवन का निर्माण होता है। या यूँ कहिये कि माटी की गंध उसकी रग–रग में इस प्रकार समाहित हो जाती है जिस प्रकार फूल माला के धागे में फूल की गध व्याप्त हो जाती है।

परिवेशीय अनुभूतिया सवेदनशील साहित्यकार को हर समय आन्दोलित करती रहती है उसकी अच्छाइयों बुराइयो से उसका गहन साक्षात्कार होता है और वह चाहता है कि परिवेशीय सारी विसगतियों को दूर करके एक स्वच्छ समाज का निर्माण करे।

लोक परम्परानुगामी होता है उसकी परम्पराओं की जडे बहुत गहरे तक चली जाती है परम्पराओं का टूटना समाज पर बहुत गहरा आघात करता है और यही कारण है कि लोक का सागीतकार भी किसी पापात्मा या दुष्टात्मा को किसी भी स्थिति मे माफ नही करता सागीतकार प० रघुनाथ सिह अपने स्वॉग श्रवण कुमार में दुष्टात्मा पुत्र को ललकारते हुए इस प्रकार कहते है –

लाज शर्म कित थारी गई।
माता के ठोकर मारी–गिरी तड़फ के बेचारी
अत्याचारी पापी चम्पक लाल मै
छोटे बड़े देख रहे, बुढिया नही किसी ने छुटवाई
निर्दयी बेटे ने मॉ बुढिया हाथ पकड़ ऊपर ठाई
आई नहीं दया कोई बुढिया मन–मन में रोई

सदा को सोई, ना रही जग के जाल मे

लोक का व्यक्ति पाप स बहुत बुरी तरह से डरता है और इतना बडा पाप हो जाने पर चम्पक लाल भी अपने आत्मा को कोस बिना नही रहता –

सोधी गई स्वर्ग मे बुढिया नगरी वाले कहन लगे

पापका रग हुआ चम्पक को ऑख मे ऑसू बहन लगे

सहण लगे दुख करने का फिक्र माता।[1]

सागीतकार राजनीतिक चालबाजो से भी बेखबर नही रहता अमरसिह राठौर नामक स्वॉग मे चन्द्रलाल भाट उर्फ बादी इस प्रकार चालबाजी का पर्दाफाश इस प्रकार करते है

वार्ता-

अब सज्जनो अमर सिह हाडी रानी को लेकर घर चला जाता है और प्रेम से रहते चौदह दिन हो गये तो सलावत खॉ ने बादशाह से अमरसिह के बारे मे चुगली खाई तो कहा कि अमरसिह ने बजाय सात दिन के चौदह रोज हा चुके है अभी तक वह अपनी नौकरी पर हाजिर नही हुआ है। गैरहाजिरी का उस पर सात लाख रुपया जुर्माना होना चाहिए। बादशाह ने बात मान ली सात लाख रू० जुर्माना कर दिया उधर अमरसिह ख्याल करता है कि चौदह रोज हो चुके हे दरबार मे चलना चाहिए अमरसिह चलने की तैयारी करता हे और हाडी रानी क्या कहती है।

जवाब अमरसिह का रानी से

दोहा -

एक बात और बन गई जो दुनिया का दस्तूर

छुटटी पूरी हो गई मने जाना पडे जरूर

रागनी अमर कहानी

सात रोज की दरबारा मे गैर हाजिरी लगाई गई

तेरे प्रेम में फस के रानी कुछ ना बता दे गई

सात रोज की छुट्टी लेके थारे घरां गया था रानी

करी खुशामद खूब सहा सखी

---

१. श्रवण कुमार रघुनाथि सिह, पृ० १४

तीन रोज तक थारे घर पे प्रेम के साथ रहा रानी
फेर हम अपने घर आगे तेरे मुँह के बीच कहा रानी
हम तुम बोले ओर बतलाय सारी रात लगाई गई[1]

२. सरल सहज स्वाभाविक वृत्तियों का निरुपण :

सांगीतकार मानव की सरल सहज और स्वाभाविक वृत्तियों से गम्भीर रूप मे परिचित होता है। वह इन वृत्तियों को अपने स्वॉगों में इतना सजीव रूप में चित्रित करता है कि दर्शन उसी वृत्ति के अनुसार बह जाता है। स्वॉग सावल्दे राजा कारक में पंडित रामरतन कोशिक टीला निवासी अपने पति की मृत्यु पर सावल्दे जो विलाप करती है और साथ ही परिवारजनों का जो हाल होता है उसका मार्मिक चित्रण नीचे देखने को मिल जायेगा –

रागनी नं० १० (तर्ज – मर्द बडे बेदर्द बडे)

बिना पति दुर्गति दुखी महाराणी, रखी डोले मे ल्हाश,
टपके आंख्या पाणी (टेक)
गोदी में शीश घटके रखे थी हिडकी भरके
ताला लगा के चला सास ससुर के घर के
कैसे जाऊँ मुँह, दिखलाऊ हुई हाणी
माता करेगी सुनके जिन्दगी की घाणी (१)
कारक की जान खातर, सावल्दे काल होगी
दुख सहूँ किस मुँह ये वाणी
डोले के पास सखी आये याणी स्याणी (२)
हाथों में थाल धरके, आवेगी चाह में भटके
कैसे जीऊंगी जब डोली का परदा सरके
तोड – मुरदा निहार, गिरे सास भर जाणी
रो रो कहेगी बहू आयी माणस खाणी (३)

१. अमरसिंह राठौर चन्द्रलाल भाट, पृ० ६–७

राहू ग्रह मान गया, दुखिया का मान गया
रोते झिंज्जाते डोला आ दिल्ली दरम्यान गया

तोड– गयी खबर भवन, कथे 'रामरतन' अज्ञाणी
काहे का गरुर दुनिया हो हो जाणी (४)

दोहा– रोते–रोते पहुँचेगी सरदारो गढ दिल्ली के पास
डोली रोकी देख के दुनिया मारे थी सास[1]

३. सहज भाषा

लोक सांगीतकार की भाषा ज़न प्रचलित सहज एवम् सरल होती है। इस पर किसी प्रकार का लेबिल नही लगा होता और इस भाषा को हिन्दी उर्दू या अग्रेजी मे नही बाधा जा सकता सागीतकार लोक प्रचलित शब्दावली का भरपूर प्रयोग करता है। वह शब्दावली चाहे अरबी की हो फारसी की हो खडी बोली की हो या हरयाणवी हो।

इस तरह की भाषा के कुछ नमूने यहाँ प्रस्तुत है -

अरबी फारसी मिश्रित भाषा :

शेरखॉ के घरा पठानी खुशी मे ठणी फिरे थी
पृथ्वी सिंह की बीर किरणमई नटनी बणी फिरे थी
कोई कहे खुदा हाफिज मेरा कोई कहे सहारा हर का (२)
मुंशी दीवान कानूगो नाजर अदालत में लिख पढ रहे।
अर्जीनवीस मुख्तयार वकालत पास वकील झगड रहे।
इन्सपेक्टर, डिप्टी कलक्टर जजी में किस्से छिड रहे
पृथ्वीसिंह फासी के मुजरिम कैसे शिशन में लड रहे
वजीर कमीश्नर बादशाह को बहम था इसी फिक्र का
केस लडन मे मुद्दालय के साथ शहादत हो सै

---

१. सांवल्दे राजा कारक कौशिक, पृ० १०–११

मौत सजा के मुजरिम की कहा जमानत हो सै

साँच को आती कभी आंच नायो ठीक कहावत हो सै

सत्य के साथी राम जगत में आखिर में गत हो सै

कहे चन्द्रलाल उस जघां रिश्वती कोय नहीं धन?[1]

अंग्रेजी मिश्रित शब्दावली :

पृथ्वीसिंह रजपूत हरीला बण के चला डिठोरे का

कोट पेन्ट और बूट पहर के ढंग बदलग्या छोरे का

बीस वर्ष का छैला गबरु सौवा में एक छांट वणग्या

जणै थांणै तहसील जिले के अपर अफसर बडालाट बणग्या[2]

ये भाषा इस प्रकार की होती है कि इसे सामान्य से सामान्य जन भी आराम से समझ लेता है इसके लिए उसे किसी पढ़े लिखे व्यक्ति का सहारा लेना नही पड़ता।

४. अतिरेक पूर्ण अभिव्यक्ति :

लोक साहित्यकार और विशेषकर लोक भाषा का प्रयोग करता है। अपने प्रिय हीरो का वर्णन इस प्रकार करता है। कि हीरो सामान्य होते हुए भी अत्यन्त अलौलिक दिखाई पडने लगता है। वह उसके शौर्य का वर्णन बहुत बढ़ा चढाकर करता है। जिससे वह लौलिक व्यक्ति ना होकर अलौलिक लगने लगता है।

हाडी रानी अमरसिह के शौर्य का वर्णन करते हुए सलावत खाँ को उससे सम्मुख बुनगे जैसा वर्णन करती है।

रज बधां के तेरी काया लई बीच सलावत खाँ ने

दरबारा में बखेर दई खट कोंच सलावत खाँ ने

अपनी मौत बुलाली करम के पोच सलावत खाँ ने

बेईमान करणा चाहवे था दिखे दाल में काल (१)

---

१. पृथ्वीसिंह किरणमई चन्द्रलाल भाट, पृ० २१–२२

२. पृथ्वीसिंह किरणमई चन्द्रलाल भाट, पृ० ३४

जाण बुझ के वो अग्नि में खुद पडना चाहवे था

सात लाख का जुर्माना वो तेरे पडना चाहवे था

रजपूतों के साथ नपूता खुद अड़ना चाहवे था

वो गीदड़ को शेर की साहमी पिया भिडना चाहवे था

खुद करा ज्यान का गाला (२)

तेरे आगे सलावत खॉ पिया एक मुट्ठी भर खाक नही

तेरे दरबारा में बेईमान की साख नहीं

थारे होते हुए उस पाजी का इतना ऊँचा नाक नहीं

कहा करे थे रजपूता की शेर तै कमती धाक नहीं

वोरात अन्धेरी तू चॉद शिखर का इतना बीच बिचाला

मगलचन्द धड़कती छाती साजन थारी दहल के में

चन्द्रलाल एकला था ना दूजा थारी गैल के मै

मैं अरधंगी दासी चरण की दासी थारी रहल के में

शतरंज सेज बिछा राखो पिया लाइये लोट महल के में

तन मन की ले काढ पिया सै हाजिर जोवन वाली (४)[१]

५. लोकोत्तर कल्पना का प्राधान्य

लोक सांगीतकार अपने वर्णन का आश्रय लेता है जिससे उसका श्रोता इतना अभिभूत हो जाये कि वह उसी मैं पूरी तरह खो जाये। प० रामरतन **नरसी के भात** में बांके बिहारी की कृपा वर्णन इस प्रकार करता है कि उसकी कृपा से नरसी जैसे कगाल राजा के भात का वर्णन इस प्रकार करता है

रागनी तर्ज (साधू जी थारे बोल)

हरनन्दी करे आरता सांचे हर का

चौकी पै चन्दा खिला रुप नटवर का

मोती हीरे और लाल, मणी का चमकारा

---

१. अमरसिंह राठौर चन्द्रलाल भाट, पृ० १४–१५

भर दिया थाल सोरन से बोझ हुआ भारा
एक हाथ पत्रिका लई एक हाथ रथ मे डारा
जो लिख भेजा सामान सम्भालो सारा
चोली बाली और दिया पिटारा जेवर का (१)
लौ तीनो तोडे जो खत मे लिखवाये
रतन जडाऊ जेवर लौ पहराये
जितने है नर नार वस्त्र पकडाये
चादी सोने की शिल्प समधन को लाये
म्हारा सेठ घना कगाल है टोटा जरका (२)
जो कुछ यहॉ की रीत सब बता देना
जितना जिसका लेग कभी मत सहना
जो लेना हो सो मॉग नहीं मुझे रहना
जाऊं देते ही भात साच यो कहना
लो डूम भाट और नेग नाई विप्र का (३)
दे दिया बहुत धन माल नाथ सम दरशी
पर रहे बहुत नर नार कहन लगा नरसी
दई फेर मेहर बादल से चॉदी बरसी
बदली उठी अम्बर में बूद पडे ककर सी
सोने चांदी की तुरत हीन लगी बरखा (४)[1]

६. सार्वभौमिक भावना का प्राधान्य :

सांगीतकार के मन में सर्व जनहिताय, सर्वजनसुखाय की सार्वभौमिक भावना का प्राधान्य रहता है। पडित लक्ष्मीचन्द अपने स्वॉग गोपीचन्द महाराज में इस भावना को इस प्रकार अभिव्यक्त करते है।

---

१. नरसी का भात कौशिक, पृ० २३–२४

रागनी :

पैदा सोईना पैद जगत में कोई काल कोई आज मरा
बड़े–बड़े वीर हुए दुनिया में उनका सकल समाज मरा (टेक)
प्रिय वृत्त उन्तान पात थे ऐसे ऐसे वीर मरे
दृढ संकल्प करने वाले हरिश्चन्द्र रणधीर मरे
हिरना कुश हिरनाक्षबली भी कर कै अंत अखीर मरे
वीरसैन और नल भी मरगे बुद्धि मन्ता वजीर मरे
कोई धरम से कोई अधरम से कोई लाज वे लाज मरा (१)
साठ हजार सगर के बेटे करी अन्त फेर हार मरे
दलीप भगीरथ रघू रहे ना अज दशरथ सरार मरे
बावन जनक हुए ब्रहमसान्नी कर कै धर्म से प्यार मरे
रामचन्द्र मरयादावादी त्रेता के अवतार मरे
विश्वेसर्वाका बेटा रावण छोड़ अधूरा काज मरा
दुश्यन्त भरत मरे थे शान्तनु कस से अभिमानी मरे
दुर्योधन दुर्मुख दुशासन शल्य करण राज से दानी मरे
कृपाचार्य दोर्णा और भीष्म कुन्ती धर्म ध्यानी मरे
गांडीवधारी अर्जुन मरगे और कृष्ण से ज्ञानी मरे
अभिमन्यु का बेटा परिक्षित छोड विश्व का राज मरा (३)
जो भी आया इस दुनिया में सभी आम और खास मरे
कवियों के सम्राट दयालू शंकर दास मरे
नत्थूलाल जावली वाले पूरे करके सांस मरे
लक्ष्मीचन्द कह गुरु मानसिह गाणों का सरताज मरा (४)[१]

पंडित लक्ष्मीचन्द्र ने बड़े ज्ञान की बात कही है संसार में जो आता है वो चाहे छोटा हो या बड़ा अच्छा हो या बुरा उसे तो संसार से जाना ही पड़ता है। लेकिन अपना जीवन देता है। इसी स्वॉग में

---

१. गोपीचन्द महाराज, लक्ष्मीचन्द शर्मा, पृ० ६३

आगे चलकर वे गोपीचन्द के माध्यम.से गुरु जालधर गोपीचन्द को आदेश देते है कि ह पहले सत्य क सुरो से बीन बजा दे।

सत्य के सुरो से पहले बजा सत्य की बीन दे
बोल पूरे करो सारे पहले यह यकीन दे
मेरा मन मरणे खात्तर गवाह मुझे तीन दे[1]

७. आधुनिक सामाजिक मान्यताओं का उपहास

लोक सांगीतकार लोक की गहरे से जुडा होता है कि वह आधुनिक मान्यताओ को गले नही उतार पाता प० लक्ष्मीचन्द स्वॉग हकीकत राय की पत्नी की ओर से ये क्रोधपूर्ण वाक्य कहलाते हे

रागनी :

पत्नी के प्यार की या तुम्हे गौरना (टेक)
प्यार और मजाक का टम नही सभी बातो का ख्याल करो तुम
मेरे सग दगा करके करे बोरना
माता जी सुन लेगी तू करे शोरना (१)
बेवक्ती क्यू बात करे लक्ष्मी कसे पढाई को भला छोड दे
फाड दूंगी किताब और कापी तेरी लिखने का कलम तोड दू
तेरे बादल मे बिजली कतई धोरना
मोरनी के बिना पिया खिले मारना (२)
बैठा यो निशाना तेरे प्यार का मेरी आके ते अकल हडी
बादल के मोह गर्मी बिना बरसा के नाला गे झडी
कैसे यू पतग उडे धौरे डोरना
प्यार का तू साझी है कोई चोरना
सभी का है जोडा सुनो लक्ष्मी जैसे फूल और खार का

---

१ गोपीचन्द महाराज लक्ष्मीचन्द शर्मा, पृ० ४

लक्ष्मी चन्द साज बिना उठे लोरना

आधा पहर का साझी है तू कोई और ना

हकीकत राय लक्ष्मी दुर्गाजी की आरती १

लोक भावनाओं का उद्‌घाटन :

लोक में सदैव मिल जुलकर रहने की भावना की प्रधानता रहती है। यही कारण है कि वह ससार के माया जाल को बहुत बुरा मानता है। मायाजाल मे फसकर व्यक्ति बुरे काम करता है सागीतकार लक्ष्मीचन्द अपने स्वॉग ध्रुव भक्त के आरम्भ मे ही दोहे मे इस भावना को अभिव्यक्त करते हे

दोहा

माया जाल ससार मे बडे उलटे सुलटे काम

ध्रुव भगत के हाल का किस्सा कहूँ तमाम

सागीतकार प० रघुनाथ सिह अपने स्वॉग श्रवण कुमार मे आज की बढती हुयी अफरा तफरी के बारे मे इस प्रकार लिखते है।

आज मातपिता का घटा कायदा और बेटे बहू अपनी चाही करे

ताब उनकी न हो जो कुछ भी कहे बाप बोल तो बेटे पिराई करे

जब बालक को देती है माता जन्म वो ही जाणे है कितनी तवाई सहे

माता नफरत कदूरत करतीन नही अपने हाथो से मल की सफाई करे

पिता चाहता बेटे की हरदम खुशी सारी दौलत बदौलत इसी की रहे

आब बढती है पूरा रुतबा मिले और कुब्बत से काफी कमाई करे (२)

भला चाहो तो श्रवण का सीखो सबक जिसने सेवा करो अपने मा बाप की

तीर धोके से श्रवण का दम ले गया सुत संग मे मरे सब बडाई करे (३)

जिसने मा बाप का हुक्म टला नही, दुनिया मे फर्ज उसने पूरा किया

करने वाले करे कहने वाले कहे, 'रघुनाथ' कवि कविताई करे(४)[२]

---

१. हकीकत राय लक्ष्मीचन्द शर्मा, पृ० ४७

२ श्रवण कुमार रघुनाथ सिंह, पृ० ५

लोक सागीतकार लोक की परम्परा के प्रति गहन आशक्त होता हे ओर यह आशक्ति उसे लोक की शुद्ध परम्पराओक से गहरे तक जोड रखती है।

६. विशिष्ट परिवेशीय अन्ध विश्वासो का उद्घाटन

लोक सागीतकार अपने परिवेश की सारी बुराईयो को उद्घाटित करता है और साथ ही साथ वह उस परिवेश मे व्याप्त सारे अन्धविश्वासो पर करारी चोट करता हे। वह उनको जड से उखाड फेक देने मे अपनी पूरी सामर्थ्य लगा देता हे वह मगलकारी भावनाओ को सर्वत्र व्याप्त होते देखना चाहता हे। अनमेल विवाह पर करारी चोट करते हुए लोक सागीतकार प० रामरतन कौशिक सागीत पाडव जन्म मे महाराज शान्तनु उदाहरण देते हुए लिखते है

थी शादी बिन मेल वहा फिर कोन करे रग खेल
ना रहा तिलो मे तेल राजा सूकग्या
वृद्धा अवस्था चोथापन था के था ब्याह सगाई
क्षयी हो गया रोग भूप का कुछ दिन मे ही भाई
चित्र विचित्र पेदा हो गय बडी मुश्किल से भाई
होना था तन का व्योपार स्त्री ज्वान वृद्ध भरतार
वन्यू कर मचे खेल ससार सब तन फूकग्या (१)[१]

लोक मे प्रचलित यह अन्धविश्वास भी है कि राजा मरते दम तक भी विवाह कर सकता हे। इस अन्धविश्वास और कुपया पर सागीतकार की यह गहरी चोट है।

१०. परिवार, पारिवारिक जन एवं विशिष्ट लोक में आस्था :

राजा गोपीचन्द के राज पाट त्याग कर फकीर बन जाने के बाद अब वे अपने नगर मे ही भीख मागने जाते है तो भी उनका परिचय जन सामान्य उनके गौत्र वर्ण और माता पिता के नाम से करता है।

---

१ सांगीत पांडव जन्म कौशिक, पृ० १३

कौण बरण से बना तू साधू कहॉ का तू रहने वाला

छतरी के घर जन्म लिया माई मेरा देश बंगाला

कोण गुरु बतला तेरा कौन पंथ की माला

सिद्ध जलंधर गुरु मेरे गलनाद जनेउ काला

थोडे समय के योग रूप में के कुछ पाई पीरी

इतने समय में यू माया मेरी हटगी सब दलगीरी (२)

कौन पिता कौन मात तुम्हारी सब दलगीरी (२)

कौन पिता कौन मात तुम्हारी उनका नाम बताओ

माता पिता का पता बता इन्चे ध्यान लगाओ

सच्ची–सच्ची कहना साधू मन में ना शरमाओ

मैं तेरा बेटा गोपीचन्द माता मुझे भोक दिलाओ

राजमहल के फाटक भिडगे ताला पड़ा जजीरी

छात्ती पे क्यू साप उतर गया क्यू रही पीट लकीरी (३)[१]

स्वॉग दुश्यन्त शकुन्तला में शकुन्तला अपने बेटे भरत को बाण चलाने की शिक्षा देती है। और कहती है कि मेरी जिन्दगी रही तो मैं तुझे पूरा वीर बनाऊगी

आजा भरत मेरे पास बेठ तने विद्या बाण सिखाऊगी रे मेर लाल

मेरी जिन्दगी रहगी तो तने पूरा बीर बनाऊगी रे मेर लाल आजा

जो तेरा वार उकग्या तेरे मुँह पै तमाचा लाऊगी रे मेरे लाल आजा

सच्ची मॉ का क्या कर्तव्य है इस दुनिया को दिखाऊगी रे मेरे लाल आजा

लक्ष्मीचन्द दास गुणियो का गुण सदा उनके गाऊँगी रे मेरे लाल आजा[२]

जब दुश्यन्त हिरन पर तीर चलाकर छोड देते हैं तो भरत को गुस्सा आता है और वो इस प्रकार कह उठता है।

---

१ गोपीचन्द महाराज लक्ष्मीचन्द शर्मा, पृ० ८

२. दुष्यन्त शकुन्तला लक्ष्मीचन्द शर्मा, पृ० ४२

क्यू मारा ते इसके तीर मै न्यू पुच्छू तेरे सै
गर कुछ ताकत रखत हो दो हाथ करो मेरे से
बल के नशे मे कमजोरी के उप्पर हाट बठावै
बाडी की तू कपास भूल मे दही समझ के खावै
बचके नही जाने पावे अब मृत्यु के घेरे से (१)
मेरे भाई के मारा तीर वह पाहरा कितनी काल्ली
उसका बदला लूगा समझ तेरी कजाशीस पै आली
एक मिनट मे सारी लाली झाडूगॉ चेहरे सै (२)
तेरे की तरह जीण है इसके यू भी है देहधारी
कितना होरा जखम तीर की अणी खीच के मारी
दूर रहे दस कोस शिकारी इस म्हारे डेरे सै (३)
सभी की आत्मा हुया करे जो बीज बुरा बोती है
लक्ष्मीचन्द मुक्ति होती है सतगुरु के टैरे से (२)[1]

११. स्थान विशेष की सार्वभौमिक सांस्कृति मान्यताओं का चित्रण :

लोक सागीतकार अपने स्थान विशेष की सारी मान्यताओ का चित्रण सूक्ष्म रूप मे करता है। सोमनाथ प्रभावती नामक स्वॆग मे प० लक्ष्मीचन्द सौदागर के माध्यम से व्यापारिक वृत्ति का सुन्दर चित्रण कराते हुए लिखते है –

सौदागर कहने लगा सुना हमारी बात
पैसे की चिन्ता मुझे मेरा फसा रज मे गात
न्यू कहिये उसने ईमान तै मेरी रकम अदा कर दे
जो सौदागर मल कोय गया तेरे सारे ठाठ विदा कर दे
लेन देन का काम नही और नीत बदि ऊपर धर लो
सिद्धि उगली घी ना लिकडे न्यू तै मेरे भी डर लो

---

१. सोमनाथ प्रभावती लक्ष्मीचन्द शर्मा, पृ० ६२

बहुत शरम अबलो करली वे पिछले ख्याल जदा कर दे (१)

मूल तो न्यारा ब्याज-२ में एक करू बधी सर की

के पडा जेवर सब बिकवा दूं कडकी करवा दू घर की

भीक मंगा दूर-२ की मेरी कैडी निगाई गदा कर दे

इसमें खराबी आ जागी क्यू वेमत लबका वैर करै

मेरा नाम है सौदागर यू जिसतै सारा शहर डरै

भंगी से भीख रैपरै उसे मेरी एक सदा कर दे

गुंडे मानस खुश हो अपनी बाण जेबडी करनादे

समझ ण्यिां की मरसम झांकेगी गुर की शरण मे

लक्ष्मीचन्द सतगुरू के चरणो में अपने प्रेम फिदा कर दे (२)[१]

१२. निर्वैयक्तिकता

स्वॉगों के रचियता लोक सांगीतकार स्वॉग में कही भी अपने व्यक्तित्व को कहीं भी प्रदर्शित नही करते जो कुछ वो कहते है वो सब उनके गुरु की कृपा से निकली हुयी वाणी होती है उस वाणी को ही वे स्वॉगों को अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं उनका स्व विलीन होकर सर्वत्र व्याप्त हो जाता है ऐसा लगता है उनका अपना व्यक्तित्व सम्पूर्ण सामाजिक मान्यताओ का व्यक्तित्व होता है। पडित लक्ष्मीचंद के सोमनाथ प्रभावती स्वॉग का एक उदाहरण यहॉ प्रस्तुत है -

ज़िन्दगीया काटो प्रभा ऐशो 'आराम की

मान ले जो बात मेरी कहूँ तेरे काम की

दुख मुसीबत कगाली ये कट जो सारे घेरे मौ जले शाम सवेरे

तेरे लिये बड़े फायदे के हैं जितने बोल य रे हटके बस जा डरे

अच्छी है रोनक तेरे हड्डी और चाम की (१)

तेरा मालिक चल्यगा यू घर का काढ दिवाला मोट्टा करग्या चाला

भरी जवान्नी मस्तान्नी यू जोवन तेरा कुढाला कर जिन्दगी का उजियाला

---

१. दुश्यन्त शकुन्तला लक्ष्मीचन्द शर्मा, पृ० ४३

भजता सौदागर माला बेटी तेरे नाम की (२)

जिसके घर में धन दौलत है उसकी कभी हारनी बिना इसके नाव पासी

सौदागर को तुझको दिल में चाहिए प्रीत धारनी याचहिये शरम मारनी

बनजा अधिकारिनी हस्ती तमाम की (३)

लक्ष्मीचन्द की बात मान क्यूं खौवे बहु जवानी सब हट जागी परेशानी

यू जीवन है चंद रोज का जैसे बुलबुला पानी हे समय आवणी जाणी

मान्नी तू जा सेठाणी सारे ही गाम की (३)[१]

१३. छंद अलंकार-बन्धन मुक्त रचना

स्वॉग किसी काव्य शास्त्रीय बन्धन मे बधकर नही चलता इसमे रस, छन्द लोक धुन पर आधारित होते है वैसे यह कहना एक दम गलत होगा कि स्वॉगो मे काव्यत्व का अभाव होता है। वास्तव मे काव्य की सारी मान्यताओ को इनमे देखा जा सकता है। स्वॉगों मे छन्द, रस, अलकार, रीतिगुण वक्रोन्ति और औचित्य आदि सभी काव्य शास्त्रीय मान्यताओ का समावेश हाता है। वेसे स्वॉगों में सहज अभिव्यक्ति का प्राधान्य होता है और ये ही अभिव्यक्ति उसे सफलता प्रदान करती है।

स्वॉगो के अनेक उदाहरण ऊपर दिये जा चुके है इसलिए उन्हे यहॉ बार-बार दोहराना उचित नही होगा। विस्तार भय से यहॉ कोई उदाहरण नहीं दिया गया है।

१४. मिथको एवं प्रतीकों का प्राधान्य

स्वॉगों की आधारभूमि पूर्णतः लोक मिथको और प्रतीको पर आधारित होती है सागीतकार लोक प्रचलित देवताओं और लोक वीरों का चित्रण अपने स्वॉगों में अत्यन्त विस्तार से करता है। ऐसे लोक वीरों और लोक मिथकों की कथा सामाजिक मान्यताओं पर आधारित होती है। जो समय-समय पर बदलती रहती है। ऐसे लोक वीरों और लोक मिथकों के नाम हैं –

गोपीचन्द महाराज, पिगला भरतरी, दुष्यन्त शकुन्तला, हकीकत राय, ध्रुव भक्त, सत्यवान सावित्री नरसी, सोमनाथ प्रभावती, कर्ण, उन्तन पात, द्रोपदी, पृथ्वीसिंह किरणमई, श्रवण कुमार, नल दमयन्ती,

---

१. सोमनाथ प्रभावती लक्ष्मीचन्द शर्मा, पृ० ६७

पूरणमल, पांडव, सावल्दे राजा कारक, हरिश्चन्द्र, ऊखा अनिरूद्ध बाणासुर, रूप बसन्त, अजना, गजना गौरी, दुर्योधन भीम, अभिमन्यु, जयद्रथ, अजीतसिंह राजबाला, धर्मपाल शान्ताकुमारी, गौतम अहिल्या, जवाहरसिंह श्यामकौर, संयोगिता, रूपवती चूडावत आदि।

५. कालावधि निरपेक्ष मौखिक साहित्य :

लोक साहित्य को और विशेषकर स्वॉग को काल की अवधि में बॉधकर नही रखा जा सकता इसकी जडें बहुत गहरे मे और बहुत दूर तक फैली रहती है। ये ही कारण है कि साहित्य कभी भी न मिटने वाला साहित्य होता है।

इसकी संम्प्रेषणीयता काल और अवधि को लांघकर अपने स्वरों को लगातार गुजाती रहती है।

१६. सुमंगला तिरिया, परोक्ष आत्माओं, देवताओं, सन्त, फकीरों, लोक वीरों की पूजा :

सागीतकार कुल्टा नारी का गहन विरोध करता है। वह सुमगला नारी को समाज में प्रतिष्ठित करता है। वह लोक मिथको की भॉति नित नवीन सर्जनाएं करता है। वास्तव में लोक देवी देवता, लोक वीर और लोक मिथक ही उसकी अभिव्यक्ति के माध्यम होते हैं। जहॉ वह गोगा पीर और बंजारे के कुत्ते का वर्णन करता है। वहीं साध ही वह लोक प्रचलित सभी देवी देवताओं की आराधना मे अपने साहित्य को समर्पित कर देता है।

१७. विवरणात्मक पद्धति :

लोक साहित्यकार वर्णन और विवरण की शैली का सर्वत्र प्रयोग करता है जिससे उसका श्रोता उसके विवरण को लगातार आत्मसात करता जाये ये शैली दर्शकों के लिए सुगम्य होती है।

सामाजिक अध्ययन पर इन दृष्टियो से विचार किया जा सकता है

१ खान पान की वस्तुऍ

२. वस्त्र

३. जवाहरात एवम् गहने

४. व्यक्तिवाचक नाम

५. सामाजिक राजनीति

६ पेड–पौधे, फल–फूल

७ नदी–नाले

८ खेत–खलिहान

६ रिश्ते–नाते

१० जातिया

११ पशु–पक्षी एव वन्य जन्तु

१२ श्रृगार के उपादान

१. खान-पान की वस्तुएँ

स्वॉगो मे सांगीतकार के वर्णन का आधार अधिकांशत राजा, बादशाह अमीर होते है ये सामाजिक टोटम या टेबु दोनो रुपो मे हो सकते है। वे सामाजिक हित चिन्तन मे रत भी हो सकते है। और सामाजिक विनाश भी उनके हाथो मे सभव होता है।

निम्नवर्गीय समाज का चित्रण स्वॉगो मे यदाकदा ही होता है और इस दृष्टि से यह कहा जा सकता है कि वे ऐसे व्यक्तियो को सामाजिक न्याय या सामाजिक विनाशक के रूप मे प्रस्तुत करते है।

कुछ वर्ग के खान पान के उपादान –

छुवारा	–	अजीत सिह राजबाला, पृ० १४
शराब	–	पृथ्वीसिह किरणमई, पृ० ४
दूध	–	पृथ्वीसिह किरणमई, पृ० ६
लड्डू	–	पृथ्वीसिह किरणमई, पृ० १४
पान	–	पृथ्वीसिह किरणमई, पृ० १४
घी, तेल अमृत	–	पृथ्वीसिह किरणमई, पृ० १७
बेर	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० १८
दवाई	–	श्रवण कुमार, पृ० १५
चून, अफीम	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० ८

मिश्री, कुंजे, सुपारी, पिस्ते, गोले, छाक — नरसी का भात (कौशिक), पृ० ६

२. **वस्त्र**

साडी — नरसी का भात (कौशिक), पृ० ४

लगोटा, अलफी, कोपीन — नरसी का भात (कौशिक), पृ० १२

रेशमी कपडे — नरसी का भात (कौशिक), पृ० २४

पोशाक — अमरसिंह राठौर, पृ० २

साफे — नरसी का भात (कौशिक), पृ० १२

३. **जवाहरात एवं गहने**

लालमणी, सोना–चाँदी — नरसी का भात (कौशिक) पृ० २४

हीरे–मोती — नरसी का भात (कौशिक), पृ० २३

कणी–मणी — श्रवण कुमार, पृ० १६

नथ–लोंग, बुलाक, बोरला — पृथ्वीसिह किरणमई, पृ० २३

चूडी कर्णफूल — पृथ्वीसिंह किरणमई पृ० २२

कठी हार — पृथ्वीसिंह किरणमई पृ० २४

नौलक्खा हार — अजीतसिह राजबाला, पृ० २४

४. व्यक्तिवाचक नाम

रावण, लक्ष्मण, अनारसिंह, अजीत सिह, प्रताप सिह — अजीतसिह राजबाला, पृ० ३

सत्यवान–सावित्री — अजीतसिंह राजबाला, पृ० ४

प्रतापसिंह राजबाला — अजीतसिंह राजबाला, पृ० ६

शिवजी — अजीतसिंह राजबाला, पृ० ६

हरनन्दी — अजीतसिंह राजबाला, पृ० ११

हरिश्चन्द्र — अजीतसिंह राजबाला पृ० १७

गुलाब सिह	–	अजीतसिह राजबाला, पृ० १६
जगत सिह	–	अजीतसिह राजबाला, पृ० २३
जसवत सिह, अजीत सिह, अमर सिह		
रामसिह, शाहजहॉ	–	अमरसिह राठौर, पृ० १
चन्द्रलाल	–	अमरसिह राठौर, पृ० ३
पठान नरसेबाज	–	अमरसिह राठौर, पृ० ५
सलावत खा, अमरसिह	–	अमरसिह राठौर, पृ० ६
किशन नाई	–	अमरसिह राठौर, पृ० १२
मगल चद	–	अमरसिह राठौर, पृ० १५
अर्जुन गौड	-	अमरसिह राठौर पृ० १७
भुल्लन सिह	–	अमरसिह राठौर, पृ० २२
मगूमल साहूकार	–	नरसी का भात (कौशिक) पृ० १
मुडियाबाई, रामशरण	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० २
रामरतन, हरनदी, मन्शा सेठ	–	नरसी का भात (कौशिक) पृ० ३
नदलाल, करोडीमल, रुक्मिणी	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० '

व्यक्तिवाचक नाम लोक व्यवहार एव उच्चारण की दृष्टि से युगीन लोक के स्वरुपो को उजागार करते है। इसी कारण व्यक्तिवाचक नामो के कुछ उदाहरण प्रस्तुत किये गये है। इनसे सागीतकार के सामाजिक एव भौगोलिक ज्ञान का भी पता चलता है।

४. सामाजिक, राजनीति

सागीतकार किसी राजनीतिक पचडे मे नही पडता। धर्म ही उसके व्याख्यान का आधार हुआ करता है किन्तु अकारण असामाजिक राजनीति के दलदल मे फसकर वह उससे अच्छी तरह निकलना जानता है। यही कारण है कि अजीतसिह राजबाला के स्वॉगो मे वह इस ओछी सामाजिक राजनीति का पर्दाफाश बडे सुन्दर ढग से कर देता है।

५. पेड-पौधे, फल-फूल

फल, दरख्त	–	अमरसिंह राठौर, पृ० १६
फूल	–	श्रवण कुमार, पृ० १८
चमेली	–	श्रवण कुमार, पृ० १५
बाग	–	अजीतसिंह राजबाला, पृ० ६
सब्जी, फूल	–	अजीतसिंह राजबाला, पृ० ११
फुलवारी	–	अजीसिंह राजबाला, पृ० १६

६. नदी-नाले

स्वॉगों में अधिकतर गंगा तथा यमुना का नाम आया है। एक दो स्वॉगों में कावेरी और कृष्णा जसी महत्वपूर्ण नदियो का भी उल्लेख हुआ है।

गगा–जमुना	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० ६
सिध नदी, गगा–जमुना	–	श्रवण कुमार, पृ० २०
गदी नाली	–	श्रवण कुमार, पृ० १३

७. खेत खलिहान

क्योंकि स्वॉगों में अधिकतर पात्र राजा–रानी और सभासद होते हैं, इसलिए खेतो और खलिहानों का जिक्र बहुत कम देखने का मिलता है। स्वॉगों के लोक–पुरुष मिट्टी में पैदा होते हैं और उसी मिट्टी मे विलीन हो जाते हैं। किन्तु अपने कार्यकलाप के अतिरिक्त उनका अन्य परिस्थितियों तथा वस्तुओं से अधिक संबंध नहीं होता।

८. रिश्ते-नाते

स्वॉगों में रिश्ते नातों का उल्लेख स्थान–स्थान पर मिलता है। कुछ उदाहरण यहॉ प्रस्तुत हैं।

दामाद	–	अजीतसिंह राजबाला, पृ० ६
भाई–बहन	–	अजीतसिंह राजबाला, पृ० १२

ससुर	–	अजीतसिह, राजबाला, पृ० २३
मात–पिता, सास–ससुर	–	श्रवण कुमार, पृ० २
जेठानी, ननद, मां	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० ४
पुत्री	–	नरसी का भात(कौशिक), पृ० ३
समधी–समधन	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० ६
साला–समधियाना	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० १०
सास–ननद	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० १३
पितसरे, साले	–	पृथ्वीसिह किरणमई, पृ० ४
फूफस	–	पृथ्वीसिह किरणमई, पृ० १२
जीजा	–	पृथ्वीसिंह किरणमई, पृ० ४
फूफी	–	पृथ्वीसिह किरणमई, पृ० १३

६. **जातियॉ**

राजपूत	–	अमरसिह राठौर, पृ० २
पठान, हिन्दू	–	अमरसिह राठौर, पृ० ५
ठाकुर	–	अमरसिह राठौर, पृ० १०
मुगल	–	अमरसिह राठौर, पृ० १४
पडित, काजी	–	पृथ्वीसिह किरणमई, पृ० २१
ब्राह्मण, सेठ	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० १
नाई	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० १०
डूम, भाट, नाई, धोबी	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० २४
मल्लाह	–	अजीतसिह राजबाला, पृ० ४
जौहरी	–	अजीतसिह राजबाला, पृ० ७
कसाई	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० १४

१०. पशु, पक्षी एवं वन्य जन्तु

घोडे–हाथी	–	अजीतसिह राजबाला, पृ० १५
शेर	–	अजीतसिह राजबाला, पृ० १८
मोर–पपीहा, घोडा	–	अजीतसिह राजबाला, पृ० १९
हस कबूतर	–	श्रवण कुमार, पृ० ३२
गऊ	–	श्रवण कुमार, पृ० ३०
रीछ सुअर, मृग, जरख	–	श्रवण कुमार, पृ० २८
गीदड शेर	–	अमरसिह राठौर, पृ० १७

११. श्रृंगार के उपादान

साडी	–	नरसी का भात (कौशिक) पृ० ४
मेहदी	–	नरसी का भात (कौशिक) पृ० ६
घडी	–	नरसी का भात (कौशिक), पृ० १०
बुलाक नथ, लोंग	–	अमरसिह राठौर, पृ० २३

सांगीतकार अपने परिवेश मे व्याप्त कण–कण से पूरी तरह से परिचित रहता है। कोई भी घटना अथवा कोई वस्तु उसकी नजर से चूक कर अलग नही हो पाती। वह इस विषय मे पूर्णत सावधान रहता है। यही कारण है कि परिवेशीय अर्तरगता जितनी स्वॉगो मे मिलती है। उतनी लोकगीतो, लोककथाओ और लोकगाथाओं में नही मिलती।

६. कौरवी जनपदीय स्वाँगों का सांस्कृतिक अध्ययन

संस्कृति के विभिन्न उपादान ये है :

१ समाज

२ धर्म

३ दर्शन

४. लोकाचार

५. व्यवहार

समाज के विभिन्न अगो और उपांगो के सम्बन्ध में पिछले अध्याय में विस्तार से विचार किया जा चुका है। विस्तार भय के कारण यहाँ उस सम्बन्ध में दोबारा विचार नहीं किया जा रहा है।

सस्कृति सस्कार सम्यक और सम्यक कृति किसी शुभ चेष्टा या श्रेयकर कर्म को कहा जा सकता ह। यद्यपि पडित हजारी प्रसाद द्विवेदी का विश्वास है कि सस्कृति शब्द का धातुगत अर्थ उसे व्यवहारिक अथ को स्पष्ट करन मे सहायक नहीं होगा। फिरभी हम समझते हैं कि धातुगत अर्थ, व्यवहारिक अथ की ओर संकेत करता है। यह एकान्ततः असम्बद्ध अथवा असम्वृश्त नहीं है।

इसी तरह समाज शास्त्रियो के अनुसार विशेष रूप से आचार्य नरेन्द्र देव के अनुसार -- भारतीय सस्कृति को तीन दृष्टियो से देखा जाता है, प्रथम दृष्टि में उन्होंने उन परम्परा वादियो की धारणाओ को लिया है, जो साम्प्रदायिक दृष्टिकोण की प्राचीर के बाहर झाकना कोई पुण्य कार्य नहीं समझते है तथा दूसरे पूर्णतया इसके विपरीत उन आधुनिकतावादियों का दृष्टिकोण है, जो प्रथम की प्रतिवादात्मक भूमि पर अवस्थित है, जो प्राचीन – परम्न्रावादियो को रूढिवादियों को रूढिवादी मान कर उन्हे घृणास्पद मानते हैं, तथा परम्परागत विचार धारा को अध विश्वास और प्रतिक्रियावादिता ही समझते है। तीसरा दृष्टिकोण है समन्वयात्मक। इसमे प्राचीन तथा नवीन और प्राच्य तथा पाश्चात्य धारणाओ को ऐतिहासिक दृष्टि से समन्वय के धरातल पर रखकर विचार करते है।[1] यही समन्वयात्मक दृष्टिकोण एक वैज्ञानिक तथा असंकीर्ण दृष्टिकोण है।

परम्परागत पौराणिक हिन्दू धर्म का आधार केवल 'निगम या (वेद) न होकर 'आगम' भी है। दूसरे शब्दों में वह निगम–आगम, धर्मो का समन्वित रूप है। यहाँ निगम का मौलिक अभिप्राय प्राचीनतर प्राग्वैदिक

---

१. आचार्य नरेन्द्र देव – भारतीय संस्कृति का विकास (भूमिका) समाज विज्ञान परिषद काशी विद्यापीठ, बनारस प्रथम संस्करण सन् १९५६, पृ० (क)

काल से आती हुई। वैदिकेत्तर धार्मिक या सास्कृतिक परम्परा से है।[1]

वैदिक देवता विपरीत दिशा मे न दौडकर पूर्ण सामजस्य से कार्य करते हैं इसी सन्दर्भ मे डा० मगल देव शास्त्री के अनुसार – वे समस्त बराबर जगत् की न केवल प्राकृतिक अवस्था अपितु नैतिक व्यवस्था (सत्य) के भी पोषक और सरक्षक है। उसके नियम अटल है। उक्त की सारी प्रवृत्ति जगत के भद्र और कल्याण के लिए है। वे प्रकाश रूप में हैं। अज्ञान और अन्धकार से परे हैं। वे सतत कर्मशील हैं इसलिए मनुष्य का वास्तविक कल्याण देवताओं के साथ सर्वथा सापुज्य और तादात्म्य मे ही है।

ऋषियों ने प्राकृतिक शक्तियों को देवताओं के रूप में प्रतिस्थापित करके जीवन मे लोक मगल की कामना की है। सभी देवता वैदिक आर्य ऋषियों के लिए एक ऊँचे आदर्श के रूप मे मान्य रहे है। देवताओं का चित्रण उन्होंने भव्य मानव रूप में मन्त्रों के माध्यम से किया है।

यों तो प्रत्येक पीढी अपने को आधुनिक कहती है, किन्तु इतिहास में कई विशेषताएँ उत्पन्न होने पर ही आधुनिक युग का श्रीगणेश समझा जाता है। पौराणिक परम्परा वर्तमान काल को कलियुग बताती है किन्तु इतिहासकार इसे कलियुग कहते हैं। आधुनिकता का प्रधान चिह्न कलयुगी होना अर्थात मशीनो की सहायता से भारी परिणाम में उत्पादन तथा वैज्ञानिक आविष्कारों का अधिकाधिक उपयोग है।

वार्ता- प्यारे भाईयो जिस पलग पर उदय सोया करता था उसी पर चन्दन सो रहा था पन्ना देश लाज देश धर्म और अपने फर्ज को चुकाने के लिये अपने पुत्र चन्दन की ओर इशारा करती है कि यही वो उदयसिह सो रहा है वा पापी तेग ले किस प्रकार बच्चे का सर काटता है।

रागनी - जवाब कवि का
(तर्ज - हरियाणा छोटा रंग)

कर ठाकै सकेत किया जहा सोवै था सुत प्यारा।
उदयसिंह लिया जाण बडा वो कमरे मे हत्यारा ।।टेक।।
मा देखे और पूत मरै यो कैसी बुरी घडी होगी।
लाड करे चन्दन सुत के आज फेरकै पीठ खडी होगी।।
होनहार बलवान होय आज पासग गैल घड़ी होगी।
पहाड सै बात बडी होगी ना चाला मा का चारा।।१।।
हे भगवान क्या रची तनै वा कर मन ही बात रही।
उदय बचै चन्दन मरजा वा जोड राम का हाथ रही।।
मजबूरी थी आंखों आगै होते लख उत्पात रहा।
देश धर्म का नात फेर करै पन्ना धा के साथ रही।।
सर पै खोटी स्यात रही वाका सुत जावै था मारा।।२।।
नैन कमल से मुंदे नीद मे बेसुद चन्दन पडा हुआ।
बेदर्दी बनवीर तेग ले पलग की जड मे खडा हुया।।
करडा ढेट भतेरा फेर भी नूर गात का झडा हुया।।
कौण जगत मे बड़ा हुयाजो मानस हो हत्यारा।।३।।
पापी नै दी तेग मार सब हया दया बिसराई।
बच्चे वाली चीख मात के हिदे मे टकराई।
चाल पडा बनवीर चाहत ना पन्ना जरालखाई।
कहे 'जयकरण' कुछ अरसे मे ल्हास पूत की ठाई।।
रात अन्धेरी में धाई वा सह करकै दुख भारा।।४।।

वार्ता – प्यारे भाईयों पन्ना चन्दन सुत की ल्हास को एक पुराने वस्त्र में लपेट रही थी इतने मे एक शामली नामक लडकी आ गई और किस तरह पन्ना विलाप करती है और किस प्रकार वो लडकी समझाती है आग रागनी मे पढिये।

रागनी
(तर्ज - मुझे लूट लिया सरे आम)

तेरा जईयो सत्यानाश सास वो गम के भर भर रोई।
कभी ल्हास पै लेटै थी कभी हाथ पकड ठावै थी।।टेक

जो आया सो जावेगा मन समझावै थी।
मन मन्दिर मे दीपक पन्ना गमो के जलावै थी।।
रात रोते दुखियारी को बीत गई आधी रात।
न्यू बोले कित चला लाडले रो रोकै मरे गी मात
कदै शीश नै ठावै थी कदै धड के ऊपर धरती हाथ।।
फेर गई थी शामली पास नाश वो कर गया देशद्रोही।।१
ल्हास देखकै उस लडकी नै मन मे भारी किया क्लेश।
कैसा भारी जुल्म किया क्या पापी जग मे रहे हमेश।।
धीर बधावै थी पन्ना की दे देकै सत का उपदेश।
जुग-जुग जीवो जग मे पन्ना देश धर्म किया ध्यान।।
उदयसिह के बदले मे तनै खुद अर्पण करदी सतान।
सुत मरग्या चाहे तू पर जा कर जग मे होजा नाम महान।।
तेरा अमर रहेगा इतिहास चास मे
पढ लेगा हर कोई।।२।।
गई शामली अपने घर पे पन्ना की बधा कै धीर।
कुछ गम था कुछ रात अन्धेरी थर थर कापन लगा शरीर
ले बेटे की ल्हास भली फेर बैरिस के पहोचगी तीर।
बैरिस नदी पै जाकै वा नजर नै घूमावै थी।।
कीरत बैठा देख लिया उसे मन ही मन सराहवै थी।
मिलने सै पहले बेटे की ल्हास नै बहावै थी।।
फेर मन मै हुई उदास निराश हा गफलत के मा सोई।।३
पन्ना की बेहोश देखकै कीरत न्यू बालन लाग्या।
काया थी बैचेन बैठ कभी चौगरदे डोलन लाग्या।।
होशकराया पन्नाको हवा कपडे सै झालन लाग्या।
पन्ना को जब होस हुया तो उदयसिह को गोद लिया
चन्दन सिह का मरन सुना तो कीरत नै भी सोग किया
धन्यवाद पन्ना तुझको तनै डूबे का सहारा दिया।।
छन्द लिखगा 'जयकरण खास
ल्हास वानै जल मे बड बड टोही।।४।।

वार्ता - प्यारे भाईयो देश धर्म के कारण पन्ना दुख भरती हुई उदय का किस प्रकार पालन करने लगी।

रागनी

उदयसिह को ले गोदी मे पन्ना दू लिकडगी।
कदै पापी को खबर लगै वा हो मजबूर लिकडगी।।टेक।।
कदै उदय का प्यार करै कदै पूत याद आवै था।
उदयसिह रोया करता कहीं चन्दन रह जावै था।।
बिन चन्दन के उदयसिह कदै ना भोजन खावै था।
न्यारी न्यारी मा होगी कोई कोन्या बतलावै कार।।
रहियो अमर शामली मुझवो देखै सहूर लिकडगी।।१।।
गन्दा कर्तव करने सै ना जग मे ऊची शान रहे।
उसका भी के जीना जो ना देश धर्म का ज्ञान रहे।।
पशु बरोबर होय जिसै ना समय की पहचान रहे।

सूम जोड़ धन धरा करै और दानी करता दान रहे।।
चित्तौड़ भूप महावीरो की मैं बिना कसूर लिकडगी।।२।।
उदयसिह बच गया रज ना चन्दन के मरने का था।
राव उदय चित्तौड का हो बस ध्यान बडा करने का था
तिल भर फिकर गात मे उसको ना बिपत भरने का।
कदै टाहले ना बनवीर फिकर,
बाकी मृत्यु सै डरने का था।
उदय बचा आधी सी चिता हो मजबूर चूर लिकडगी।
जब तक चाद सितारे है पन्ना का जब तक नाम रहे।।
धम की कदर करे बिन नर की इज्जत नही छदाम रहे
कोई करके भी छिपा रहे कोई बिना करे बदनाम रहे।।
कहे जयकरण' कुछ भी हो पर सत का साथी राम रहे
चाहतसिह भर ज्ञान मे टोली हो भरपूर लिकडगी।।४

वार्ता - प्यारे भाईयो पालन पोषण करके पन्ना ने उदय को बडा किया तो क्या होता है।

रागनी
(तर्ज - मेरा रग दे बसंती)

लिया समझ उदय सुत प्यारा।
तन पै दुख सुख ठाकै पन्ना लागी करण गुजारा।।टेक।।
ना मेहन्त सै घबराई उसे देश धर्म का ज्ञान था।
राना कुल का दीप जलै चित्तौड के ऊपर ध्यान था
उदयसिह नादान था पर ज्ञान पढा दिया भारा।।१।।
कदे पहाड कदै जगल मे वा डोलती थी पन्ना धा।
राना कुल को पालन का वाके गात मे था भारी चा।।
उदयसिह कर दिया बडा ना दिल सै धर्म बिसारा था।।२।।
लगी उदय ने खबर परण पै पन्ना मात फकीर है।
चन्दन भी दिया मार हमारा शत्रु वा बनवीर है।।
कर्म सै खिची लकीर सै नर का कोन्या चालै चारा।।३
उदयसिह था चतुर घना और निर्भय बलवान था।।
कहे जयकरण' पन्ना मरगी याद रहा एहसान था।
गुरूशरन' भगवान है दूजा जिनका हमे सहारा।।४।।

वार्ता - प्यारे भाईयो धर्म की जीत हुया करते है। जब तक चाद सितारे रहेगे तब तक पन्ना का नाम भी रहेगा क्योकि अपने पुत्र को मरवाकर और दूसरे के सुत को बचाकर लेकिन उसके दिल मे वह दूसरे का पुत्र न था। पन्ना गूजरी का इतिहास भारत मे अमर रहेगा हर बच्चे को अपने देश धर्म का पूर्ण ज्ञज्ञन होना चाहिए क्योकि भारत के ऊपर विदेश लडते झगडते रहे हमारी आपसी कमजोरी के कारण राज्य करते रहे इसलिए की ऐसा श्रेष्ठ देश काई नही है। उनको भी न भूलिये जिनकी बदौल्त आज आजाद हुये बैठे है वो देश पर कुरबान हो गये। जैसे भगतसिह, चन्द्रशेखर सुभाषचन्द्र बोस राजगुरू, सुखदेव इत्यादि। नमस्कार

वार्ता- प्यारे भाईयो एक रागनी इसमे आगे सत्यवान सावित्री की दी गई है प्रेम से पढे जिस समय यमराज सत्यवान के प्राण लेकर चल दिये तो सावित्री किस प्रकार अपने पति को जिवाती और क्या कहती है।

रागनी
(तर्ज -मुझे लूट लिया)

सुता मांग लियो वरदान,
मान कभी सतियों का घटना ना।।टेक।।
सावित्री ने शीश झुकाया दोनां हाथ जोड़ बोली।
तीन वचन भरदी पहले ख्याल पति का छोड़ बोलो।।
किसके सहारे जिऊंगी न्यूं रली रेत में मरोड बोला।
तीन वचन देता हूँ तू सावित्री अब हाल लेले।
राज पाट कोठी बंगले कोई भी सवाल लेंले।
सत्यवान के प्राण छोड कै चाहे धन माल लेले।।
सती जग सारा परेशान महान दुख,
धर्म बिना कटता ना।।१।।
सास ससुर के नै खोलो गुजर बसर सही ढाल होजा।
भाईयों का वरदान मिले तो पीर भी खुशहाल होजा।।
बचन तीसरे में मांग एक मेरी काक में लाल होजा।
ऐसा ही होगा कहके फेर यम ने दी सवारी जोड़।।
सावित्री संग चलती रही लख बोला क्यू रही दौड़।
सारी बात पूरी करदी अब तो दीजो पीछा छोड़।।
हो सती पुत्र हो गुणवान जवान यमराज पलटता ना।।२
समझ गई मेरे बेटा होवे मेरी भी गुजरान होगी।
सती का पति एक पूरी थारी किस ढाला जवान होगी।।
बिना पति के खुद कहदो मेरी किस तरियां गुजरान होगी
प्रश्न का उत्तर देने मेरे यम को भी झुकना पड़ गया।।
पतिव्रता को बात सुनी कुछ कहन`से रूकना पड़गया।
सावित्री तेरे रे सत के आगे हमको भी झुकना पडगया
हो जा जीवित मिलेगा सत्यवान
ध्यान कहो और जगह घटता ना।।३।।
सास सुसर ना अन्धे पावे करियो जाके टहल बेटी।
राज के मालिक बने मिलेकंगे किले अटारी महल बेटी।।
कर्तव्य कर आनन्द करियो उस सत्यवान की गैल बेटी।
सतियों के इतिहासों में तू सबसे पहले पाई जागी।।
प्रलय तक रह नाम कविता दुनिया में बनाई जागी।
शेरपुर शाहदरे धोरे धर्म कथा गाई जागी।।
'जयकरण' धर्म ले जान ज्ञान,
कदे बिन बाटे बटता ना।।४।।

जयकरण का मशहूर संगी
भूरा बादल

लेखक - प० गुरशरणदास जी के प्रिय शिष्य जयकरण सिह

दोहा- जगत पिता परामातमा कर जग का कल्याण।
'गुरशरदास' के नितय रहे चरण मे ध्यान।।
जल की शोभा कमल कहे और थल की शोभा फूल।
राग की शोभा सभा कहे अगर ढग से करे कबूल।।
धर्म छोड के पाप मे लगा जिन्हो का हेत।
वे नर ऐसे जायेगे जैसे रण रेही का खेत।।

वार्ता- प्यारे भाईयो चित्तौड मे राणा भीमसिह राज करते थे और दिल्ली मे अलाउददीन का राज था राणा के यहा राघव चेतन ब्राह्मण रहता था जो किसी बात पर राजा ने राज से निकाल दिया। राघव चेतन दिल्ली मे खिलजी से मिला और पद्मनी के रूप की तारीफ की। अलाउद्दीन अपने सेनापति सरजा को एक पत्र देता है उसमे लिखा हुआ था' कि मै आपसे सधि करना चाहता हूँ। राना उसे चित्तौड बुला लेता है काफी सत्कार किया पगडी बदल दोस्त बनकर अलाउद्दीन क्या कहता है ?

रागनी
(जवाब - अलाउद्दीन व राना का)

पदमावत के दर्श करा दै राना टाल करे ना।
बनके खिलजी यार मेरा तू गलत सवाल करैं ना।।टेक
गलत सवाल करण की राना कौन सी बात देखली।
ब्याही पै रहा नजर टेक तेरी सब औकात देख ली।।
इस दुनिया मे अपनी इज्जत अपने हाथ देखली।
इन करमो मे यार आबरो होती खाक देखली।।
चर्चा शहर देखली और कुछ ख्याल करै ना।
यारी मे खुवारी करके तू अमर मिशाल करै ना।।१।।
जौनसी बात सोचली राना सौ सौ कोस नहीं सै।
उसमानस का के जीना जिसे बात का रोस नहीं सै।
पद्मावत की सौहरत सुन मेरा दिल खामोश नहीं सै।
उस जैसाकोई दुनिया ना जाके दिल सतोष नहीं सै।
रूप खटक मे होश नहीं सै और तू घाल करै ना।।
ऐसे मनुष्य की पणमेसर भी प्रतीपाल करे ना।।२।।
कौन सा गन्दा कर्म धर्म की जो मरियाद तोड दे।
स चा यार नहीं वे समझे प्यार का माट फोड दे।।
या तो शान दिखा राना या यार से नजर मोड दे।
जान तलक भी हाजिर सै पर नार का जिकर छोड दे
निगाह जोड दे तेरी बहू चाहे बेशक ब्याह करै ना।
पतिव्रता के नैम अटल वो गन्दी चाल करै ना।।३
उठके खिलजी चल पडा था लडके और झगडके।
गद्दी ऊपर बैठाया राना ने हाथ पकड कै।।

रणवासो में पहुँच गया सब हाल सुनाया लडकै।।
मॉथ मे त्यौरी पड़गी सती बैठी दूर बिगड कै।।
सुन 'जयकरण' छन्द घडकै सुर ताल बेताल करे ना
गुरू नहीं जो चेला करके फेर रखवाल करै ना।।४।।

सज्जनो ! दर्पण मे पद्मनी की सूरत देखकर राना भीम को दिल्ली ले गया और जेल मे बन्द कर देता है। पद्मनी के पास पत्र भेजा कि तेरा पति हमारी जेल में है मैं तुझे अपनी बेगम बनाऊगा।

रागनी तर्ज- कौली भर चन्द्रावल रोई

खिलजी की चिट्ठी ने पढकै सती रोई बेशुम्मार।
क्या यतन बनाऊं घिरे दिल्ली मे भरतार।।टेक।।
दर्पण के मा मैं दिखलादो पति लिकडा सादा भोला
धोका करके दुष्ट मगावै मेरा दिल्ली के मा डोला।
सुन सुनके महलों में लोंला सब कटटो होर गई ना।
बूढी ठैरी कटटी होके तरकीब बतावण लागी।
फौज सजाके लडने भेजो उसे न्यू समझावन लागी।
हर नारी बतलावण लागी हम लडने तक तैयार।।१
हिन्दू कुल में जन्म लिया से ना सीखा कदम हटाना।
कुछ वीरो का साहस सवाया कुछ अपना ज़ोर दिखाना
दुश्मन भूलै पाप कमाना म्हारी बाजेगी तलबार।।३।।
हिम्मत का होराम हिमाती न्यू दुनिया कहती आवे।
उसका ठाड ठिकारा कोन्या जो विपतामे धबरावे।।
छन्द 'जयकरण' कथके गावे कर गुनियो का सतकार।।

वार्ता- प्यारे भाईयों ! पदमनी ने पत्र पढा और विचार करने लगी कि किस प्रकार तेरा पति छूट सकता है चुन्देरी के लिये घोडे पर असवार हुई कि बादल से ही कहूँगी कि अपने मामा की बद छुटाने चलती और क्या होता है।

रागनी तर्ज - गंगा जी तेरे खेत में

तकदीर पोच चित्तौड की चली मन मे मान कलेश।
पदमनी रोवती क्या यतन बनाऊगी ।।टेक।।
चली लिकड कै बाहर किले की बुर्जी तक थी गमगीन
सुन्य साथ प्रजा होगी घोडे पै धरे थी जीन।
पछी तक भी रोवण लागे विपता का लखावो सीन
नीत धर्म के औड की लगी दिल के ऊपर तेरा।।१।।
पवनवेग घोडा अम्बर में लगी थी धूल।
सती का हौसला देख देवता बखेरे फूल
कालजे मे खटके घा उस खिलजी की बाता का सूल
हूल पत मान मरौ की सब बात करूगी पेश।
खैचती लगाम चाली घोडा छोडा सीधी बाट।।
रास्ते में तेली मिल गया हिरन गया राही काट।
न्यूं बोली भगवान कुछ करले यवनो के बिछै ना खाट
लाट पती के जोड़ की आज जिन्दगी रहेगी शेष।
मुसीबत सुनाऊं हाल बादल से कहूँगी जाके।
खून का असर खून को आवै ल्यावेगा वो बद छुटा के

'जयकरण' भी नाट गया तो मरूगी गम उपदेश।।

वार्ता - *सबके कहा था कि हमे मजबूत सेनापति चाहिए जब लडकर महाराणा को छुटायेगे।* पदमनी बादल जो राना भीम का भानजा था बोलने गई उसकी घुडचडी हो रही थी औरत मे मिलकर एक गाना गाती और क्या कहती है।

रागनी जवाब - पदमावती का

गम के गौत गावती चली बादल गीत नकल कोन्या।
गाऊ तू सुनता जाईयो बिन कतर्व्य के फल कोन्या।।
रजपुती का ऊचा झन्डा धनी शर्म मे झुका हुआ।
मन मे मैल मलाल करै एक शेर पिजरे रूका हुआ
मुह से बोल लिकडता कोन्या चित चिन्ता मे फुका हुआ
कभी बात का शोर करे बोल समझियो लुका हुआ
गम से हृरदा ठुका हुआ मेरी करती काम अकल कोन्या
तेरी शरण में आगी बादल घनी रूवा या बद करले
रण पै चढ या शादी कर तू एक बात परसद करले
अगर शान चाहव हिन्दूवों की लडने का प्रबन्ध करले,
जो कायरता दौड गई तो खिलजी से सम्बन्ध करले।
मरियाद ने भंग करले जो तेरी भुजा मे बल कोन्या।।२।।
शादी फेर भी हो जागी तेरा मामा फेर मिले कोन्या।।
दुश्मन के फन्दे मे है मौका हरबेर मिले कोन्या।।
पाचो उगली नही एक शेरो के जैर मिले कोन्या।
जिन्दा शेर मिले कोन्या फिर थमा नैन मे जल कोन्या।
सुन मामी की बात बली नै घोडा वापिस फेर दिया।
जहा गीत गाती जननी जा मौड चरण मे गेर दिया।
हिन्दू कुल की लाज बचै न्यू उपदेशो मे घेर दिया।।
पीछे ब्याह रचाऊंगा तेरी चल दिल्ली को शेर दिया।
जग मे ज्ञान बखेर दिया 'जयकरण' तेरे मे छल कोन्या।

वार्ता- सज्जनो बादल की मा पुराने बेर को याद दिलाती ओर क्या कहती है।

रागनी

मान कही अब दिल्ली जईय'
    बादल अपना ब्याह रचइयो।
मत पापी की बद छुटईयो वा दुश्मन से म्हारा।।टेक
बात मे अटके से बोल, जुल्म म्हारे सर पै राखे तोल
ढाल मर्म के बजते कोन्या, बजन लगे तो सजते कोन्या
वृथा जिन्दगी तजने कोन्या, बही असु की धारा।।१।।
घना से भीमसिंह गद्दार, दिया था मेरे पिता को मार
यार चाहे हो रिश्तेदारी, अपनी इज्जत समझे प्यारी।
खुलजा पोल जगत में सारी वो ना होता प्यारा।।२।।
दुश्मन और कांटे को खटक,
    मनुष्य जा शीस रात मे पटक।
अटक लगी बतलाई कोन्या, पदमावत समझाई कोन्या
पीछा करने को आई कोन्या, जब बाप मरा थारा।।३।।

ममता दुश्मन की ठुकराले पुत्र तू पहले ब्याह रचाले।
गाले 'जयकरण' छन्द बनाके शरण गुरू की सेवा ठाके
धूमसिह चल शीश नवाके ले दुर्गे का सहारा।।४।।

रागनी - जवाब पद्मावती का

ब्याह के चा मे फूल रहा कुछ म्हारा मान रहा ना।
यारी रिश्तेदारी का तनै बादल ध्यान रहा ना।।टेक
रब रुठे से जग रुठे जब पडजा फर्क मेल मे।
अदनी से अदनी औरत की सहती रोज सेज रो।।
खुशी दिल मे बेर मेल मे रहती तरी तेल मे।
दूल्हे बनके चाल पडा तेरा मामा सडे जेल मे।।
राजपूतो की चढो बेल मे बिल्कुल प्राण रहा ना।।१।।
तेरा मामा से मेल करा वो खिलजी बनया भोला।
दर्पण के मा शान देख बाका चेहरा पड गया धोला।
पदमावत रोवन लागी सर पडा विपत का गोला।
अलाउददीन मगावे है आज तेरी मामी का डोला।
दुनिया मे होजा रौल कोई छत्री जवान रहा ना।।२।।
असनाई अपने की नाव हो चाहिये पार लगानी।
आने जाने से असनाई होती नही पुरानी।।
पिछला गिल्ला थूक दियो तेरे मामा की शैतानी।
बुरखा मुगल उठावेगे थारी काहे की जिन्दगानी।
समय आवनी जानी हो कोई छत्री जवान रहा ना।।३।।
अगर करे इन्कार यहा कल उडते काग मिलेगे।
रजपूतो की पगडी मे हुये गहर दाग मिलेगे।
गाले 'जयकरण' छन्द बनाके शरन गुरु की सेवा ठाके
धूमसिह शीश नवाके ले दुर्गे का सहारा।।४।।
मेवाडी सग कुल हिन्दूओ के फूटे भाग मिलेगे।
कहै 'जयकरण' उन कवियो के ऊचे राग मिलेगे।।
लुटे सुहाग मिलेगे अगर थारा सही मीजान रहा ना।।५

वार्ता- प्यारे भाईयो अपनी मामी की बात सुन कर बादल को जोश आ गया। सात सौ डोले सजवाये हर डोले मे दो जवान और कहार एक डोले मे धन्ना लुहार को बैठा कर दिल्ली के लिये चलते और क्या हाता है।

रागनी तर्ज - बांदी आई ढूंढ

खून्टी पै लटकाया बैरी मौड हो गया।
बादल के सग मे खाली चित्तौड हो गया। टेक
चले राजपूत अलबेले लडने का घना चाव था।
रण वस्त्र धरे छिपाके बादल का अलग दाव था।
थी यवनो की मनमानी रला रेत मे न्याव भाव था
एक शेर पिजरे घिर गया सबके दिल बुरा चाव था।
न्याव करनिया भूप असुर को ठौड हो गया।
सती बोली साथ लडेगी दिल मे आराम नहीं से।
बादल इन्कार करे था मिटा छत्री जाम नहीं से।

हग, जब तक जिन्दे जग मे थारा रण मे काम नही सै
दे तख्ता बादल दुश्मन का म्हारा कम इतजाम नहीं से
चौदह सौ महावीरो का गठ जोड हो गया।।२
वीरो का साहस चले दिल मे राम मनाके।
दिल्ली के पास पहुँचगे बैठे डोले रुकवाके।।
यहा आई हुई पदमनी न्यू कही दूत ने जाके।
एक लहर खुशी की जागी खिलजी चाला मुस्काके।
बादल से बतलाके बात का तोड हो गया।।३।।
कही बादल से समझाके जब नई प्रीत जोडेगी।
ओ रसम रिवाज पुरानी ये हरगिज ना छोडेगी।।
निज बाल की छाती पै पहले चूडी फोडेगी।
फर फैके चीर कुबे मे बुरखे ने औडेगी।।
फेर 'जयकरण' राम धर्म काओड हो गया।।४।।

वार्ता - सज्जनो बादल से मिलकर अलाउददीन कहने लगा कि डोले ले चलो। बादल ने कहा पहले राजा को जेल स बुलावो उसकी छाती पर अपनी चूडी फोड लेगी फेर आप जो उचित समझे करे राना को जेल से बुलाया गया। चूडी की बजाय धन्ना लुहार बेडी काटने लगा। खिलजी अपने दरबार मे क्या कहता है।

रागनी
(खुदा नाम मांग रही)

फिरी खुदा की मैहर मेरे पै खिलजी करे बयान।
मरे आज मिटेगे सब दिल क अरमान।।टेक।।
कर्म नाम करने का हो सै
बिन कर्तव कोई साथी कोन्या
जो हिम्मत का त्याग करे फेर
उसका खुदा हिमाती कोन्या।।
भीमसिह को कैद करे बिन आज पदमनी आती कोन्या
खाना तक भी ना खाया मनै जब से देखी शान।।१।।
हलकारे करो खबर महल मे डोला खडा शहर से बाहर
तार पदमनी ने ल्यावेगी क्यू ला राखी घनी अवार।
प्र.गो प्यारी राजी होजा करवादो सोलह सिगार।।
लागेगी चमकार रुप जणे खिला गगन मे भान।।२।।
आज तलक ना देखी होगी ऐसी सेज सजाऊगा।
अतर फूलेल तेलका छिडका बिस्तर बीच लगाऊगा।
फूली नही समावेगी जब जी भर लाड लडाऊगा।।
कलमा निका पढाऊगा मेरी बण जागो दिलजान।।३।।
विपरीत बुद्धि विनाश काले बात समझना झूठी नही।
बार-बार खिलजी पूझे क्या ऊची मौहब्बत टूटी नही।
क्या फौलादी पहर लई जो अब तक चूडी टूटी नही।
बालकपण मे सीख लिया 'जयकरण गुरु से ज्ञान।।४।।
दोहा- उठके खिलजी चल दिया गरदिश हुई सवार।
फूटी क्यो चूडी नही जो घनी लगादी वार।।

वार्ता- सज्जनो! खिलजी आकर कहने लगा कि क्या बात है जो इब तक चूडी नहीं फूटी। राजपूत कहने लगे।

रागनी

(तर्ज - तेरा जोगी आया)

तुम समझो जैसी, ना ऐसी वैसी।
ये चूडी हाथ की, इन छत्रानी के हाथ की।।टेक
रजपूतो की बात जगत मे पावे एक निराली।
कुछ अरसे से अभी बादशाह चूडी कटने वाली।।
तुम्हे प्रेम की प्याली पावै और निका पढाकर जावे।।१
थारा खुदा खुशी तुमसे घर बैठ पदमनी आई।
इतनी सुन्दर और जगत मे पावै कोण लुगाई।।
वो सुन शरमाई मैना, बाकी मीठी बोली है ना।।१
अलाउददीन भर्म मे रह गया भूला सब चतुराई।
महावीरो ने भीमसिह की बेडी काट बगाई।।
फेर खुशी मनाई मन मे और कूद पडे बली रण मे।।३
'गुरशरणदास' की सेवा करके छन्द जयकरण गाले।
जो सतगुरु का करे उल्लघन चेला धोका खाले।।
जो ठाले टहल गुरू की पहुँचेगा ठोड गुरू की।।४।।

दोहा - खिलजी को अफसोस था सुन बादल के बोल।
हाय खुदा तनै क्या रची गई डगमग काया डोल।।

वार्ता- सज्जनो! जिस समय राजा भीम की लुहार हथकडी काट देता है तो बादल अलाउददीन का जग का ऐलान कर देता है। आमने-सामने रण मे खडे हुए और सग्राम शुरू हो गया तो जो बादल ने वीरता दिखाई पढिये।

रागनी

(तर्ज - बाढी आरे की तेज बना दे)

बादल की रण मे बजन लगी तलवार ।।टेक।।
खिलजी से बोला दिखलाऊ तनै पदम दर्पण में।
रण के बाजे बजवाये ना दहसत मानी थी मन मे।।
सीना खोल लडा बादल जब कर्ण जोश जगा तन मे
रण चन्डी गई चेत खेत मे सारही दुष्ट लडन लागे।।
था शासन का गर्व परन्तु नखरे तुरत झडन यापे।
कोई कहै लै खुदा बचा कोई ल्हासो नीचे बडन लागे
प्रलय का ढग बनादिया वह चली खून की धार।।१
बादल बोल्या राना से कुछ मामाजी नजदीक रहो।
भारी फौज खडी शत्रु की तेग बजाते ठीक रहो।
दुष्ट मागले जो जाकी देते प्राणो की भीक रहो।
ओ पापी बेईमान आज तेरी मेंटू नाम निसानी ने।।
कई जन्म तेरे साथी रोवै पढके पाप कहानी ने।
बदला भी चुकाऊं जाके करके रान्ड पठानी ने।।
मामी के बदले में करले दुष्ट मौत से प्यार।।२।।
जग देवता जीवन आये बे परमाण लडा बादल।
कर्ण बली की डाल जग में हो सावधान लडा बादल।
भुमण्डल डगमग हाला जब दे ऐलान लडा बादल।

कोई मरे थे तेगो सै ओर कोइ दहशत मे मरते थे।।
शत्रु सेना भारी फेर भी राजपुत ना डरते थे।
उतपातो ने याद करे पग ल्हासो ऊपर धरते थे।।
पीठ दिखा दुश्मन भागा हो घोडे पै असवार।।
बादल ने लिया पकड दुष्ट ने सर चरनो मे गेर दिया
खता माफ कर दे मेरी वो शब्द रोस मे टेर दिया
प्राण दान देके बादल ने घोडा वापिस फेर दिया।
बादल सोया था डेरो मे अन्धकार महाघोर हुआ।।
के बेरा था योधा ने तेरे सर होनी का दौर हुआ।
फूट के कारण कर्म देश मे हिन्दुओ का कमजोर हुआ।
खिलजी से जा मिला 'जयकरण एक हिन्दू गददार।।४

वार्ता- सज्जनो! प्राणदान देकर बादल डेरो मे आ गया। राजा भीमसिह बगैर कहे पदमनी से मिलने चित्तोड चला जाता है। पदमनी क्रोधित होकर क्या कहती है।

रागनी तर्ज - पिया देदे मनै कुल्हाडा
(जवाब पदमनी का - राजा भीमसिंह से)

पिया करले भेष जनाना
दिल मे भय खिलजी का माना आया रात मे।
क्या छत्रापन को जोश रहा ना गात मे।।टेक।।
राजपूत रण छोड भगे कल पिटजा तेरी मनादी।
इकला आया छोड उसे जो गया छोडके शादी।
आधी राता झुकी अधियारी
बेरी जूल्म करे क्यू भारी उसके साथ मे।।१।।
इक्ला बालक छोड दिया क्या बादल बात बिचारै।।
अच्छी भून्डी बनगी तो बाकी मैइया सर ने सारे।
पुकारे बात यही रो रो के
लेगी सुत ने जण भली के खोटी स्यात मे।।२।।
वापिस रण मे चाला जा ना शान देखनी चाहूँ।
कर खिलजी से जग फतह मै ईश्वर के गुण गाऊ।।
खपाऊ मै वरना जिन्दगानी।
सुनक पतिव्रता की बानी तेग ली हाथ मे।।३।।
धन धन हो उन सतियो को जिन्ह धर्म की जोत जलादी
पतियो को भी समझाया और देश की लाज बचा दी
सुनादी कथा 'जयकरण' घडके
चेले गावेगे वे धडके सब देहात मे।।४।।

वार्ता- प्यारे भाईयो! बादल अपने डेरे मे सो गया और राना पहरा देने लगा। उसी रात्रि को अलाउददीन ने बीडा गेर दिया कि जो बादल को मारेगा पाच गाव तथा पाच हजार रुपये पुरस्कार मिलेगा। रामसिह राजपूत बीडा चबाकर ब्राह्मण के भेष मे राना के पास गया तो राना क्या कहता है?

रागनी
(तर्ज - मुझे लूट लिया सरे आम)

अब झूकी सै अन्धेरी रात बात कहो
किस कारण तुम आये।।टेक
चौगरदे मे डोल रजा पाया तरा राज नही।
रजपुतौ की सेना सोई लगाया अन्दाज नही।
बतलादे मै दलिया हूँ या कहदे दगाबाज नही।
भेद छिपाके रामू बोलू बोल्या ब्राह्मण मे निरास भाई
मामूली सा पानी ल्यादे लाग रही प्यास भाई।।
वरना अपने प्राण तजूंगा फूक दिजे ल्हास भाई।
तेरा याद रहेगा ऐहसान प्राण आजदिन पानी घबराये।।१
डूबा भीम विचारों में कोई चालाकी पीछानी नही।
वक्त की करामात सज्जनो! मुनियो ने जानी नही
राना बोल्या सेना सोई मेरे पास पानी नही।
चरनो मे मा लेट गया वो लालच था सवार बोल्या
कई जन्म गुण भूलू ना कही था रामू गददार बोल्या
नीर पिलाया श्राप ओट वा दिल मे कपट धार बोल्या
गई सुनके काया काप श्राप के डर से राना छाये।।२।।
पानी लैण चाल पडा भीम के जगा था रहम।
रामू को बैठाया नहीं दिल मे नही किया बहम।।
चन्दा की उजली चमकी आधी का हुआ था टैम।
डेरे अन्दर बड ग्या पापी कर मे थाम लई तलवार।
चौगरदे ने देखै था जहा सिह सावै था पैर पसार।
पृथ्वी डगमग डोल गई जब बादल का लिया तार।
कुछ लटकी रहगा खाल ताल खूनो तुरत बहाये।।३
बहता देख खून एक दम बादल के बदलगे ख्याल।।
न्यू जानी तेरे मारन खातर मामा ने फैलाया जाल।
ब्याह छोड के आता ना जो पापी की समझता चाल।
अन्तिम कराहट सुनि राना ने चाल के गया था पास।
गरदन कटी देख योधा की राना फूला होस हवास।
एक छलियाके कहने से मनै अपना ही कराया नास।
'जयकरण'कवि मनिमद छन्द सुखबीर शिष्य नै गाये।।४

रागनी
(जवाब - बादल का राज से)

करनी थी दो बात आज मनै खास मामा जी।।टेक।।
आज सब बना हुआ खेल बिगडग्या,
कर्म का पासा उल्टा अडग्या।
दुष्ट लिकडग्या डेरे सै कर नाश मामा जी।।
मेरी रुह डोलेगी सदा तलाश मामा जी।।१।।
मनै ना भय दुश्मन का मानी,
छुटा दी खिलजी की शैतानी।
लख मरदानी हिले जमीं आकाश मामा जी।
तेरी लापरवाही ने दिखा दिये त्रास मामा जी।।२।।
हुआ था पोच घडी पै त्यार,

छोड के ब्याह के मगलचार।
मार गया तलवार कोई बदमाश मामा जी।
मामी नै दिखला देना मेरी ल्हास मामा जी।।३।।
कही सब हिन्दूओ को प्रणाम,
सुख से बस्यो शेरपुर ग्राम।
सुनले मुल्क तमाक बनै इतिहास मामाजी।।
'गुरशरणदास' ने किया जयकरण पास मामा जी।।४।।

वार्ता - सज्जनो! इधर बादल न इतनी कहकर दम तोड दिया उधर पदमनी को सुपने मे बादल दीखता है तो क्या होता है।

रागनी

तर्ज - लुहारी के

तृष्णा चित नै चोरे, जणै बादल धोरे।।टेक।।
आग लगी मौड में, पदमनी को खोटा सुपना दीखे था
चित्तौड मे।।
रै बादल हो रो मामी हो,
सारा हाल बतादे बादल किस तरिया सै जग किया।
जीत गया जग फेर भी मामी ना जग्त मे जिया।।
काप गया सुनके हिया शीश रही फोड मै।।१।।
पीठ पै लगी ना चोट देख लेना खोड मै।
यो क बात सुनाई बादल समझ नही पाई मै।
समझके रहेगी मामीजी जीवन भर तवाइ मै।
तेरे सग लडाई मे क्या हिन्दू रहे मरोड मै।।२।।
पहले से ही राजी रहते हिन्दू तोड फोड मै।
तोड फोड किसने करो खोज के सुना दे सारी।
बेरा ना जणै किसने मामी सोवते की गरदन तारी।
आखरी नमस्ते म्हारी मुखडा चाला मोड मे।।३।।
पदमनी की आंख खुली देखे चारो ओड मै।
थामके कलेजा बैठी कैसी आज राम रची।।
बिगड लियाकाम रण में पदमनी के बात जची।
अबाई 'जयकरण' मची मगन गाकर जोड में।।
समझनियॉ थी राजी रहते छन्दो के निचोड मै।।४।।

वार्ता - सज्जनो! उधर बादल ने दम तोड 'देया तो राजा भीमसिह ल्हास के पास सारी रात विलाप करता रहा और क्या कहता रहा रागनी मे पढिये।

रागनी

तर्ज - रहम थारा बेकार मेरी

के बेरा था आज बहण का लुटग्या माल खजाना।।टेक
बादल ने दम तोड दिया और रहा दरोवता राणा।
कदी बहण का सुहाग लुटा वो वक्त याद आवे था।।
कदे ल्हास पै सर टेके कदे हाथ पकड ठावे था।
आखे खील बोल बादल घना मन मैं गबरावे था।।

बवण कहै मेरा सुत खाया जो ब्याह करन जावे था
रास गात मे ल्यावे मनै घाती कहै जमाना।।१।।
होटो पै खुश्की आगी और लाली झडी गाल की।
दुष्टो को लग गई खबर तेरे बल के करामात की।
बिना बेटे मा रहा करे जैसे डाली बिन पात की।
कगन तक भी खुला नहीं ना मैंहदी दुटी हाथ की।।
सेना रोवै तेरे साथ की भूली पीना खाना।।२।।
मामा और भानजे का हो जग मे प्यार निराला।
एक छलिया के कहने से मनै मुह करवा लिया काला।।
पहाड बरोबर रात लगे जब पडजा दुख कुठाला।
हिन्दुवो के अन्धेरा हुआ दूश्मन के घरो उजाला।।
जगे का जोत चला पाला पर मेरा नहीं ठिकाना।।३
वापिस जा चित्तौड तेरी ना जागी ल्हास दिखाई।
तेरी मामी का दिल फटजा जो तनै बोलके लाई।।
कहै 'जयकरण' भीमसिंह ने रो रो रात बिताई।
प्रेमराज गमगीन सुबह बादल की ल्हास उठाई।।
खिलजी ने आ करी छडाई पहरा रण का बजा।।४

वार्ता सज्जनों! रामसिंह बादल कासर काट कर खिलजी से ईनाम मांगने लगा तो खिलजी किस प्रकार जवाब देता है रागनी में पढिये।

रागनी

तेरे जैसे भारत के मां ना दूजा बकवास मिलै।।टेक
पुरस्कार के बदले में तनै आजीवन कारावास मिलै।
मेहनत कर सुख प्राप्त होय सदा धन के बने कलापी को
बीडा गेर टोहवता खुद मै मिटी हुई इन्साफी की।
तेरे जैसे पापी को बात किसी तरिया साबास मिले।।१
जो कौमी गददार करै तू करग्या उस शैतानी ने।
कई जन्म तक रहूँ सरहाता बादल की मरदानी ने।
के देरा बलवानी नै तेरी कल पडी हुई ल्हास मिले।।२
कर बादल की याद वीरता खिलजी के नैनो जल था।
मुह काला औरनाक काट ली राम करनीं का फल था
मिला नहीं उसे अनजल था,
कहीं हुआ तेरा भी नास मिलै।।३
पाप का सौदा जो बेके वाये होती नहीं बरक्कत से
कहै 'जयकरण' मरना अच्छा जिसकी कोन्या इज्जत से
जैसी किसकी महनत से शिष्य कोई फल पास मिले।।४

वार्ता- राना सारी रात ल्हास के पास विलाप करता सुबह खिलजी ने चढ़ाई करके राना व सारी सेना खत्म कर दी। पदमनी के पास खबर गई तो वह सती होने लगी।

तर्ज - उडजा ये पन्छी

जलजा री ओ अगमी

सतियो का लुटता दामन आज थामले।
तू म्हारी लाज थामले।।टेक
महावीरौ सै खाली होगी दूनिया मे नामी चित्तोड।
भूडल दहलावे था लख रजपुतौ की मान मरोड।।
भाग का पलटग्या पासा चिता मे दी चुडी फोड।
दूष्कर्मी दुश्मन आगया तो आबरू का हौज ढेर।
कर्मगती के आग सज्जनो चले नही हेरा फेर।
अगन देव भी रुठ गये तो क्या धर्म की छोड की मेर।।
ढलजा री ओ अगनी हिन्दूवी का सारा,
नखरा नाज थामले।।
भुमि है पवित्र फेर भी गगाजल छिडकाया गया।
कई कोस के ईद गिर्द मे हवनकुन्ड खूदवाया गया।
चन्दन लकडी सामग्री धी गऊवो का चढाया गया।
इब तक प्रकट हुई नही क्यु आग से बोवर बोली।।
बोली अगनी उत्तर दो सब रजपुतो को वीर बोली।
पदमनी के साथ सारी भर नैनो मे नीर बोली।।
फलजा री ओ अगनी पाप का तू जग मे
बढता ब्याज थामले।।२।।
कुछ मजबूरी साम्ही थी जो हिरदे मे खोलेगी साल।
हिन्दू फसते आप रहे यहा फूट के बिछाके जाल।।
पछी तक भी रोवण लागे धर्म का करे थे ख्याल।
झूठ–कपट छल बेईमाने बिन मेल का तजन नही होता
नर्क बरोबर जगह होय जहा हरका भजन नही होता
मरे बरोबर हुया करे जाकी बात मे वजन नही होता
चलजा री ओ अगनी खोटे समय का तू,
अन्दाज थाम ले।।३।।
धरती माता नमस्कार यहा जन्म लिया आराम किये।
कर मिटटी का तिलक रही तरै वैन सुबह और शाम दिये
हवा मे उड उड आवेगी म्हारी राख ने गगे थाम लिये
था सतियो का तेज मुकददर विपता आगे हुई खडी।
अगनी प्रचड हुई अचानक सती अगन मे कूल पडी।।
गाव शेरपुर दिल्ली मे 'जयकरण' अनोखी कथा गढी।
चलजा री ओ अगनी कवियो की खातिर कुछ,

रागनी

तर्ज - गम के गीत गावती

मेरठ शहर मे खास प्रेस जहा छपै किताब हमारी।
श्री भगवत बुक डिपो में पुस्तक मिलती न्यारी न्यारी।।टेक
से पुस्तक भन्डार रोड पै सही पता बतलाते।
रामरतन रघुनाथ, चतरसिंह बुक डिपो मे आते।।
अजोपाल, कल्याण छपाते कथा बनाके भारी।।१।।
चन्द्र और बलवन्त की पुस्तक छपी मिलेगी ताजी।
'गुरशरण्दास' की धूम छपी जी महान कवि परकाजी

दिल राजी राजा की पुस्तक दुनिया ले ले जारी।।२।।
इसी जिले के कवि सुना बलराज जगत में नाम।
सती निहाल, राजबाला और ना गुच्छा मे खामी।।
हरकेश कवि के दोनों गारे शिष्य नई लहदारी।।३।।
तुरमल सिंह और चमनलाल यहां कवि अडीमल आग्या
सब गुनियों का दास 'जयकरण' पुस्तक पचास छपाग्या।।
गुरु भाई संग में गाग्या वो भागमल प्रचारी।।४।।

सांगीत नल दमयन्ती
फखद मीर रटौल
दूसरा भाग

दोहा - ऊँ० नमै श्री भगवती हस वाहणी मात।
वीणा पुस्तक धारणी माई लज्जा तेरे हाथ।।

वार्ता- जब राणी दमयन्ती का सटकने के लिये अजगर अपना मुह खोलता है तो एक शिकारी तीर से उस नाग को मर देता है। वह पारधी रानी का रूप देख मोहित हो जाता है।

भजन तर्ज - आंगली मरोडे मतना

टेक – चाणचकलगी पारधी के कालजे मे चोट दमयन्ती के रूपकी।
पेली फटी हुआ प्रभात, निखर रहा केले कैसा पात।।
धौले धौले दांत ऊपर पतले–पतले होट, जणे किरण लिकडत हो धूप की।।१।।
इसपै विपता पड रही ठाडी धस रही गारे के माह गाडी
जिस माणस ने घर से काढी उस माणस का खोट,
गई अकल बिगड बेकूप की।।२।।
सुन्दर घणी हूर की परी, बण मे रोवे एकली डरी।
मध जोबन में भरी, गात का चन्दन कैसा बोट,
ये राणी सै किसी भूप की।।३।।
ना कुछ बूझी ना कुछ कही, बात कुछ बाकी कोन्यारही।
रागनी है सही, बावला है 'रघुनाथ' ठोट,
कुछ माया है अलग अनूप की।।४।।

भजन मिलवां - तर्ज गुजरू

शिकारी – तू कौण एकली क्यू रोवे बण मे हाडेके दुख पडग्या।
रा०– मैं दुनिया में दुखियारी हू मेरा नक्शा सब तरियां झड़ग्या।।
शि०– साच बता तेरा दुख मेटूँ मै तेरे पै कुरबान हुया।
रा०– तू कौण मेरा दुखमेटनिया जब अलग मेरा भगवान हुया।।
शि०– भगवान बिचाले मेरे तेरे मै यूँ आशिक दिलजान हुया।
रा०– पर त्रिया ने छेडे सै तेरे क्यू मूरख खपगान हुया।।
शि०– खपकान नहीं गलतानहुया चढाजहर इश्क विषय रलडग्या।
रा०– हट आगे तै दूर परे क्यूँ रोडा बण आगे अडग्या।।१।।
शि०– रोडा नहीं गिलौरी पत्थर चमके धरा चुबारे में।
रा०– दुनिया दूर नहीं दिल से तू समझले एक एक इशारे में ।।
शि०– गुजारा ईश्वर करता है सुख पावे ज्ञान विचारे में।।
शि०– चमक है एक सितारे मे जणे चांद बादलों में बडग्या।
रा०– सहम करेबकवास मगजतेरा कुत्ते से ज्यादा सड़ग्या।।२।।
शि०– सडा दिमाग तेरा लागे तेरी जान बचाई तू गाल बके।
रा०– मेरा पतिव्रता का वरण तू मारा जा बुरी निधा तके।।
शि०– तू मेरे पास रहेगी गौरी बोल खोल मुह सहम ढके।

रा०— है ईश्वर की निधा एक जो सब सृष्टि का रूप लखे।।
शि०— काटा जा जब खेत पके ये जीते जी किस्सा छिडग्या।
रा०— तेरे सिरपै काल पुकार रहा तेरा पाप तेरी अक्कल हडग्या।।३।।
शि०— अक्ल सैननै पिछान लई तेरी बिल्कुल किस्मत माडी है।
रा०— तू पतिव्रता नै छेडे है न्यू माणस मूढ अनाडी है।।
शि०— तू एक मिनट मे समझगी तिरया फिरै बिगाडी है।
रा०— तेरे तन के टुकड हो जागे ये त्रिया धार कुल्हाडी है।।
शि०— यू पारधी मरद पहाडी है तेरा रूप राम बेढब घडग्या।
रा०— सतवन्ती की कथा सही 'रघुनाथ' छन्द मे बन्द जडग्या।।४

वार्ता- पारधी दमयन्ती को मारन के लिये तीर साधता है तो वह तीर पलटकर पारधी के सीन मे लगता है जिससे वह मर जाता है।

रागनी तर्ज फिल्मी - अन्धेर नगरी एक बेर तो

प्राण लगी हूँ तजन, रहा ना वजन, सजन दिल तोड गये,
हो सोवती छोड गये।।टेक।।
भजन—पिया कारणे इस दुनिया का सारा सुख बिसराया।
भरे स्वयवर मे इन्दर का मान घटा धमकाया।।
तोड— पाया कोयना पता, कौणसी खता, बता किस ओड गये,
हो सोवती छोड गये।।१।।
जात बीर की इकली बण मे कैसे धीर धरू।
पता नही इस जिन्दगानी का कितने कष्ट भरू।।
तोड— मरू जहर अब चाट क्यू साडी काट, बाट बुरी दौड गये,
हो सोवती छोड गये।।२।।
बडे प्यार में होके ब्याही अब क्यू दई त्याग मै।
तेरी गैल मै भूखी जलती फिरी आग मे।।
तोड— भाग मे ना है टुकडा दिल का दुखडा मुखडा मोड गये,
हो सोवती छोड गये।।३।।
जीव का मरणा जीणा जग मे ईश्वर के हाथ है।
फिल्मी तर्ज काफिया देशी मस्तराम 'रघुनाथ' है।।
तोड— बुरी बात बीर त्यागणी लगी लागणी रागणी जोड गये,
हो सोवती छोड गये।।४।।

वार्ता- राह मे बनजारो का मिलना और एक बनजारे का दमयन्ती पर मोहित होना दमयन्ती का ईश्वर प्रार्थना करना और आधी का आना।

भजन तर्ज - फिल्म (नया दौर) मांग के साथ तुम्हारा

टेक— *आधी बण मे आई सती उडी पवन के साथ।*
अन्धेरा घेर हुया, हवा का जोर हुया।
वृक्षो के पत्ते खुडके शोर हुया, हुई भयानक रात हा ३।।१
हूल्ला ऊठ चला, जोर से छूट चला।
वायु का बणके गगूट चला, थर थर कापे गात ३।।२
पार पाला हुया, राम रखवाला हुया।
सूरज लिकडा हुया उजाला पेली पेटी हुआ प्रीात हा ३।।३

बिना बताई पाई चली राही राही।
चन्देरी नगरी मे अपने आप आई कथाकथे 'रघुनाथ' हा ३।।४
दोहा - गली गली मे घूमतो रोइ जार बेजार।
आख सूज गई रज मे हुई बावली नार।।
राधे०- तन पै वस्त्र फटे हुये और पगलो कैसी शक्ल हुई।
बच्चे डले मारते थे राणी रज मे बेअकल हुई।।
जो चन्देरी की राणीथी वो दमयन्ती की लगे थी फुवा।
बिना पिछाणे दमयन्ती का ना उनको कुछ पता हुवा।।
वो महल मे बैठी थी राणी रोती दमयन्ती नजर पडी।
बादी भेज बुलाती है और मन मे आई दया बडी।।
तू दुखिया है मैं जाण गई और तेरा दुख बटवाती हू।
गर बुरा नहीं मनमे माने तो हाल पूछना चाहती हू।।
तेरी शक्ल भोली लगती क्यू आख सुजाली रोने मे।
करधीरज ईश्वर कष्ट हरे क्या फायदा जिन्दगी खोने मे।।

भजन- तर्ज फिल्मी - धूल का फूल (तेरे मेरे प्यार का फूल है

टेक - बता तेरा के गाम सै क्या नाम सै के विपता पडगी।
जवान उमर घर छोड के क्यू बाहर लिकडगी।।
कहदे अपनी साफ कहाणी पडिताणी है या जेठानी या सेठानी।।
या राणी है किसी भूप की तेरे रूप की क्यूं लाली झडगी।।१
तेरी स्यान लगे शील सती की शील सती की।
तेरे आगे घटे स्यान रती की स्यान रती की रती की।।
या तेरे पति की तेरी गेल मे मन मैल मे बुरी पैज छिडगी।।२
तेरे रूप की ज्योत निराली ज्योत निराली।
जणे चन्दा की खिली उजाली खिली उजाली।।
बैठ के ठाली टैम मे, बडे प्रेम मे बेमाता घडगी।।३
क्यू रोवे दुख मे घबराई हो घबराई।
कहे 'रघुनाथ' सुणी सोइ गाई हो सोई गाई।।
अजब बणाई रामने, तेरे सामने के तेरी किस्मत अडगी।।४

जवाब दमयन्ती का

दोहा- हाथ जोड विनती करू ना कभी बोलू झूठ।
मैं मरने को त्यार हू भरू जहर की घूट।।

टेक- मेरा पति मने छोड चला गया मैं पतिव्रत धर्म की हू।
न्यू रो रो के हुई बावली हारे हुये कर्म की हू।।
है ईश्वर की एक नजर जो सब सृष्टि का रूप लखै।
शहर के बच्चे कहे बावली डले मार के गाल बकै।
तोड- मेरी ज्वान उमर मनै पापी तकै मैं भरी हुई लाज शरम की हू।१
मेरी लाज बचा मेरी माता हेतू, मै वृथा बोल नहीं सकती।
तू जहा बैठावे वही रहू पक्की हूँ डोल नहीं सकती।।
तोड- और भेद को खोल नहीं सकती मैं बधी हुई गाठ भरम की हू।।२
मै जाणू या मेरा ईश्वर जाणे मेरी गुप्त कहाणी है।

किसी बात की कसर नहीं है मेरी जात क्षत्राणी है।।
तोड– मेरे मै की नहीं निशानी है मै सिघणी सुभा गरम की हू।।३
मै बडी समझ से दिन काटूगी सादे भोले बाणे मे।
जैसा मिलजा वैसा ही खाल्यूँ इतराऊ ना खाणे मे।।
तोड– सही रागनी गाने मे बणी हुई 'रघुनाथ' फरम की हू।।४
दोहा– दमयन्ती की बात सुन दिल मे हुया यकीन।
अब तेरा दुख मिट गया सुन शील सती परवीन।।
राणी– अच्छा बेटी अब मौज उडावो अच्छा पहरो अच्छा खावो।
स्नान ध्यान और दान करो सेवा से मेवा पावो।।

जवाब कवि का

भजन– सदाव्रत दमयन्ती बाटण प्रेम से लगी।।टेक।।
कोई नही किसी का मीत प्रीत का ध्यान हो गया।
करम धरम करने का एक स्थान हो गया।।
मजबूर दूर जब पतिदेव भगवान हो गया।
परालब्ध के भोग योग का ग्यान हो गया।
न्यू दुख के दिन दमयन्ती काटण नैम मे लगी।।१।।
जो मागे सो एक दम दे कम तोलती कोयना।
इधर उधर बेकदर सडक पै डोलती कोयना।।
शान्त शुभा की बणी घणी कदी बोलती कोयना।
मन के मन मे खेद भेद कुछ खोलती कोयना।।
मन बुरा भला दमयन्ती छांटण बहम मे लगी।।२।।
दिल की लगी बुझाणी पाणी आखो मे बहै।
दो बच्चो का प्यार बिचार हदे मे रहै।
तडफ जलन को त्याग आग दुख सबर मे सहै।
मोह शोक लिये रोक बात ना पेट की कहै।।
पेट पडा दमयन्ती आंटण रहम मे लगी।।३।।
मन भाया और चाव चलन सबै एक सा करै।
सुबह शाम शिव नाम बैठ के ध्यान मे धरै।।
श्री शारदा विद्या धन मन मस्ती मे चरै।
'रघुनाथ' साथ गुरू मानसिह को नाव में तरै।।
इसा अमृत रस दमयन्ती चाटण टैमै सै लगी।।४

वार्ता- राजा भीकम का पुरोहित व दूतो को नल व दमयन्ती की खोज के लिये भेजना।
भजन– देश–२ टोहण जाइयो, मेरे दिल का कष्ट मिटाइयो।
कही लगजा तो पता लगाइयो दमयन्ती नल का ।।टेक।।
छोडके चले गये घरबार, भूल गये सब सम्बन्धी प्यार।
शर्मदार के शरम की जचली, याद रही ना ममता पिछली।।
दो बच्चे लोचें जणै मछली पता नहीं जल का।।१।।
ना बिगडी का धेला उठे, ऐब जो करे पटै औ लुटै।
खशबो छुटै फूल खिलने में, मक्खन मिले दूध बिलने में।।
प्यारे मित्र के मिलने मे दुख होजा है हलका।।२।।
दिल ना थामें से थमता ना ध्यान एकसा जमता।

ममता का काटा घणा रडकता, दुख मे दहना नेत्र फडकता।।
हरदम हृदा रहे धडकता लगे आखो से ढंलका।।३।।
मानसिह का ध्यान धरै सै, मिले 'रघुनाथ वो ज्ञान भरेसै।
भजन करेसै सबदुख भगता, लोभ मोह ठगजीव को ठगता।
सुर मे भी सुथरा लगता लहदारी का झलका।।४।।

जवाब दूतों का राजा भीषम से

भजन–फिरे देश–देश मे राजन का नल दमयन्ती पाये।।टेक।।
सिगापुर रगून ब्रह्मा शहर देखा बन्नू कोहाट।
देख लिया आसाम सूबा गोहाटी का सुथरा घाट।।
भारी शहर कलकत्ता है बाजारो में भारी ठाट।
पूना और सितारा बम्बई खूब देखे घूम घूम।।
आगरा बडौदा सूरत शहर की है भारी धूम।
फिर सीधे मद्रास पहुँचे वहा की है निराली भूम।।
तोड– ना बहू बेटी की कूतजी थे सबके एक पहराये।।१।।
ढाका और बगाला देश कामरू तालाश किया।
पूरबी इलाका गंगा पार तक का पास किया।।
फेर गये पजाब वहा कई रोज बास किया।
अमृतसर लाहौर झेलम रावल पिन्डी देख लई।।
फिरिन्टयरको देख निंघा काश्मीर पै टेक लई।
बर्फिला इलाका काया जडायो ने सेक लई।।
तोड– फल मेवा खाकर मजबूत जी रग गोरोरूप सवाये।।२।।
चन्डीगढ पजाबी सूबा फिर २ कै पडताल किया।
देखा बिहार सूबा सारा गोआ को सभाल लिया।।
नैनीताल गढवाल सारा देख नैपाल लिया।
महाराष्ट्र गुजरात देश मारवाड भी छाण लिया।।
अलवर और तिजारा जैपुर जोधपुर भी जाणलिया।
किस्सा क्यो बढाया देख सारा राजस्थान लिया।।
तोड– वहां ऐंठदार रजपूत जी सेवा मे बडे कहाये।।३।
रिवाडी गुडगावां दिल्ली देख लई गली गली।
सहारनपुर हरिद्वार खोज ऋषिकेश तकनही चली।।
अलीगढ मैडू और मथुरा की भाषा लगी भली।।
मेरठ का इलाका हमने घूम कै तमाम देखा।।
कथा के गाणे मे ज्ञान मानसिह का नाम देखा।
खेकेडे फखरपुर धोरे फिरोजपुर एक ग्राम देखा।।
तोड– 'रघुनाथ' की वह करतूत जी यह कथा आनन्द में गाये।।४

वार्ता- पुरोहित प दूत का चन्देरी मे पहुचना और दमयन्ती व पुरोहित का एक दूसरे को पहचानना।

जवाब पुरोहित का दमयन्ती से

भजन– सदाव्रत बांटण वाली, तेरी दमयन्ती कैसी श्यान,
तू बेटी दीखे भीष्म भूप की ।।टेक।।
कर नमो नमो हुये नरम, मिटादे म्हारे हृदे का भरम,

धरम करम डाटण वाली म्हारे मन में भूल महान।
न्यू अपनी अरजी तेरी शरण में पेश की।।१।।
हैं सब दमयन्ती के चिह्न, शक्ल तेरी मिलती है भिन्न २।।
दुख मे दिन काटण वाली तेरे बच्चे हुये बिरान।।
न्यू पर एक-एक बीते बच्चों की समय कलेश की।।२।।
हे तेरे बिना तेरा बाप सूख लिया रंज में अपने आप।
पुन्य पाप छाटण वाली है कुदरत एक समान।।
है हिमा न्यारी जै शिव ओम महेश की।।३।।
कहे 'रघुनाा' हैबडा सबर, तेरे पै दुख पड रहा जबर।
सबै खबर पाटण वाली सुणो लगाकर कान।
है कथा मे कथना लहदारी ठेक की।।४।।

जवाब दमयन्ती का

भजन– सुणके पडित की बाणी, मन मे आई याद कहाणी।
आया भर आखो म पाणी राणी रंज में रोई।।टेक।।
मानता कोय ना पेट पुजारी, गुजारी करू करम कीहारी।
मै नारी हूँ विराण, मेरी कौण करे पहचाण।।
रूठ गये नारायण, मेरी जाण सब खोई।।१।।
फिरी धक्के खाती बणमे, मेरे कुछ बाकी कोयना तन मे।
मन की मन मे झाल डाटणी, एक सबने खबर पाटणी।
पुडिया जहर की चाटणी, काटनी बेल जैसी बोई।।२
मेरा गम मे हृदा भरग्या मेरे सिर पै दुखडा धरग्या
करग्या मेरी गैल मे चाला, बांधा पाप रूप का पाला।।
ओढू कम्बल काला, कोय दुशाला ना लोई।।३।।
ना रहा बात का भरम, कहे 'रघुनाथ' करा हुआ करम।
डोरी शरम काण की तोड दई कच्ची कली मरोड।।
गया रात पाडके दौड, एकली छोड निर्मोही।।४।।

वार्ता- दमयन्ती और पुरोहित को बात करते देख दमयन्ती की बुआ का आना और दोनो क मिलना।

भजन तर्ज – सेलक होगी काया मे जब हाथ मिले हाथा मे
टेक– जाण हुवे पै बुवा भतीजी मिलीं मामता करकै।
हिया उमड कै आवण लाग्या रोई कौली भरकै।।
लाड चाव से पाली थी तू फिरै रंज में भमती।
प्यार के पलडे तुले एक से नहीं कोई सा कमती।।
नल पापी तने पागल बणके बेल काटदी जमती।
दमयन्ती की बुवा की आंसु ना थामे से थमती।।
प्यार करे और पुचकारे न्यू हाथ शीश पै धरकै।।१।।
दासी दास सभी आगे देखे थे खडे महल मे।
शाही वस्त्र मगवाये और बादी लगी टहल में।।
दमयन्ती को पहराये दासी सब चहल पहल मे।
पुरोहित को अति धन दिया तिरा लोहा काट गैल मे
चन्देरी के राज महल मे ध्वजा धरम की फरकै।।२।।

भारीकुशी हुई राणी कू जणे धन कगले को पाग्या।
नई बात छिड रही भवन मे आनन्द सा छाग्या।।
रूपखिला दमयन्ती का सिर झुका चाद शरमाग्या।
पता लगे पै राजा भी चल रणवासो मे आग्या।।
दमयन्ती को देखण आई शहर की बीर लिकडकै।।३।।
जती मरद और सती बीर का इतने धर्म रहे सै।
विषय वासना तजने से दुनिया मे भरम रहै सै।।
हो ईश्वर का ध्यान और आखो मे शरम रहै सै।
सर्व आत्मा एक समझले जब ये करम रहै सै।।
न्यू 'रघुनाथ' शर्म का माणस रहाकरे सै डरकै।।४।।

वार्ता- पुरोहित का कुन्दनपुर मे आकर राजा भीकम को वृतान्त सुनाना और चन्देरी से दमयन्ती का आना और बच्चो से मिलना और माता पिता से अपनी दुख की बिथा सुनाना।

भजन तर्ज– डोले के मा सोगी हीरे ताणकै नै चीर
टेक– जीव बिन देह नदी बिन वारि न्यू पति बिना नारी।
पतिव्रता ने पति बिछडे का दुख सब तै भारी।।
दुख सब देखा जा है पति वियोग ना झिले।
बिना खुशी के हस चमन का फूल ना खिले।।
करतूत पति की कहूँ तो सुण के पत्थर भी हिले।
नही किसी का दोष भोग सब करमो का मिले।।
तोड– किसके आगे रोऊ७७ मा म करम की हारी।।१।।
कलु ने खेल खिलाये राज सब हरा जुवे मे।
अक्ल बिगड जा माणस की एक द्वेश के तुवे मे।।
पागल हो गया पति जूवे की हार हुवे मे।
पता नहीं कहा गिरा नदी नाले कुए मे।।
तोड– नही विचार करणदे जग मे खोटी लाचारी।।२।।
पति बिना पतिव्रता का सूना ससार हो।
वे बन है मेरा महल मे रहना धिक्कार हो।।
प्राणनाथ बिन प्राण तजू ये मेरा विचार हो।
इन दोनो बच्चो का थारे ऊपर प्यार हो।।
तोड– इन्दरसैन बेटा और बेटी इन्दरवती प्यारी।।३।।
हरदम याद सतावे मन मे भूल ना पडै।
ऐसे दुख मे अच्छा जो मेरे जहरी नाग लडै।।
ईश्वर कर दे कष्ट पार जो सामने अडै।
'रघुनाथ' रोज नये छन्द कथा मे प्रेम से घडे।।
तोड– सुर के साथ लगै है सुथरी ठीक लहदारी।।४।।

वार्ता- एक दूत राजा को आकर बतलाता है कि अवधपुरी मे रितुवर्ण का सारथी नल जैसा लगता है परन्तु वह रग का काला है राजा भीकम दमयन्ती से सलाह मिलकार एक पत्र रितुवर्ण को लिखते है नल तीन विद्या मे प्रवीण था १ रथ का हाकना, २ जुआ खेलना, ३ बिना अग्नि के भोजन बनाना। परीक्षा लेने के लिये दमयन्ती के स्वयवर का निमन्त्रण भेजते है। तो रितुवर्ण अपने सारथी नल से कहता है।

दोहा - राजा नल की कामनी है दमयन्ती नाम।
भीकम नृप की है सुता कुन्दनपुर है ग्राम।।
चौबोला– सभी दुनिया मे रूप निराला है।
राजा नल का पता नही कहा गया मतवाला है।।
वो दूसरा पतितालास करे कलका स्वयवर खत डाला है
ये स्वयवर देखने काबिल है एक नया तमाशा आला है।।
मुक०– दूर काफी मजिल है पहुँचना बडी मुश्किल है।
सुनो सारथी ये स्वयवर एक देखने के काबल है।।
दोहा– नल पागल सा हो गया घाव जिगर गये दूख।
मुह से कुछ ना कह सके थूक गया था सूक।।
भजन– दमन का दूसरा स्वयवर सुन२ सन्नाटा सा हो गया।।टेक
नल के दिल मे खडा एकदम काटा सा होग्या।
पहाड मे ककर खावे हन्सा ताल का।।
पृथ्वी मे घर नही बनाता पछी डाल का।
तोड– सौ लालो के लाल का भाटा सा होग्या।।१।।
शोक शोक मे जला करे है देख शौकीन नै।
इश्क ईषा जलन मे राजी जान झोकन नै।।
तोड– आखो मे जल रोकन ने उर आटा सा होग्या।।२।।
जहर चढा काया मे जणे नाग चूट के खा गया।
दुख का तीर लगा तन मे जणे गगन बादल सा छा गया।।
तोड– आख मिची चक्कर आ गया सिर पाटा सा होग्या।।३।।
न्यू सोची ऐसा मौका फेर कदी ना आणे का।
तू 'रघुनाथ' सुमर सुर स्वामी आनन्द यह पाणेका।।
तोड– राम कथा में गाणे का रग छोटा सा होग्या।।४।।

जवाब नल का ईश्वर प्रार्थना

भजन–मेरे बच्चो से मिलादे भगवान मै मूर्ख नादान।।टेक।।
मेरे जीणे का तू ही सहारा मै मूरख हूँ जुवे का हारा।
तोड– प्यारा नाकोई इन्सान तुम्ही करो मेरा ध्यान।।१।।
पडी भवर मे मेरी नैया पार लगादो नाव खिवैया।
तोड– बल्ली लगैया तेरी स्यान जाणे है सकल जिहान।।२।।
मेरे हरदे मे भरम हुया हू, भूल मे झाडी कमल हुया हूँ।
तोड– बेशर्म हुया हू, बेईमान कलू ने बिगाडा मेरा ज्ञान।।३।।
कहे 'रघुनाथ' प्रेम का बेडा सूबसबसो फिरोजपुर खेडा।
तोड– लड्डू पेडा मिष्ठान फूल बतासे मेवा पान।।४।।

वार्ता- नल का रितुवर्ण को समय पर पहुचाने का वचन देना और मन मे भगवान का सुमरण कर रथ हाकना।

भजन तर्ज - संगीत

घोडे चले पवन की चाल।
रितुवरण राजा के हाथ से छूट के गिरा रुमाल।।चेक।।
वायु से भी तेज रथ की चलने की रफ्तार हुई।
नभ मन्डल मे घोर जोर चिन्ता बेशुम्मार हुई।।

रितुवरण राजा की तबियत देखके लाचार हुई।
रथ रोको रथ रोको जल्दी राजा ने आवाज दई।।
गिर गया रुमाल मेरा उठा के लावो न्यू कही।
नल बोला राजा वो ठारहसौ योजन पीछे को गई।।
तोड– बात सारथी की सुण के हुआ भूप के मन मे ख्याल।।१।।
तरह तरह की भावना के रग मे भदरग हुये।
रितुवरण ने देखा तन मे ढग बेढग हुये।।
तीर से भी तेज जैसे उडने मे भुजग हुये।
न्यू सोचा ऐसा करना कोई आदमी का काम नहीं।।
पूरा पता मिले बिना मनको मिले विश्राम नहीं।
रोक दो रथ राजा बोला चलने का प्रोगाम नहीं।।
तोड– मनमे शका हुई घणी उठे सौ–सौ मन की झाल।।
नल ने रथ को रोक दिया राजा ने सवाल किया।
पराक्रम गुण हमने तेरा अच्छी तरह देख लिया।।
अपनी बाण विद्या का फिर ये तमाशा देख लिया।
न्यू बोला ये अपनी विद्या हमे भी सिखाओ तुम।
आप कौन है असली भेद कहके भरममिटाओ तुम।।
तोड– रथ हाफण मे आज आपने कर दिया घणा कमाल।।२।।
नल बोला ये सारा भेद फेर फुरसत मे खुल जागा।
मन्डी कैसा भाव सौदा बोली बुलके तुल जागा।।
स्वयवर का तमाशा आज जै का नारा बुल जागा।
किसे बनावे पति सती कोई भरोसा ना बात का।।
मन से मित्र बणो राजा मै प्रण निभाऊँ साथ का।
गाणा त्यार बणाना काम शौक है रघुनाथ क।।

वार्ता- नल और रितुवरण का कुन्दनपुर पहुचना और राजा भीकम का आकर मिलना और नल को देखकर भ्रमित होना।

दोहा– स्यान सही नल की लगे हो रहा रूप कुरूप।
सही भेद कैसे खुले भया सोच मे भूप।
राधे०– बडे भाव से रितुवरण को अच्छी जगह ठहराते हैं।
फेर महलो मे दमयन्ती से आकर बात बताते है।।
रितुवरण के रथ का सारथी नल से मिलता जुलता है।
रगस्याह सूख के काटा सा हुया क्या कहूँ भेदना खुलता है।।
भजन– सारथी हमको लगा नल की तरह परवीन है।
ना पता किस वास्ते उसका दिल गमगीन है।।टेक।।
दुखतर का दुख है दिल मे इसको सह नही सकता।।
ये दुख नहीं रह सकता अब चन्द दिन का सीन है।
मन मामता मे मेरा मजबूर और मलीन है।।१।।
हिम्मत कतल करने की जब भगवान कातिल मे हुई।।
गम की चोट ओटना गुन्जाईश घायल मे हुई।।
तडफना दिल मे हुई पानी से न्यारी मीन है।
अपने भी अपने ना हुये अब किसका क्या यकीन है।।२।।

बेकार उसका जग में जीना जिसकी उडे बदगोई।
मोती की मानिन्द इज्जत जुबे मे नल ने खोई।।
उसका करे क्या कोई जो दीन से बेदीन है।
सारथी से पूछना या बोलना तौहीन है।।३।।
वैसे तो मेरे दिल में कोई अजनबी उमग है।
तूभी समझ दमयन्ती मै किस ढग मे क्या रग है।।
गाणे मे सुर तुरंग है लहदारी की जग है।
'रघुनाथ' ये कविता सबसे नवीन है।।४।।

जवाब दमयन्ती का अपने पिता से

तर्ज–ओ लूटने वाले जादूगर अब मैने तुझे पहचाना है
भजन– मन्त्रों से अगनी प्रगट कराना नल विद्या ये पढां हुा।
घोडो को चलाना जाने है और खेल जाणता खूब जुवा।।
जो नल होगा तो पराक्रम से विद्या गुण खूब बणा देगा।
महल से लेकर कैम्प तलक नौकर कन्नात तणा देगा।।
भोजन बिन आग बणा देगा नहीं दीखे उठता कहीं धुवा।।१
धर्म का ध्यान राखना हो और मन मे धीरज धरना हो।
करा जो करम है दुनिया मे वो उसी जीवने भरना हो।।
खुद उसको पडे मरनाहो जो खोदते किसी के लिये कुँवा।।२
ईश्वर उसकी मदद करे जो नैम धर्म के पाबन्द है।
है जीव भरा हुवा गलती का और गलती मे ही गन्द है।।
ध्यान करै सै आनन्द है और मोह मनुष को रहा रूवा।।३
मोह मे मानुष भूलता है और करता काम तवाई का।
छुपता नहीं छिपाये से जो हो मजबून सच्चाई का।।
'रघुनाथ' ज्ञान कविताई का श्रीमति शारदा दिये दुवा।।४

वार्ता- भीकम रसोई का कच्चा सीधा नल को भेजता है और दमयन्ती पहचान के लिये बच्चो का लेकर नल के पास जाती है बच्चों को देखकर नल की आखो से पानी बहने लगता है।

जवाब दमयन्ती का

भजन–बेटा बेटी खडे सामने ममता ने मन मोहा।
दिल की झाल डटी ना हूक मार के रोया।।टेक।।
शरम के कारण मरना हो गया सब ससार छुटा।
कलयुग कौंप रहा मेरे ऊपर न्यू घरबार छुटा।।
सब कुनबे का प्यार छुटा जब जूबे मे धन खोया।।१।।
इस जीणे से मरना अच्छा सोचा जहर चाटणा।
जो भेद खुल गया तो बिल्कुल पडे नाटणा।।
हर माणस ने पड़े काटणा जिसने भी जैसा बोया।।२।।
ध्यान हुया जब पूंछे आसू बाकी ना था तन मे।
धोका दिया सती छोड दई सोती हुई बन में।।
सोचके धीरज धरलिया मन मे अपना रूप ल्हकोया।।३
बिना ज्ञान के पता चलेना होणा के काम अगत मे।
गुरू बतावे भेद वेद व्यापक भगवान भगत मे।।
ऐबदार 'रघुनाथ' जगत मे कदी ना सुख तै सोया।।४।।

वार्ता- राजा का बिना अग्नि के भोजन तैयार करना, और बच्चो को देना और बादी का मना करना।

जवाब बांदी व सारथी नल का

भजन- गलती तो करी है तने सारथी न्यू एक,
रोया तू जलन में म्हारे बालको नै देख।।टेक।।
कामतू कर रहा गले में घलन के ढग तेरे दीखे ना चाल चलन के
तोड- ईर्ष्या जलन के तेरे कालजे मे छेक,
सफाई से घाव रहा सोवते मे सेक।।१।।
काम ऐसा कर सकता था ना कोई, बणाई अग्नि बिना रसोई।
तोड- गरम करी बटलोई खाली अगीठी पै टेक,
जादुगर की तरिया तेरा धोके का भेक।।२।।
ना रहीशरम और शाक, चले है तेरी आख और नाक।
तोड- तू दीखे है चालाक भला आदमी ना नेक,
भलाई तो खाई तनैं बावलपण मे बेक।।३।।
मिलाके जोट बोट में बिठले पाला प्रण तोडके पिटले।
तोड- 'रघुनाथ' लिखे ना मिटते उस परमेश्वर के लेख।
प्रसिद्ध महात्मा मारै है उस रेख मे भी मेख।।४।।
छन्द- बादी की बात न्यू सुनी नल नाड़ नीची कर रहे।
पता पाटजा मेरा यहा न्यू मन ही मन मे डर रहे।।
परमात्मा करिये भला धर ध्यान धीरज धर रहे।
हृदा उमड के आ रहा आखो मे आसू भर रहे।।

जवाब नल का बांदी से

भजन- मतना रोके बच्चो को गोदी मे आणदे ओ बादी।
मेरे पास में बैठके उन्हे भोजन खाण्दे ओ बादी।।
तेरे दिल में गिल्ला हुवा मेरा दिल मुख्तिला हुवा।
इन दोनों बच्चों का चेहरा चन्द्रमा सा खिला हुवा।।
दूध और पाणी मिला हुआ तू कैसे छाणदे ओबादी।।१।।
पाणी जार बेजार बहे, ममता मे ससार बहे।
आसू मतना जाणे बादी आखो के माह प्यार बहे।।
गगाजी की धार बहै मल मलके न्हाणदे ओ बादी।।२।।
बडी खुशी का ख्याल मिला, मीन को जलका ताल मिला।
भूको को भोजन मिला जणे कगले को धन माल मिला।
रला रेत में लाल मिला जौहरी को ठाणदे ओ बांदी।।३।।
वेदों का प्रमाण मिला जणे भूले को ध्यान मिला।
कह 'रघुनाथ' कथन करने का मानसिह का ज्ञान मिला।।
भगत को जूं भगवान मिला गुणगाण दे ओ बांदी।।४।।
दोहा- बांदी वहां से चल दई दमयन्ती के पास।
न्यूं बोली वो सारथी राजा नल के खास।।
राधे०- दोनों बच्चो को देखके उसने गोदी में बैठाया जी।
बिन अगनी के मन्त्रो से भोजन तुरत बनाया जी।।
पास बैठाकर बच्चों को भोजन साथ जिमावण लगा।
प्यार करे और पुचकारे आंखों से अश्क बहाण लगा।।

दोहा– सुण बादी की बात को मन मे हुवा विश्वास।
पिया मिलन की लग गइ सती के मन मे आस।।
रो०– पिया मिलने की आस हुई और माता के पास गई।
जो बादी ने बात कही अपनी माता से सती ने कही।।
सुन बेटी का कहना माता ने मता उपाया जी।
हलकारे के हाथ सारथी महलो मे बुलवाया जी।।

जवाब सासू का नल से

भजन सासू– तू बीरसैन का बेटा है. तेरा नल नाम है।
नल– मैं नौकर रितुवरण का रथ हाकण का काम है।।
सासू– तू साफ बतादे मेरे तै मत झूठ बोलिये।
नल– ढके रहण दो ढोल पोल मत माता खोलिये।।
सासू– जो तेरे मन मे मै आज तू सारा धोलिये।
नल– मेरे घाव जिगर मे कच्च्या मत माता छोलिये।
सासू– मत धक्के खाता डोलिये यो तेरा ही ग्राम है।
नल– कदी ना बन्धण मे रहता जो क्षत्री का जाम है।।१।।
सासू– बन्धन नहीं किसी कानल ये तेरा ही राज है।
नल– मै हारा हुया जुवारी हूँ मनै घणी लिहाज है।।
सासू– तेरे यहा पैर पुजे थे एक रोज म्हारे सिरका ताज है।
नल– मैं कह नहीं सकता मेरा मन मा धोकेबाज है।।
सासू– सब कुछ हाजिर आज है तू पूजण का धाम है।
नल– मैं सहन नहीं कर सकता मेरा मगज गुलाम है।।२।।
सासू– तू नाजुक नरम कलाई मन की त्याग गिलानी।
नल– अरी ऐबदार के पीछे माता क्यू ठावो परेशानी।।
सासू– स्याणा सोका होक बेटा क्यू करता नादानी।
नल– जिसकी जो करतूत जगत मे कोन्या रहती छानी।।
सासू– कदी लाभ कदी हाणी कदी सुबह कदी शाम है।
नल– ना समझी की राड समझ मे ज्ञान तमाम है।।३।।
सासू– झगडा राड बढाना बेटा आनन्द खोणा है।
नल– एक दिन मे ना निपटे जीते जी का रोणा है।।
सासू– द्वेष ईर्ष्या का छोड के दाग दिल का धोणा है।
नल– करम करा हुया मिले फालतू झगडा झोणा है।।
सासू– वृथा थूक बिलोना है जो रटता ना राम है।
नल– 'रघुनाथ कहे गुरू मानसिह पूजण का धाम है।।४।।

दमयन्ती और नल की आपस में बातचीत

भजन – तेरी दुनियासे दिल भरग्या, बसाले कोई और घर नया,
जुबे के चक्कर में पाली काफी सजा,
तू देखले अब टोहले सुथरे पति का मजा।
रेडियो में बजा तेरे स्वयंवर का तवा,
दो बच्चों की माता सती का सत ना रहया।।१।।
मै भूल गया वण मे सोती छोड दी
कलयुग में करम की आके आख फोड दी।

मनमे ममता तोडदी दुख जाता ना सहा,
इतना कहके पाणी नल की काख मे बहया।।२।।
मै तेरा ना तू मेरी अब होजा और की,
मरी सूरत होली ईरखा मे खास चोर की।
तेरे कडवे त्यौर की ना मेरे पै दया,
अब कहना था वो कहले फेर जा ना कहया।।३।।
न्य तो मैं भी जाणूं पडके परालब्द सोई,
मेरा तरा ना मतलब जादा राड क्यूं झोई,
क्या करेगा कोई जिसकी उतरगी हया
'रघुनाथ' मामता मोह का चक्कर फन्द मे फया।।४।।

जवाब नल का दमयन्ती से

भजन– न्यू तो मेरे मन मे जचगी दिल उमग मे होग्या।
मन की बात दो पिया कैसे काला रग होग्या।।टेक।।
मन घूंट सबर की भरली, जब सोती की नाड कतरली।
तने नौकरी क्यूँ करली जब तू एकला मलग होग्या।।१।।
अरजी तेरे चरणो में गेरी न्यूँ, ठाली तकलीफ भतेरी।
स्यान देखके तेरी पिया मेरा बोलता भग होग्या।२।।
जाण अब सब तरियो से पटली, नेकी बदनामी छटगी।
डोरी से न्यू डोरी कटगी एकला पतग होग्या।।३।।
गलती मेरी माफ करो अब पिया, सहारा थारा चरणों का लिया।
'रघुनाथ' को ज्ञान गुरु ने दिया न्यूँ गाणे का नया ढग होग्या।।४
भजन– जो कुछ बात कहगी राणी हृदय मे धर ल्यूगा।
खता करे की धर्मराय के जीते ही हां भर ल्यूंगा।।
मतना ताना मारे राणी कष्ट कहानी कहके।
राजा नलने हाथ पकडलिया दमयन्ती राणी कहके।।
दमयन्ती ने मन मोहया न्यू मीठी वाणी कहके।
फेर राजा नलकी गिरन लगा आखों से पाणी बहके।।
शील सति मै तेरा पति मैं तेरे तप से डर ल्यूगा।।१।।
बिन आपस के मेल कदी होता नही गुजारा।
नावपार होजागी मिलके मिलजागा सही किनारा।।
तेरे कैसी सतियों का बुले दुनिया मे जयकारा।
सब दुनिया में रुक्का पडग्या तू जीती मै हारा।
घणा कहगी तो राणी मैं अब जीते जी मरल्यूगा।।२।।
गया आदमी हार जगत मे जीत हुई नारी की।
लगा लई छाती से नल ने भुजा पकड प्यारी की।।
ज़ुबे में दशा बिगड़ गई राणी नल छत्रधारी की।
तू है असली खुद ही समझले हरी भरी क्यारी की।।
भूखा मग फिरे है बण में क्यारी मैं खुद चरल्यूंगा।।३।।
बिछड़े हुये मिले थे दो दिल रग आनन्द का छाग्या।
सीलक हो गई काया में जब हाथ–हाथ में आग्या।।
भजन कथा में गाण का श्री सतगुरू ज्ञान बताग्या।
रघुनाथ ने गुरु मानसिंह जग मे राम बराबर पाग्या।।

आनन्द भाव भजन भगती से धर चरणो मे सर ल्यूगा।।

ओइम

असली सांगीत चन्द्रहास

भेंट दुर्गे जी की

दोहा– ओइम् अक्षर है आदि है आज आनन्दी आव।
हिरदे मै थाई माई बैठकर बुद्धि प्रबल बढावे।।
मैने सुमर लिये जगदीश
नत्थूलाल सतगुरु मिले गहूँ चरण निवाकर सीस।।

रागनी

जेजै ज्वाला कर उजियाला घरका ताळाखोल मेरी देवी।टैक
अपने जन पै किरपा करिये मात मेरे हाथ सीस पै धरिये।
हरिये दुखमन का मुझ निर्धन का अपणे जन का पारकरो खेवा
रहया चरणो मैं ध्यान लगा मै, माता तेरे देस की चाह मै।
सभा मै आइये छद बताइये कष्ट मिटाइये रोज करूँ सेवा।२
हुआ एक नौरगसाह सुल्तान जिसने बहुत किया अभिमान।
मे ध्यान लगाऊँ तेरे गुणगाऊँ भेट चढाऊँ पान–फूल–मेबा।३
बलवन्ती कली दे जोड, मेरे सै क्यूँ मात लिया मुख मोड।
तोड– दुखके खबे मॉता अम्बे जय जगदम्बे सबकी सुधलेवा।४

वार्ता- सज्जनों जिस समय के बीच मे करियल देश में राजा मेधावी राज्य करते थे उसी जमाने मे कुन्तलपुर मे राजा धष्टबुद्धि औरा चन्द्रावती मे राजा कालद्री ये दो राजा और मौजूद थे परन्तु ये दो राजा मधावी को कर देते थ।

राजा मेधावी चक्रवर्ती होते हुए भी बहुत दुखित था क्योंकि उसके कोई सन्तान न थी। एक दिन नारद मुनि दरबार मे आते है यहा राजा मेधावी को वरदान देते हैं कि तेरे एक ऐसा लडका होगा जब तक कवियो की लेखनी रहेगी तब तक मेरे पुत्र का नाम भावी बलवार रहेगा। कुछ दिनों के बाद मेधावी के लडका हुआ उसका नाम चन्द्रहास रखा। उधर राजा धृष्टबुद्धि क साथ राजा मेधावी का युद्ध छिडा और राजा मेधावी मारा गया और चन्द्रहास माता पति की लाश को लेकर सती हो जाती है। उधर धृष्टबुद्धि राज पर कब्जा कर चन्द्रहास के कत्ल की फिकर मे हो जाता है धाय चन्द्रहास की गोद मे लेकर उसके बचाने की फिक्र मे रास्ता बियावान का ले लेती हे

जवाब धाय का

दोहा – करण हार करतार के रग है अधिक कमाल।
कॅगले को राजा करै राजा को कॅगाल।।

रागनी

